पौष मास, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 323, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



वाराणसी, शनिवार, 31 दिसम्बर, 2022

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : क्रिकेटर ऋषभ कार दुर्घटना में घायल



अंदर - बच्चों के लिए एक प्यारी किताब

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# हीरा बा पंचतत्व में विलीन

## सरकारी कार्यक्रम खत्म कर भाई के घर पहुंचे प्रधानमंत्री



अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा का पार्थिव शरीर मुक्तिधाम शमशान घाट में पंचतत्व में विलीन हुआ। प्रधानमंत्री की मां हीराबेन मोदी का पार्थिव शरीर गांधीनगर के श्मशान घाट लाया गया। जहां सभी वैदिक विधि विधान एवं गोच्चारण के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमामि गंगे का कार्यक्रम खत्म करने के बाद राजभवन से सीधे अपने भाई पंकज मोदी के घर पहुंच गए। रविवार को सुबह 10 से 2 बजे के बीच वडनगर में प्रार्थना सभा का आयोजन होगा। हीरा बा का पूरा हिंदू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। श्री मोदी ने अपने भाई के साथ मां के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। सूचना देने के समय प्रधानमंत्री बहुत भावपूर्ण हो गए। मुक्तिधाम शमशान घाट में हीरा बा की अंत्येष्टि के दौरान गुजरात के भूपेन्द्र पटेल, राज्य सरकार के मंत्री सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने मां हीरा बा का अंतिम संस्कार करने के बाद शमशान घाट से राजभवन की ओर प्रस्थान किया। इससे पहले प्रधानमंत्री को जैसी ही मां के निधन की सूचना मिली वह अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। मनपाहारा हवाई अड्डे से पहले गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल मौजूद थे। मोदी एयरपोर्ट से सीधे गांधीनगर में पंकज मोदी के घर रायसन पहुंचे। प्रधानमंत्री ने मां हीराबेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पण कर नमन किया। इसके बाद मोदी ने मां की अर्थी को कंधा दिया। जिसके बाद हीराबेन के पार्थिव शरीर को गांधीनगर के मुक्तिधाम शमशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री की मां हीराबेन का निधन तड़के साढ़े तीन बजे के मनपा के एक निजी अस्पताल में हो गया।





# जय श्रीराम के नारों पर दूसरी बार भड़कीं ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन के दौरान सीएम ममता बनर्जी फिर से भड़क गईं। दरअसल, जब प्रोग्राम चल रहा था तभी कुछ लोगों ने जय श्रीराम का नारा लगा दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी वहां मौजूद थे। फिर क्या था, नारा सुनने के बाद ममता बनर्जी गुस्से में आ गईं। वो स्टेज पर जाने के बजाय एक कोने में लगी कुर्सियों पर बैठ गईं। उनके साथ राज्य के अफसर भी थे। 2021 में भी ऐसा ही वाकया सामने आ चुका है। कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जय श्रीराम के नारे लगे थे। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री लंबे अरसे बाद पीएम के साथ किसी कार्यक्रम में दिखी थीं। कार्यक्रम की शुरूआत के बाद जैसे ही ममता बनर्जी को भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया तो श्रोताओं में मौजूद कुछ लोग अचानक जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। ममता बनर्जी नारेबाजी से चिढ़ गईं। उन्होंने कहा कि आपने कोलकाता में प्रोग्राम किया इसके लिए आभारी हूं। लेकिन यह एक सरकारी कार्यक्रम है। कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है।

# मां को आखिरी विदाई देने के बाद कर्म पथ पर मोदी

## 'वंदे भारत' ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कर्म को महत्व**

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मोदी ने कहा, बंगाल की जनता से माफी मांगता हूं**

**प्रधानमंत्री ने कहा, किसी अन्य कारणों से बंगाल नहीं आ पाया हूं**





**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोलकाता में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर उसे देश को समर्पित किया। हावड़ा से जलपाईगुड़ी के बीच चलने वाली वंदे भारत को पीएम मोदी ने वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता से माफी मांगता हूं। पीएम ने कहा किसी अन्य कारणों से बंगाल नहीं आया पाया हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को माँ के अंतिम संस्कार करने के बाद शोक के बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोलकाता के हावड़ा रेलवे स्टेशन से पूर्वी भारत की पहली एवं देश की सातवीं वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया और करीब 58 हजार करोड़ रुपये की क्षमता विस्तार की परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

हावड़ा स्टेशन पर सादे समारोह में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार, अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉन बारला, गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी और सांसद प्रसून बनर्जी उपस्थित थे।

मोदी की मां के निधन के समाचार का आज के कार्यक्रम पर असर साफ दिखाई दिया। रात में वंदे भारत एक्सप्रेस को फूलों, गुब्बारों एवं रंगीन पट्टियों से सजाया गया था, लेकिन हीरा बा के महाप्रयाण की खबर मिलने के बाद ट्रेन सेट से सारी सजावट उतार दी गई। कार्यक्रम में आयी भीड़ में भी मोदी की मां के निधन पर दुख भी भावना थी। मोदी ने करीब सवा 11 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस मौके पर रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में रेलवे के विकास के लिए पहले से कहीं अधिक आवंटन किया है और वह सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए पश्चिम बंगाल को विकसित राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। ममता बनर्जी ने अपने संबोधन में भावुक स्वर में मोदी के मां के निधन पर शोक व्यक्त और उनके प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि वह प्रार्थना करती हैं कि प्रधानमंत्री अपने कार्यों के माध्यम से अपनी माता को प्यार करते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने निजी जीवन में सबसे अधिक कष्टकारी एवं शोकपूर्ण समय में होने के बावजूद वर्चुअल रूप में कार्यक्रम में जुड़े हैं। उन्होंने मोदी से आग्रह किया कि इस कार्यक्रम को छोटा किया जाए और वह कुछ समय आराम करें। बनर्जी ने कहा कि यह अवसर उनके लिए संतोष का है कि उनके रेल मंत्री रहते जिन पांच परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई थी उनमें से चार को लोकार्पित किया जा रहा है। उन्होंने मोदी को वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए धन्यवाद देते हुए पुनः कहा कि वह समझ नहीं पा रही हैं कि वह श्री मोदी की मां को किन शब्दों में श्रद्धांजलि दें। आज उन्हें अपनी माँ की भी याद आ रही है। उन्होंने आत्मीयता भरी अपील की कि श्री मोदी थोड़ा आराम करें। मोदी ने कोई संबोधन नहीं दिया। उनके चेहरे पर शोक के भाव स्पष्ट तौर पर झलक रहे थे।

इसके बाद मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के साथ ही क्षमता विस्तार की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया और न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन की पुनर्विकास परियोजना की आधारशिला रखी। इससे राज्य में रेल परिचालन सुगमता और रफ्तार आएगी। वंदे भारत एक्सप्रेस हावड़ा न्यू जलपाईगुड़ी के बीच करीब 561 किलोमीटर की दूरी सात घंटे 50 मिनट में तय करेगी। गाड़ी दोनों दिशाओं में आते-जाते समय मालदा टाउन, बारसोई और बोलपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस मार्ग पर शताब्दी एक्सप्रेस भी चलती है जो यह दूरी आठ घंटे 20 मिनट में तय करती है। पूर्वी भारत की यह पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन पर्यटन और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होगी। दार्जीलिंग और सिक्किम के लिए न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन मुख्य संपर्क बिन्दु है। यह स्टेशन पूर्वोत्तर क्षेत्र के द्वार के रूप में भी जाना जाता है।






# ऑक्सीजन सिलिंडर ब्लॉस्ट, दो के चिथड़े उड़े

**चंदौली में हादसा**

**एक निजी अस्पताल को सिलिंडर देने के लिए वाहन से उतार रहे थे**

**इस हादसे से नगरवासियों में मचा हड़कंप**

**घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसपी फारेंसिक टीम ने की जांच**

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। जिले के मुगलसराय कोतवाली के रविनगर क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के सामने शुक्रवार की सुबह पिकअप वाहन पर लदा ऑक्सीजन गैस सिलिंडर ब्लॉस्ट कर गया। इसकी जद में आए वाहन के दो लोगों (चालक व खलासी) के चिथड़े उड़ गए। धमाका इतना तेज था कि समूचा इलाका दहल उठा। घटना के बाद तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और लोग अपनी जान बचाकर भागते नजर आए। धमाके के बाद जब लोग मौके पर जुटे तो देखा कि दो लोगों का क्षत-विक्षत शव सड़क पर पड़ा था। सूचना के बाद मुगलसराय कोतवाली के साथ ही पुलिस विभाग के आला अफसर मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सिलिंडर ब्लॉस्ट के चलते मृतकों के शरीर के चिथड़े उड़ गए। इस हादसे से नगरवासियों के रोंगटे खड़े हो गए और घटनास्थल पर खौफनाक मंजर देख लोगों की रूह कांप उठी। धमाके चलते आसपास के कई भवनों और इमारतों के शीशे और ग्रिल टूट गए।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह रविनगर स्थित एक निजी अस्पताल पर ऑक्सीजन सिलिंडर की सप्लाई देने के लिए दोनों युवक वाहन से सिलिंडर उतार रहे थे। तभी अचानक एक सिलिंडर तेज आवाज के साथ ब्लॉस्ट कर गया। सिलिंडर फटने पर जोरदार धमाका हुआ और आसपास के लोग बेसुध होकर अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। ब्लॉस्ट की जद में आने से नई सब्जी मंडी-मुगलसराय निवासी राजन पाल (30) और कूढ़े खुर्द निवासी चंद्रभान राम (36) की मौत हो गई। दोनों ऑक्सीजन गैस वाहन सप्लाई के ड्राइवर व खलासी बताए जाते हैं। धमाके के कारण एक युवक का सिर धड़ से उड़कर अलग हो गया। वहीं मौके पर एक मृतक का शव ईंट लदे ट्रैक्टर टायर के नीचे पड़ा मिला। घटना के पश्चात मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर चालक फरार हो गया।



चंदौली के रविनगर में सिलिंडर ब्लॉस्ट के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम

घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, सीओ अनिरूद्ध सिंह पहुंचे। एसपी ने बताया कि मेडिकल ऑक्सीजन गैस सिलिंडर किन कारणों से ब्लास्ट हुआ है, इसकी जानकारी अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस टीम जांच कर रही है।

जांच के पश्चाता ही वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा कि घटना कैसे हुई है? दूसरी तरफ, फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच कर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही थी। टीम के सदस्यों ने बारीकी से जांच करते हुए सभी साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने मृतकों के क्षत-विक्षत शव को एकत्रित कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले और साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया।

## राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे :राजनाथ सिंह

**तिरुवनंतपुरम।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखना और इन्हें आगे भी बनाए रखना चाहता है, लेकिन यह राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर नहीं किया जाएगा। यहां शिवगिरि मठ की 90वीं वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की उस टिप्पणी को याद किया जिसमें उन्होंने कहा था कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंधों की आवश्यकता है। लेकिन, हम अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर किसी के साथ अच्छे संबंध नहीं चाहते हैं।



# खरमास के बाद केंद्रीय कैबिनेट में बदलाव

**परिवर्तन की आहट**

**मिशन 2024 में जुटे पीएम मोदी और शाह**

**बेहतर काम करने वाले सांसदों को मिल सकता हैं मौका**

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के बजट सत्र से पहले पीएम नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है। बताया जा रहा हैं कि मकर संक्राति के बाद कभी भी ये विस्तार हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की टीम में फेरबदल का खाका तैयार हो गया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने को देखकर ये बदलाव हो सकते हैं। इस साल 8 जून को पीएम मोदी के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था जिसमें कुल 12 चेहरों को जगह दी गई थी जबकि कुछ बड़े नामों की छुट्टी कर दी गई है। मंत्रिमंडल फेरबदल की खबरों के बाद से बीजेपी सांसदों में सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है। सूत्रों ने बताया खरमास (इस एक माह में हिंदू कैलेंडर में कोई अहम काम नहीं किया जाता है।) के बाद मकर संक्राति के अवसर पर ये बदलाव हो सकता है। 2024 के आम चुनाव से पहले मंत्रिमंडल में ये आखिरी बदलाव हो सकता है। अगले साल कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। इसके बाद राज्यों के चुनाव को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल में बदलाव हो सकता है। बजट सत्र से पहले पीएम मोदी नए चेहरों के साथ शुरूआत करने की तैयारी में हैं। सूत्रों ने बताया कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं वहां के राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल में बदलाव किए जाएंगे। माना जा रहा है कि इन बदलाव के जरिए अगले साल होने वाले चुनावों में बीजेपी बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल में फेरबदल में न केवल मंत्रियों के परफॉर्मेंस का ध्यान रखा जाएगा बल्कि रोटेशन पॉलिसी का भी पालन होगा ताकि अन्य को भी मौका मिल पाए। इसके जरिए काबिल सांसदों को मौका देना और कुछ मंत्रियों का इस्तेमाल संगठन में करना है। मोदी मंत्रिमंडल में 2019 के बाद एकमात्र बदलाव इस साल जून में हुआ था।



# छह देशों से आने वाले यात्रियों के लिए जारी संशोधित दिशा-निर्देश

**सतर्कता**

**केवल उन यात्रियों को बोर्डिंग पास जारी करें, जिन्होंने एयर सुविधा पोर्टल पर स्व-घोषणा फॉर्म जमा किया**

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में आने वाले यात्रियों के लिए शुक्रवार को संशोधित कोविड दिशानिर्देश जारी किए। यह दिशानिर्देश चीन और थाईलैंड सहित छह देशों के यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर निगेटिव जांच रिपोर्ट अनिवार्य किए जाने से पहले जारी किए गए हैं। एक जनवरी, 2023 से चीन, सिंगापुर, हांगकांग, कोरिया गणराज्य, थाईलैंड और जापान से सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में आने वाले यात्रियों के लिए प्रस्थान पूर्व आरटी-पीसीआर निगेटिव जांच रिपोर्ट अनिवार्य होगी। मंत्रालय ने एक संवाद में कहा कि एयरलाइंस को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी चेक-इन कार्यक्षमता में बदलाव शामिल करें और छह देशों से यात्रा करने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों में से केवल उन यात्रियों को बोर्डिंग पास जारी करें, जिन्होंने एयर सुविधा पोर्टल पर स्व-घोषणा फॉर्म जमा किया है।इसमें कहा गया है, एयर सुविधा पोर्टल स्व-घोषणा को चीन, सिंगापुर, हांगकांग, कोरिया गणराज्य, थाईलैंड और जापान से सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए चालू कर दिया गया है। इसमें भारत आने वाले इन अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर निगेटिव जांच रिपोर्ट के साथ-साथ स्व-घोषणा पत्र अपलोड करने की अनुमति देने वाला एक प्रावधान शामिल किया गया है। आरटी-पीसीआर जांच यात्रा शुरू करने से 72 घंटे पहले की गई होनी चाहिए। प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय उड़ान में आने वाले यात्रियों में से 2 प्रतिशत यात्रियों की बिना क्रम के जांच करने की वर्तमान व्यवस्था भी जारी रहेगी।

# राम व हनुमान पर बीजेपी का एकाधिकार नहीं

## उमा भारती ने फिर से किया अपनी ही पार्टी को असहज

**किया तंज**

**हम यह भ्रम न पालें कि सारा हिंदू समाज हमारा वोटर होगा**

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भगवान राम और हनुमान की भक्ति पर एक बड़ा बयान दिया है। इखढ नेता ने कहा कि भगवान राम और हनुमान पर भाजपा का कॉपीराइट नहीं है, भगवान राम का भक्त कोई भी हो सकता है।

उमा भारती ने कहा, भगवान राम और हनुमान पर भाजपा का कॉपीराइट नहीं है। भगवान राम और हनुमान बीजेपी के कार्यकर्ता नहीं हैं। जब भाजपा का अस्तित्व नहीं था, जब मुगल शासन था, अंग्रेजों का शासन था तब भी भगवान राम और हनुमान थे। अगर हम भाजपा वालों ने ये भ्रम पाल लिया है कि जब हमने आंखें खोली तब सूरज-चांद निकल आए, तो फिर ये हमारे लिए विनाशकारी साबित होगा।

मध्यप्रदेश में छिंदवाड़ा जिले के सिमरिया में कमलनाथ द्वारा बनवाए गए हनुमान मंदिर पर पहुंची पूर्व उमा भारती ने कहा, हम कभी भी यह भ्रम ना पालें कि सारा हिंदू समाज हमारा वोटर होगा। नहीं हो सकता है। उनकी अपनी आस्था होगी। क्या सारा हिंदू समाज हमारा वोटर है। भले ही हमने राम मंदिर का निर्माण किया हो।

उन्होंने आगे कहा, हिमाचल में हम नहीं जीत पाए तो क्या वे अहिंदू थे जिन्होंने हमें वोट नहीं दिया। जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था है वहां आप किसी धर्म, किसी जाति, किसी मत और किसी व्यक्ति को बंधक नहीं बना सकते हैं। यही बात मोदी जी ने भी कही। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता ने शस्त्र रखने को लेकर प्रज्ञा ठाकुर का बिना नाम लिए बिना कहा कि शस्त्र लाइसेंस सरकार ही देती है। हिंदुओं के सभी देवी-देवता भी शस्त्र धारण किए हुए हैं। शस्त्र नही हिंसक भाव बुरा है। उन्होंने कहा कि शस्त्र धारी व्यक्ति अहिंसक और निशस्त्र व्यक्ति भी हिंसक हो सकता है। हमारे मन में क्या है इससे हिंसा-अहिंसा तय होती है।



इससे पहले भोपाल में लोधी समाज के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमा भारती ने कहा था, मैं चुनाव में आऊंगी। मंच से संबोधित करूंगी, लेकिन मैं यह नहीं कहूंगी की तुम बीजेपी को वोट करो। मैं सभी से कहती हूं कि तुम बीजेपी को वोट करो क्योंकि मैं तो अपनी पार्टी की निष्ठावान सिपाही हूं। पर मैं आपसे थोड़ी अपेक्षा करूंगी कि आप पार्टी के निष्ठावान सिपाही होंगे। बीजेपी नेता ने कहा था कि अगर आप पार्टी के कार्यकर्ता नहीं है, अगर आप पार्टी के वोट नहीं है तो आपको सारी चीजों को देखकर ही अपने बारे में फैसला करना है।

# सरकार ने छोटी बचत पर ब्याज दर बढ़ाया

**नये साल का तोहफा**

**डाक घर की एनएससी एमआईएस और एफडी पर बढ़ी ब्याज दर**

**नई दिल्ली।** सेंटर की मोदी सरकार ने आम लोगों को नया साल 2023 का शानदार तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने एक जनवरी से डाक से संबंधित प्रमुख बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों में वृद्धि कर दी है। इन योजनाओं के लक्ष्यीकरण योजना में राष्ट्रीय बचत प्रमाण-पत्र, डाक घर बचत योजना और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना शामिल हैं। लेकिन पीपीएफ की दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार ने पहले डाक सेवा घेरा, एनएससी और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित लघु बचत योजनाओं पर ब्याज में 1.1 प्रतिशत तक खाते की। यह यादगार एक जनवरी से लागू होगा। सरकार की यह वृद्धि हाल में घबराहट में कई तरह से जुड़ी हुई है। हालांकि, पब्लिक फ्यूचर फंड (पीपीएफ) और बालिका बचत योजना 'सुकन्या समृद्धि' की बद्धता में बदलाव नहीं किया गया है।राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर एक जनवरी से सात प्रतिशत के आधार पर लाभ मिलेगा। अभी यह 6.8 प्रतिशत है। इसी तरह सीनियर सिटीजन सेविंग योजना में मौजूदा 7.6 प्रतिशत के लिए आठ प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। एक से पांच साल की अवधि की डाक व्यवसाय जमा योजना पर व्याज योजना 1.1 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दृष्टिकोण। मंथली आय योजना में भी 6.7 साल की जगह अब 7.1 साल का ब्जेज मिलेगा।



## संक्षेप

### निगम ने खानाबदोशों को किया व्यवस्थित

वाराणसी। नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा गुरुवार को आंधरापुल से रोडवेज होते हुए चौका घाट तक अभियान चलाया गया। जिसमें अवैध रूप से रह रहे खानाबदोशों



को हटवाकर रैन बसेरों में व्यवस्थित किया गया। इसी क्रम में राज घाट में अवैध रूप से लगाए गए काउंटर और अन्य वेंडरों को हटवाकर घाट खाली कराया, राजघाट पर स्थापित बस स्टैंड में अवैध वसूली के संबंध में ठेकेदार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली करते पाया गया, जिसे दस्तावेजों के साथ नगर निगम राजस्व कार्यालय भेजा गया, प्रहलाद घाट स्थित नव निर्मित स्मार्ट प्राइमरी स्कूल के आसपास सड़क और पटरी खाली करवाया गया, लहरतारा क्षेत्र में जय लाजिस्टिक नामक ट्रांसपोर्ट पर एक मैजिक से प्रतिबंधित प्लास्टिक के थैलों जब्त किए गए, मोढैला स्थित चुरावनपुर क्षेत्र से सड़क पर चबूतरा बना कर अतिक्रमण करने पर ध्वस्त करया गया, लंका क्षेत्र में मालवीय चौराहे के चारों तरफ अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए सड़क और पटरी खाली करवाया, साथ ही वाहन चालकों और ऑटो चालकों को भी सख्त हिदायत दी। ककरमत्ता क्षेत्र से अवैध रूप से ठेला और गुमटी लगा कर मार्ग अवरुद्ध करने वालों पर कार्रवाई हुई, अभियान के दौरान लगभग एक गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त किया गया। इस दौरान कुल जुमार्ना राशि 80,000 रुपये वसूल की गई।

### नगर आयुक्त कार्यालय में दिया ज्ञापन

वाराणसी। रानीपुर में नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जे के विरोध में गुरुवार को रानीपुर संघर्ष समिति के बैनर तले स्थानीय नागरिकों ने सिगरा स्थित निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। लोगों ने नगर आयुक्त के अनुपस्थिति में कार्यालय में




ज्ञापन दिया। पूर्व पार्षद विकासचंद्र तिवारी ने बताया इलाके में नगर निगम की जमीन पर कब्जे का प्रयास हो रहा है। 20 वर्षों से इस जमीन को कब्जा मुक्त करने की लड़ाई लड़ी जा रही है लेकिन निगम की उदासीनता से निरंतर कब्जे का प्रयास जारी है। समिति के महामंत्री वीरेंद्र यादव ने कहा राजस्व अभिलेखों में भूमि निगम की दर्ज है जिसका मुकदमा भी कब्जेदारों से निगम अपने विधि विशेषज्ञों के भरोसे लड़ रहा है। प्रदर्शन में वरुण सिंह, वीरेंद्र यादव, रवि बिंद भानु, ऋषभ पांडेय रिशु, बाबा अली, प्रदीप सिंह बाबू , नीरज सेठ आदि लोग मौजूद रहे।

### स्ट्रीट लाइट खराब, दुर्घटना का खतरा

चौबेपुर। वाराणसी-गाजीपुर नेशनल हाईवे पर डुबकियां बाजार में काफी दिनों से रोड के एक तरफ की स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। इससे रात में अंधेरा होने के



कारण हाईवे पर वाहनों की टक्कर से लोगों के साथ गोवंश घायल हो रहे है। इससे इलाके के लोगों में दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने हाईवे की लाइटें ठीक कराने की मांग की है। डुबकियां बाजार के सीताराम यादव, पियूष तिवारी अमित सेठ दीपू सुनील यादव सदानंद यादव आदि ने बताया कि हाईवे पर गांव के पास की स्ट्रीट लाइट जब से नेशनल हाईवे तैयार हुआ है तब से एक साइट का स्ट्रीट लाइट कार्यदाई संस्था के लापरवाही की वजह से खराब पड़ा है, जिससे हाईवे पर अंधेरा छाया रहता है। अंधेरा होने के कारण हाईवे से गुजरने वाले वाहनों की टक्कर से लोगों के साथ गोवंश घायल हो रहे है। कई बार देखा गया है कि गोवंशों की वाहनों की टक्कर से दुर्घटनाएं घटती हैं। जिससे ग्रामीणों को भी आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है।

### अब तीन जनवरी तक मिलेगा नि:शुल्क चावल

वाराणसी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन कार्डधारकों को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से नि:शुल्क चावल का वितरण अब तीन जनतवरी तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी की विज्ञप्ति के अनुसार, पहले नि:शुल्क चावल का वितरण 31 दिसम्बर तक कराया जाना था, लेकिन खाद्य आयुक्त के निर्देश पर यह तिथि बढ़ायी गयी है। अंतिम दिन मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से खाद्यान्न वितरित कराया जाएगा।

### भिखारी का मिला शव

वाराणसी। भेलुपुर थाना क्षेत्र के रविंद्रपुरी कॉलोनी के लेन नंबर दस में शुक्रवार को पचास वर्षीय भिखारी का शव मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मृतक इलाके में रहकर मांगता खाता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि ठंड लगने से मौत होने की आशंका है।


# भूमि विवाद में धारदार हथियार से हमला

**दुस्साहस**

**चार घायल, दो की हालत गंभीर, गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात**

**जंसा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भड़ावगांव में शुक्रवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिसमें चार लोग घायल हो गये। वही घटना में दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। घटना से गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात कर दी गयी है।

बताया जाता है कि दो वर्ष पूर्व पीड़ित पंकज उर्फ मनीष सैनी के पिता स्वर्गीय नंदलाल सैनी द्वारा गांव के ही फूलचंद पटेल से विवादित जमीन के एवज में बतौर नोट्रियल 50 हजार रुपया लिया गया था। शुक्रवार सुबह विवादित जमीन के कब्जे को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। इस दौरान पीड़ित पक्ष पर विपक्ष के फूलचंद, सुरजन पटेल, मोहन पटेल सहित के परिवार के लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें पंकज उर्फ मनीष सैनी, गुंजा देवी, पीड़ित की मां आशा और पत्नी आशा



घायल हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फूलचंद पटेल सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार करते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाथी बाजार पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना में गुंजा देवी तथा मनीष सैनी की हालत गंभीर बनी है।

## चोरी की बाइक से साथ तीन गिरफ्तार

**वाराणसी।** पुलिस ने गुरुवार को चोरी की बाइक के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। खुलसा करते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भरत उपाध्याय ने बताया कि बीते 23 अक्टूबर को थाना क्षेत्र स्थित एसएसपीजी हास्पिटल कबीरचौरा व 27 दिसंबर को थाना आदमपुर क्षेत्र से मोटर साइकिल की चोरी को अंजाम दिया गया था।

जिसे चोरों द्वारा अलग-अलग पार्ट में काटकर बिक्री कर दी। गिरोह को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की मोटर साइकिल व मोटर साइकिल के पार्टस को बरामद करने में सफलता प्राप्त किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों हबीबउल रहमान शेषमन बाजार राजापुरा रोड, हसीन अहमद और मनोज कुमार मौर्य उर्फ विक्की शैलपुत्री रोड जलालीपुरा थाना जैतपुरा को हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# चारपाई पर सो रही वृद्धा की जलने से हुई मौत

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

**परिवार में मचा कोहराम, शव को पोस्मॉर्टम के लिए भेज पुलिस कार्रवाई में जुटी**

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत वाजिदपुर गांव में गुरुवार की मध्य रात्रि में चारपाई पर सो रही एक वृद्धा की जलने से दर्दनाक मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार वाजिदपुर गांव की रहने वाली वृद्ध दूईजा देवी (95) पिछले तीन दिनों से बीमार थी। महिला के पति बागेश्वर यादव की करीब 50 वर्ष पुर्व मौत हो चुकी थी। परिवार के लोगों ने बताया कि उनका उपचार चल रहा था। गुरुवार की शाम वृध्दा को देखने रिश्तेदार भी घर आये और उनके पास बैठकर बातचीत किए। रात में अत्यधिक ठंड होने के चलते परिवार की महिलाएं अलाव जलाकर उनके पास बैठी थी। देर रात में वृद्धा के सो जाने पर परिजन अपने कमरे में सोने चले गए, जबकि अलावा जलता रहा। आशंका जताई गई कि रात में किसी समय उसी अलाव से चारपाई में आग लग गई। आग लगने से वृद्धा का शरीर पूरी तरह जल गया। अल सुबह चार बजे परिवार के लोग जब सोकर उठे तो वृध्दा के कमरे से दुर्गंध आने पर लोग कमरे की तरफ भागे। जहां देखा कि वृद्धा जिस कमरे में थी वह कमरा पूरी तरह धुएं से भर गया।

बाहर से कुछ दिखाई न देने की वजह से परिजन हिम्मत करके अंदर पहुंचे तो चारपाई पर वृद्धा का जला हुआ कंकाल बचा मिला, इस दौरान चारपाई का भी तीन हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। जिसके बाद परिवार के लोग चीखने चिल्लाने लगे। देखते ही देखते घर और गांव के लोग वहां जुट गए। वृद्धा के कमरे में पहुंचने के बाद दिल दहलाने वाला मंजर जिसने भी देखा उसका कलेजा सिहर उठा। मृतका के तीन बेटे शंकर यादव, मास्टर यादव, और मातिवर यादव सहित पूरे परिवार का बुरा हाल है। मास्टर यादव के तहरीर पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी।

# नाबालिग का उतराया मिला शव

**दुखद**

**तीन दिनों से था लापता परिवार में मचा कोहराम**

**सारनाथ।** पिछले तीन दिनों से गायब नाबालिक का शव शुक्रवार दोपहर तीन बजे के करीब सारनाथ स्थित सारंगनाथ महादेव मंदिर के सामने शिव कुंड में उतराया मिला। शव मिलने की जानकारी मिलते ही परविजनों के घर कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सारनाथ के सारंगनाथ महादेव मंदिर के पीछे मलिन बस्ती के जवाहर नगर कालोनी में सूरज बाल्मीकि जो प्राइवेट कंपनी में सफाई का काम करता था। जो पिछले दो माह से एक दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद है। जिसकी पत्नी मुस्कान गत मंगलवार को लगभग 11 बजे शिव कुंड के एक छोर पर कपड़ा साफ करने गयी थी उसी दौरान उसके साथ उसका चार वर्षीय पुत्र अजीत भी गया। मुस्कान कपड़ा साफ कर वापस घर चली आयी। वह समझी की पुत्र घर चला गया होगा। जब काफी देर बाद पुत्र अजित नहीं दिखा तो खोजबीन शुरू की, स्थानीय थाने पर गुम होने की खबर दी। इधर शुक्रवार को लगभग शिव कुंड में उतराया शव उसी मोहल्ले की खुशी ने देखा तो कपड़े से पहचान गयी, परविजनों को खबर दी, जिस पर काफी सख्या में लोग कुंड की तरफ पहुंचे, मोहल्ले के लालू ने शव को बाहर निकाला, मृतक



अपने तीन पुत्र व एक पुत्री में तीसरे नंबर का था। थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि मंगलवार को अजीत की मां मुस्कान शिव कुंड पर कपड़ा साफ कर रही थी। घर जाने पर कोई पुत्र की जानकारी नहीं हुई तो मां ने सारनाथ थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने गुरुवार की देर शाम मां मुस्कार की तहरीर पर अज्ञात के खिलफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## अस्सीघाट पर सैलानी की नाविकों ने की पिटाई

**वाराणसी।** अस्सी घाट पर घूमने के लिए पहुंचे दो सैलानियों की मनबढ़ नाविकों ने जमकर पिटाई कर दी। नाविकों की पिटाई से किसी तरह दोनों ने अपनी जान बचाई। इस दौरान वहां दर्जनों मौजूद लोग मुखदर्शक बने रहे। आस्सीघाट घूमने पहुंचे दो युवकों से नविकों की शुक्रवार को हल्की बहशबाजी हो गई। जिसके बाद आधा दर्जन की संख्या में नाविक दोनों पर टूट गए। वहीं घाट किनारे सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को इस घटना की भनक नहीं हो पाई। दोनों युवक वापस लौट गए।

# एक रात में 3 दुकानों से लाखों की चोरी

**वारदात**

**घटना से व्यापारी और ग्रामीण दहशत में**

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने हाजीपुर बाजार स्थित तीन दुकानों में घटना को अंजाम देते हुए लाखों के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। इलाके में लूट की घटनाओं से व्यापारी और ग्रामीण जहां दहशत में हैं, वहीं चोरी की तीन घटनाओं से पुलिस के भी होश उड़ गए हैं। बीती रात क्षेत्र के हाजीपुर बाजार स्थित आभूषण की तीन दुकानों पर चोरों ने धावा बोला और लाखों के आभूषण उड़ा ले गए। एक साथ तीन दुकानों से करीब 40 लाख रुपये की चोरी से इलाके में सनसनी मच गई। यह 10 दिनों में दूसरी बड़ी वारदात है। चोरियां रमाशंकर सेठ, पिंटू सेठ और दीपचंद की आभूषण की दुकान में हुई। स्वर्णकार सभा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सेठ ने बताया कि चोलापुर में तैनात पुलिस



अधिकारी काम नहीं कर पा रहे हैं। हाल के दिनों में चोरी व लूट की घटनाएं बढ़ी हैं। व्यापारियों ने धरना-प्रदर्शन भी किया लेकिन पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर सकी।

## 'आप' दो को करेगी प्रदर्शन

वाराणसी। आम आदमी पार्टी 'आरक्षण बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' मुद्दा लेकर आगामी दो जनवरी को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करेगी। 'आप' सांसद एवं यूपी प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर वाराणसी में संगठन की जिला एवं महानगर इकाई भी इसके हिस्सा लेगी। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम पांडेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम चुनाव में आरक्षण समाप्त किये जाने के विरोध में आगामी सोमवार को प्रस्तावित इस विरोध प्रदर्शन में जनपद में भी संगठन के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे।

**बच्छांव में खेल मैदान की मांग: काशी विद्यापीठ।** स्थानीय विकास खंड के बच्छांव पंचायत भवन में शुक्रवार को बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह ने चौपाल लगायी। इस अवसर पर सोकपिट की जरूरत समेत आवास, खेल मैदान, राशनकार्ड धारक का नाम कटने आदि समस्याएं दर्ज की गईं।

# लूट का आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के पहाड़ी स्थित लक्ष्मी नगर कॉलोनी में दिनदहाड़े घर में घुसकर नीलम सिंह नामक महिला को घर में बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले आरोपी चितईपुर के विवेकानंद कॉलोनी निवासी विनोद कुमार पटेल को शुक्रवार की दोपहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से लूटी गई चेन व टॉप्स के विक्रय के बचे हुए 19500 रुपये भी बरामद किए गए। मंडुवाडीह थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि विगत 14 दिसंबर को पहाड़ी स्थित लक्ष्मी कॉलोनी में बरेका कर्मी विनोद सिंह की पत्नी नीलम सिंह घर में अकेली थी तभी दो मजदूर टाइप के व्यक्ति बाल्टी में पानी मांगने के बहाने उनके घर में घुसे और उनका हाथ मफलर से बांधकर उनके सिर पर ईंट से वार किया, नीलम द्वारा बेहोशी का नाटक किए जाने पर उनके कान से सोने का टप्स व गले से सोने की चेन नोच ली और घर में लूटपाट का प्रयास किया, लेकिन नीलम द्वारा शोर मचाए जाने पर छत के रास्ते पीछे से कूद कर भाग निकले थे। उसी समय से पुलिस सर्विलांस सेल उनकी तलाश में थी, तभी शुक्रवार को सूचना मिली, उनमें से एक आरोपी रामजानकी मंदिर बीएलडब्लू के समीप खड़ा मिला, पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया, पूछताछ में उसने बताया मैंने व राजकुमार उर्फ रितिक पटेल निवासी संजय नगर कॉलोनी थाना लालपुर-पांडेयपुर ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। पकड़े गए आरोपी पर रोहनिया व सारनाथ थाने में भी मुकदमे दर्ज है।

# ओपीडी में चिकित्सक हैं, पर दवा नहीं

**आयुर्वेद कॉलेज**

**आयुर्वेद कॉलेज के ईएनटी में आंख, कान, गला से संबंधित दवाओं का टोटा**

**33 साल पहले शामिल दवाएं आज भी चल रहीं**

**वाराणसी।** चौकाघाट स्थित राजकीय आयुर्वेद स्नातकोत्तर महाविद्यालय व चिकित्सालय में अब लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। सभी विभागों को मिलाकर ओपीडी में आने वाले कुल मरीजों संख्या एक दिन में लगभग छह सौ के आसपास है, लेकिन ईएनटी में आने वाले मरीजों के लिए अभी तक संबंधित दवाओं टोटा है।

आयुर्वेद कॉलेज में भी शासन के मंशा के अनुरुप एक रुपये के पर्चे मरीजों के लिए ओपीडी है। सामान्य चिकित्सा से लेकर महिलाओं से संबंधित रोगों तक की आयुर्वेद दवाएं अस्पताल की ओर से निःशुल्क दी जाती है। लेकिन ईएनटी

> दवाओं को बढ़ाने पर लगातार मंथन किया जा रहा है, जल्द ही दवाओं को बढ़ाया जायेगा। इसके साथ ही ईएनटी में अगर दवाओं का टोटा है तो इसपर भी कार्य किया जायेगा।
>
> डॉ.पीसी सक्सेना, निदेशक आयुर्वेद, लखनऊ

(नाक, कान,आंख और गला) के लिए दवाओं का टोटा है या यूं कहें तो आखं से संबंधित कोई दवा इस कॉलेज में नहीं है। मरीजों की तस्सल्ली के लिए चिकित्सक की ओर से उनके पर्चे पर काढ़ा व बूस्टअप की अन्य दवाओं को दे दिया जाता है।

**आंखों की होती है जांच**

आखों की समस्या को लेकर आने वाले मरीजों के आंखों की जांच परम्परा



विधि के अनुसार कर चश्में का नंबर बता दिया जाता है इसके साथ ही कोई आई ड्रॉप या फिर आंखों की समस्या के संबंध में अन्य दवाओं के लिए मरीजों को बाहर मेडिकल स्टोर को मुंह देखना पड़ता है।

**1989 की दवाओं पर ही निर्भर**

आयुर्वेद कॉलेज में 1989 में जिन 40-42 दवाओं को शामिल किया गया वह दवाएं आज भी चल रही हैं तब से लेकर आज तक इन दवाओं में बढ़ोत्तरी नहीं हुई। जबकि इतने सालों में कई नये रोग सामने आए, अन्य पैथियों में कई नये दवाओं को शामिल किया गया।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

सूचना

सूचना

मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे तीनों पुत्रों का नाम
1. VISHAL KUMAR,
2. VICKKY KUMAR,
3. ROHIT SHANKAR है जो गलत है जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड व शैक्षणिक प्रमाण पत्र में सही नाम
1. VISHAL GOSWAMI,
2. VICKEY GOSWAMI,
3. ROHIT SHANKAR GOSWAMI
है इसी को सही माना जाय। कृपा शंकर पुत्र स्व0 रामअश्रय गोसाई, ग्राम-अमृतपाली नईबस्ती, पोस्ट-सहरसपाली, जिला-बलिया।

आवश्यकता

आवश्यकता है :- स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बी0 सी0 आई0 से मान्यता प्राप्त व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से सम्बद्ध रामलाल सिंह विधि महाविद्यालय जलालपुर, माफी, चुनार, मिर्जापुर (उ0 प्र0) में तीन वर्षीय एल0 एल0 बी0 पाठ्यक्रम में शिक्षण हेतु 15 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है, योग्यता एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0 एवं विश्वविद्यालय के नियमावली एवं परिनियमावली के अनुसार होगा। योग्य अभ्यर्थी 21 दिनों के अन्दर सम्पूर्ण शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं 2 फोटो सहित संस्था के पते पर आवेदन करें।
प्रबन्धक-मो0-9415980665

आवश्यकता है :- हर्षा कालेज ऑफ एजुकेशन कोठरा, आजमगढ़ में आवश्यकता है बी0 एड0 पाठ्यक्रम हेतु स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014 के मानक अनुसार विभागाध्यक्ष (01 पद), वेतन एवं योग्याता एन0सी0टी0ई0/ यू0जी0सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ 21 दिन के अन्दर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष/स्पीड पोस्ट द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक- राकेश कुमार सिंह
मो0-9936091000, 8299187116

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालयः एस 19/33, इकराम खान बिल्डिंग, नदेसर,वाराणसी। फोन 0542-2505443,
ई-मेल: zovaranasi@indianbank.co.in

अचल सम्पत्तियों के विक्रय का विक्रय सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सम्पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय का ई - नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एवं ऋणियों एवं जमानतकर्ताओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति जो कि प्रतिभूति क्रेडिटर के द्वारा ऋण सुविधा को सुरक्षित करने के लिए बैंक के पास बंधक/प्रभार के अधीन रखी गई हैं और जिसका इण्डियन बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति क्रेडिटर के द्वारा सांकेतिक कब्जा भी लिया जा चुका है, जिसकी वसूली हेतु "जो है जहां है", "जो है जैसे है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर इण्डियन बैंक, के सुरक्षित लेनदार/अधिकृत अधिकारी द्वारा

दिनांक - 19.01.2023, समय प्रातः 10 से सांय 4.00 बजे तक

सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री की जाएगी। ई-नीलामी के द्वारा बिक्री के लिए लाई जाने वाली सम्पत्ति का विशिष्ट विवरण निम्नलिखित है:

1. शाखा- वाराणसी — खाता - मेसर्स नवाबिया मीत स्टोर्स
ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार का विवरण - 1. मेसर्स नवाबिया मीत स्टोर्स प्रो0 श्री नवाजीशअली, निवासी अराजी सं0- 42/3, अब्दुल रहीमपुर/दुल्हीपुर, राल्हुपुर, चन्दौली (ऋणी) 2. श्री नवाजीश अली पुत्र नुरूल हक, निवासी 48/123 कुतुबन शहीद, वाराणसी (प्रोपराईटर /बंधककर्ता/जमानतदार) 3. श्री नुरूल हक पुत्र स्व0 अब्दुल करीम निवासी 48/123 कुतुबन शहीद, वाराणसी (बंधककर्ता/ जमानतदार) 4. श्री जीयाउल हक पुत्र नुरूल हक निवासी 48/123 कुतुबन शहीद, वाराणसी (बंधककर्ता/ जमानतदार)
बकाया राशि -रू.55,95,254.49 /- (रूपया पचपन लाख पन्चानबे हजार दो सौ चौवन व उन्चास पैसे मात्र) दिनांक- 17.06.2022 को यथास्थित
बंधक सम्पत्ति का विवरण - सभी भाग सम्पत्ति, अराजी सं0 एम आई 42/3, क्षेत्रफल 4080 वर्ग फीट, स्थित मौजा- अब्दुल रहीमपुर उर्फ दुल्हीपुर, परगना- राल्हुपुर, तहसील व जिला- चन्दौली, जो कि श्री नवाजीश अली, श्री नुरूल हक, श्री जीयाउल हक के नाम मे है।
चौहद्दी-
पूरब- सैयद मोहम्मद हैदर आब्दी की जमीन,पश्चिम- रास्ता, उत्तर- सैयद मोहम्मद हैदर आब्दी की जमीन, दक्षिण- ईस्लाम व अन्य की जमीन

| | | | |
|---|---|---|---|
| सम्पत्ति पर ऋणभार: | नहीं। | बिड बढ़ोत्तरी राशि: | रू. 25,000/- |
| आरक्षित मूल्य: | रू. 65.70 लाख | ई- नीलामी की तिथि व समय: | 19.01.2023, सुबह 10.00 से सायं 4.00 बजे तक |
| धरोहर जमा राशि: | रू. 6.57 लाख | सम्पत्ति आईडी सं0 | IDIB3276789860 |

2. शाखा- पाण्डेयपुर — खाता - श्री ओमप्रकाश कुमार
ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार का विवरण -1. श्री ओमप्रकाश कुमार पुत्र श्री राजवंश पांडे, निवासी एस0 16/4 -ए, चकबीही, सारंग तलाब, पंचकोसी रोड, पान्डेपुर, वाराणसी -221007 (ऋणी) 2. श्रीमती रेनू पांडे पत्नी श्री ओमप्रकाश कुमार निवासी एस0 16/4 एस- ए, वैष्णो नगर कालोनी, चकबीही, परगना शिवपुर, तहसील व जिला - वाराणसी ( बंधककर्ता/ जमानतदार)
बकाया राशि -रू.32,58,169.60/- (रूपया बत्तीस लाख अट्ठावन हजार एक सौ उनहत्तर व साठ पैसे मात्र) दिनांक- 22.06.2022 को यथास्थित
बंधक सम्पत्ति का विवरण - सम्पत्ति 1 - सभी भाग सम्पत्ति, अराजी सं0 एम आई 1374, क्षेत्रफल 4803 वर्ग फीट यानि 446.09 वर्ग मीटर, स्थित मौजा- गोसाईपुर मोहाव, परगना- कटेहर, तहसील व जिला - वाराणसी, जो कि श्रीमती रेनू पांडे पत्नी श्री ओमप्रकाश कुमार के नाम मे है।
चौहद्दी- पूरब- प्रथम पक्ष व अन्य का बगीचा, पश्चिम- महातिम गिरि की कृषि भूमि, उत्तर- संतोष गिरि व अन्य की कृषि भूमि, दक्षिण- करीब 10 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता बादहू केदार गिरि का मकान
सम्पत्ति 2 - सभी भाग सम्पत्ति, अराजी सं0 68, क्षेत्रफल 2040 वर्ग फीट यानि 189.59 वर्ग मीटर, स्थित मौजा- निर्दोउरा, परगना- शिवपुर , तहसील व जिला - वाराणसी, जो कि श्रीमती रेनू पांडे पत्नी श्री ओमप्रकाश कुमार के नाम मे है।
चौहद्दी- पूरब- भोला की जमीन, पश्चिम- कच्चा रास्ता 10 कड़ी, उत्तर- शम्भू पटेल की जमीन, दक्षिण- मजकूर की अराजी का शेष भाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| सम्पत्ति पर ऋणभार: | नहीं। | बिड बढ़ोत्तरी राशि: | सम्पत्ति 1. रू. 25,000/- सम्पत्ति 2. रू. 25,000/- |
| आरक्षित मूल्य: | सम्पत्ति 1. रू. 13.50 लाख सम्पत्ति 2. रू. 12.60 लाख | ई- नीलामी की तिथि व समय: | 19.01.2023, सुबह 10.00 से सायं 4.00 बजे तक |
| धरोहर जमा राशि: | सम्पत्ति 1. रू. 1.35 लाख सम्पत्ति 2. रू. 1.26 लाख | सम्पत्ति आईडी सं0 | सम्पत्ति 1. IDIB30099449334 सम्पत्ति 2. IDIB030099449334 |

3. शाखा- कचनार — खाता - मेसर्स श्री समृद्धि ट्रेडर्स
ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार का विवरण - 1. मेसर्स श्री समृद्धि ट्रेडर्स प्रोप्राईटर श्री धीरेन्द्र कुमार गुप्ता, निवासी कचनार, स्टेशन रोड, राजातालाब, वाराणसी 2. श्री धीरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र मदन गुप्ता, निवासी कचनार, रानीबाजार, वाराणसी, राजातालाब, उत्तर प्रदेश- 221311 (प्रोप्राईटर) 3. श्रीमती आशा गुप्ता पत्नी श्री मदन लाल गुप्ता, निवासी वार्ड सं0- 28, प्रियदर्शनी नगर, औंरी कलना, तहसील- रघुराजनगर, सतना, मध्य प्रदेश- 485001(जमानतदार/ बंधककर्ता)
बकाया राशि -रू. 20,98,075/- (रूपया बीस लाख अन्ठानबे हजार पचहत्तर मात्र) दिनांक- 26.06.2022 को यथास्थित
बंधक सम्पत्ति का विवरण -सभी भाग सम्पत्ति अराजी सं0 358, क्षेत्रफल- 1310 वर्ग फीट यानि 121.74 वर्ग मीटर, स्थित मौजा- असवारी, परगना- कसवार सरकारी, तहसील- राजातालाब, जिला- वाराणसी, जो कि श्रीमती आशा गुप्ता पत्नी श्री मदन लाल गुप्ता के नाम मे है।
चौहद्दी
पूरब- आलोक पाठक व अन्य का शेष भाग, पश्चिम- बैचरा खरीदार देवी का शेष भाग, उत्तर- ग्रामीण लिंक मार्ग, दक्षिण- अनिल पटेल व अन्य की जमीन

| | | | |
|---|---|---|---|
| सम्पत्ति पर ऋणभार: | नहीं। | बिड बढ़ोत्तरी राशि: | रू. 25,000/- |
| आरक्षित मूल्य: | रू. 35.10 लाख | ई- नीलामी की तिथि व समय: | 19.01.2023, सुबह 10.00 से सायं 4.00 बजे तक |
| धरोहर जमा राशि: | रू. 3.51 लाख | सम्पत्ति आईडी सं0 | IDIB30070529765 |

4. शाखा- दैवकठिया जंगीपुर — खाता - मेसर्स जय माँ काली ट्रेडर्स
ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार का विवरण - 1. मेसर्स जय माँ काली ट्रेडर्स प्रो0 श्री दुर्गेश कुमार गुप्ता निवासी मंडी स्थल, जंगीपुर, गाजीपुर- 233305 (ऋणी) 2. श्री दुर्गेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री सुभाष चन्द गुप्ता निवासी गुरूसेवक नगर, जंगीपुर, गाजीपुर- 233305 (प्रोपराईटर/जमानतदार) 3. श्री सुभाषचन्द गुप्ता पुत्र श्री दीनानाथ गुप्ता निवासी वार्ड सं0- 10, शास्त्री नगर, पो0- जंगीपुर, परगना, तहसील व जिला- गाजीपुर- 233305 (जमानतदार/बंधककर्ता)
बकाया राशि -रू. 64,32,824.06/- (रूपया चौसठ लाख बत्तीस हजार आठ सौ चौबीस व छः पैसे मात्र) दिनांक- 24.11.2021 को यथास्थित
सम्पत्ति का सभी भाग स्थित मकान सं0 131, भवन क्षेत्रफल- 1540 वर्ग फीट, स्थित वार्ड सं0- 10, शास्त्रीनगर (जंगीपुर), परगना व तहसील - गाजीपुर, जिला- गाजीपुर, जो कि श्री सुभाष गुप्ता पुत्र श्री दीनानाथ गुप्ता के नाम मे है।
चौहद्दी -
पूरब- आर सी सी रोड, पश्चिम- प्यारे लाल की खाली जमीन, उत्तर- त्रिपती ठठारा (मकान), दक्षिण- सतीश कुमार (मकान)

| | | | |
|---|---|---|---|
| सम्पत्ति पर ऋणभार: | नहीं। | बिड बढ़ोत्तरी राशि: | रू. 25,000/- |
| आरक्षित मूल्य: | रू. 37.80 लाख | ई- नीलामी की तिथि व समय: | 19.01.2023, सुबह 10.00 से सायं 4.00 बजे तक |
| धरोहर जमा राशि: | रू. 3.78 लाख | सम्पत्ति आईडी सं0 | IDIB30163857625 |

ऑनलाइन बिड में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को यह सलाह दिया जाता है कि वे हमारे ई-नीलामी सेवाप्रदाता एम.एस.टी.सी. लिमिटेड की वेबसाइट (www.mstcecommerce.com) का अवलोकन करें। तकनीकि सहायता के लिये कृपया एम.एस.टी.सी. हेल्प डेस्क नं0- 033-22901004 एवं सर्विस प्रदाताओं के हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्पलाइन नं0 पर कॉल करें। एम.एस.टी.सी. लिमिटेड में रजिस्ट्रेशन के स्थिति की जानकारी के लिए, ibapiop@mstcecommerce.com पर सम्पर्क करें एवं धरोहर धनराशि की स्थिति के लिए कृपया ibapifin@mstcecommerce.com पर सम्पर्क करें।
सम्पत्ति एवं सम्पत्ति का फोटोग्राफ तथा नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया https://ibapi.in तथा इस पोर्टल से सम्बन्धित स्पष्टिकरण के लिए कृपया हेल्पलाइन नंबर 18001025026 एवं 011-41106131 पर सम्पर्क करें।
बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वेबसाइट https://ibapi.in और www.mstcecommerce.com पर उक्त सम्पत्ति के लिए जानकारी प्राप्त कर रहे हों तो उपरोक्त उल्लिखित सम्पत्ति आईडी नंबर का प्रयोग करें।
कृपया नोट करें कि बैंक का उपर्युक्त सम्पत्तियों पर सांकेतिक कब्जा है न कि भौतिक कब्जा।

दिनांक - 31.12.2022 स्थान - वाराणसी | त्रुटि के स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। | प्राधिकृत अधिकारी, ( इण्डियन बैंक )



# वाराणसी



# बाबा धाम में अबकी पैदल आवागमन

## नये साल पर अनुमान से ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना

**भीड़ पर नजर**

### विश्वनाथ धाम में किया गया रिहर्सल

### गत वर्ष सात लाख लोगों ने किया था बाबा का दर्शन



**वाराणसी।** नये साल पर काशी विश्वनाथ धाम, घाटों पर उमड़ने वाली भीड़ के प्रबंधन की रूपरेखा तय कर ली गई है। खास यह है कि 31 दिसम्बर की रात से मैदागिन, जंगमबाड़ी व रामापुरा चौराहे से कोई भी वाहन काशी विश्वनाथ धाम की ओर नहीं जायेंगे। सिर्फ पैदल ही लोगों का आवागमन होगा। क्षेत्र को चार जोन, 11 सेक्टर और 26 सब सेक्टर में बांट कर एशीसी, निरीक्षक और उपनिरीक्षकों की ड्यूटियां लगायी जा रही है। काशी जोन के डीसीपी आरएस गौतम ने बताया कि मैदागिन, जंगमबाड़ी और जंगमबाड़ी चौराहे पर बैरियर लगाये जायेंगे। किसी भी वाहन को अंदर आने की छूट नहीं रहेगी। इन तीनों मार्गों पर और दशाश्वमेधघाट जाने वाले मार्गों पर दर्शनार्थियों के लिए अलग से कतारें लगेंगी। इसके साथ ही बैरिकेडिंग भी की जा रही है।

काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए शुक्रवार को मंदिर प्रशासन की ओर से रिहर्सल किया गया। ज्ञातव्य है कि 31 दिसम्बर से एक जनवरी तक श्रद्धालु बाबा का स्पर्श दर्शन भी नहीं कर पायेंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं को सिर्फ बाबा का झरोखा दर्शन ही हो पायेगा। गौरतलब हो कि पिछले वर्ष नववर्ष पर काशी विश्वनाथ दरबार में लाखों दर्शनार्थियों के आने से व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। 31 दिसम्बर व एक जनवरी को हर कोई बाबा विश्वनाथ का दर्शन करना चाहता है। इस बार भी इस दिन बाबा दरबार में लाखों दर्शनार्थियों के आने की संभावना है। पिछली बार बाबा दरबार में लगभग सात लाख लोगों ने दर्शन किया था। इसको देखते हुए दो दिनों तक मंदिर में बाबा का स्पर्श दर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। धर्म नगरी काशी के मंदिरों में नए साल पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। धाम के गेट नम्बर चार से गोदौलिया तक, गोदौलिया से दशाश्वमेध तक, गोदौलिया से गिरजाघर रोड तक और गोदौलिया से मैदागिन तक कतार के लिए बैरिकेडिंग की जा रही है। इसके अलावा गंगा घाटों पर भी बैरिकेडिंग की जा रही है। ताकि कोई हादसा न होने पाये।

### नहीं आए सीएम योगी



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शुक्रवार को वाराणसी दौरे का कार्यक्रम किन्हीं कारणों से टल गया। जबकि उनकी सुरक्षा टीम, कैमरा टीम आदि यहां पहले ही पहुंच चुकी है। शाम पांच बजे सीएम को कोलकाता से यहां पहुंचना था। उनके आगमन को देखते हुए अधिकारी संबंधित बैठक आदि की पूरी तैयारी कर चुके थे। विभागों में चर्चा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को वाराणसी आ सकते हैं। कारण, वह जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक से अलावा निर्माणाधीन कुछ परियोजनाओं का न सिर्फ मौका-मुआयना करने वाले हैं बल्कि संभावना व्यक्त की जा रही है कि वह आगामी जून माह में होने वाले जी-20 की बैठकों के लिए की जा रही तैयारियों को लेकर भी विस्तार से मीटिंग करेंगे।

## महिला अस्पताल में आठ बेड का एचडीयू यूनिट जल्द

**वाराणसी।** महिला अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं की तबियत बिगड़ने पर हाई डिपेन्सिव यूनिट की सुविधा न होने पर उन्हें अन्यत्र रेफर करना पड़ता था। इस यूनीट कि स्थापना के लिए महिला अस्पताल से प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। अस्पताल की एसआईसी डॉ मनीषा सिंह सेंगर ने बताया कि यहां पर काफी संख्या में महिलाओं का डिलेवरी होता है। डिलेवरी के दौरान किसी मरीज कि तबीयत बिगड़ने पर तत्काल वेंटीलेटर की जरूरत पड़ने पर मरीज को अन्यत्र रेफर करना पड़ता है। इस दौरान मरीज व उनके तीमारदार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समय से यह सुविधा न मिलने पर मरीज की मौत भी हो जाती है। डॉ मनीषा ने बताया कि यहां पर आठ बेड का एचडीयू यूनीट बनाने के लिए ऑपरेशन थियेटर को ऊपर खाली पड़े कक्ष में इसे बनाया जायेगा।

# चार दिन तक जमा नहीं होंगे बिजली बिल

**उच्चीकरण कार्य**

### चार जनवरी तक बंद रहेगी ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली

**वाराणसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) से जुड़े जिलों के उपभोक्ता चार दिन तक बिजली का बिल जमा नहीं कर पायेंगे। ऑनलाइन सिस्टम प्रणाली को शुक्रवार की शाम से ही पूरी तरह बंद कर दिया गया है। वजह, ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली को उच्चीकृत किया जा रहा है। इसके चलते शहरी क्षेत्र की बिलिंग प्रणाली शुक्रवार की शाम से चार जनवरी को पूर्वाह्न नौ बजे तक बंद रहेगी। पूर्वांचल-डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक के निर्देशानुसार, ऑनलाइन बिलिंग प्रणाली के उच्चीकरण कार्य के चलते वाराणसी, प्रयागराज, आजमगढ़, गोरखपुर, बस्ती, मीरजापुर, बलिया, बांसी, बरहज, भदोही, बिंदकी, चुनार, देवरिया, फतेहपुर, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर, खलीलाबाद, कोपागंज, मऊ, मोहम्मदाबाद, मोहम्मदाबाद गोहना, मुबारकपुर, मुगलसराय, ओबरा, पडरौना, प्रतापगढ़, रेणुकूट, राबर्ट्सगंज के शहरी क्षेत्रों की बिलिंग प्रणाली इस दौरान प्रभावित रहेगी। डिस्कॉम प्रशासन ने बताया कि इस दौरान शहरी क्षेत्र में बिल बनाने, बिल जमा करने, बिल संशोधन करने, नाम परिवर्तन आदि समस्त कार्य प्रभावित रहेंगे। यह भी बताया गया कि इस अवधि में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का बिल जमा करने एवं उसके पश्चात आटोमेटिक री-कनेक्शन कार्य भी प्रभावित रहेगा। ऑनलाइन बिलिंग के उच्चीकरण कार्य से केवल शहरी क्षेत्र की बिलिंग प्रणाली ही प्रभावित रहेगी। इस अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों की बिलिंग प्रणाली यथावत जारी रहेगी।

# गरीबों के उत्थान की योजनाओं से पात्रों को लाभांवित कर रही सरकार

## प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'ग्राम की समस्या-ग्राम में समाधान' विषयक जनचौपालों में कहा

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### पूरे, बभनियांव और चिरईगांव ग्राम पंचायतों में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं-शिकायतें, समाधान का दिया भरोसा

### डिप्टी सीएम ने कहा : स्वयं सहायता समूह से महिलाओं को मिला है सम्मान और साथ ही वह बन रहीं स्वावलंबी



सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को जनपद की तीन गांवों में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतें और समस्याएं सुनीं

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गरीबों के उत्थान और कल्याण के लिए सरकार तमाम योजनाएं चलाकर पात्रों को लाभांवित कर रही है। पात्रों को उज्वला, आवास, मनरेगा, मुफ्त राशन, किसान सम्मान निधि तथा यूपीएसआरएलएम सहित विभिन्न योजनाएं दे रहे हैं। गांव, गरीब किसान, महिला, नवयुवकों के उत्थान एवं प्रगति के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। अब ब्लॉकों में प्रत्येक शुक्रवार को 'ग्राम की समस्या : ग्राम में समाधान' के जरिये जनचौपाल लगाकर स्थानीय लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान होगा। इसके तहत किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं से वंचित पात्रों को भी लाभांवित किया जाएगा। डिप्टी सीएम अपने दो दिनी दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार को आरंभ 'ग्राम की समस्या : ग्राम में समाधान' के तहत तीन गांवों में आयोजित जनचौपालों में हिस्सा लेते हुए यह कहा। वह सेवापुरी विकास खंड के पूरे, चिरईगांव ब्लॉक के चिरईगांव और आराजी लाइन विकास खंड के बभनियांव के जनचौपालों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए अफसरों को संबंधित निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों, स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों आदि के साथ संवाद किया, विभागीय स्टालों को सराहा और कुछ स्थलों का जायजा लिया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि एनआरएलएम के जरिये स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को न सिर्फ समाज में सम्मान मिला है बल्कि वह स्वावलंबी भी बनी हैं। दूसरी ओर, गरीबों पात्रों को डीबीटी के जरिये सीधे उनके खाते में पैसा भेजा जा रहा है। किन्हीं कारणों से छूटे पात्रों को संबंधित स्कीम का लाभ देंगे। उन्होंने कहा कि 'हर घर नल' योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तेजी कनेक्शन दिये जा रहे हैं। श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार बढ़िया कार्य कर रही है। यदि समस्या है तो उसका समाधान भी है। ग्रामीण अपनी समस्या हमें लिखित रूप से दें। उस पर तत्काल कार्यवाही होगी। उन्होंने शासन की उपलब्धियां गिनाते हुए सुमंगला योजना की चर्चा में उन्होंने कहा कि बेटी को बोझ न समझें। पुरुष और महिला दोनों कमाकर परिवार को आगे ले जाएंगे। चिरईगांव प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय गांव की चौपाल में उपमुख्यमंत्री ने सीडीओ हिमांशु नागपाल को निर्देश दिया कि फूलों की खेती में काम करने वाले मजदूरों को मनरेगा योजना से जोड़ें। खेती को यदि इस स्कीम से जोड़ा जाय तो श्रमिकों को अतिरिक्त आय होगी। मिर्जामुराद प्रतिनिधि के मुताबिक पूरे की चौपाल में किसानों की मांग पर डिप्टी सीएम ने किसान सब्जी मंडी के निकट फुटओवर ब्रिज बनवाने का आश्वासन दिया। रोहनिया प्रतिनिधि के मुताबिक बभनियांव में श्री मौर्य प्रज्ञा पब्लिक लाइब्रेरी में स्कूली बच्चों से भी बातचीत की। इन चौपालों में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर मृदुला जायसवाल, एमएलसी लक्ष्मण आचार्य, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, कौशलेंद्र सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुजीत सिंह डॉक्टर, डीएम एस. राजलिंगम व सीडीओ हिमांशु नागपाल आदि भी रहे।

### स्व. हीरा बेन को दी श्रद्धांजलि



जनपद के तीन गांवों में आयोजित जनचौपालों के आरंभ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां श्रीमती हीराबेन को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्व. हीरा बेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। साथ ही कहा दुख की इस घड़ी में भी प्रधानमंत्री देश के हर परिवार को अपना परिवार मानकर कर्तव्य का पालन करते हुये अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

### लखनऊ-वाराणसी शटल का समयबद्ध संचालन

**वाराणसी।** उत्तर भारत में पड़ती शीत लहर एवं कोहरे के कारण कम दृश्यता के उपरांत भी उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा प्रतिदिन संचालित की जाने वाली गाड़ी संख्या 20401/20402 लखनऊ-वाराणसी-लखनऊ शटल ट्रेन का परिचालन पूर्ण समयबद्धता के साथ किया जा रहा है, जिसके लिए इस गाड़ी से यात्रा करने वाले यात्रियों ने रेल प्रशासन के प्रति अपना कृतज्ञ आभार व्यक्त किया है। लखनऊ मंडल के अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी से लखनऊ जाने वाली शटल के परिचालन को समयबद्धता के लिए कंट्रोल से मॉनीटरिंग की जाती है।

### आज रात नौ बजे बंद हो जायेंगे बीएचयू के गेट

वाराणसी। नये साल के दौरान होने वाले हुड़दंग आदि को देखते हुए बीएचयू प्रशासन ने विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से 31 दिसम्बर की रात नौ बजे से समस्त द्वार को बंद रखने का फैसला लिया है। इस दौरान केवल मुख्य द्वार ही खुला रहेगा।

# मोतियाबिन्द ऑपरेशन में लोगों को मिला लाभ



**वाराणसी।** नेत्रोदय द आई सिटी में लोगों को लाभार्थ आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सम्पन्न हुआ। नेत्रोदय द आई सिटी के निदेशक डॉ. अभिषेक चन्द्रा ने बताया कि डॉ. गिरिजा प्रसाद नेत्र यज्ञ के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो पूरी तरह से सफल रहा। बताया कि इस यज्ञ में कुल 60 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कर उनकी आंख की समस्या को दूर किया गया । इसके साथ ही सभी को चश्मा भी दिया गया। बताया कि पूरी सर्जरी डॉ पारुल, डा अभिषेक चन्द्रा द्वारा किया गया। इस नेत्र यज्ञ का आयोजन डॉ गिरिजा प्रसाद की स्मृति में किया गया था।

# हीरा बेन के निधन से काशी शोकाकुल

**दुख की घड़ी**

### गंगा आरती में पीएम की मां के लिए की मोक्ष की कामना

### मां को ही प्रथम शिक्षक होने का गौरव प्राप्तः बीएस सुब्रह्मण्यम

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन से समस्त काशीवासी मर्माहत हैं । कांचीकामकोटि पीठ के प्रबंधक वीएस सुब्रह्मण्यम मणि जी ने एक वक्तव्य में कहा कि हीरा बेन के निधन से काशी का तमिल समाज भी मर्माहत है। मां को ही प्रथम शिक्षक होने का गौरव प्राप्त है। इसे वेदों में भी कहा गया है। हर भारतीय माता को इसे आदर्श के रूप में लेना चाहिए।कहा कि सप्त मोक्षपुरियों में एक कांचीपुरम की अधिष्ठात्री मां कामाक्षी से प्रार्थना करते हैं कि शोकाकुल परिवार को शक्ति प्रदान करें। साथ ही गतात्मा को अपने चरणों में स्थान दें।



दशाश्वमेधघाट पर गंगा आरती से हीरा बेन को दी गयी श्रद्धांजलि

उधर, गंगोत्री सेवा समिति ने शुक्रवार को पौराणिक दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती के दौरान मां गंगा से हीराबेन के लिए मोक्ष की कामना की । दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख ॐ शांति शांति शांतिः का उच्चारण किया । गंगोत्री सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष पं किशोरी रमण दुबे (बाबू महाराज) ने कहा कि देश को सशक्त नेतृत्व देने वाली मां धन्य हैं । इस अवसर पर गंगोत्री सेवा समिति के सचिव दिनेश शंकर दुबे , आचार्यगण एवं हजारों की संख्या में नागरिक मौजूद रहे। नई सुबह एक उम्मीद सामाजिक संस्था तथा उत्थान महिला क्षेत्र स्तरीय समिति के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं द्वारा प्रधानमंत्री की मां के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। अस्सी घाट से तुलसी घाट तक कोरोना जागरूकता रैली निकाली गई।

### अजय राय ने व्यक्त किया शोक

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बेन के निधन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय शोक व्यक्त किया है। उन्होंने संवेदना प्रकट करते हुए कहा है की देश के प्रधानमंत्री और वाराणसी के सांसद मोदी की मां हीरा बा के देहावसान का समाचार दुखद है। इस मुश्किल समय में कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री मोदी, उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती है। संगठन की ओर से पीएम की मां को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित है। बाबा काशी विश्वनाथ स्व. हीरा बेन की आत्मा को शांति प्रदान कर अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

# रंगारंग कार्यक्रम संग छात्राओं का स्वागत

**हरहुआ।** बैजलपट्टी स्थित राजेश्वरी महिला महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के स्वागत में परिचय समारोह रंगारंग कार्यक्रम के साथ हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक साहित्यकार डॉ राघवेन्द्र नारायण सिंह ने की। इस अवसर पर छात्राओं ने नृत्य संगीत के मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मिस फ्रेशर्स अंजलि गिरी और रनरअप का खिताब साक्षी पांडेय को दिया गया। दोनों विजेताओं को महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ राघवेन्द्र नारायण सिंह ने ताज और अंग वस्त्र पहनाकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों और महाविद्यालय की समस्त छात्राओं ने शिरकत की। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के उपनिदेशक अंशुमान सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस अवसर पर डॉ सुमन सिंह, डॉ संतोष श्रीवास्तव, प्रियंका सिंह, इकबाल अहमद, प्रियंका श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, महेंद्र शर्मा, बसंती देवी और बीरेंद्र कुमार पांडेय ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया। इसके पूर्व प्रधानमंत्री और वाराणसी के यशस्वी सांसद नरेन्द्र दामोदरदास मोदी की मां को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# पुलिस ने किया गश्त, चलाया चेकिंग अभियान

**सक्रियता**

### नए साल से पूर्ण शराब और मॉडल शॉप के साथ होटल व सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंगियों पर निगाह

**वाराणसी।** नववर्ष पर पूर्व शुक्रवार को पुलिस ने शहर के कई इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थानों, होटल, मॉल व शराब की दुकानों व मॉडल शॉप समेत रोडवेज व कैंट रेलवे स्टेशन के अलावा अन्य रेलवे स्टेशनों आदि में नव वर्ष के जश्न को लेकर काफी सख्ती दिखाई। खासकर हुड़दंगियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस निगरानी में लगी है। इस दौरान पुलिस की सार्वजनिक कार्यक्रमों पर पैनी नजर रही।पुलिस आयुक्त के निर्देश पर काशी, वरुणा व गोमती जोन के एसीपी व थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भारी पुलिसबल के साथ चेकिंग की। मॉल, होटल, सिनेमा, बैंकेटहाल, रोडवेज बस स्टेंड व रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर डाग स्क्वाड के साथ चेकिंग की गई। इसी क्रम में सार्वजनिक स्थानों पर भारी पुलिस बल देकर लोगों में हड़कंप मच गया। भारी पुलिसबल के साथ जब कैंट इलाके में पुलिस की चेकिंग शुरू हुई तो शराब ठेकों के इर्द गिर्द खड़े लोग भाग निकले। वहीं विजया नगरम पार्केट व परेड कोठी क्षेत्र के साथ रोडवेज एरिया में भी पुलिस द्वारा गस्त की गई।








# हिमगिरी सर्वाधिक 11 घंटे रही लेट

**वाराणसी।** कोहरे का असर रोजाना ट्रेनों पर पड़ने लगा है, जिसके चलते लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा हैं। कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर शुक्रवार को आने वाली ट्रेनों में हिमगिरी एक्सप्रेस सर्वाधिक 11 घंटे की देरी से पहुंची। कोहरा से थमने वाली ट्रेनों के पहियों में वंद भारत भी शामिल हैं यह ट्रेन कैंट स्टेशन पर अपने निर्धारित समय से 20 मिनट देरी से आयी जबकि नई दिल्ली के लिए समय से रवाना हुई, इसके साथ ही ताप्ती गंगा एक्सप्रेस सवा दो घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस साढ़े सात घंटे, पंजाब मेल तीन घंटे, पाटिलपुत्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे, दून एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे, गोदिंया बरौनी साढ़े छह घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस साढ़े सात घंटे, हिमगिरि एक्सप्रेस 11 घंटे, सदभावना एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे, जैसलमेर एक्सप्रेस साढ़े सात घंटे, काशी एक्सप्रेस दो घंटे, गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस छह घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची। वाराणसी के आसपास के क्षेत्रों से आये कई ग्रामीण यात्रियों को ट्रेनों के इंतजार में घंटो स्टेशन पर रुकना पड़ा।



शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर छाया रहा घना कोहरा

### विमान पर भी कोहरा हावी

बाबतपुर। कोहरा के चलते ना सिर्फ ट्रेन बल्कि विमान भी प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। घने कोहरे और दृश्यता कम हो जाने की वजह से अन्य शहरों से वाराणसी पहुंचने वाले विमान अपने निर्धारित समय की अपेक्षा काफी विलंब से हवाई अड्डे पर पहुंचे। विमान विलम्बित हो जाने से आगमन व प्रस्थान करने वाले यात्रियों को परेशानी हुई।

### विलम्बित रहे विमान

बुद्धा एयरलाइंस काठमांडू से उड़ान भरकर सुबह 8:05 के स्थान पर करीब चार घण्टे विलम्ब से दोपहर 12 बजे, मुम्बई से वाराणसी 6ई 6543 सुबह11 बजे के स्थान पर दोपहर 12:15 बजे, 6ई915 हैदराबाद से वाराणसी सुबह 11:25 के स्थान पर दोपहर 12:50 बजे, दिल्ली से वाराणसी एआई 406 करीब दोपहर 1बजे, 6ई 5431मुम्बई से वाराणसी निर्धारित समय की अपेक्षा अपराह्न 4:40 बजे, जी8 349 मुम्बई से वाराणसी अपराह्न 3:45 के स्थान पर साम 5 बजे, आई एक्स 184 शारजाह से उड़ान भरकर 4:05 के बजाय साम 6:20 बजे, जी8 767 अहमदाबाद से वाराणसी अपने निर्धारित समय की अपेक्षा एक घण्टे की देरी से 7:35 बजे हवाई अड्डे पर पहुंचा। अन्य शहरों से विमान देरी से पहुंचने की वजह से वाराणसी हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाले विमान भी अपने निर्धारित समय की अपेक्षा देरी से अन्य शहरों के लिए उड़ान भरे। वही चार विमान निरस्त भी रहे।


रिटेल डायरेक्टरी



## संक्षेप

### प्रो. चम्पा कुमारी को महादेवी वर्मा पुरस्कार



**वाराणसी।** लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान में शुक्रवार को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कला संकाय-बीएचयू के हिन्दी विभाग की वरिष्ठ आचार्य प्रो. चम्पा कुमारी को नामित महादेवी वर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया। उनको यह पुरस्कार उनकी पुस्तक 'भोजपुरी लोकगीतों में स्त्री संसार' के लिए दिया गया। वरिष्ठ कथाकार डॉ. सुधाकर अदीव ने पुरस्कार प्रदान किया। वर्ष 2007 से हिन्दी विभाग में कार्यरत प्रो. चम्पा कुमारी ने अब तक 15 पुस्तकों का लेखन किया है और कई पुरस्कार प्राप्त किया है।

### भरत प्रसन्ना की शहनाई पर सभी झूमे



**वाराणसी।** असि घाट पर चल रहे सुबह-ए-बनारस में शुक्रवार को प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में वैदिक मंत्रोचारण से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सप्त आरती और यज्ञ के उपरांत प्रभाती कार्यक्रम में वाराणसी के वरिष्ठ कलाकार पं भरत प्रसन्ना का शहनाई वादन हुआ। उनके साथ दुक्कड़ पर गिरिधारी लाल तथा तबला पर संगीत कुमार ने संगत की। शहनाई पर सहयोग संगम कुमार तथा माया शंकर का रहा। शहनाई वादन का आरंभ राग अहीर भैरव में विलंवित तीनताल में निबद्ध गत से हुआ। इसके उपरांत मध्य तीनताल में निबद्ध गत बजाकर आनंदित किया। वादन का भावपूर्ण समापन बनारसी कजरी और धुन से हुआ। कलाकार को प्रमाणपत्र सुबह ए बनारस के सदस्य विनय तिवारी ने प्रदान किया। संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया।

### नई पेंशन योजना का शिक्षकों ने किया विरोध



**सारनाथ।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल, (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में नई पेंशन योजना में जबरदस्ती कटौती, मनमाने तरीके से शिक्षकों पर थोपे जाने तथा वित्त नियंत्रक महोदय प्रयागराज के तानाशाह पूर्ण वेतन रोकने के आदेश के विरोध में शुक्रवार को परिषदीय बेसिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्र सारनाथ आशापुर स्थित ब्लाक संसाथन केंद्र चिरईगाव पर भारी संख्या में उपस्थित होकर विशाल धरना दिया। चांदमारी संवाददाता के अनुसार उतरा प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ की ओर से शुक्रवार को हरहुआं विकास खंड के बीआरसी पर शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली एवं एनपीएस के विरोध में धरना दिया। मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया। अध्यक्षता संजय कुमार श्रीवास्तव कार्यकारी अध्यक्ष हरहुआ ने किया। रोहनिया संवाददाता के अनुसार आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के राजातालाब कचनार स्थित बीआरसी पर शुक्रवार को जुनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने एनपीएस खाता खोले जाने को लेकर राजातालाब धरना प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी शशीकांत श्रीवास्तव को अपना चार सूत्रीय मांग पत्र भी दिया। धरना में आनंद कुमार सिंह, प्रतिमा, राजदेव राम, संतोष कुमार, रामायण प्रसाद, श्याम नारायण प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद सिंह आदि शिक्षक शामिल थे।

### रंग विद्यापीठ के संग चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में दीक्षोत्सव के तहत शुक्रवार को ललित कला विभाग में काशी के रंग विद्यापीठ के संग विषय पर चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन मानविकी संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. अनुराग ने कहा कि कला एक भाषा है। भाषा को जीवन में उतारने के लिए बहुत परिश्रम की आवश्यकता होती है। भाषा के माध्यम से ज्ञान, सांस्कृति को परखा जा सकता है। प्रदर्शनी में युवा चित्रकार अजय गुप्ता ने मन चंगा, कठौती में गंगा विषय पर आधारित अपने रंग बरस के माध्यम से हूबहू दशार्ने का प्रयास किया जो सराहनीय है। इसी कड़ी में धीरज कुमार नीरज ने शिव का तांडव नृत्य एवं बिरजू महाराज पर आधारित चित्रों का निर्माण किया है। रितिक यादव ने बुद्ध पूजा, अंकिता वर्मा ने बनारसी घाट, मनीषा यादव ने शिव के सवारी नंदी और काशी के त्यौहारो,घाट शिव आदि को दशार्ने का प्रयास किया है। प्रदर्शनी में 45 चित्र एवं सात मूर्तियों का प्रदर्शन किया गया। जो दिनांक 10 जनवरी तक प्रदर्शन के लिए खुली रहेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी संतोष कुमार शर्मा, डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ. सविता यादव, डॉ. रामराज, डॉ. स्नेहलता कुशवाहा एवं विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### आनंद मेला में स्टालों पर उमड़ी भीड़



**वाराणसी।** सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था बंग दर्शन की ओर से शुक्रवार को सोनारपुरा कूच विहार काली बाड़ी में त्रिदिवसीय आनंद मेले का आगाज हुआ। मेले का उद्घाटन लालबहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की डायरेक्टर अर्यमा सान्याल ने फीता काट कर किया। मेले में कुल 45 स्टॉल लगाये गये हैं जिसमें हस्तकला, बुटिक, बनारसी साड़ी, काश्मीरी शाल, होममेड चॉकलेट, बंगाल की मिठाइयां, खजूर गुड़, केक, ऊनी वस्त्र, फास्ट फूड, बिरयानी आदि व्यंजनों के स्टॉल हैं। मेले में हर स्टालों पर लोगों की भीड़ जमा थी। हर स्टॉलों पर लोगों की खरीदारी भी चल रही थी। लोग विभिन्न स्टॉलों पर सामान खरीदने के साथ ही व्यंजनों का स्वाद भी ले रहे थे। सायंकाल रंगारंग कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने गायन, समूह, नृत्य व समूह गायन से दर्शकों का मन मोह लिया। गायन में कल्याणी सिंह प्रथम, निहाल यादव द्वितीय व शिवम तिवारी तृतीय रहे।

### डॉ सुधीर आईएमए पत्रिका के संपादक



**वाराणसी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए )के राष्ट्रीय सम्मेलन में वाराणसी के डॉ.सुधीर सिंह को आईएमए के मुख्यालय की पत्रिका आपका स्वास्थ्य के लिए मानद संपादक बनाया गया। नाटकोन में राष्ट्रीय आईएमए की टीम में डॉ. सुधीर सिंह को पत्रिका का संपादक नियुक्त किया गया है। प्लॉस्टिक सर्जन डॉ. सुधीर सिंह संपादक के रूप में वर्ष 2024 तक रहेंगे। उन्होंने पत्रिका की प्रगति रिपोर्ट को विस्तारित किया। इसके साथ ही जन जागरूकता के लिए मधुमेह पर पुस्तक का विमोचन निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसएनपी सिंह और पत्रिका के बाकी सदस्यों के माध्यम से किया गया। एनल्स ऑफ सर्जिकल इमर्जेंसीज पर एक अन्य पुस्तक का विमोचन एकेडमी ऑफ मेडिकल स्पेशलिटीज एएमएस-आईएमए द्वारा राष्ट्र संरक्षक केतन देसाई, पूर्व अध्यक्ष एसएनपी सिंह और वर्तमान राष्ट्रीय स्थापित अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल और अन्य सदस्यों के माध्यम से किया गया।



शीतला घाट पर शुक्रवार की शाम जमीन धंसने से मची अफरातफरी

# संपूर्णानंद का 40वां दीक्षांत कल, 31 को मिलेंगे पदक

**आयोजन**

**विश्वविद्यालय के 14702 छात्रों में से 60 को बांटे जाएंगे पदक**

**नामितों में अभिषेक शुक्ल को सर्वाधिक नौ पदकों में आठ स्वर्ण और एक रजत मिलेगा**



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में शनिवार को 40वां दीक्षांत आयोजित होगा। जिसे लेकर शुक्रवार को परिसर के योग साधना केंद्र पर प्रेसवार्ता आयोजित हुई। जिसमें कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि इस बार कुल 14702 छात्र-छात्राओं को उपाधि एवं प्रमाण पत्र दिया जाना है। जिसमें 31 छात्रों को कुल 60 पदक प्रदान किए जाएंगे।

बताया कि आचार्य कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर्ता अभिषेक शुक्ल को सर्वाधिक नौ पदक में आठ स्वर्ण और एक रजत पदक दिया जाएगा। इसके अलावा शाश्वत निर्भय को चार स्वर्ण, शिवशंकर उपाध्याय, शिवम शुक्ला, स्मिता, रामप्रवेश त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र कुमार मिश्र और आराधना पांडेय को तीन-तीन पदक प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राच्य विद्या के सिद्धपीठ के रूप में संपूर्ण विश्व में ख्याति प्राप्त संपूर्णानंद विश्वविद्यालय अपने गौरवशाली परंपराओं को अक्षुण्ण रखते के लिए अहर्निश सेवा पथ पर अग्रसर है। वर्तमान में इस विश्वविद्यालय से संस्कृत संबद्ध हमारे संस्कृत महाविद्यालय उत्तर प्रदेश सहित देश के अनेक राज्य और नई दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, लेह एवं अरूणांचल प्रदेश आदि में संचालित है। बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय का 40वां दीक्षान्त महोत्सव 31 दिसंबर को विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक मुख्य भवन में मनाया जा रहा है, जिसकी कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अध्यक्षता करेंगी। समारोह के मुख्य अतिथि परम सम्माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री शरद अरविंद बोबड़े मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण करेंगे।

### मुम्बई-गोरखपुर में मिला यात्री का शव

**वाराणसी।** मुम्बई से गोरखपुर जा रही ट्रेन संख्या 011081 में शुक्रवार को एक यात्री का शव मिला, यात्री का शिनाख्त नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 011081 के कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर पहुंचते ही ट्रेन के जनरल कोच के यात्रियों ने कंट्रोल को सूचना दी कि एक यात्री मरणासन्न अवस्था में एक सीट पर बैठा है, कंट्रोल से सूचना मिलने पर जीआरपी रेलवे चिकित्सक के साथ ट्रेन में पहुंची चिकित्सक के जांच में यात्री को मृत घोषित कर दिया गया। जीआरपी ने उक्त यात्री के बारे में यात्रा कर रहे लोगों से पूछा लेकिन कोई उसके बारे में बता नहीं पाया,मृत यात्री के पास से कोई टिकट भी नहीं मिला, बहरहाल यात्री की शिनाख्त नहीं हो पायी, जीआरपी ने पंचनामा कर पोस्टमार्टन के लिए शव को भेज दिया।

### दो घंटे का रहा ब्लॉक

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन पर शुक्रवार को दो घंटे का ब्लॉक लिया गया जिससे कई गाड़ियां प्रभावित हुई। यार्ड री मॉडलिंग के चलते स्टेशन पर कई कार्य किए जा रहे हैं शुक्रवार को फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) कार्य के लिए पूर्वाह्न 10:30 से अपराह्न 12 बजे तक का ब्लॉक लिया गया। जिसके चलते कई ट्रेनें प्रभावित हुई। इन दौरान संचालित होने वाली ट्रेनें अपराह्न 12 बजे के बाद संचालित हुई।

## माह की 25 तारीख को रिपोर्टिंग फॉरमेट पर दें फीड

**सीएमओ का निर्देश**

**हेल्थ रैंकिंग में सुधार में निजी चिकत्सालयों की भी भूमिका अहम**



**वाराणसी।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई) इंडिया के सहयोग से शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में निजी चिकित्सालयों के प्रबंधकों और चिकित्सकों के संग समीक्षा बैठक की गई।

सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने समस्त निजी चिकित्सालयों को निर्देशित किया कि वह हर माह की 25 तारीख तक एचएमआईएस पोर्टल पर तय रिपोर्टिंग फारमेट पर फीडिंग करें। इससे जिले की हेल्थ रैंकिंग सुधारने में मदद मिलेगी। साथ ही समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की अपेक्षा की। बैठक में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ एचसी मौर्य ने बताया कि वर्तमान में एचएमआईएस पोर्टल पर 32 निजी चिकित्सालय जुड़े हैं। इसमें से 15 चिकित्सालय ही समय से रिपोर्टिंग कर रहे हैं। शेष को समय से रिपोर्टिंग नहीं होने का कारण नोटिस दिया जाएगा। निजी चिकित्सालयों को प्रसव पूर्व जांच, नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, परिवार कल्याण के निर्धारित बिंदुओं की पोर्टल पर फीडिंग और समय पर रिपोर्टिंग करना आवश्यक है। उन्होंने सभी निजी चिकित्सालयों के संचालकों व प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि डाटा समय से फीड कराएं। जब तक समय से रिपोर्टिंग नहीं होगी तब तक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रगति की जानकारी नहीं मिल पाती है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक निजी चिकित्सालयों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए। इससे उनकी भी रिपोर्ट मिल सके। पीएसआई इंडिया की सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर कृति पाठक ने प्रस्तुतीकरण के जरिये राष्ट्रीय फॅमिली हेल्थ सर्वेक्षण (2019-21) के परिवार कल्याण, संस्थागत प्रसव सहित अन्य आंकड़े प्रस्तुत किए और उसमें सुधार पर जोर दिया। बैठक में जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक आशीष सिंह, पीएसआई इंडिया के अखिलेश एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### लखनऊ-वाराणसी शटल का समयबद्ध संचालन

**वाराणसी।** उत्तर भारत में पड़ती शीत लहर एवं कोहरे के कारण कम दृश्यता के उपरांत भी उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा प्रतिदिन संचालित की जाने वाली गाड़ी संख्या 20401/20402 लखनऊ-वाराणसी-लखनऊ शटल ट्रेन का परिचालन पूर्ण समयबद्धता के साथ किया जा रहा है, जिसके लिए इस गाड़ी से यात्रा करने वाले यात्रियों ने रेल प्रशासन के प्रति अपना कृतज्ञ आभार व्यक्त किया है। लखनऊ मंडल के अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी से लखनऊ जाने वाली शटल के परिचालन को समयबद्धता के लिए कंट्रोल से मॉनीटरिंग की जाती है।

## संक्षेप

### छात्रों को आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण



**वाराणसी।** एनडीआरएफ ने शुक्रवार को अलाजी लाइन स्थित कंपोजिट एवं हाई स्कूल भतसार में छात्रों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा छात्रों को भूकंप में बचाव के तरीके, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, अग्निशमन और आग से बचाव की तकनीक, रस्सी बचाव तकनीक, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, सड़क सुरक्षा आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त कोरोना के नए वेरिएंट से बचने के लिए कोविड प्रोटोकोल का पालन करने संबंधित तरीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कंपोजिट एवं हाई स्कूल की प्रधानाचार्य जया कुमारी ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

### पराड़कर एकादश ने विद्याभास्कर को रौंदा



**वाराणसी।** 'मैन ऑफ द मैच' अनिल कुशवाहा (अजेय 68 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत गत विजेता पराड़कर एकादश ने यहां सिगरा स्टेडियम में खेली जा रही 35वीं कनिष्कदेव गोरावाला स्मृति मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को विद्याभास्कर एकादश को नौ विकेट से पराजित कर आसान जीत दर्ज की। काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के बैनर तले आनंद चंदोला खेल महोत्सव के तहत प्रतियोगिता में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्याभास्कर एकादश ने 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 84 रन बनाए। सुब्रत मुखर्जी ने 23 और सुनील शुक्ला ने 20 रन का अंशदान किया। जवाब में पराड़कर एकादश ने अनिल कुशवाहा (नाबाद 68 रन, 37 गेंद, 14 चौके) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर 8.5 ओवर में एक विकेट पर 88 रन बना लिए। मैच से पहले सिंह मेडिकल एंड सर्जिकल केयर सेंटर के प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही बल्लेबाजी भी की। अंपायरिंग अजय राय व चंद्रप्रकाश तथा स्कोरिंग नंदकिशोर यादव ने की। शनिवार को पूर्वाह्न 10 बजे से लालजी एकादश और गर्दे एकादश के बीच मैच खेला जाएगा।

### हेल्थ सर्विस को बेहतर बनाने की मिली टिप्स



**वाराणसी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिसिरपुर पर आयोजित दो दिवसीय फ्रंटलाइन वर्कर्स के प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन शुक्रवार को किया गया। कार्यशाला में परिवार सेवा संस्था की अर्चना ने परिवार नियोजन के साधन, तौर-तरीके एवं उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। नव दम्पति को भी परिवार नियोजन के अंतराल विधियों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (एचईओ) विनोद सिंह ने प्रसव पूर्व व उपरांत देखभाल की आवश्यकता एवं महत्व को रेखांकित करते हुये कहा कि गर्भवती के प्रथम त्रैमासिक अवधि में पंजीकरण की अत्यंत आवश्यकता है। इसके लिए क्षेत्र की आशा कार्यकताओं को नियमित गृहभ्रमण करने और विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यशाला के समापन में चिकित्सा अधीक्षक डॉ आरबी सिंह ने स्वास्थ्य योजनाओं में गुणवत्ता सुधार लाने के लिए गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला का संचालन स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश त्रिपाठी ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में 32 आशा कार्यकताओं ने प्रतिभाग किया।

## ...ताकि गरीबों की सहज क्षमताओं का हो सदुपयोग

**एनआरएलएम**

**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पांच दिनी प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन**

जनसंदेश न्यूज



परमानंदपुर में स्वरोजगारी महिलाओं के प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र बांटे गये

**वाराणसी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन यानि एनआरएलएम इस बात में विश्वास रखता है कि गरीबों की सहज क्षमताओं का सदुपयोग हो। साथ ही देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में कृषि और पशुपालन का विशेष योगदान रहे। परमानंदपुर स्थित जिला ग्राम्य विकास संस्थान में आयोजित पांच दिनी प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन पर शुक्रवार को स्वरोजगारी महिलाओं को यह संदेश दिया गया।

इस आयोजन में काशी विद्यापीठ, हरहुआ, पिंडरा, बड़ागांव तथा चिरईगांव विकास खंड की चयनित आजीविका सखियों की हिस्सेदारी थी। ट्रेनरों ने कृषि आजीविका का महत्व, फार्म उत्पाद बनाने की विधि, पोषण वाटिका के प्रकार तथा उसे बनाने का तरीका, पशु टीकाकरण व पोषण, कार्यवाही रजिस्टर, ऋण-ब्याज तय करने की ढंग आदि सिखाया गया। कार्यशाला के तहत प्रतिभागियों ने पिंडरा ब्लॉक के घोघली गांव का भ्रमण भी किया।

जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने दिये गये प्रशिक्षण की जानकारी अपने-अपने ग्राम संगठन एवं समूहों संग साझा करने को कहा। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिये गये। कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह, सुरेश तिवारी, प्रदीप केसरवानी, विक्रम सिंह, अंकित कुमार सिंह, मनोज कुमार, गायत्री देवी, लीलावती मौर्य, सुमन भारद्वाज, अमरनाथ द्विवेदी, सुरेश पांडेय आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

## निदेशक से विद्युतकर्मियों का प्रतिनिधिमंडल मिला

**वाराणसी।** विद्युत मजदूर संगठन एवं विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को पूर्वांचल-डिस्कॉम के निदेशक (कार्मिक, प्रबंधन एवं प्रशासन) से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पत्रक देकर शिकायत दर्ज करायी की कि कुछ फर्मे अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए गिरोह बनाकर संगठन के पदाधिकारियों को परेशान करने की नीयत से दुष्प्रचार कर रही है। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान की भी बात की। निदेशक ने इस बाबत जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री राहुल कुमार, पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय, पूर्वांचल अध्यक्ष संजय सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रशांत सिंह गौतम, जिलाध्यक्ष उदय भान दुबे, क्षेत्रीय प्रचार मंत्री तरुण राय आदि शामिल थे।



न्यायालय अपर जिलाधिकारी (भू0/रा0)/
मुख्य राजस्व अधिकारी, बलिया
मु0 नं0-66/2022 धारा-27 (3)
मौजा-बैरिया, परगना-द्वाबा, जिला-बलिया
राजेश्वर पाण्डेय आदि
बनाम
रामायण पाण्डेय आदि
नोटिस बनाम

1. रामायण पाण्डेय, सत्यदेव पाण्डेय, सत्यनारायण पाण्डेय पुत्रगण स्व0 श्याम सुन्दर पाण्डेय,
2. पारस पाण्डेय, इन्द्रजीत पाण्डेय पुत्रगण स्व0 विश्वनाथ पाण्डेय

साकिनान-बैरिया, पोस्ट-बैरिया, तहसील-बैरिया, परगना-द्वाबा, जिला-बलिया

चूंकि बावजूद नोटिस समन के आप मुकदमें में हाजिर नहीं हो रहे हैं, अतः वजरिये गजट प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.01.2023 तक न्यायालय में हाजिर होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा ऐसी स्थिति में मुकदमें की सुनवाई एक पक्षीय की जायेगी। इसे सख्त ताकिद जाने।

मुख्य राजस्व अधिकारी,
बलिया

# बकरी पालन को बनाएं व्यवसाय, मिलेंगे फायदे



बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता

**कार्यशाला**

**बीएचयू के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में हुआ आयोजन**

**वाराणसी।** बीएचयू के बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर स्थित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय में शुक्रवार को आयोजित 'विंध्य क्षेत्र में उन्नत बकरी पालन : एक व्यवसाय' विषयक कार्यशाला में किसानों को बकरी पालन से होने वाले फायदे बताये गये और इसे व्यवसाय के रूप में अपनाने का आह्वान किया गया।

मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक यशवंत सिंह ने बकरी पालन के फायदे एवं बकरी के दूध के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि दक्षिणी परिसर के आचार्य प्रभारी प्रो. विनोद कुमार मिश्रा ने उन्नत बकरी पालन पर जोर देते हुए इसे व्यवसाय के रूप में अपनाने की बात कही। उन्होंने व्यक्तिगत उन्नति और समृद्धि को भारत देश की आत्मनिर्भरता और उन्नति का सूत्रधार बताया। प्रो. शाहिद परवेज ने अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यशाला सचिव डॉ. प्रिय रंजन कुमार ने इसके आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।



## कार्यालय जिला पंचायत, बलिया

पत्रांक-88/विज्ञापन/निर्माण कार्य-ई-टे0/2022-23 दिनांक : 30.12.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालिक ई-प्रोक्यूरमेन्ट सूचना

समस्त जिला पंचायतो के पंजीकृत/रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग में पंजीकृत/रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में अधोलिखित विवरण के अनुसार पंचम राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यों को आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है। ठेकेदार किसी एक अथवा सभी कार्यो हेतु ई-निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | निविदाओं की ऑन-लाईन उपलब्धता | ऑन-लाईन निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | टेक्निकल बिड खोलने की तिथि व स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय जिला पंचायत बलिया के पत्र सं0-87/जि0पं0ब0/2022-23/ दि0 30.12.2022 के कार्यो से सम्बन्धित ई-निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर अपलोडेड कुल 106 अदद कार्यो की निविदा | दिनांक 06.01.2023 अपरान्ह 5.00 बजे से 14.01.2023 तक अपरान्ह 05.:00 बजे तक | दिनांक 14.01.2023 को अपरान्ह 05:00 बजे तक | दिनांक 16.01.2023 अपरान्ह 01.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत बलिया |

http://etender.up.nic.in पर उक्त निविदाओं की विस्तृत जानकारी/शर्ते लॉग-ऑन करके देखी जा सकती है।

(राकेश कुमार राय)
अभियन्ता
जिला पं0 बलिया

(अशोक कुमार सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पं0 बलिया

(आनन्द चौधरी)
अध्यक्ष
जिला पं0 बलिया

# राजनारायण ने रोपा था समाजवाद का पौधा



राजनारायण के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते रोहित कुमार सिंह



समारोह में गरीबों को कंबल वितरित करते युवा चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि

**पुण्यतिथि**

### युवा चेतना ने स्मृति समारोह आयोजित कर लोकबंधु को किया याद

**बलिया।** मालदेपुर मोड़ पर युवा चेतना की तरफ से लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर स्मृति समारोह का आयोजन हुआ। उद्घाटन करते हुए युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने राजनारायण के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया। कहा कि कांग्रेस की हिटलरशाही, भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ राजनारायण ने समाजवाद का पौधा लगाया था।

इस अवसर पर रोहित कुमार सिंह ने कहा कि राजनारायण ने आजीवन वंचित वर्ग के उत्थान के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि दुख होता है जब राजनारायणजी की तरफ से लगाए हुए समाजवादी पौधे को परिवारवादी वृक्ष के रूप में देखता हूं। उन्होंने कहा कि समाजवाद के नाम पर भाई-भतीजावाद हो रहा है, जिसके खिलाफ जनता खड़ी है। इस मौके पर रोहित सिंह ने जरुरतमंद लोगों के बीच राजनारायण को याद करते हुए कंबल वितरित किया। कहा कि शीतलहर के बीच पूरे देश में युवा चेतना का कंबल वितरण अभियान चल रहा है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बेन मोदी के निधन पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रोहित सिंह ने कहा कि भारत माता के वैभव को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे वीर पुत्र को जन्म देने वाली मां हीरा बेन का पूरा देश ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में बैजू राय, मोहन सिंह, अजय ओझा, रमेश बिंद, चमचम तिवारी, शिवपाल यादव, निखिल पांडेय, राहुल यादव, पप्पू यादव, रवि बिंद, राकेश खरवार, सन्नी तिवारी, डॉ. सुनील राय, पंकज सिंह, किशन राय, आशीष चौबे बटर, सत्येंद्र सिंह अप्पू आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### भाजपाइयों ने जीएम को सौंपा ज्ञापन




**बैरिया।** सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन की रेलवे द्वारा उपेक्षा करने पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बकुलहा रेलवे स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक को ज्ञापन देकर मांझी में निर्माणाधीन पुल का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने का आग्रह किया, ताकि रेलवे लाइन के दोहरीकरण का लाभ लोगों को मिल सके। वहीं, सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन को माडल रेलवे स्टेशन बनाने, प्लेटफार्म नम्बर एक के विस्तार, प्लेटफार्म पर कोच डिस्प्ले लगाने, अप पूर्वांचल एक्सप्रेस, डाउन गोंदिया तथा हरिहर नाथ एक्सप्रेस का ठहराव दुबारा स्वीकृत करने की मांग की। इस पर जीएम ने तत्काल कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर विजय बहादुर सिंह, दिलीप गुप्त, मण्डल अध्यक्ष मदन सिंह, रत्नेश सिंह, अश्वनी ओझा, ताड़केश्वर आदि मौजूद रहे।

### नागाजी सविमं में मनायी गई गुरु गोविन्द सिंह की जयंती



**बैरिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर भोजापुर में शुक्रवार को गुरु गोविन्द सिंह की जयन्ती मनायी गयी। इस दौरान बच्चों ने गुरू गोविन्द सिंह पर कई भाषण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र पांडेय ने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह जी ने अन्याय, अत्याचार एवं पापों का खात्मा करने और गरीबों की रक्षा के लिए मुगलों के साथ 14 युद्ध लड़े। उन्होंने धर्म के लिए समस्त परिवार का बलिदान किया। इसके लिए उन्हें सरबंसदानी (पूरे परिवार का दानी) भी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त जनसाधारण में वे कलगीधर, दशमेश, बाजांवाले आदि कई नाम, उपनाम व उपाधियों से भी जाने जाते हैं। उन्होंने सदा प्रेम, सदाचार और भाईचारे का सन्देश दिया। किसी ने गुरुजी का अहित करने की कोशिश भी की तो उन्होंने अपनी सहनशीलता, मधुरता, सौम्यता से उसे परास्त कर दिया। गुरुजी की मान्यता थी कि मनुष्य को किसी से डराना नहीं चाहिए और न किसी को डरना चाहिए। इस अवसर पर मयंक सिंह, निशांत मिश्र आदि मौजूद रहे। संचालन पंकज सिंह ने किया।

### लाल मिर्च की फसल में लगा झुलसा रोग



**बैरिया।** द्वाबा में बड़े पैमाने पर कैश क्राप के रूप मे होने वाली लाल मिर्च की फसल में झुलसा रोग लगने से किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। किसानों को इसके रोकथाम का कोई उपाय नहीं सूझ रहा है। जानकारों से झुलसा रोग रोकने के तरकीब पूछने पर भी कोई खास जानकारी नहीं मिल पा रही है। रसायनों का छिड़काव बेकार साबित हो रहा है। लाल मिर्च की खेती नष्ट होने के कगार पर पहुंच गई है। बाजिदपुर, दलन छपरा, भगवानपुर, सोनबरसा, जमीन बढ़ी, इब्राहिमाबाद, लालगंज के इलाके में बड़े पैमाने पर लाल मिर्च की खेती हुई है। लाल मिर्च अचार बनाने के काम में आता है। यह काफी मंहगा भी बिकता है। यह मिर्च यहां से बंगाल सहित देश के कई प्रांतों में भेजा जाता है। लाल मिर्च की खेती करने वाले किसान बाजिदपुर निवासी अरुण सिंह, रामपुर निवासी मंगरु माली, दलन छपरा निवासी धर्मदेव माली का कहना है कि पिछले वर्ष लाल मिर्च की खेती किसानों के लिए काफी फायदे थी, किंतु इस बार झुलसा रोग लगने के कारण किसान परेशान हैं। वहीं, लाल मिर्च का फसल अब पीला होकर सूखने लगा है। असमय उसका फल लाल होकर गिरने लगा है। जानकारों की माने तो देर से ठंड आने के कारण ऐसा हुआ है। अब हालांकि सर्दी आ गई है। आने वाले दिनों में देखना होगा कि सर्दी से लाल मिर्च के फसल की सेहत कुछ ठीक होती है अथवा नहीं।

### द होराइजन स्कूल में प्री-बोर्ड परीक्षाफल घोषित

**बलिया।** द होराइजन स्कूल गड़वार में शुक्रवार को 10वीं एवं 12वीं का प्री-बोर्ड का परीक्षाफल घोषित किया गया। 10वीं में आलोक रंजन प्रथम, कुमारी अमृता वर्मा द्वितीय एवं मुस्कान तृतीय स्थान पर रही, जबकि 12वीं विज्ञान वर्ग में लोकेन्द्र प्रताप सिंह प्रथम, प्रिंस यादव द्वितीय एवं नीति सिंह तृतीय रहे। वहीं, 12वीं वाणिज्य वर्ग में प्रियांशु प्रथम, अंशु गुप्त द्वितीय एवं ऋचा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्री-बोर्ड परिणाम के लिए आयोजित पीटीएम में अभिभावक अपनों बच्चों का प्रदर्शन जानने के लिए उपस्थित रहे। इस प्री-बोर्ड परीक्षा में सभी सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने अपनी शुभकामनाएं दी। कहा कि जिन छात्र-छात्राओं ने अच्छे नंबर नहीं लाये है, उनको और कड़ी परिश्रम करने की जरूरत है। प्रबंधक मनोज सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को कड़ी परिश्रम एवं अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर केन्द्रित करने को कहा।

### बैरिया एवं रानीगंज बाजार अतिक्रमण का शिकार

**बैरिया।** क्षेत्र के सबसे बड़े बाजार बैरिया एवं रानीगंज अतिक्रमण का शिकार हो गया हैं। दुकानदार प्रत्येक दिन सुबह अपनी दुकान खोलने के साथ ही सड़क की पटरियों तक अपना सामान फैला देते हैं। ऐसे में वाहनों के आने-जाने से प्रतिदिन घंटों जाम लगता हैं। हालांकि स्थानीय प्रशासन के अधिकारी समय-समय पर दुकानदारों को अल्टीमेटम देकर सड़क की पटरियों पर दुकानें फैलाने से मना भी करते है, परंतु दुकानदारों पर इसका कोई असर नहीं हो रहा हैं। गौरतलब हो कि एक दशक पहले तत्कालीन एसडीएम शीतला प्रसाद यादव ने बैरिया एवं रानीगंज बाजार में दुकानदारों की दुकानों के सामने चिन्हांकन कर उसके भीतर रहने के लिये नोटिस दिया था। जो दुकानदार निर्धारित सीमा का अतिक्रमण किये थे, उनके अतिक्रमण को प्रशासन ने बुल्डोजर लगाकर गिरा दिया था। एक दशक बाद एक बार पुनः अधिकांश दुकानदारों ने सड़क की पटरियों पर दोबारा कब्जा जमा लिया हैं। रोज-रोज के जाम से निजात के लिये लोग छटपटा रहे है। लोगों का कहना हैं कि स्थानीय प्रशासन को इसका स्थाई समाधान निकलना चाहिए। जाम के संदर्भ में पूछे जाने पर एसडीएम आत्रेय मिश्र ने बताया कि दुकानदार सड़क की पटरियों पर अपनी दुकानें फैलाने से बाज नहीं आये तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।



# बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक की मौत

**घोर लापरवाही**

### तीन घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** शिवपुर-बसंतपुर मार्ग पर स्थित सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अपयाल के भाभो के पास शुक्रवार को स्कूली बस की टक्कर से घायल ई-रिक्शा चालक की मौत हो गयी। वहीं, तीन लोगों का उपचार चल रहा है। ई-रिक्शा चालक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार शिवपुर-बसंतपुर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह लगभग नौ बजे अपायल के भाभो के पास सड़क किनारे ई-रिक्शा सवारी लेने के लिए खड़ा था, तभी सामने से आ रही बच्चों से भरी स्कूल बस ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद मौके पर चीख पुकार मच गयी। तेज आवाज सुन कर मौके पर आस-पास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने सभी घायलों को एम्बुलेंस बुलाकर नारायनपुर निवासी ई-रिक्शा चालक सुनील राजभर (35) के अलावा मिथुन चौहान, संजय और उपेन्द्र को जिला अस्पताल भेजा। टक्कर के बाद बस छोड़कर चालक भाग गया। पुलिस ने बस में सवार करीब 15 बच्चो को स्कूल भेजा। उधर, जिला अस्पताल में उपचार के दौरान ई-रिक्शा चालक सुनील राजभर की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

### ट्रैक्टर के धक्के से युवक की मौत

**बैरिया।** बकुलहा-संसार टोला तटबंध मार्ग पर नौका टोला इब्राहिमाबाद नौबरार अठगांवा के सामने गुरुवार की देर शाम ट्रैक्टर के धक्के से लाला टोला निवासी सुनील कुमार महतो (40) की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची बैरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी किरण देवी की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक पुतुल यादव पुत्र कृष्ण भगवान यादव निवासी नवका टोला इब्राहिमाबाद के खिलाफ बैरिया थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मृतक सिताब दियारा लाला टोला, थाना रिविलगंज, सारण, बिहार का रहने वाला था। वह अपनी बाइक से घर से टोला शिवन राय जाने के लिए निकला था कि नौका टोला के पास यह दुर्घटना हुई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही में लगी हैं।

### सड़क पर पलटा पिकप, चालक घायल

**बलिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर हुकुमछपरा ढ़ाला के पास शुक्रवार की सुबह छेमी एवं टमाटर लेकर छपरा जा रही पिकअप पिछला टायर फटने के कारण सड़क पर ही पलट गई। इससे पिकप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे आस-पास के लोगों ने घायल चालक को निजी चिकित्सक के पास ले जाकर इलाज कराया। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के साहिबगंज थाना क्षेत्र के साहिबगंज निवासी सिंटू पासवान पिकअप लेकर बलिया जनपद के भरौली मंडी से टमाटर एवं छेमी लादकर बिहार जा रहा था। अभी वह हल्दी थाना क्षेत्र के हुकुमछपरा ढ़ाला के समीप पहुंचा था कि पिकअप के पिछले चक्के का टायर फट गया। इससे असंतुलित होकर पिकअप सड़क पर ही पलट गई। पिकअप पर लदा हजारों रुपये का टमाटर एवं छेमी बीच सड़क पर फैल गया। घटना में चालक सिंटू पासवान (30) गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, पिकअप पलटने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दिया।

### बोर्ड परीक्षा के लिए बनाये गये 168 केन्द्र

**बलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग तैयारियों में जुटा है। बोर्ड ने परीक्षा केन्द्रों की सूची अपलोड कर दी है। पिछली बार के पेपर लीक कांड को देखते हुए इस बार बलिया में सिर्फ 168 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने केन्द्रों को लेकर प्रधानाचार्यों एवं प्रबंधकों को 31 दिसंबर तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर आपत्ति करने का निर्देश दिया है। जिले में कुल 607 विद्यालय है, जिसमें 32 राजकीय, 92 सहायता प्राप्त एवं 483 वित्तविहीन स्कूल शामिल है। बोर्ड ने परीक्षा कराने के लिए 214 केन्द्र बनाकर नौ दिसंबर को अनंतिम सूची जारी कर दिया था, लेकिन जिला परीक्षा समिति ने 30 केन्द्रों को हटाकर 22 नये विद्यालयों को केन्द्र बनाने की अनुशंसा कर दी। इसकी जांच पड़ताल हुई तो 59 स्कूलों को मानकों के विपरीत पाया गया। इसके बाद कुल 168 स्कूल को ही परीक्षा केन्द्र बनाया गया। यह पहली बार है कि जिले में दो सौ से कम परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जबकि परीक्षार्थियों की तादाद पिछले साल से लगभग 36 हजार अधिक है। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए विभाग ने तैयारियां शुरू कर दिया है। डीआईओएस रमेश कुमार सिंह ने बताया कि यूपी बोर्ड की तरफ से गुरुवार को परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी कर दी गई। अगर परीक्षा केन्द्र को लेकर किसी प्रधानाचार्य को कोई शिकायत है तो वह 31 दिसंबर तक बोर्ड के ई-मेल आईडी पर आपत्ति कर सकता है।

# चार शातिर चोर गिरफ्तार छह बाइक व पिस्टल बरामद



**बलिया।** स्थानीय थाना कोतवाली द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। चोरों के कब्जे से पांच बाइक, एक बुलेट एवं एक देशी पिस्टल बरामद किया गया है। पुलिस ने चारों के खिलाफ सुसंगत धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। एसपी राज करन नय्यर के निर्देशन में वांछित गैंगेस्टर अभियुक्तों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के सफल पर्यवेक्षण में पुलिस टीम को सफलता मिली। शुक्रवार को थाना कोतवाली के उप निरीक्षक चन्द्रप्रकाश कश्यप व उप निरीक्षक नागेन्द्र पाण्डेय मय फोर्स की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर चोरी के वाहनों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचने की योजना बना रहे चार अभियुक्तों को राम जानकी मंदिर मकदूमही के पास से धर दबोचा। पूछताछ में चोरों ने अपना नाम सतीश सैनी उर्फ बड़े पुत्र स्व. मुन्ना सैनी निवासी गोठहुली, थाना बांसडीह रोड, राजा गौड़ उर्फ राजकुमार गौड़ पुत्र स्व. रामभजन गौड़ निवासी रतसड़, थाना गड़वार, दीपक तिवारी पुत्र स्व. राजमोहन तिवारी निवासी बहुवारा, थाना सहतवार, योगेश उर्फ मोहन राय पुत्र सुनील राय निवासी देवकली, थाना सुखपुरा बताया। तलाशी के दौरान चोरों के पास से पांच बाइक, एक बुलेट, एक पिस्टल बरामद किया गया।

### जिले के कई स्थानों से कर चुका है चोरी

**बलिया।** अभियुक्त गणों से कड़ाई से पूछने पर बताया कि हम लोगों ने जनपद के कई स्थानों से वाहन चोरी की। कई घटनाओं को अंजाम दिया है तथा चोरी की गाड़ियों पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर आस-पास के जनपदों तथा बिहार प्रांत में बेच देते है। बरामद बाइक व बुलेट गाड़ी हम लोगों ने मिलकर चोरी की है, जिसमें बुलेट गाड़ी को 10 दिसंबर को हरिपुर मिढ्ढी के पास से चोरी किया था। इसे आज हम लोग बेचने की योजना बना रहे थे।

# खट्टी-मिट्ठी यादें देकर गुजर गया साल

**अलविदा 2022**

### जनपदवासियों ने किया कुछ अच्छा तो कुछ बुरा का अनुभव

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** वर्ष 2022 समाप्ति की ओर है और नववर्ष 2023 के स्वागत की तैयारियों में लोग जुट गये है। वर्ष 2022 में बलिया जिले के लोगों ने कुछ अच्छा और कुछ बुरा अनुभव किया। कुछ खट्टी-मीठी यादों के साथ यह वर्ष गुजर भी रहा है। एक तरफ जहां इस वर्ष जिले के लोगों ने बहुत कुछ पाया है, वहीं दूसरी तरफ खोया भी है। लेकिन सब मिलाकर वर्ष 2022 बलिया जिले के लिये खास रहा। हर वर्ष की तरह इस साल भी लोगों ने बाढ़ व कटान की विभिषिका को झेला है। जनपद ने हर क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी है।

### जिले में तीन बार आये मुख्यमंत्री योगी



पूर्व पीएम चंद्रशेखर की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा करते सीएम योगी (फाइल फोटो)

**बलिया।** सीएम योगी को बलिया की मिट्टी की तासीर से खास लगाव है। 19 अगस्त 2022 को बलिया बलिदान दिवस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया था। देश की स्वतंत्रता के 75 सालों में यह पहला अवसर था, जब राज्य का कोई मुख्यमंत्री बलिया बलिदान दिवस समारोह में शामिल हुआ हो। वह करीब एक घंटे तक मौजूद रहे और जिला कारागार से ऐतिहासिक जुलूस को हरी झंडी दिखाई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री का आगमन छह नवंबर 2022 को बलिया में हुआ। उस दिन सीएम योगी ने चंद्रशेखर उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की प्रतिमा का अनावरण किया। कुंवर सिंह डिग्री कालेज में हैलीपैड से उतरने के बाद वह सीधे उद्यान केंद्र पहुंच थे, जहां उन्होंने प्रतिमा का अनावरण किया था। सीएम ने 75 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। इसके साथ ही 11 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन हुआ था।

### अधूरी रह गई चेयरमैन बनने की उम्मीद

**बलिया।** ननि चुनाव वर्ष 2022 में होने की पूरी संभावना थी। इसके मद्देनजर विभिन्न पार्टियों के दावेदार चुनावी माहौल बनाने में पूरी तरह से जुट गये थे, लेकिन चुनाव की तिथि जारी नहीं होने के कारण 2022 में चेयरमैन बनने का सपना अधूरा रह गया। दावेदारों को उम्मीद थी कि 2022 में निकाय चुनाव होगा और इसी वर्ष चेयरमैन की कुर्सी पर आसीन होंगे। लेकिन दावेदारों की उम्मीद 2022 में पूरी नहीं हो सकी। अब 2023 में निकाय चुनाव के तिथि की घोषणा की उम्मीद जतायी जा रही है।

### चतुर्मास यज्ञ के समापन पर आये थे डिप्टी सीएम

**बलिया।** जनेश्वर मिश्रा सेतु के एप्रोच मार्ग के निकट जून 2022 में परम पूज्य संत त्रिदंडी स्वामी महाराज के कृपापात्र शिष्य लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी द्वारा भव्य चतुर्मास यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें दूर-दूर से आये भक्तों ने भाग लिया। चार अक्टूबर को इसके समापन के अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने प्रतिभाग किया। उन्होंने लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के मंच से उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया था।

### लंपी बीमारी के चलते नहीं लगा पशु मेला

**बलिया।** जिले के ऐतिहासिक ददरी मेले में लगने वाला नंदी ग्राम पशु मेला इस वर्ष नहीं लगाया जा सका। क्योंकि भारत में तेजी से फैल रहे लंपी डिजीज बीमारी से बचाव के लिये शासन से यह निर्णय लिया था। लंपी डिजीज बीमारी पशुओं में तेजी से फैल रहा था। ऐतिहासिक ददरी मेला अपनी दो बातों के लिए जाना जाता है। एक नंदी ग्राम पशु मेला और दूसरा मीना बाजार। ददरी मेला में मीना बाजार तो खूब धूमधाम से लगा, लेकिन पशुओं में होने वाले बीमारी के चलते पशु मेला का आयोजन नही हो सका।

### हैबतपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की जनसभा

**बलिया।** 28 फरवरी को बलिया के हैबतपुर में जनसभा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया था। बलिया में तीन मार्च को एमएलसी चुनाव के लिये मतदान होना था। इसी संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बलिया में आगमन हुआ। एमएलसी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने ही विजय हासिल किया। जनसभा में पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला था। पीएम मोदी ने भोजपुरी में भाषण की शुरुआत की। कहा कि बागी बलिया के भईया, बहिन, सभी लोगन के गोड़ लगत बानी। कहा था कि यहां की धरती शौर्य की है।



हैबतपुर में जनसभा को संबोधित करते पीएम मोदी (फाइल फोटो)

### विस चुनाव में आये थे पूर्व सीएम अखिलेश



कार्यक्रम स्थल की ओर जाते पूर्व सीएम अखिलेश यादव (फाइल फोटो)

**बलिया।** एक मार्च को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव का बलिया आगमन हुआ। इस दौरान पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बलिया के बांसडीह विधानसभा क्षेत्र में जनसभा की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। पूर्व सीएम ने अपने भाषण में केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला था।

### बलिया को मिली कैंसर अस्पताल की सौगात



कैंसर अस्पताल का उद्घाटन करते एमएलसी, सांसद व डीएम (फाइल फोटो)

**बलिया।** तीन दशक बाद इब्राहिमपट्टी में बने जननायक चंद्रशेखर अस्पताल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट का शुभारंभ डीएम सौम्या अग्रवाल, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर और एमएलसी रविशंकर सिंह ने किया था। एक नवंबर को पूर्व पीएम चंद्रशेखर के पैतृक गांव इब्राहिमपट्टी में निर्मित 150 बेड वाले विशाल अस्पताल को कैंसर अस्पताल के रूप में तब्दील कर दिया गया और उसका विधिवत उद्घाटन भी किया गया।

### बलिया को मिला पहला जेटी



जेटी का लोकार्पण करते सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त (फाइल फोटो)

**बलिया।** 12 नवंबर को बलिया के उजियार घाट सरयां गंगा तट पर पहला जेट्टी लगाया गया। इसका लोकार्पण सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने किया। जल परिवहन में आने-जाने वाले मालवाहक जहाजों व क्रूज को जेट्टी पर रोका जा सकेगा। ऐसे में जल परिवहन को लेकर जिले के लोगों में उत्सुकता है। जिले में मालवाहक जहाजों व वातानुकूलित क्रूज को ठहरने के लिए चार जगह सामुदायिक जेट्टी लगाने की प्रक्रिया प्रस्तावित है। इसमें सबसे पहली जेट्टी सरयां में लगा दी गई, जबकि गोविन्दपुर, भरौली में जल परिवहन की निगरानी के लिए आरआईएस स्टेशन तैयार हो चुका है।

### जेपी जयंती पर आये थे गृहमंत्री



जनसभा को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह (फाइल फोटो)

**बलिया।** 11 अक्टूबर 2022 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोकनायक जेपी नारायण की जयंती पर सारण जिले के जयप्रकाश नारायण के पैतृक गांव सिताब दियारा पहुंचे थे। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 15 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया था। इस दौरान गृहमंत्री ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर प्रहार किया था।

# हमेशा पीड़ितों के लिए संघर्ष करते रहे शंभूनाथ

**बोले पांडेय गोविन्द**

### पीड़ितों के लिए संघर्ष करना समाजवादियों की पहचान

### पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर की गई श्रद्धांजलि सभा



पूर्व विधायक व अधिवक्ता शंभूनाथ चौधरी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग

**बलिया।** पीड़ितों के लिए संघर्ष करना ही समाजवादियों की पहचान है। जो संघर्ष की राह चुनता है, वही समाज में स्थापित होता है। शम्भू नाथ चौधरी ने हमेशा पीड़ितों के लिए संघर्ष की राह चुना था। चाहें वह किसी भी जाति व दल का व्यक्ति क्यों न हो।

उक्त बातें पूर्व विधायक एवं अधिवक्ता शंभूनाथ चौधरी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अधिवक्ता भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता तथा समाजवादी विचारक पांडेय गोविन्द ने व्यक्त किया। उन्होंने वर्तमान राजनीति पर चर्चा करते हुए कहा कि निजीकरण समाजवादी व्यवस्था में बाधक है। लोकतंत्र के खम्भे एक-एक कर हिल रहे है। इसे ढहने से रोकना होगा। इसके लिए बुद्धिजीवी समाज को आगे आना होगा। कहा कि देश में सप्त क्रान्ति की जरूरत है। सप्त क्रान्ति से बनने वाला समाज से ही रंग भेद, जाति भेद, नस्ल भेद समाज की स्थापना होगा। जेपी विचार मंच के संयोजक द्विजेन्द्र मिश्र ने कहा कि लोकतंत्र मजबूत हो, यही समाजवादियों का सन्देश है।

समाजवादी राजनीति ही देश में नया सबेरा लायेगी। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि शम्भू नाथ चौधरी संघर्ष एवं निर्भीकता की प्रतिमूर्ति के साथ ही लोहियावादी विचारधारा के ध्वजवाहक थे। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद एडवोकेट, राजन कन्नौजिया, रामेश्वर पासवान, रवीन्द्र यादव, सुरज समदर्शी, सुभाष यादव, बृजेश राम, दिनेश यादव, डा. वीरेन्द्र यादव, गनेश यादव, शिवकुमार राम, रामप्रवेश प्रजापति, रामप्रवेश शर्मा, राजेश गोंड, रमेश बिन्द, तेज नारायण, विश्वनाथ चौधरी, पीएन तिवारी, साथी रामजी गुप्ता, रामेश्वर सिंह यादव आदि मौजूद रहे। सभी का आभार माले नेता लक्ष्मण यादव ने व्यक्त किया।

# गोंड समाज ने तहसीलदार के खिलाफ की नारेबाजी



**बेल्थरा रोड।** अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा द्वारा गोंड़ जाति का जाति प्रमाण पत्र बनवाने में लेखपाल द्वारा आख्या खारिज करने पर पूर्व में तहसीलदार को दिए गए शिकायती पत्र पर तहसीलदार द्वारा शुक्रवार को बुलाये जाने पर तहसील में पहुंचे गोंड जाति के लोगों को देख तहसीलदार ओमप्रकाश पाण्डेय ने अपने आवास में बाहर से ताला लगवाकर कैद हो गए। जिसके बाद अखिल भारतवर्षीय महासभा के लोगों ने उनके आवास पर जमकर तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी किया।

जानकारी के अनुसार गोंड समाज के लोग अनुसूचित जाति का जाति प्रमाणपत्र बनवाने के लिए सम्बंधित लेखपाल द्वारा बिना आधार के जाति प्रमाणपत्र का पत्रक खारिज कर देने पर बीते 26 दिसम्बर को तहसीलदार को शिकायती पत्र दिया।

जिस पर तहसीलदार द्वारा 30 दिसम्बर को 2 बजे वार्ता करने के लिए बुलाया गया। शुक्रवार को दर्जनों की संख्या में अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा के लोग गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में पहुंचे इसके बाद तहसीलदार ने अपने आवास में जाकर एक व्यक्ति से बाहर से ताला लगवा दिए। इसके बाद गोंड समाज के लोगों ने जमकर तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दिया।

कुछ देर बाद तहसीलदार ने फोन करके ताला खुलवाया और दो लोगों को बुलाकर आवास में वार्ता किया और पुनः अगली बैठक की तारीख 3 जनवरी को मुकर्र किया। इसके बाद गोंड समाज के लोग घर चले गए। इस मौके पर अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा के अध्यक्ष श्रीकांत गोंड, मृदंगी गोंड, बृजेश, मुलायम, चन्द्रशेखर, शशिभूषण, गुलाब, चन्द्रशीला, सियाराम गोंड, अमरजीत, राजेश गोंड आदि मौजूद रहे।

## गोंगपा का जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना

**बलिया।** निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीट आरक्षित करने की मांग को लेकर मॉडल तहसील के समीप चल रहा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। सुरेश शाह ने कहा कि आठ दिसंबर से ही अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ है। बावजूद इसके प्रदेश की भाजपा सरकार की तरफ से अनुसूचित जनजातियों को नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषद चुनाव में आरक्षण देने के सवाल पर कोई बयान न आना, इस बात का द्योतक है कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनजातियों को निकाय चुनाव में आरक्षण देने के प्रति असंवेदनशील है। इस अवसर पर सुमेर गोंड, दादा अलगू गोंड, संजय गोंड, गोपाल खरवार, मनोज शाह, अरविंद गोंडवाना, दुर्गविजय खरवार, रामसेवक खरवार, शिवशंकर खरवार, ओमप्रकाश गोंड, हीरा लाल गोंड, ओमप्रकाश, रामसेवक खरवार, राजबिहारी साहनी, रामनरायन गोंड, रामचन्द्र गोंड, विक्की गोंड, महेन्द्र गोंड, राजेश गोंड, रोहित कुमार, अमित कुमार गोंड, कृष्ण बिहारी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक संजय को दिया जाएगा राष्ट्र रत्न अवार्ड

**पुरस्कार**

### कुरुक्षेत्र में एक से तीन जनवरी तक होगी शिक्षकों की कार्यशाला

**बलिया।** कुरुक्षेत्र में एक से तीन जनवरी तक शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित है। इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, तेलंगाना, केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, गुजरात व महाराष्ट्र के अलावा अन्य प्रदेशों से लगभग 130 शिक्षक भाग लेंगे। कार्यशाला का शुभारंभ अमेरिका से ओम वर्मा आनलाइन करेंगे। मुख्य अतिथि अफ्रीका से सोदान सिंह तरार रहेंगे, जो शिक्षकों को राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे उप मुख्यमंत्री के मुख्य मीडिया कोआर्डिनेटर दीपकमल सहारण, एडवोकेट पवन मलिक, पवन शर्मा पहलवान, ओमपाल, दया सिंह स्वामी, देवीलाल बारना, राजपाल पांचाल, राकेश, सुखदेव आदि शामिल होंगे।

नवोदय क्रांति परिवार भारत के संस्थापक संदीप ढिल्लो ने बताया कि एक जनवरी से तीन जनवरी तक इस कार्यशाला का आयोजन राजकीय माडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल थानेसर में होगा। प्रतिभागियों के रहने की व्यवस्था गुर्जर धर्मशाला में की गई हैं। वहीं, चीफ स्टेट मोटिवेटर उमेश कुमार ने बताया कि कार्यशाला में शिक्षकों को वैदिक गणित, सुंदर लेखन, शून्य खर्च गतिविधि, हिंदी भाषा शिक्षण, डिजिटल कंटेंट सहित अन्य विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा नई शिक्षा नीति पर चर्चा होगी। कार्यक्रम के अंतिम दिन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के विकास खण्ड नगरा में अकादमिक रिसोर्स पर्सन पद पर कार्यरत संजय कुमार यादव को राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में वैदिक गणित ट्रेनर डॉ. योगेश चांदना दर्शन लाल बवेजा, सुंदर लेखन ओमप्रकाश सिवाच, शिक्षाविद डॉ. अजय बल्हारा, गौतम, संजय सहित अन्य विशेषज्ञ शिक्षकों का ज्ञानवर्धन करेंगे। इसके अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मुख्य रूप से इस कार्यशाला में पहुंचेंगे। यह कार्यशाला नवोदय क्रांति परिवार के बैनर तले आयोजित की जा रही है। नवोदय क्रांति परिवार इससे पहले कई राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित कर चुका है।

## संक्षेप

### ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल पहुंच रहे बच्चे



**बैरिया।** ठंड का असर विद्यालय संचालन पर नही है। इससे बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल जा रहे है। कड़ाके की ठंड एवं कोहरे में भी निजी विद्यालयों का संचालन होने से विद्यालयों में पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष करके नन्हे-मुन्ने बच्चों को घोर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय प्रबंधन है कि मौसम की बेरुखी देखने के बावजूद भी विद्यालयों को बंद नहीं कर रहा है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों परिषदीय विद्यालयों में शीतकालीन छुट्टी हो गई है, किंतु निजी विद्यालय संचालित हो रहे हैं। कुछ विद्यालय तो इस कड़ाके की ठंड में प्रातः बेला में संचालित हो रहे हैं। अभिभावक न चाहते हुए भी बच्चों को विद्यालय भेजने को मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों की तबीयत खराब होती तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? इससे विद्यालय संचालक अपने को नहीं जोड़ रहे हैं। अपनी फीस वसूली के उद्देश्य से निजी विद्यालयों को संचालित किया जा रहा है। उक्त आरोप लगाते हुए दर्जनों अभिभावकों ने बताया कि कड़ाके की ठंड में कोहरा के कारण समीप का ही रास्ता नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसे में स्कूली छात्रों से भरी बस एवं अन्य वाहन फराटे भरते हुए चल रही हैं। इससे बच्चों की जान जोखिम में है। गौरतलब है कि सुखपुरा में शुक्रवार को ई-रिक्शा और स्कूली बस की टक्कर में कई लोग घायल हो गए और ई-रिक्शा चालक की मौके पर मौत हो गई है। अभिभावकों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि मौसम ठीक होने तक निजी विद्यालयों को भी बंद करने का फरमान जारी करें, ताकि बच्चे सुरक्षित अपने घरों में रह सके।

### भाजपा नेता के चाचा के निधन पर शोक



**सहतवार।** स्थानीय नगर पंचायत के भाजपा नेता अजय सिंह के चाचा रामबहादुर सिंह (75) का गुरुवार की देर सायं उनके निजी आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके दो पुत्र तथा तीन पुत्रियां है। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे कस्बा में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका अंतिम संस्कार गंगा घाट पचरुखिया के समीप गंगापुर में किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र दीपक सिंह ने दिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शांत स्वरूप सिंह, धर्मनाथ सिंह, हीरालाल बर्मा, अरुण जी, सूर्यकांत सिंह टप्पू, रंजन सिंह, सुनील शाह, पंकज पाठक, सुशांत सोनी, संजय पांडे बबलू, दिलीप गुप्ता, झमन कन्नौजिया, विनय कुमार गुप्ता, नायाब वर्मा आदि मौजूद रहे।

### 430 लोगों में गर्म कपड़े, शाल का हुआ वितरण



**बलिया।** लायंस क्लब बलिया के द्वारा नेकी के शिविर में लगभग 430 लोगों को गर्म कपड़े, साल इत्यादी का वितरण किया गया, जिसमें विशेष सहयोग रीजन चेयरपर्सन विजय बहादुर गुप्ता, जोन चेयरपर्सन लायन इंजीनियर अशोक कुमार जायसवाल, अध्यक्ष इंजीनियर लायन ओपी सिंह, सचिव लायन गुलाम अली, लायन विवेक राजे, लायन विधि जयसवाल, लायन नीलम गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

### सुख-दुख के रूप में मिलता है कर्मों का फल : त्रिदंडी

**बलिया।** गड़हांचल के बघौना में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारम्भ गंगा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने किया। उन्होंने कहा कि मनुष्यों को वही करना चाहिए, जो वेदों, शास्त्रों और संतों ने कहा है। त्रिदंडी स्वामी बघौना में साल के अंतिम सप्ताह में आते हैं। इस बार भी वे पहुंचे हैं। गांव के बाहर विशाल मैदान में लगे पंडाल में उनकी कथा चार जनवरी तक चलेगी। पहले दिन का प्रवचन प्रारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किए हुए कर्मों का फल ही सुख और दुख के रूप में प्राप्त होता है। जैसे हम दुख नहीं चाहते, तब भी वो हमारा पीछा नही छोड़ता। ठीक उसी प्रकार से हम नहीं कामना करेंगे तो भी हमारा सुख, हमारा आनंद हमारे साथ ही रहेगा। हमें अपने कर्मों को अच्छे से करना चाहिए। जो वेद और शास्त्र कहता है व संत कहते हैं, उन कार्यों को करना चाहिए। कहा कि जो भी भोग आज हम भोग रहे हैं, उसमें अगले जन्म का किया धरा है। कोई कहता है कि हम इतना पूजा पाठ करते है, तब भी कष्ट होता है। जैसे कोई अंधा या लंगड़ा है। जो भी है ये सब पूर्व का प्रारब्ध है। जिसने पूर्व जन्म में अपने मां की हत्या किया हो, वही अंधा होता है। जिसने जंगल में विचरण करने वाले हिरन की हत्या किया हो, वही लगड़े हो के आते हैं। इसीलिए जीवन में कोई गलत कार्य न करें।

### बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। श्री सिंह ने कहा के हम नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हैं साथ ही यह आश्वस्त करते हैं कि जब भी बूढ़नपुर के अधिवक्ताओं को जहां भी जरूरत होगी उनके हितों को ध्यान में रखते हुए सहयोग करेंगे। अध्यक्ष रामनिवास सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने कहा कि मैं अधिवक्ताओं के हित की लड़ाई लड़ने साथ ही सम्मान दिलाने का काम करूंगा। नवनिर्वाचित मंत्री उपेंद्र पाठक द्वारा सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि हम बार और बेंच के बीच के संबंध को मधुर करने का काम करेंगे। पूर्व अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, पूर्व मंत्री सूर्य प्रकाश यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जगत नारायण तिवारी, प्रवीण कुमार सिंह, योगेंद्र यादव, आजाद सिंह, अनिल गौड़, उदय राज यादव, अनिल सिंह, विजय प्रताप सिंह, कपिल देव त्यागी, अमित, ईश्वर प्रताप सिंह, राम मूरत, डब्ल्यू चैबे, शीतला प्रसाद, जगत नारायण तिवारी, जय प्रकाश पांडे, सुभाष पांडे, दिनेश सिंह, रविंदर, आद्या प्रसाद यादव, रमेश निषाद, कालीचरण, रामहित शर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### निपुण भारत मिशन के तहत हुई कार्यशाला

**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खण्ड के ब्लॉक संसाधन केंद्र पटवध के प्रांगण में शुक्रवार को निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे आँगन हमारे बच्चे विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बाल वाटिका, प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी के कार्यों एवं दायित्वों पर प्रकाश डाला। नयी शिक्षा नीति के तहत आंगनबाड़ी एवं कक्षा एक व दो एक साथ पढेंगे। कार्यक्रम को सीडीपीओ मनोज सिंह, एसआरजी रामबदन यादव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य 3 साल से 8 साल के बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उनमें जागरूकता लाना और विभिन्न गतिविधियों तथा खेल के माध्यम से अपने वातावरण के बारे में जानकारी देना तथा बच्चों को प्री प्राइमरी एजुकेशन की निपुणता तथा भय मुक्त वातावरण बनाकर विद्यालय की तरफ आकर्षित करना प्रमुख लक्ष्य रहा। इस अवसर पर महेंद्र पुरी, आशुतोष मिश्र, दिनेश कन्नौजिया, पंकज राय, हरिलाल आदि उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी की माता के निधन पर शोक



बांसडीह में शोक सभा करते व्यापारी



स्कूल में शोक सभा करते शिक्षक-शिक्षिकाएं

**जनसंदेश न्यूज**

**गमगीन**

### जगह-जगह शोक सभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि

**बांसडीह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। सभी इस दुखद घटना से मर्माहत दिखे। विभिन्न राजनीतिक दलों ने इस घटना पर शोक जताया। बड़ी बाजार में व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय कुमार गुल्लर ने व्यापारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण कर नमन किया।

पूर्व चेयरमैन धीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में लोगों ने शोक प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। भाजपा नेत्री पूनम गुप्ता, राकेश मिश्रा समाजसेवी, कांग्रेस के राघवेंद्र प्रताप सिंह, अभिजीत तिवारी, दिग्विजय सिंह छोटू, व्यापारी नेता अभिषेक मिश्र मिंटू, पूर्व चेयरमेन संजय कुमार सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुशील कुमार सिंह ने शोक प्रकट किया।

वहीं, द्वारिका प्रसाद सिन्हा महिला महाविद्यालय, अंकुर पब्लिक स्कूल, जीनियस एकेडमी, यूनिक मांटेसरी स्कूल, कारमेल मिशन स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न संस्थाओं ने शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। नगर के कोटेदार संघ के अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में रमेश राम, संजय राम, अनवारूल हक, पप्पू गुप्ता, राजेश गुप्ता, विजय श्रीवास्तव ने अपनी-अपनी सस्ते गल्ले की दुकानों पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक प्रकट किया। इधर, भाजपा बांसडीह मण्डल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा की अध्यक्षता में बड़ी बाजार स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष शोक बैठक आयोजित कर गतात्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। इस मौके पर मुनजी गोड़, राजेन्द्र सिंह, सिंपी सिंह, दुर्गेश मिश्रा, अखिलेश तिवारी, गोविंदा गुप्ता, अमित यादव, आदित्य गुप्ता, मुहम्मद मोबिन आदि मौजूद रहे।

### पीएम की मां के निधन पर शोक

**बलिया।** रामपुर उदयभान स्थित एसएन पब्लिक स्कूल ने पीएम मोदी की मां के निधन पर शोक जताया है। मौके पर प्रबंधक इंजीनियर आर्यन ने कहा कि हीरा बा के निधन से हम सबको गहरी वेदना हुई है। एक मां का निधन किसी भी व्यक्ति के जीवन में ऐसी शून्यता है, जिसकी भरपाई करना असंभव है। कहा कि एक पुत्र के लिए मां पूरी दुनिया होती है। मां का निधन पुत्र के लिए असहनीय और अपूरणीय क्षति होती है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की।

### पीएम की माता के चित्र पर अर्पित किया पुष्प



**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के जनसंपर्क कार्यालय नारायणी टाकीज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री की माता के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही प्रभु से विनती किया गया कि दिवंगत आत्मा को श्रीहरि चरणों मे स्थान दें। मौके पर राजेश गुप्ता, अवनीश, संतोष, कृष्णा, संत कुमार, पंकज सिंह, योगेश, टूना सिंह, नितेश, अमरीश, विनीत सिंह, संध्या पाण्डेय, अनिल सिंह, रिसवंत सिंह, मनीष वर्मा, रवींद्र पहलवान आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### एंटी रोमियो टीम ने स्कूलों व चौराहों पर छात्राओं महिलाओं को किया जागरूक



**कोपागंज, मऊ।** कोपागंज नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के लिए चलाए जा रहे अभियान में शुक्रवार को एंटी रोमियो टीम ने कोपागंज कस्बे के विभिन्न थानों, स्कूल-कालेजों व कोचिंग सेंटरों में छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। नारी सम्मान की दिशा में चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी गई। वहीं, हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। एसपी अविनाश पाण्डेय के निर्देशन पर कोपागंज थाना अध्यक्ष अमित मिश्रा के देख रेख मे सब इंस्पेक्टर लाल बचन राय, कांस्टेबल मनदीप कुमार, प्रदीप यादव, महिला कांस्टेबल राधा सरोज, सौम्या सिंह कोपागंज ने कस्बे के मुख्य बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, स्कूलों व कोचिंग सेंटरों में एंटी रोमियो टीमों ने छात्राओं को जागरूक किया। महिला उत्पीड़न रोकथाम व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 1076 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में हेल्पलाइन नंबरों पर फोन करके पुलिस से मदद ली जा सकती है। इस दौरान टीम ने स्कूलों और चैराहों के आसपास घूम रहे युवकों को रोक कर पूछताछ की। हिदायत देकर उनके नाम और पते नोट करके चेतावनी दी।

### लूट के मामले का खुलासा, वादी सहित दो गिरफ्तार

**मऊ।** शुक्रवार को एसओजी/स्वाट टीम व थाना मुहम्मदाबाद पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर राजगद्दी मैदान के पास से 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए एएसपी टीएन त्रिपाठी ने बताया कि वादी गोपाल सिंह पुत्र विजयेन्द्र निवासी पिठाईच थाना बासडीह जनपद बलिया को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की गई तो बताया कि मैने ही अपने साथी के साथ मिलकर योजना बनाकर फाइनेन्स के वसूले गये रुपयों की लूट करायी। आज उसी पैसे के बटवारे के लिए मैने अपने दोस्त को पैसे के साथ बुलवाया है जो इदारतगंज मोड़ पर आने वाला है, जिस पर इदारतगंज मोड़ पर ही अगल बगल लुक छिप कर खड़े हो गये मौके पर वादी गोपाल सिंह व का0 रोहित यादव इदारतगंज मोड़ पर ही खडे थे कि कुछ देर बाद एक व्यक्ति मऊ की तरफ से सफेद रंग की आर 15 से इदारतगंज मोड़ पर आकर वादी गोपाल सिंह से बातचीत करने लगा इसी दौरान उस व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया गया, पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए हुए जामा तलाशी लिया गया तो पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम आशीष कुमार मिश्रा पुत्र बीरेन्द्र मिश्रा निवासी सोनवाली निवासी हल्दी जनपद बलिया उम्र करीब 21 वर्ष बताया तथा जामा तलाशी लिया गया तो सफेद पन्नी में लपेटा हुआ पैसा व एक अदद सफेद रंग की वीवो की मोबाइल मिली। गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम में अमित मिश्रा थानाध्यक्ष कोपागंज, प्रभारी स्वाट टीम, एसओजी मऊ, अविनाश धर, विराट पटेल, राजेश यादव, संजय सिंह व विशाल सिंह मय वाहन चालक नागेन्द्र सिंह, विवेक सिंह सर्विलांस प्रभारी, बृजेश सिंह व शशिकान्त मणि त्रिपाठी सर्विलांस सेल, निरीक्षक शैलेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना मुहम्मदाबाद, उ.नि. पंकज यादव, उ.नि. विनोद कुमार, रोहित यादव, संदीप यादव, मो. बेलाल, अखिलेश सिंह, कल्पनाथ यादव थाना मुहम्मदाबाद षामिल रहे।

### पीएम मोदी की मां के निधन पर भाजपाजनों में शोक



**दोहरीघाट, मऊ।** 30 दिसम्बर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 100 वर्षीय माता हीरा बेन मोदी के निधन पर भाजपा कार्यकताओं ने कस्बा स्थित पार्टी कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट मौन रहकर शोक मनाया।उक्त अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राय संजय चैहान पप्पू गुप्ता सुबाष मौर्य सोनू राय महाबीर प्रजापति सूर्यभान चैहान दुर्ग विजय राय सतेंद्र मौर्य अमित शर्मा आदि लोग रहे।

# नीली बत्ती एवं हूटर लगे प्राइवेट वाहनों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई : डीएम

**सख्ती**

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिया आदेश



**मऊ।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान एआरटीओ कहकसा खातून ने बताया कि गत माह हेलमेट में 511, सीट बेल्ट में 169 लोगों का चालान होने के अलावा 117 ड्राइविंग लाइसेंस का निलंबन भी किया गया।

उन्होंने बताया कि पंजीकृत 588 स्कूली वाहनों मे से 122 स्कूली वाहन फिटनेस में फेल पाए गए, जिन्हें नोटिस प्रेषित करने के साथ ही रजिस्ट्रेशन निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा 35 स्कूली वाहनों का चालान भी किया गया है। ओवरलोड में 61 वाहनों को का चालान किया गया तथा 33 वाहनों को निरुद्ध किया गया।हूटर एवं प्रेशर हॉर्न वाले 18 वाहनों का भी चालान माह नवंबर में किया गया।

ई-रिक्शा के खिलाफ चलाए गए अभियान में पिछले माह कुल 22 ई रिक्शा का चालान किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्रकार के चालानो की संख्या बहुत ही कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए टीमों की सक्रियता बढ़ाने के साथ ही चालानो की संख्या भी बढ़ाने के निर्देश एआरटीओ को दिए। उन्होंने जनपद के सभी प्रवेश करने एवं बाहर आने जाने वाले केंद्रों पर कर्मचारियों की तैनाती कर 1 माह तक लगातार सर्वे करने के निर्देश दिए, जिससे अन्य प्रदेशों के पंजीकृत वाहनों के साथ ही साथ प्रतिदिन जनपद में आने वाले वाहनों की संख्या पर नजर रखी जा सके। साथ ही बिना परमिट के घूमने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा सके। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को फिटनेस फेल गाड़ियों की सूची तथा उनके खिलाफ अब तक की गई कार्रवाईयों की रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को ओवरलोडिंग वाले वाहनों का पूरा विवरण ए.आरटीओ से लेकर उनके खिलाफ की गई कार्रवाईयों का पूरा ब्यौरा भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग यातायात प्रभारी एवं पुलिस विभाग को जांच टीमों की संख्या बढ़ाने के साथ ही अधिक सक्रियता दिखाते हुए अवैध वाहनों एवं चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, एआरटीओ कहकसा खातून एवं रमेश श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी जितेंद्र कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## बिल्डिंग मैटेरियल्स की दुकान में जानलेवा हमला करने में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोपागंज, मऊ।** कोपागंज स्थित पेट्रोल पंप के पास बिलि्डग मैटेरियल संचालक और उसके भाई पर धंधे को लेकर हुए जानलेवा हमले में शामिल दो नामजद और एक अज्ञात आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को सुबह काछी कला तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त कहीं भागने के फिराक में थे इसी दौरान तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

घटना के सम्बन्ध में पांच दिन पूर्व टडियाव निवासी आशुतोष सिंह ने स्थानीय पेट्रोल पंप पर के पास अपनी बिलि्डग मैटेरियल की दुकान पर बनिया पार निवासी हिमांशु यादव और टडियाव निवासी संजीत यादव निवासी भेलाबाध समेत करीब दस अज्ञात युवकों पर धंधे को लेकर लाठि डंडे और वहां पर रखे लोहे के बेलचा से चचेरे भाई रामबचन सिंह और आषिष सिंह को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल करने और असलहा लहराते हुए दुकान से नगदी लूटने के आरोप में दिए गए तहरीर के बाद पुलिस ने पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पीड़ित परिवार और और दर्जनों ग्रामीणों ने 2 दिन पूर्व थाने का घेराव कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए के लिए पुलिस प्रशासन से मांग किया था। जिसके बाद सक्रिय हुई पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिरों का जाा फैलाया था। इसी बीच शुक्रवार को घटना में शामिल नामजद अभियुक्त हिमांशु यादव उर्फ करीमन, संजीत यादव उर्फ बबलू समेत एक अन्य अमीत यादव निवासी लुदही को मुखबीर के जरिए काछी कला तिराहे पर भागने के फिराक में वहां खड़े होने की सूचना मिली। जिसके बाद थाने के उप निरीक्षक राजनारायण सहयोगी पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंच गए और तीनों अभियुक्तों गिरफ्तार कर लिया।

# फायरिंग के मामले का खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**युवक हुआ था घायल**

### एक पिस्टल सहित दो अवैध तमंचा व कारतूस बरामद



**मऊ।** थाना सरायलखंसी पुलिस को उस समय अहम सफलता लगी जब देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बढुआ गोदाम पावर हाउस के पास से मोटरसाईकिल सवार दो व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो मुड़कर भागना चाहे जिस प मौजूद पुलिस बल द्वारा उक्त दोनों को पकड़ लिया गया।

प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए एएसपी टीएन त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्तो ने पूछताछ के दौरान उक्त द्वारा अपना नाम पता रामअशीष उर्फ पिंकेश पुत्र स्व. रामनाथ यादव निवासी सुल्तानपुर थाना सरायलखंसी मऊ व अजय कुमार बिन्द पुत्र मोहन बिन्द निवासी धरवां थाना नंदगंज जनपद गाजीपुर बताया गया। जामा तलाशी के दौरान उक्त के कब्जे से क्रमशः एक अदद पिस्टल व एक खोखा कारतूस 32 बोर व एक तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस 12 बोर एवं एक नाजायज चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया। कड़ाई से पूछताछ के दौरान उक्त द्वारा बताया गया कि गुरूवार को सुबह 9 बजे के करीब मै अपने इसी पिस्टल की साफ सफाई कर रहा था कमरे में अजय भी मौजूद होकर अपना तमंचा दिखा रहा था मजाक मजाक मे मै खड़ा होकर साहिल को पिस्टल अपनी दिखाने लगा तभी लापरवाही वश पिस्टल का ट्रेगर दब गया और गोली साहिल के बाये गाल के मांस को छिलती हुई वाये कन्धे मे घुस गयी खून निकलने लगा हम सभी लोग घबड़ा गये और तत्काल साहिल को मै तथा अजय अपनी इसी मो.सा. पर बैठा कर पहले प्राइवेट अस्पताल मे इलाज का प्रयास किया फिर उसे सदर अस्पताल ले गये जहां डाक्टर साहब ने इलाज के बाद उसे ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिये रेफर कर दिया फिर हम लोग उसे लेकर वाराणसी चले गये वाराणसी मे उसके परिवार वाले आ गये थे उसका इलाज चल रहा है वह ठीक है आज हम लोग अपने अपने असलहे को छिपाने तथा उसे देखने वाराणसी जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### फायरिंग मामले में आरोपी अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मऊ।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शुक्रवार को को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर विसर्जन घाट भीटी के पास से पुलिस मुठभेड़ में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्रा ने बताया कि मुअसं 543/22 धारा 147,148, 149, 307, 504, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त अमित ठठेरा पुत्र कन्हैया निवासी हनुमाननगर भीटी थाना कोतवाली मऊ के कब्जे से एक अदद तमंचा व 02 जिंदा/खोखा कारतूस 303 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त के विरुद्ध मुअसं 55/22 धारा 34/307 व 556/22 धारा 3/7/25 आयुद्ध अधि. के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# चोरों ने दो दुकानों के ताले चटकाये, लाखों की चोरी

जनसंदेश न्यूज

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र में ठंड में चोरों ने पुलिस की नींद उड़ा दी है, गुरुवार की रात दो दुकानों का ताला तोड़ने के बाद लाखों रुपए का सामान सहित नकदी रुपए पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया के सामने गुप्ता इंटरप्राइजेज का दुकानदार गुरुवार की रात दुकान बंद कर घर चला गया। शुक्रवार की सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान का दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और दुकान में रखे कपिला पशु आहार 18 बोरी, लिक्विड 12 पैकेट ,चोकर 8 बोरी सहित नगदी बीस हजार रुपए चोरी है। वही कुछ कपिला पशु आहार का लिक्विड दुकान के बगल में पड़ा मिला। दूसरी तरफ वारदात क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास एक गैस वेल्डिंग की दुकान से लाखों रुपए के सामान चोरी कर लिया है। पीड़ित दुकानदार हरिचन ने बताया रोज की भांति दुकान देर रात बन्द कर चले गए।सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा दुकान का ताला टूटा हुआ है। चौराहे पर एक साइकिल स्टोर से भी चोरों के द्वारा कुछ सामान चोरी की जानकारी मिल रही है।कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी मु. सरवर ने बताया कि चोरी कि घटना स्थल का मुआयना किया गया है।



कासिमाबाद क्षेत्र में चोरी के बाद पीड़ित से वार्ता करती पुलिस।

## दस हजार का इनामिया बदमाश गिरफ्तार

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में निरूद्ध दस हजार इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधी की गिरफ्तारी यूसुफपुर रेलवे स्टेशन से हुई है। वह काफी समय से फरार चल रहा था। मुहम्मदाबाद थाना के उ.नि. राजीव कुमार त्रिपाठी को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना बरेसर के गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे से सम्बन्धित व 10 हजार इनामियां अभियुक्त राजकुमार वनवासी उर्फ टुन्नू यूसुफपुर रेलवे स्टेशन के पास स्थित शराब भट्ठी के सामने होटल पर बैठा है। जो यूसुफपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर कही भागने के फिराक मे है। पुलिस टीम रेलवे स्टेशन के सामने हाटा की तरफ जाने वाली रोड की तरफ दल बल के साथ पहुंच गए। पुलिस ने घेराबंदी कर बाराचवर गांव निवासी अपराधी राजकुमार बनवासी को हिरासत मे लिया। अभियुक्त पर बरेसर थानें में कई मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में का. मंजीत खरवार, आशीष कुमार,चन्दन पासवान शामिल रहे।

# हादसों से नहीं ले रहे सबक ट्रैक्टर-ट्रॉली से ढो रहे सवारी

जनसंदेश न्यूज

**मुहम्मदाबाद।** कानपुर देहात में बीते अक्टूबर माह में अनियंत्रित होकर तालाब में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 27 की जान चली गई। विगत दिनों लखनऊ के इटौंजा क्षेत्र में भी हुबहू ऐसी घटना घटी थी। इसमें 10 लोगों की जान चली गई थी। ये दो घटनाओं को हृदयविदारक मंजर अभी लोगों के जेहन में कौंध ही रहा है। वैसे इससे पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली से आवागमन करने में गई घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद अभी भी लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर-ट्रॉली उपयोग सवारी गाड़ी के तौर पर खुलेआम किया जा रहा है।

धार्मिक स्थल पर सवारियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आ रही हैं। महिला, पुरुष, बूढ़े और बच्चे सब सवार हो रहे है। किसी को जान की चिंता नहीं थी। सब अपने-अपने में मगन में है। क्षेत्र का ऐसा कोई मार्ग नहीं बचा जिस पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार लोग आवागमन करते नहीं दिखे हों। उधर ट्रैक्टर-ट्रॉली से आवागमन करने को लेकर सीएम की ओर से दिए गए निदेशों के बाद भी पुलिस सक्रिय नहीं दिख रही है। परिवहन विभाग के जानकारों का कहना है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवारी के खतरों के बारे में बताते हुए कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉली कृषि-कार्य हेतु लिखे होने की ठोस वजह होती है। उन्होंने कहा कि कोई भी मशीनरी हो उसे उद्देश्य के हिसाब से बनाया जाता है। ट्रैक्टर-ट्रॉली का निर्माण कच्चे रास्तों पर धीमी गति से चलाने के लिए बनाया है। इसमें सुरक्षा के मानक सवारी वाहनों की तरह नहीं होते। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को मिलाकर कुछ छह पहिया हो जाते हैं, उनमें ब्रेक सिर्फ ट्रैक्टर के पिछले पहियों में होता है। इसके चलते रफ्तार तेज होने पर नियंत्रण करना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। वहीं सवारी वाहनों में सभी पहियों में पावर ब्रेक लगे होते हैं। इसके अलावा भी सुरक्षा के कई इंतजाम होते हैं।

## संक्षेप

### जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक



**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में आहूत की गई। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा प्रोत्साहन समिति के धन संग्रह करने का विचार विर्मश किया गया। स्टेडियम रख-रखाव सफाई व्यवस्था हेतु अध्यक्ष, नगर पालिका को निर्देशित किया गया। बैठक में नपाध्यक्ष सरिता अग्रवाल, एडीएम अरूण कुमार सिंह, बृजेष कुमार श्रीवास्तव, नरेन्द्र विष्वकर्मा, रामनगीना यादव, अशोक नाथ तिवारी , बिजेन्द्र कुमार चौधरी, ,राकेश कुमार, प्रवीण कुमार मौर्या, सदानन्द सिंह, अरविन्द यादव, अश्विनी राय, अमित राय, अरविन्द शर्मा, अकरम अहमद, पारथनाथ सिंह, कमलेश यादव आदि रहें।

### कोविड मरीज घबराएं नहीं,डॉक्टर की सलाह लेःसीएमओ

**गाजीपुर।** विदेशों में कोविड-19 के संक्रमण का प्रसार है एवं अपने देश में भी कुछ संक्रमित मरीज पाये गये है। आम जनमानस के हित में इस रोग के रोकथाम हेतु जागरूक किया जाना अति आवश्यक है। मुख्य चिकित्साधिकारी हरगोबिंद सिंह बताया है कि मास्क एवं सेनेटाइजर का प्रयोग करें। भीड़-भाड़ वाले जगह जाने से बचे एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करें। कोविड टीकाकरण करवायें। छिकते एवं खासते समय मुख एवं नाक को ढक कर रखें। अनावश्यक यात्रा से बचें। सर्दी, खासी, जुकाम, बुखार आने पर तुरन्त कोरोना की जॉच करवायें। कोविड संक्रमित होने पर घबराये नही होम आईसोलेशन के नियमों का पालन करते हुए चिकित्सक के सलाह पर दवा खायें।

### 11867 छात्रवृत्ति आवेदन पत्र लम्बित,दो जनवरी तक मौका

**गाजीपुर।** वित्तीय वर्ष 2022-23 पिछड़ी जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने एवं विद्यालयों द्वारा रिसीव एवं अग्रसारण की वर्तमान स्थिति के परीक्षण में पाया गया है। कुल 139717 छात्रवृत्ति आवेदन पत्र छात्र-छात्राओं द्वारा फाइनल सब्मिट किये जा चुके है, वही पर विद्यालयों द्वारा 127850 आवेदन पत्र ही विद्यालयों द्वारा अब तक ऑनलाइन अग्रसारित किये गये है और 11867 छात्रवृत्ति आवेदन पत्र विद्यालयों के लॉगिन पर अग्रसारण हेतु लम्बित है। जबकि विद्यालय स्तर से अग्रसारण की अन्तिम तिथि दो जनवरी निर्धारित है। यदि ससमय लम्बित आवेदन पत्रों का अग्रसारण विद्यालय द्वारा नहीं किया जाता है, तो ऐसे में लम्बित आवेदन पत्र वाले छात्रों छात्रवृत्ति योजना से वंचित हो जायेगें। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद के समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थाएं तत्काल तय तिथि पर लम्बित 11867 छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को नियमानुसार परीक्षण करते हुए ऑनलाइन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा अन्तिम तिथि में वेबसाइट धीमी होने के कारण अग्रसारण में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसके लिए विद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगें।

### पेंशनभोगी आयकर देयता विवरण जमा करें

**गाजीपुर।** आयकर विभाग द्वारा निर्गत गाइड लाइन के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2022-23 के समाप्ति के दृष्टिगत आयकर की परिधि से अच्छादित होने की स्थिति में वित्तीय वर्ष 2022-23 की समाप्ति तक की आयकर देयता विवरण पांच से 25 फरवरी के मध्य तक प्रत्येक दशा में कोषागार कार्यालय में अपने पैन कार्ड व बैक पासबुक की छायाप्रति के साथ अवश्य जमा कर देवें। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि उक्त आयकर परिधि से अच्छादित पेंशनभोगियों का आयकर देयता विवरण न जमा करने की स्थिति में माह फरवरी-2023 से पेंशन स्वतः बाधित हो जायेगी।

### समाजसेवी ने स्वास्थ्य राज्यमंत्री का किया स्वागत



**सेवराई।** उत्तर प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य राज्यमंत्री का देवघर जाते समय दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी हे राम सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया। बता दे की अमेठी जनपद के तिलोई विधानसभा के विधायक राजा मनकेश्वर शरण सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य राज्य मंत्री हैं। गुरुवार की शाम उपासना एक्सप्रेस से देवघर झारखंड जा रहे थे । जैसे ही लोगों को पता चला वे इनका स्वागत सम्मान के लिए दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पहुंच गए। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह उर्फ गुलटेनी सिंह, अशोक सिंह,मृत्युंजय सिंह,धीरेंद्र सिंह,बिट्टू,सुदामा सिंह,उमेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### हीराबेन को दी गई श्रद्धांजलि

**मुहम्मदाबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी के माता हीराबेन के निधन पर अष्ट शहीद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य एसएस गिरि द्वारा छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों की उपस्थिति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्थानीय तहसील में भी उप जिला अधिकारी हर्षिता तिवारी के नेतृत्व में तहसील के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी सभा भवन में एकत्रित हुए। जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन के लिए शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### पीएम मोदी की मां के निधन पर जताया शोक

**सुहवल।** मलसा स्थित शिवपूजन इंटरकालेज में शुक्रवार को एक शोकसभा का आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की मां हीराबेन के 100 वर्ष की उम्र में निधन होने पर दुख व्यक्त करते हुए उनके सम्मान में शोक सभा के दौरान दो मिनट का मौन रख उन्हें विद्यालय परिवार के शिक्षक, व छात्र छात्राओं ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर डा.अरविंद सिंह, विजय शंकर राय, सतीश कुमार राय, रत्नेश कुमार राय, संजय पाण्डेय, संतोष कुमार यादव, पंकज कुमार मिश्र, राजेश कुमार राय, सहित सभी शिक्षक कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यक्र्ताओं में शोक

**नन्दगंज।** भारतीय जनता पार्टी नंदगंज मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सौ वर्षीय माँ हीराबेन की अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत पर शुक्रवार को हनुमान मन्दिर नंदगंज पर एक शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गतात्मा की शान्ति एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व परिजन को शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दुःख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष विनीत शर्मा, भानू प्रताप जायसवाल, रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, संतोष जायसवाल, जगदीश चौहान,अनिल, विनोद चौरसिया, अजय विश्वकर्मा, कामोद चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे।

### मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन

**सैदपुर।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क रूप से नेत्र ऑपरेशन का आयोजन हुआ। इस दौरान शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। केंद्र पर सैदपुर कस्बा समेत अन्य गांवों के कुल 24 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। सभी के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उनमें से फिट पाए गए 17 लोगों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया, इसके बाद उनमें मुफ्त चश्मा वितरित किया गया। गाजीपुर जिला अस्पताल से आई नेत्र सर्जन डा. स्नेहा सिंह ने नेत्र परीक्षण अधिकारी अनिल कुमार, प्रशांत कुमार व मनोज कुमार सङ्ग सभी मरीजों का ऑपरेशन किया और उनमें दवाएं वितरित की।

# चौपाल लगाकर समस्याओं का किया जाएगा समाधान

जनसंदेश न्यूज

बैठक

**पंचायत सदस्यों व प्रधानों की बैठक में फैसला**

**बिरनो।** विकास खंड सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों की बैठक ब्लाक प्रमुख राजन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त आयोग पर विचार व्यक्त किया गया। ब्लाक प्रमुख राजन सिंह ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना 2023 -24 के मनरेगा व क्षेत्र पंचायत कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा किया।



ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधानों को बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या द्वारा आज ग्रामीण चौपाल का वाराणसी में लोकार्पण किया गया है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक के तीन गांव में हर शुक्रवार को ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्राम की समस्या और ग्राम समाधान का चौपाल लगाया जाएगा। जिसमें ग्राम सभा के सभी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में पूर्व प्रमुख सुभाष चंद्र गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र यादव उर्फ मटरू, ग्राम प्रधान अभिमन्यु सिंह , दिनेश भट्ट ,खंड विकास अधिकारी अनुराग राय, धनंजय प्रजापति, दिनेश चौहान, राज नारायण यादव ,विनोद गुप्ता, अमित सिंह, चंद्रभान राजभर, चिंता देवी, आशा देवी, मनसा देवी, विनोद पटेल आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीओ संतोष कुमार ने किया

## पीएम मोदी की मां के निधन से भाजपा कार्यकर्ता शोकाकुल

**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माँ हीराबेन के शुक्रवार तड़के निधन पर जनपद के भाजपा नेताओं,कार्यकर्ताओं ने गहरा दुखः व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि त्याग,समर्पण और आदर्श की साक्षात देवी के निधन पर आज सारा राष्ट्र शोकसंतप्त है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण के संस्कारित गुण मनुष्य मे माँ के द्वारा ही निहित होते हैं।उनका निधन दुखद और अपूर्णीय है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कहा कि आपकी ममता ने अपने पुत्र को वो संस्कार दिया जिसका अनुसरण आज पुरा विश्व कर रहा है। ऐसी माँ को शत शत नमन। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णबिहारी राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नैतिक संस्कार पुर्ण आदर्शों की गुणात्मक गुणवत्ता, राष्ट्र भक्ति भावना का सीधा समबन्ध उनके माँ के आदर्शवादी व्यक्तित्व व्यवहार से जुड़ा है।इसके आलावा पुर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह,रामनरेश कुशवाहा,जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय,अच्छे लाल गुप्ता, सुरेश बिंद,संकठा मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, कार्तिक गुप्ता,दिलिप गुप्ता आदि ने सामाजिक पटल के विभिन्न माध्यमों से अपनी शोक संवेदना मे निधन पर दुख व्यक्त किया है।

# रामलीला की जमीन पर पुलिस कर रही कब्जा, क्रमिक धरना

जनसंदेश न्यूज

**जमानिया।** तहसील के पास स्थित रामलीला मंच पर रामलीला समिति के सदस्यों सहित नगर के लोगों ने पुलिस द्वारा रामलीला की जमीन पर कब्जा करने के विरोध में क्रमिक धरना प्रदर्शन किया।

धरना पर बैठे समिति के उपाध्यक्ष विशाल वर्मा ने कहा कि कोतवाली प्रभारी एवं क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर थाने की बाउंड्री करने के नाम पर रामलीला की जमीन को कब्जा किया जा रहा है। जिसके विरुद्ध आवाज उठाने पर थाने पर बैठा कर धमकाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा के मनोनीत सभासद जय प्रकाश गुप्ता लगातार जमीन पर अतिक्रमण, पशु तस्करी आदि के विरूद्ध आवाज उठाते थे। जिन्हे फर्जी मुकदमें में फंसा कर जेल भेज दिया गया और फिर गैंगस्टर तक की कार्रवाई की गई। वही अध्यक्ष की पत्नी गीता देवी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। गीता देवी ने कहा कि सिविल कोर्ट में मामला विचाराधीन है और जमीन का वर्ष 2016 में कमीशन रिपोर्ट को न मान कर निर्माण कार्य को किया जा रहा है। जबकि न्यायालय का आदेश है कि कमीशन रिपोर्ट की नापी के अंदर किये गये अवैध निर्माण को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि मामला न्यायालय में है और न्यायालय के आदेश के बाद ही निर्माण कार्य कराया जाना चाहिए। जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कहा कि जब तक पांच सूत्रीय मांग पूरी नहीं होगी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर राजूरतन सिंह यादव, जितेन्द्र कुमार आर्य, विमल कुमार, कृष्णानंद पाण्डेय, अनिल, प्यारे यादव, सुनील गुप्ता, रामचन्द्र, खखनू, जैनुद्दीन, दिलीप कुमार गुप्ता, अजय, दीपक, गुवाल बिन्द आदि मौजूद रहे।



जमानियां रामलीला मैदान में क्रमिक धरने पर बैठे रामलीला समिति के सदस्य व अन्य।

# माले मजदूर सभा के वर्कर्स का पुलिस के खिलाफ धरना

विरोध जताया

**ढाई महीने बाद भी मुहम्दाबाद कोतवाल ने दर्ज नहीं किया मुकदमा**

**गाजीपुर।** कम्युनिस्ट पार्टी (माले) अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर कामरेड सरजू पांडेय पार्क में धरना-प्रर्दशन किया। पुलिस कार्रवाई के खिलाफ कार्यक्ताओं ने पूरजोर विरोध किया। भाकपा (माले) के कार्यालय सचिव योगेन्द्र प्रताप भारती ने कहा कि 13 दिसम्बर को नंदलाल वनवासी उर्फ. नंदा की ईट पत्थर से मारकर हत्या कर दिया गया।पुलिस सदर कोतवाल हत्यारों और साजिशकर्ता को बचाने में लगे हैं। इसी तरह से योगी राज में मु.बाद के फिरोजपुर गांव निवासी शिवशंकर वनवासी की हत्या को ढ़ाई महीने बाद भी कोतवाल ने रिपोर्ट दर्ज नहीं किया। इसी तरह धुस्का गांव निवासी मदनचंद मुसहर के हत्यारों को बचाने में सीओ लगें हैं। गरीबों के हत्या तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो रही है। गिरफ्तारी की बात तो छोड़ दीजिए। गैबीपुर ग्राम निवासी प्रभास मौर्य की जान मारने की नियत धक्का मार दिया। आज तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।उन्होंने हत्या और हमले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई तथा नंदलाल वनवासी के परिजनों को दस लाख रुपए मुआवजा देने की मांग उठाई तथा गिरफ्तारी में लापरवाही करने वाले और हमले की घटनाओं में रिपोर्ट तक दर्ज नहीं वाले पुलिस अधिकारियों कोतवाल सीओ को दंडित करने की मांग उठाई। खेग्रामस जिलाध्यक्ष नंदकिशोर बिंद ने कहा कि जखनियां तहसील क्षेत्र के मझौली गांव निवासी रामबृक्ष मौर्य, जनार्दन यादव, राजू चौहान जानकी चौहान का मकान बगैर कोई आदेश नोटिस के गिराने वाले नायब तहसीलदार जखनियां, तथा नायब तहसीलदार मनिहारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई किया जाए तथा 2017 हाईकोर्ट के आदेश को लागू कराते हुए तालाब,भीटा पर अवैध रूप से काबिज भू-माफिया ताकतों का तत्काल अवैध कब्जा हटाया जाए। हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन न कराने के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग उठाई साथ ही गाजीपुर सदर तहसील क्षेत्र के मिरनापुर सक्का में गरीबों को जबरिया बेदखली करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कारवाई के साथ भूमिहीन आवासविहीन गरीबों को जमीन समेत आवास देने पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग उठाई। भूमिहीन आवासविहीन गरीबों को जमीन समेत आवास शौचालय सैदपुर तहसील क्षेत्र के बहेरी खानपुर बैरहिया गांव में भूमिहीन आवासविहीन गरीबों को जारी नोटिस को रद्द करने तहसील क्षेत्र के करन्डा गांव, जमानियां के बरेसर, बरूइन, मथारा गांव समेत, बिन्दवलियां, यरामपुर ,मनुवापुर,बयेपुर,आनापुर सरया आदि गांवों में गरीबों को गांव समाज बंजर की जमीनों को आवासीय पट्टा करने की मांग उठाई।धरना-प्रदर्शन को सरोज यादव, मंजू गोंड,रामबृक्ष मौर्य, केवला देवी, सत्येन्द्र कुमार प्रजापति नंदलाल वनवासी की पत्नी शान्ति वनवासी ने सम्बोधित किया। अंत में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा मुख्यमंत्री को संबोधित दस सुत्रीय मांग पत्र सदर नायब तहसीलदार को सौंपा।



सरजू पाण्डेय पार्क में धरने को संबोधित करतीं उषा गौड़।

# तंमचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



सैदपुर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

जनसंदेश न्यूज

**सैदपुर।** स्थानीय पुलिस ने एक अभियुक्त के पास से एक तंमचा व कारतूस बरामद करने का दावा किया है। सैदपुर पुलिस के अनुसार अपराधियों के खिलाफ चलाएं जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध तंमचा-कारतूस बरामद किया गया है। उ.नि हैदर अली मंसूरी ने बताया कि मुखबिर की निशानदेही पर एक पार्क स्थित पास से अभियुक्त की तलाशी के दौरान उसके पास से एक तंमचा व कारतूस बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम मनीष कुमार पुत्र ज्ञानचंद राम निवासी सईचना थाना नन्दगंज बताया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में हैदर अली मंसूरी, बच्चे लाल यादव, रोहित, अभिषेक मौजूद रहे।

# उसियां टाईब्रेकर में जीता

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** स्थानीय गाँव स्थित इण्टर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब सुहवल के तत्वावधान में 52 वीं अन्तर्राज्यीय स्व. गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित है। गुरूवार को खेले गये दो अलग-अलग नाक आउट मुकाबलें में जहां उसियां ने ट्राईब्रेकर में कुर्रा को 5-4 वहीं पखनपुरा ने बिहार पजरांव को 5-3 से शिकस्त देकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया।

पहला मुकाबला उसियां व कुर्रा के बीच खेला गया। जहाँ मैंच के शुरूआत से मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा। मध्यान्तर से पहले मैंच के 36 वें मिनट में उसियां के अमजद ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाने के साथ ही मध्यान्तर तक उसियां ने बढ़त को कायम रखा,इसके उपरांत शुरू हुए मुकाबलें में मैच के 69 वें मिनट में बारा के शकील ने शानदार गोलकर टीम को 1-1 की बराबरी पर ला खड़ा किया।मैंच समाप्त होने तक दोनों टीमें बराबरी पर रही। निर्णय निकलता न देख निर्णायक ने ट्राईब्रेकर कराने का फैसला लिया,जिसमें उसियां ने बारा को 5 - 4 से पराजित कर दिया। वहीं दूसरे मुकाबला पखनपुरा व पजरावं के बीच खेला गया, इस दौरान दोनों टीमों ने काफी शानदार खेल का प्रदर्शन किया पूरे मैच के दौरान दोनों टीमें गोलरहित रही,निर्णय निकलता न देख निर्णायक ने इस मैंच का भी निर्णय ट्राईब्रेकर से कराने का फैसला लिया जिसमें पखनपुरा ने पजरावं बिहार को 5-3 से शिकस्त देकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया।इस अवसर पर प्रफुल्ल चंद्र राय,पूर्व प्रधान आदित्य नारायण राय, सोनू राय,राजू,प्रिंस,विजय कुश्वाहा, नगीना प्रजापति, राहुल खरवार आदि मौजूद रहे,मुकाबले में निर्णायक बृजेश मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा जबकि उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई ।



सुहवल इंटर कालेज के खेल मैदान में फुटबॉल के पीछे भागते खिलाड़ी।

# बीडीओ के खिलाफ कर्मचारी और प्रधान हुए लामबंद

**सादात।** ब्लाक मुख्यालय पर शुक्रवार को सचिवों, मनरेगा कर्मियों व ग्राम प्रधानों ने बीडीओ शिरीष वर्मा के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। धरनारत कर्मचारियों ने बीडीओ ने एक दिन पूर्व उनके साथ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया। पत्रक के माध्यम से जिलाधिकारी को खंड विकास अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की। ब्लाक प्रधान संघ के सदस्यों ने बताया कि ब्लाक में सचिवों व प्रधानों की बैठक थी। जिसमें बीडीओ ने हम लोगों को अमर्यादित टिप्पणी किया था। धरने में एपीओ मनरेगा अनन्त सिंह, सचिव एसपी सिंह, अनुज यादव, शमशेर यादव, चंन्द्र केश यादव, विजय यादव, प्रधान प्रतिनिधि डा अनिल राय, प्रमेश यादव, गुड्डू यादव, उमाशंकर सिंह सहित दर्जनों कर्मचारी व सचिव उपस्थित रहे। उधर खंड विकास अधिकारी शिरीष वर्मा ने अपशब्दों का प्रयोग करने की बात को गलत बताते हुए कहा कि बैठक के दौरान विभागीय कार्यो को और बेहतर ढंग से करने का निर्देश दिया था।



सादात ब्लॉक में धरने पर बैठे प्रधान एवं कर्मचारी।

## आज मनेगी ओमजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संस्थापक की पुण्यतिथि

**गाजीपुर।** ओमजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन जखनियां के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार सिंह के पिता स्व. सूर्यनाथ सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा और स्मृति भोज का आयोजन किया गया है। अखिल भारतीय अनएडेड विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय एशोसिएशन नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. मनोज सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम शास्वत सूर्यवंशी महाविद्यालय अतिगांवा खेताबपुर से सम्पादित होगा। गौरतलब है कि, परोपकार को अपनी जिंदगी का लक्ष्य बनाकर जीवन जीने वाले स्व. एसएन सिंह का जन्म गाजीपुर जनपद के जखनियां तहसील अंतर्गत अतिगांवा के साधारण परिवार में 10 जुलाई 1950 को हुआ था। आगे चलकर दूरसंचार विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट (ओ.एस.) के पद पर सेवा देते हुए सेवानिवृत्त हुए। उनकी प्रेरणा और आदर्शों से सीख लेते हुए उनके सुपुत्र डॉ. मनोज कुमार सिंह भी शिक्षा जगत में नित नए आयाम स्थापित करते हुए ओम जी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन जखनियां के मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में जरूरतमंदों व असहायों की सेवा के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं।

# अपर निदेशक ने गो संरक्षण केंद्र का किया निरीक्षण



पिपनार गांव में गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण करते अपर निदेशक आरके सिंह।

जनसंदेश न्यूज

**सादात।** पशु पालन विभाग वाराणसी मंडल ग्रेड-2 के अपर निदेशक आरके सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र के पिपनार गांव में गौ संरक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर उन्होंने बताया कि जल्द ही यह गौ संरक्षण केन्द्र बेसहारा पशुओं के लिए खुल जायेगा। इसके पूर्व अपर निदेशक ने सैदपुर नगर पंचायत के गौशाला, सादात के कान्हा गौशाला, टांडा गांव स्थित अस्थाई पशु केन्द्र सहित पशु चिकित्सा केंद्र सादात का निरीक्षण किया। उन्होंने पशुचिकित्साधिकारी डा. जनार्दन मौर्य को निर्देश दिया कि प्रत्येक गौशाला पर पशुओं का ठंड से बचाव करने व हरा चारे व साफ पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से कराने का निर्देश दिया।

## जनसंपादकीय

# नेपाल में सत्ता परिवर्तन

भारत और नेपाल सदियों से साँस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यँत निकट भ्राता राष्ट्र रहे हैं. आज के दौर में अनेक राजनीतिक और कूटनीतिक गलतियों के कारणवश ही दोनों राष्ट्रों के मध्य कुछ दुर्भाग्यपूर्ण कटुताएँ उभर कर सामने आ गई हैं. कम्युनिस्टों की कयादत में नेपाली राजसत्ता का चीन की तरफ स्पष्ट झुकाव है और यह भारत के लिए कशीदगी और चिंता का विषय है. हालाँकि ऐतिहासिक तौर पर नेपाली कम्युनिस्टों को सदैव भारत में ही प्रश्रय और परवरिश हासिल हुई, किंतु भारत के साथ सीमा विवाद को तूल देकर नेपाली राष्ट्रवाद का परचम लहराना नेपाली कम्युनिस्टों का एक शगल सा बन गया है.

इस तथ्य को एक विडंबना ही कहा जा सकता है कि नेपाल में नवनिर्मित जनतँत्र के दौर में मात्र दस वर्षों के इतिहास में पँद्रह दफा सत्ता परिवर्तन हो चुका है. नेपाल में राजशाही का वास्तविक खात्मा तो वर्ष 2007 में हो गया था, किंतु विकट दीर्घ कालीन उठा पटक के तत्पश्चात वर्ष 2015 में नेपाल द्वारा नए संविधान को अँगीकार किया गया. वर्ष 2015 के संविधान के तहत नेपाल हिंदू राष्ट्र की अपनी ऐतिहासिक साँमती विरासत का पूर्णतः परित्याग करके एक बहुदलीय जनताँत्रिक और धर्म निरपेक्ष राष्ट्र के तौर पर स्थापित हो गया.

नेपाल के वर्ष 2022 के आम चुनाव में किसी भी एक राजनीतिक दल को सँसद में सँपूर्ण बहुमत का दीदार नहीं हो सका. अतः एक मिली जुली बहुदलीय हुकूमत का निर्माण करने के लिए राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी के लीडर पुष्प कमल दहल प्रचँड को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया. हालाँकि आम चुनाव में प्रचँड की कम्युनिस्ट पार्टी केवल 32 सीटें हासिल करके संसद में तीसरे स्थान पर रही. ओली की कम्युनिस्ट पार्टी को 78 सीटें हासिल हुई और देऊबा की नेपाली काँग्रेस का 89 सीटें मिली. नेपाल के अनेक राजनीतिक दलों के मध्य एक राजीनामा अंजाम दिया गया कि प्रचँड और केपी शर्मा ओली क्रमशः ढाई ढाई वर्ष की अवधि के लिए नेपाल के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होगें.

उल्लेखनीय है कि प्रचँड और ओली के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टियों द्वारा वर्ष 2017 के आम चुनाव के पश्चात भी नेपाल में एक मिली जुली हुकूमत निर्मित हुई थी. दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों को मिलकर सन् 2017 के आम चुनाव में संसद में 174 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत हासिल किया था. उस वक्त भी एकदम ऐसा ही राजीनामा अंजाम दिया गया, कि पहले ढाई वर्ष केपी शर्मा ओली और अगले ढाई वर्ष प्रचँड नेपाल का प्रधानमंत्री पद संभालेंगे. यहाँ तक कि सन् 2018 में प्रचँड और ओली की कयादत वाली कम्युनिस्ट पार्टियों द्वारा परस्पर विलय अंजाम देकर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (मार्क्सवादी) का गठन भी कर लिया गया. ढाई वर्ष के समापन के पश्चात ओली द्वारा राजीनामा तोड़ दिया गया और ओली द्वारा प्रधानमंत्री पद पर कायम बने रहने के लिए प्रत्येक पैंतरेबाजी और हर तिकड़म अख्त्यार की गई. किंतु नाकाम रहने पर ओली ने संसद को भंग करने की सिफारिश राष्ट्रपति से कर दी. किंतु सुप्रीम कोर्ट ऑफ नेपाल ने संसद भंग करने के राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी के अध्यादेश को निरस्त कर दिया. प्रचँड के समर्थन से नेपाली काँग्रेस के लीडर शेर बहादुर देऊबा वर्ष 2021 में पाँचवी दफा प्रधानमंत्री पद पर आसीन हो गए.

वर्ष 2022 का आम चुनाव देऊबा की नेपाली काँग्रेस और प्रचँड की माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने एक साथ मिलकर लड़ा, किंतु यह राजनीतिक मोर्चा चुनाव परिणाम के पश्चात विखंडित हो गया, क्योंकि देऊबा ने प्रचँड को प्रधानमंत्री बनाने के इंकार कर दिया. नेपाल के राजनीतिक पटल फिर पुराना समीकरण उभरा और दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के मध्य सत्ता के लिए एकता स्थापित हो गई है. अब देखना है कि यह कम्युनिस्ट लीडरॉन की एकता कब तक कायम बनी रहती है? नेपाल के कम्युनिस्ट लीडर सत्तानशीन हो जाने की प्रबल महत्वाकाँक्षा से सरोबोर रहते हैं. इँकलाब के लिए त्याग और बलिदान करने वाली महान् सँस्कृति से बहुत दूर जा चुके हैं. केपी शर्मा ओली और प्रचँड दोनों ने दीर्घ काल तक भूमिगत और संघर्षशील रहकर नेपाल के जनमानस के मध्य अपार लोकप्रियता हासिल की थी. राजसत्ता हासिल कर लेने की सिद्धाँतहीन और अवसरवादी ललक ने प्रचँड की पार्टी को तो संसद में तीसरे नंबर पर ला पटका है, जबकि सन् 2008 के संसदीय चुनाव में प्रचँड की माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी नेपाल की संसद में पहले नंबर की पार्टी थी, तब पहली दफा प्रचँड नेपाल के प्रधानमंत्री बने थे. वर्ष 2017 के आम चुनाव में संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल करने के साथ सत्तासीन होने वाले कम्युनिस्टों को 2022 के चुनाव में कुल मिलाकर 275 सीटों के सदन में केवल 110 सीटें ही हासिल हो सकीं और किसी तरह से कुछ अन्य छोटी पार्टियों के समर्थन से सरकार बना सके हैं. कम्युनिस्ट लीडरॉन के मध्य उत्पन्न हुई सिद्धांतहीन और महत्वाकाँक्षी फितरत के कारण शनैः शनैः उनकी लोकप्रियता नेपाल में तिरोहित हो रही है.

कूटनीतिक तौर पर भारत को नेपाल पर बहुत अधिक तव्वजों प्रदान करनी चाहिए. जो कूटनीतिक गलतियाँ विगत काल में भारत द्वारा अंजाम दी गई उनका समुचित निराकरण करना अत्यंत आवश्यक है. भारत को अब समझ लेना चाहिए कि नेपाल अब राजशाही दौर वाला नेपाल नहीं है. वर्ष 2015 में अंजाम दी आर्थिक नाकाबंदी ने नेपाल को भारत से कहीं दूर ले जाकर चीन की तरफ जाने के लिए विवश किया. सन् 2015 में नेपाल के नवनिर्मित संविधान को लेकर जैसा तल्ख कूटनीतिक व्यवहार भारत द्वारा अंजाम दिया गया, उस व्यवहार की कटुता आज तक भारत और नेपाल के रिश्तों में विद्यमान है. नेपाल के पहाड़ी इलाकों में बहुत अधिक भारत विरोधी भावनाएँ विद्यमान हैं. नेपाल के मधेसियों के मध्य भी भारत अब पहले जैसा लोकप्रिय देश नहीं रहा है. भारत को नेपाल में अपनी अधूरी पड़ी हुई परियोजनाओं को सँपूर्ण करने में पूरी ताकत लगा देनी होगी. चीन की वन बैल्ट वन रोड परियोजना में नेपाल बाकायदा दाखिल हो चुका है. चीन का पूँजी निवेश नेपाल में अत्यंत तेजी से बढ़ रहा है. भारत को चारों दिशाओं से रणनीतिक तौर घेर लेने की कोशिश में नेपाल भी भारत के विरुद्ध चीन का एक रणनीतिक मोहरा बन सकता. भारत द्वारा नेपाल को अपनी कूटनीतिक पहल में उच्च स्थान प्रदान करना होगा. नेबर फर्स्ट की कूटनीति कहीं केवल जुमलों में उलझ कर ही ना रह जाए और नेपाल भी कहीं पाकिस्तान की तरह से चीनी पूँजी की गिरफ्त में ना चला जाए, इस कटु तथ्य पर ध्यान केंद्रीत करके भारत को नेपाल को अपना बनाए रखने की प्रबल कोशिश करनी होगी.



**प्रभात कुमार राय**
**लेखक सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

## कोई नदी निकट है क्या

कलकल ध्वनि सुनने का मन है,/ कोई नदी निकट है क्या?
ताल ढूँढती बत्तख जैसा /आजीवन बेचैन रहा,/सूर्य देखने को उतावला/ यह मन सारी रैन रहा/ मन के पारावार! बता तू,/पीड़ा का भी तट है क्या?
बर्फ हुआ है निर्झर मन का,/ अगर बहे तो अच्छा है/ एक झिलमिलाहट है अन्दर,/ बची रहे तो अच्छा है/ चेहरा कागज-सा सिकुड़ा है/ यह जीवन सिलवट है क्या?
हर यकीन को किर्च बनाकर/ आँखों को बीहड़ करके/ बोलो तुम्हें हुआ क्या हासिल /झीलों को कंकड़ करके?/ हर अलाव है ढँका राख से,/ देखो कहीं लपट है क्या?
तिनके-सी हर फिक्र उड़ा दें,/ हर दुखड़े को फूस करें/ है गुलाब-सी उम्र, जिसे हम/ तितली-सा महसूस करें/ जाना है अनजान सफर पर,/ यारो! पास टिकट है क्या?



**– सत्येन्द्र कुमार रघुवंशी**

# बच्चों के लिए एक प्यारी किताब

## आकलन



**कँवल भारती**

मनोविज्ञान की प्रोफेसर डा. मंजू देवी की, बनारस के मोचियों पर लिखी बेहद महत्वपूर्ण और मर्म-स्पर्शी किताब 'नाली पर मोची' ( नेशनल बुक ट्रस्ट से प्रकाशित) का परिचय मैं इसी स्तम्भ में अपने पाठकों को करा चुका हूँ। इस स्तम्भ में मैं उनकी एक और महत्वपूर्ण और पठनीय पुस्तक 'बच्चों के लिए' का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कर रहा हूँ। डा. मंजू देवी उत्तर प्रदेश किशोर न्याय बोर्ड में चार वर्षों तक उसकी सदस्य के रूप में कार्य कर चुकी हैं, साथ ही सामाजिक अनुसन्धान केंद्र, नई दिल्ली और 'महिला समाख्या' कार्यक्रम के तहत बनारस में नन्हें-मुन्ने बच्चों के 'उड़नखटोला' में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। इन संस्थानों में काम करने के दौरान प्राप्त अनुभवों ने उन्हें इस अनमोल कृति को लिखने के लिए प्रेरित किया। इस पुस्तक के परिचय में वह अपने 'दो शब्द' में लिखती हैं कि विभिन्न तरह के कार्य करने के पश्चात बच्चों के कार्य और व्यवहार को बहुत पास से जानने का अवसर प्राप्त हुआ। प्यार नहीं मिलने से बच्चा किस तरह गलत दिशा में जा सकता है, इसका अनुभव किशोर न्याय बोर्ड में हुआ, जहाँ छोटे-छोटे बच्चे बलात्कार के केस में फंसे हुए थे। उन्होंने ऐसे तमाम केसों का अध्ययन किया, जिसके आधार पर ऐसे बहुत से प्रश्नों को उठाया है, जिनका जानना बच्चो के मातापिता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

इस किताब में बारह अध्याय और एक परिशिष्ट है, जिसमें 20 नवम्बर 1989 को सयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बच्चों के लिए पारित अधिकार-पत्र दिया गया है। पहले अध्याय में 'बच्चों के लिए प्यार आवश्यक क्यों है?' विषय पर लिखते हुए उन्होंने प्रश्न उठाया है कि अधिकांश मातापिता अपनी दुनिया में इतने खोए रहते हैं कि उन्हें खुद इस बात का ज्ञान नहीं होता कि बच्चे को क्या चाहिए? केवल भौतिक सुख-सुविधाएँ देकर उन्हें लगता है कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर दिया। बच्चे के मन में बहुत सारे प्रश्न होते हैं, जिनका बच्चा समाधान चाहता है। यदि मातापिता दुलार से उसके प्रश्नों को उदाहरण दे-देकर समाधान करते, रहें तो बच्चा मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। उनका कहना है कि विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्षों से जो परिणाम प्राप्त हुए, उनसे पता चलता है कि ह्यप्यार से वंचित बच्चों में शारीरिक विकास की गति मंद होती है। भाषा-विकास बाधित होता है और मानसिक योग्यता का भी विकास अवरुद्ध होता है। ऐसे बच्चे समाज के लोगों से दूर रहना चाहते हैं तथा आसानी से लोगों से घुलमिल नहीं पाते।' वह लिखती हैं कि आज स्थिति इतनी खराब हो चुकी है बच्चों के बचपन को ही छीना जा रहा है। उनके अनुसार, मिशिगन यूनिवर्सिटी के सामाजिक शोध विभाग ने हाल ही में एक शोध कराया था, जिसमें कहा गया है कि बच्चों का जीवन स्कूल और घर दोनों जगह बड़ों के द्वारा बनाए गए नियमों में बंधा होता है। 'बच्चों को एक ऐसी दुनिया में ढकेला जा रहा है, जहाँ वह न तो अपनी मर्जी से हँस सकता है, और न ही अपनी मर्जी से बोल सकता है। उसके रोने पर भी पाबंदी है। मातापिता को यह बात अच्छी नहीं लगती कि उनका बच्चा किसी भी समय रोने लगता है।'

डा. मंजू देवी ने बच्चों को अपना शिकार बनाने वाले आन लाइन चल रहे कुछ वीडियो गेमों पर भी चर्चा की है। उन्होंने लिखा है कि ब्लू ह्वेल चैलेन्ज नामक गेम कई बच्चों की जान ले चुका है। इसी हत्यारे खेल को खेलने के चक्कर में फंसकर 26 सितम्बर 2017 को हरियाणा के पंचकूला में दसवीं के एक छात्र ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। उनके अनुसार लगभग दो दर्जन ऐसे देश हैं, जहाँ बच्चे इस खेल के शिकार हुए। वह बताती हैं, 'इस खेल को बनाने वाले पढ़ाई-लिखाई में नाकाम एक छात्र का कहना है कि समाज में तमाम लोग जैविक कचरा बन चुके हैं, जिनकी सफाई नितांत आवश्यक है।' हालाँकि, इस खेल का आविष्कारक आज जेल में बंद है, लेकिन सच यह है कि आजकल के बच्चे अकेलेपन और अवसाद के शिकार हैं, जो आसानी से ऐसे खेलों में फंस जाते हैं। इसलिए उनका निष्कर्ष है कि इसके विरुद्ध अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए समय निकालना होगा। 'बच्चों के साथ समय बिताना और उनके समीप रहना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।'

उनके दूसरे अध्याय का विषय 'बच्चे : अनमोल निधि' है। इसमें वह लिखती हैं कि 'थोड़े दिन पहले एक शोध में यह बात सामने आई कि बच्चे के सर पर प्यार से हाथ फेरना, उसे न केवल भावात्मक रूप से, बल्कि शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रखता है। ऐसा करने से बच्चों को लगता है कि उनकी रक्षा के लिए कोई है।' वह आगे लिखती हैं कि 'आज अभिभावक बच्चों को टोकते रहते हैं कि अमुक काम करो या अमुक काम मत करो। बच्चे के अंदर जो क्षमता है, उसे वे आगे बढ़ने नहीं देते हैं। बच्चा स्कूल चला जाए, मातापिता यही सोचते रहते हैं। पर स्कूल में जाकर बच्चे ने क्या किया, इस बारे में सोचने की फुर्सत किसी के पास नहीं है। 'वह कहती हैं कि 'बच्चों की मुक्त कल्पना को नहीं रोकना चाहिए। बच्चों को सहज ज्ञान की आवश्यकता होती है। इस सहज ज्ञान का कोई तर्क नहीं होता है। बच्चे ऐसी अमूल्य निधि हैं, जिसे सहेजकर रखना जरूरी है, ऐसी स्थिति में उनमें कल्पना और वैज्ञानिकता दोनों का विकास होता है।' इस सन्दर्भ में वह बाल-मनोवैज्ञानिकों के हवाले कहती हैं कि 'आज बहुत ही छोटी उम्र में बच्चे अवसाद और अनिद्रा जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं। यह सोचने का विषय है कि क्यों उनका यह अमूल्य निधि बालक गुमसुम सा अकेले घर में बैठा रहता है और मातापिता यह समझ भी नहीं पाते कि बच्चों के साथ ऐसा क्यों हो रहा है? बच्चा क्या कहना चाहता है, क्या सोचता है, आखिर उसकी बातों को कौन सुनेगा?

तीसरा अध्याय 'वर्तमान समय में बच्चों की स्थिति' पर है, जिसमें डा. मंजू देवी ने बच्चों के पोषण, कुपोषण, शैक्षिक स्थिति, बाल-श्रम, बाल-अपराध और लापता होते बच्चों की समस्याओं पर विचार किया है। यह किताब का बहुत ही महत्वपूर्ण अध्याय है। बच्चों में पोषण की स्थिति पर वह लिखती हैं, 'भारत में जन्म के समय हर दस में से दो बच्चों का वजन ढाई किलोग्राम से कम है और प्रत्येक दस में से चार बच्चे कुपोषित हैं।' वह कहती हैं, 'पांच वर्ष से कम उम्र के आधे से अधिक बच्चों की मृत्यु का एक प्रमुख कारण मातृत्व एवं शिशु-कुपोषण है।' उनके अनुसार, इस मृत्यु-दर को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता सेवाओं को लागू करके कम किया जा सकता है। वह 2012 के आंकड़ों के आधार पर बताती हैं कि 'उत्तर प्रदेश में तीन साल से कम उम्र वाले 75 लाख बच्चे कम वजन वाले, 93 लाख बौने और 35 लाख बच्चे सूखा रोग से ग्रस्त हैं। इसके अलावा 12.6 लाख बच्चे तीव्र कुपोषण से पीड़ित हैं। इनमें इन तीव्र कुपोषण के शिकार बच्चों की मृत्यु की सम्भावना नौ गुना अधिक होती है।' शैक्षणिक स्थिति के संबंध में डा. मंजू देवी का कहना है कि जनगणना 2011 के अनुसार भारत में चार बच्चों में से एक बच्चा स्कूल नहीं जाता है तथा कुल 99 मिलियन बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं। और जिला शिक्षा सूचना प्रणाली 2014-15 की रिपोर्ट के मुताबिक सौ में से केवल 32 बच्चे ही अपनी सही उम्र में स्कूली शिक्षा पूरी कर पाते हैं। इसी तरह उन्होंने बाल श्रमिकों का प्रश्न भी उठाया है। वह लिखती हैं कि भारत के बाल-श्रम प्रतिबंध कानून के तहत चौदह साल से कम उम्र के बच्चों से श्रमिक के रूप में काम लेना दंडनीय अपराध है, जिसमें दो साल की कैद और पचास हजार रुपए तक के जुमार्ने का प्रावधान है, परन्तु इसके बावजूद भारत में करोड़ों बच्चे श्रमिक के रूप में काम करते हैं। उनके अनुसार सबसे ज्यादा बाल-श्रमिक उत्तर प्रदेश में हैं। हालाँकि इस बाल-श्रम का प्रमुख कारण गरीबी है, पर उनके अनुसार एक बड़ा कारण यह भी कि 'छोटे बच्चों को काम पर रखने के पीछे यह स्वार्थ होता है कि बाल-श्रम सस्ता होता है, वे कम जगह में काम कर लेते हैं, और वे असंगठित होते हैं। बाल अपराध भी एक गम्भीर समस्या है। वह लिखती हैं कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार नावालिगों द्वारा किए जाने वाले अपराध कुल अपराध का एक प्रतिशत है। तीन साल पूर्व के लगभग पैतालिस हजार बाल अपराधों में लगभग तीस हजार अपराध 16 से 18 साल की उम्र के बच्चों द्वारा किए गए थे। 2017 में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया था कि किशोर अपराध में पिछले पांच सालों में 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इन बाल अपराधों में चोरी, डकैती, कत्ल और बलात्कार जैसी घटनाएँ प्रमुख रूप से हैं। न जाने कितने प्रतिशत बच्चे रेलवे प्लेटफार्मों पर रहते हैं और विभिन्न अपराधों में लिप्त हैं। इस अध्याय के अंत में उन्होंने लापता होते बच्चों के सवाल को भी पूरी शिद्दत से उठाया है।

बच्चों की मासूमियत कहीं खो न जाए, बच्चों की जिंदगी में बड़ों का हस्तक्षेप, प्यार देने में बेटे-बेटी में भेदभाव क्यों?, प्यार के अभाव में बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति, बच्चों को प्यार दें का छतरी माडल, प्यार नहीं मिलने पर बच्चों पर पड़ने वाला दुष्प्रभाव, स्कूलों में बच्चों की देखभाल और उन्हें मिलने वाला प्यार, बच्चों के विकास हेतु सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रयास, बच्चों के सम्यक विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव एवं संस्तुतियां विषयक उनके अगले अध्याय हैं, जो अत्यंत ज्ञान-वर्धक और प्रेरणादायी हैं। अंत में, लेखिका ने एक परिशिष्ट में 20 नवंबर 1989 को बच्चों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित घोषणा-पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें बच्चों के संबंध में 54 अनुच्छेद हैं। लेखिका ने लिखा है कि ह्ययह समझते हुए कि विश्व के सभी देशों में अत्यंत कठिन परिस्थितियों में अनेक बच्चे रह रहे हैं और इन पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है, बच्चों के संरक्षण और सुसंगत विकास के लिए प्रत्येक राष्ट्र की परम्पराओं और सांस्कृतिक मूल्यों का पूरा ध्यान रखते हुए प्रत्येक देश में, खास तौर से विकासशील देशों में, बच्चों के जीने की स्थितियों में सुधार के काम में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व को समझते हुए अनेक देश इस घोषणा-पत्र पर सहमत हुए।'

डा. मंजू देवी ने घोषणा-पत्र के सभी 54 अनुच्छेदों को प्रस्तुत किया है। कुछ का उल्लेख करना यहाँ जरूरी है। यथा–

अनुच्छेद 2 में कहा गया है : 'इस समझौते में शामिल देश अपने अधिकार क्षेत्र में प्रत्येक बच्चे के लिए, बच्चे अथवा उसके मातापिता अथवा कानूनी अभिभावक की जाति, वर्ण, लिंग, भाषा, धर्म, राजनीतिक तथा अन्य विचार, राष्ट्रीय, जातीय अथवा सामाजिक उदगम, संपत्ति, विकलांगता, जन्म और हैसियत के किसी भी भेदभाव के बिना इस समझौते में प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करेंगे और इन्हें सुनिश्चित करने के सभी उचित उपाय करेंगे कि बच्चे के मातापिता, कानूनी अभिभावकों अथवा परिवार जनों की हैसियत, गतिविधियों, व्यक्त विचारों अथवा विश्वासों के कारण बच्चे को किसी भी प्रकार का भेदभाव या दंड न झेलना पड़े।ह्य

अनुच्छेद 20 में कहा गया है, 'अगर कोई बच्चा अस्थाई अथवा स्थाई रूप से अपने पारिवारिक वातावरण से वंचित है, अथवा उसी के सर्वोत्तम हित में उसे अपने पारिवारिक वातावरण में भेजना उचित नहीं है, तो ऐसी स्थिति में वह बच्चा सरकार की ओर से विशेष संरक्षण और सहायता पाने का अधिकारी होगा।'

अनुच्छेद 23 में कहा गया है कि समझौते में शामिल देश यह सुनिश्चित करेंगे कि मानसिक अथवा शारीरिक रूप से विकलांग बच्चे को पूर्ण और अच्छी जिंदगी जीनी चाहिए और इस जिंदगी में गरिमा सुनिश्चित होनी चाहिए।

अनुच्छेद 28 में उल्लेख है कि समझौते में शामिल देश बच्चों के शिक्षा के अधिकार को मान्यता देंगे और समान अवसर के आधार पर इस अधिकार को उपलब्ध कराने में निरंतर प्रगति के लिए प्राथमिक, सामान्य और व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य बनाकर सभी बच्चों को निशुल्क उपलब्ध करायेंगे।

अनुच्छेद 30 में यह प्रावधान है कि जिन देशों में जातीय अथवा भाषाई अल्पसंख्यक और आदिम निवासी रहते हैं, वहाँ उनके बच्चों को अपने धर्म के बारे में बताने या उसे मानने अथवा अपनी भाषा का प्रयोग करने के अधिकार से वंचित नही किया जायेगा।

अंत में भारत की वचनबद्धता को दशार्या गया है। यथा– भारत राज्य विशेष रूप से, अपनी नीति को इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए निर्देशित करेगा–

- कि श्रमिकों, पुरुषों और महिलाओं और सुकुमार उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य और शक्ति के साथ दुर्व्यवहार नहीं होगा और आर्थिक आवश्यकता के कारण नागरिकों द्वारा ऐसे व्यवसाय करने को बाध्य नहीं किया जाएगा, जो उनकी आयु अथवा शक्ति के अनुकूल नहीं है;
- कि बच्चों को स्वस्थ तरीके और स्वाधीनता तथा गरिमापूर्ण परिस्थितियों में विकास करने के अवसर दिए जायेंगे और बचपन तथा यौवन को संरक्षण मिलेगा, ताकि उनका शोषण और नैतिक तथा भौतिक परित्याग न होने पाए।

**(लेखक दलित साहित्य में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं, संपर्क. 09412871013.)**

# 'कविता कभी खत्म नही होती'

## जाता हुआ समय



**कौशल किशोर**

2022 में जिस बड़े पैमाने पर कृतियां प्रकाशित हुई हैं, उसे देखकर कहा जा सकता है कि कोरोना संक्रमण का जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था, उससे साहित्य समाज बाहर निकल आया है। वैसे इस महामारी के दौर को साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में बखूबी दर्ज किया। न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन के 'समकाल की आवाज' सीरीज का आरम्भ 2021 में हुआ था। इसके तहत 18 कवियों के 'चयनित कविताएं' शीर्षक से संकलन आए। परन्तु वर्ष 2022 में तो इस प्रकाशन संस्थान ने इतिहास ही बना दिया। प्रेमचंद जयंती 31 जुलाई के दिन इसके द्वारा 21 कवियों के कविता संकलन का सीरीज जारी किया गया। इसमें स्वप्निल श्रीवास्तव, शैलेन्द्र शांत, महेन्द्र नेह, गीता गैरोला, असंग घोष, कुमार मुकुल, रमेश प्रजापति, कमलजीत चौधरी, मणि मोहन, केशव तिवारी, डॉ कर्मानन्द आर्य, शरद कोकास आदि शामिल हैं। 'चयनित कविताएं' का दूसरा खण्ड भी 2022 के अंत होते-होते जारी हुआ। इसमें जीवन सिंह, उद्भ्रांत, मिथिलेश श्रीवास्तव, सुभाष राय, डी एम मिश्र, बलभद्र, कैलाश मनहर, मनोज शर्मा, प्रतिभा कटियार, राजकिशोर राजन, विजय सिंह, मालिनी गौतम, अग्निशेखर सहित पच्चीस कवि शामिल हैं। इस तरह एक वर्ष के भीतर 46 कवियों के संकलन को प्रकाशित करना साहसिक काम तो है ही, उसके साथ कविता पर भरोसा जताना भी है। जैसा कि प्रकाशकीय वक्तव्य में कहा गया है ह्यजब भी मनुष्यता पर संकट आया, समकालीन कविताएं मनुष्यता को बचाने के लिए सबसे पहले सामने आती हैं।.....समकाल की आवाज उसी आवाज को कहा जा सकता है जो अपने समय और समाज को सही रूप में प्रतिबिम्बित के साथ-साथ उसे आगे की ओर ले जाती हो।'

कोरोना के संक्रमण के दौरान हमने अनेक कवियों-रचनाकारों को खोया है। कवयित्री शुक्ला चौधुरी उन्हीं में रही हैं। वे संक्रमित हुई और 23 मई 2021 को उनका निधन हुआ। शुक्ला चौधुरी की कविताओं का पहला संग्रह है 'अनछुआ रह गया आकाश'। सोचता हूँ आज होतीं और अपने कविता संग्रह को देखती तो उनकी कैसी प्रतिक्रिया होती। किसी के जीवन में उसकी कविताओं की पहली किताब का आना किसी नवागंतुक से कम नहीं होता है। संग्रह की शुरूआत 'घर' शीर्षक से तीन कविताओं से होता है। इसमें 'घर' की कई छवियाँ हैं। पहली कविता में कहती हैं: 'नाम के भरम में/मत पड़ जाना/यहाँ संगमरमर वाली बात/नहीं है कहीं/दरवाजे पर टांगकर/रखा हुआ है प्रेम/जिसका एक सिरा पकड़ कर/अंदर आ जाना' । उनकी कविताओं का आरंभ यहीं से होता है। प्रेम, प्रेम और प्रेम । यह मनुष्यता के रंग में रंगा है।

वरिष्ठ कवि जवाहरलाल जलज का दूसरा संकलन 'रहूंगा तब तक इसी लोक में' आया। इनकी कविताओं में लोक की पीड़ा है। इसमें प्रतिरोध का स्वर है। इनकी विशेषता है कि ये अपने प्रतिरोध को नारा नहीं बनने देते। इसकी विस्तृत भूमिका कवि और आलोचक भरत प्रसाद ने लिखी है।

दिविक रमेश उन गिने-चुने रचनाकारों में हैं जिन्होंने साहित्य की कई विधाओं में सृजन किया है। कविता, अनुवाद, आलोचना के अतिरिक्त उन्होंने बच्चों के लिए कविता, कहानी व नाटक लिखे हैं, विदेशी साहित्य से अनुवाद किये हैं। 2021 में 'पचास कविताएं: कुछ चहेती मेरी भी' शीर्षक से काव्य संग्रह आया, वहीं इस साल ह्यकवि के मन सेह्ल आया जिसका प्रकाशन इंडिया नेटबुक्स ने किया। इसमें कवि दिविक रमेश द्वारा चयनित कविताएं हैं। वे 75 के पार है पर आज भी उनकी सृतनात्मक सक्रियता बेमिसाल है। वे मानव प्रेम की बेहद आत्मीय व स्नेहिल दुनिया रचते हैं।

सेतु प्रकाशन ने भी अनेक कविता संकलन प्रकाशित किए हैं। स्वप्निल श्रीवास्तव का 'घाड़ी में समय' और सुभाष राय का 'मूर्तियों के जंगल में' खासा चर्चित रहा है। ये कवि अपने समय की चुनौतियों से लगातार टकराते हैं। रुख प्रकाशन ने पंकज चतुर्वेदी का चौथा काव्य संकलन प्रकाशित किया है। इनकी कविताओं पर टिप्पणी करते हुए प्रियदर्शन कहते हैं कि पंकज चतुर्वेदी ऐसी काव्य-भाषा गढ़ने में कामयाब होते हैं जिसमें व्यंग्य का तीखापन भी है, विचार की गहराई भी। सेतु प्रकाशन से मोहन कुमार डहेरिया का पांचवां कविता संग्रह 'चरण कमलों के दौर में' आया। युवा कवि

### काव्य परिदृश्य - 2022

पंकज चौधरी का कविता संग्रह है 'किस-किस से लड़ोगे' भी यहीं से आया। इसने पाठकों का ध्यान आकर्षित किया। इनकी कविताएं सामाजिक वर्जनाओं, विडंबनाओं, विसंगतियों और इस व्यवस्था की क्रूर और नग्न हकीकत से रूबरू कराती हैं। ये राजनीतिक से अधिक सामाजिक और सांस्कृतिक हैं। पंकज चौधरी की कविताएं वर्णाश्रमी व्यवस्था की परतों को खोलती हैं। इनमें व्यक्त यथार्थ बहुतों के लिए सुपाच्य नहीं है। साहित्य का भद्रलोक या अभिजन समाज इसे कलाविहीन मानते हुए दरकिनार भी कर सकता है। लेकिन इसे नकारा नहीं जा सकता है।

राकेशरेणु का तीसरा कविता संग्रह है 'नए मगध में' जो अनुज्ञा बुक्स से आया है। यह अतीत की गाथा नहीं है बल्कि हमारे समय की महागाथा है जिसे राकेशरेणु ने पूरे त्वरण और भावावेग से रचा है। इतिहास वर्तमान में प्रवेश करता है। इसके संदर्भ, यथार्थ और ट्रीटमेंट में नवीनता है। यह 'अशोक की मूल्य चेतना, चंद्रगुप्त मौर्य की शौर्य गाथाएं व चाणक्य की नीतियों के' पुराने पड़ जाने और नए घटोत्कच के उदय की कथा है। इस मगध में मुसोलिनी भी है। फिर समझा जा सकता है इस मगध के चरित्र को। 2022 में जो संग्रह आये हैं, उनमें यह महत्वपूर्ण है।

अजय सिंह अपनी सत्ता विरोधी राजनीतिक कविताओं के लिए जाने जाते हैं। उनका दूसरा कविता संग्रह गुलमोहर किताब से आया है। शीर्षक है 'यह स्मृति को बचाने का वक्त है'। इनकी कविता की दुनिया प्रेम, सुन्दरता, राजनीति और क्रान्ति से मिलकर बनती है। रंजीत वर्मा का नया संकलन 'यह रक्त भरा समय है' भी साल बीतते आया। इसे परिकल्पना ने छापा है। इनकी कविताएं क्रूर, हिंसक और अलोकताांत्रिक होती व्यवस्था की सच्चाई को सामने लाती है जिसमें हत्यारे-बलात्कारी सम्मानित-प्रतिष्ठित होते हैं और वरवर राव जैसे कवि को जेल की सींखचों में बंद किया जाता है।

2022 के आरम्भ में बोधि प्रकाशन से युवा कवयित्री अनुराधा ओस का संकलन आया 'वर्जित इच्छाओं की सड़क'। वहीं, उर्मिल मोंगा की कविताओं का संग्रह 'लड़ना है न्याय युद्ध' संभव प्रकाशन से आया। जहां अनुराध ओस की कविता में स्त्री जीवन की अनुभूतियां हैं, वहीं उर्मिल मोंगा का इस बात पर जोर है कि औरतों की लड़ाई उनकी स्वयं की लड़ाई है। संभव प्रकाशन से ही पंजाबी कवि हरिभजन सिंह रेणु का संकलन 'एंटीने पर बैठी सोन चिड़ी' आया। पंजाबी से हिन्दी अनुवाद उर्मिल मोंगा और पुरूषोत्तम शास्त्री ने किया है। अमरजीत कौंके पंजाबी और हिन्दी साहित्य के बीच सेतु हैं। उनका नया संग्रह 'आकाश के पन्ने पर' प्रतीक पब्लिकेशन से आया।

2022 में अनेक साझा संकलन भी आए। किसान आंदोलन को लेकर पिछले दिनों ढ़ेर सारी कविताएं लिखी गईं। नीरज कुमार मिश्र और अमरजीत कौंके के संपादन में किसान जीवन और संघर्ष पर लिखी 134 कवियों की कविताओं का संकलन 'कविता में किसान' शीर्षक से आया। कवि व गीतकार शिव कुमार पराग के संपादन में होली व वसंत के गीतों और कविवताओं का संकलन 'उड़त गुलाब' शीर्षक से आया। युवा कवि प्रद्युम्न कुमार सिंह के संपादन में साझा संकलन 'खुशबू की तलाश में गुलमोहर' आया। इसमें 16 समकालीन कवियों की कविताएं शामिल है। न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन ने 'कोठिल' नाम से हिन्दी और उसका भोजपुरी अनुवाद प्रकाशित किया है। इसमें 52 कवियों की कविताएं हैं। हिन्दी से भोजपुरी अनुवाद जगदीश नलिन ने किया है।

2022 में देवेन्द्र आर्य के दो संकलन आए। कविता की किताब 'रंगायो जोगी कपड़ा' तथा गजल संग्रह ह्यमन कबीरह्ल आया। धर्मेंद्र कटियार का गजल संग्रह 'शहर के वास्ते' भी इसी साल आया। प्रवीण परिमल के दो संकलन आए। वे हैं 'प्रेम का रंग नीला' और 'जंगल से लौटकर'। कवि-उपन्यासकार वीरेन्द्र सारंग का पांचवा कविता संग्रह 'कथा का पृष्ठ' भारतीय ज्ञानपीठ से आया। कैलाश मनहर का संग्रह 'उतरते इक्कीस के दो महीने', मुकेश प्रत्युष का 'हाशिए के लिए जगह', जनेश्वर का 'रोशनी की तरेड़', रवि खण्डेलवाल का 'उजास की एक किरण', मुकेश कुमार सिन्हा का '...है न!', अजय गुप्ता की मानव काव्य-गाथा 'पल की यात्रा', पीयूष सिंह का काव्य संग्रह 'रंग महसूस होते हैं' इस साल आए। कहा जा सकता है कि 2022 का वर्ष साहित्य की दृष्टि से काफी उत्पादक और सृजनात्मक रहा है। सैकड़ों की संख्या में नहीं हजारों की संख्या में काव्य-कृतियां आई हैं। उनके विविध स्वर हैं।

**एफ - 3144, राजाजीपुरम, लखनऊ - 226017**
**मोबाइल - 8400208031**

## व्यंग्य



# नए साल में सवाल ही सवाल !

**अनूप श्रीवास्तव**

एक और नया साल ! कुछ नई उम्मीदें और बहुत सारे संकल्प !!आगत का स्वागत । ढेर सारी आकांक्षाएं । कुछ नया ,ढेर सारा पुराना । नए साल का टेंडर करने के लिए अलग अलग पार्टियों के वेंडर कतार में खड़े हैं । हाँ इसी नए साल में पंचसाला टेंडर भी भरे जाने हैं इसलिए कदम कदम पर जोड़ तोड़ और सवाल पर सवाल हैं। हाँ , इस नए साल में कुछ नए टेंडर पाने की जमीन पिछले साल तैयार हुई थी जिस पर पूरी तरह काम होना बाकी है। लोकतंत्र में 'छुपेरुस्तम'प्रहरियों के कुछ टेंडर पिछले साल खोले गए थे । छुपे रुस्तमों द्वारा टेंडर की नई जमीन भी तैयार की गई थी। उनकी यशगाथायें आगे चलकर नए रुस्तमो को प्रेरणा देने का काम करेंगी ।इसीलिए कि हम परम्परावादी हैं । हमारी परम्पराएं मूल्यवान हैं ।हम मूल्यहीन प्रश्नों और तर्कहीन जवाबों पर विश्वास नहीं रखते । हर प्रश्न की अपनी कीमत है। जनहित मे उसे प्रस्तुत किये जाने पर और भी कीमती हो जाता है । बाहर तो 'लॉबिंग' पर सरकार बाकायदा टैक्स वसूलती है ।जनता उसे वजनी मानती है।

हमी हैं जो अपने ढोल की पोल से परेशान हैं । बिना पोल के ढोल किस काम का ? न मढ़ने में न बजने में । ऐसे ढोल से क्या फायदा ? यह भी कोई बात हुई कि जिसके पास ढोल दिखाई दिए उसी के गले मढ दिए गए। अब भला कौन समझाए कि नाचने के लिए आंगन का टेढ़ा होना जरूरी है । अगर नाचने के लिए कुछ लोगों ने अपना आंगन टेढ़ा कर भी लिया तो इतना हाय तौबा क्यों ?

नए साल में टेंडरों की फेहरिश्त भी काफी लंबी है । नटवर त्रिभंगी मुद्रा में हैं । उमा ताल बेताल हैं ।इक्कीसवीं सदी ने जितना कुछ निगला है उसे पचाने की भी कशमकश है। तभी 2024 का आम चुनाव नए साल की दहलीज पर गहरी परछाइयां लेकर खड़ा है । ऐसे में दूर के ढोल की तरह दूर के देवता भी अपने को सुहावना बता रहे हैं ।

देश मे गरीबी पांव पसारे पड़ी है ।भुखमरी के यत्र तंत्र दंश हैं ।अशिक्षा से हमारी जुगलबंदी है । हमे बेरोजगारी भाती है क्योंकि हम महा आलसी हैं । वैसे हमारे यहां भारत जोड़ो यात्रा ने बड़ो बड़ो की नाक में दम कर रखा है। हमारे आगे पीछे सिर्फ चुनाव की ही बातें है ।यह दीगर बात है कि आजादी के पचहत्तर साल बीत जाने के बाद भी हमारा चुनाव आज भी मुंह बाए खड़ा है। चुनावी ढोल हमेशा मुंह बाए खड़ा रहता है। अगर राजनीतिक दलों का जिक्र न भी करें तो भी हमारे यहां बजरंगदल है। विश्व हिंदू परिषद है । दुर्गा वाहिनी है ।इस्लामिक संगठन हैं । क्रिश्चियन सोसाइटी है । नव बौद्ध दलित संगठन हैं । पार्टियां छोटी हैं फ्रेम बड़े हैं । इनके पांव पीछे की ओर हैं । देखते आगे चलते पीछे हैं । हम रोशनी की जगह अंधेरा बांट रहे हैं । स्कूल हैं तो विद्यार्थी गायब हैं । दोनो हैं तो स्कूल गायब है । पीपल की घनी छांव में शिक्षा पैर पसारे पड़ी है । नए साल में कहां टेंडर पड़ेंगे ? सबकी आंखों के आगे यही सवाल है । जो बीत गया वह तो बवाल था अब तो कहने को हमारे कंधों पर नया दुशाला डाले नया साल है ।

जिस प्रकार आत्मा अपने पुराने शरीर को त्याग कर नए शरीर मे लांच हो जाती है,ठीक उसी तरह पुराना साल आउटडेटेड होकर नया साल धारण कर लेता है । नया साल हर साल जन्म लेता है । विश्व मे मनुष्यों, पशुओं सहित सभी जीवधारियों की प्रजातियों की आबादी के बाद सबसे ज्यादा आबादी नए सालों की है ।

कहने को हर साल नया साल बीर बहूटियों की तरह सज धज कर आता है। जाते साल को हम ठीक से टाटा भी नहीं कर पाते हैं कि नया साल नए आगंतुक की तरह हमारे गले पड़ जाता है । यही क्या कम है कि पुराने साल की रवानगी और नए साल की आमद साल दर साल हम आधी रात को दर्ज करने की परंपरा पूरी अंग्रेजियत से मना लेते हैं और अपने फागुन को याद तक नहीं करते । दिन दहाड़े तो हम सिर्फ अप्रैल फूल मनाते हैं । नए साल की दस्तक होते ही पुराना साल बेगाने रेलयात्री की तरह प्लेटफॉर्म आते ही मुंह फेर कर बिना टाटा किये उतर जाता है ।पहले नए साल का मतलब नया कैलेंडर डायरी और बड़े लोगो मे 'डाली' पहुंचाई जाती थी । लेकिन जब से मोबाइल आया कलाई से घड़ी उतर गई दीवारों से कैलेंडर का मोह खत्म हो गया ।

अब नए साल की अगवानी का मतलब ढूढना मुश्किल हो रहा है । अधिकांश सरकारी अधिकारियों ,कर्मचारियों की वेतन बढोत्तरी नए साल में हो जाती है ।इंक्रीमेंट लग जाता है । खरगोश की गति से चल रहे तमाम विकास कार्यों को कछुए की गति से पूरा करने के संकल्प लिए जाते हैं क्योंकि इन्हें पता है कि अंततः जीत कछुए की ही होती है । डॉक्टर नए नए नर्सिंग होमो में नए पैकेज के साथ गरीबों की सेवा करने का संकल्प लेते हैं । अब गरीब अपनी टेंट मजबूत न हो पाने के चलते नर्सिंग होम न जा पाए तो यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है । सरकार जाने,गरीब जाने या उसकी तकदीर जाने । इंजीनियर नए नए ओवर ब्रिजों की संस्तुति की खबर अखबारों में ढूढते हैं और सम्बन्धों के नए नए ब्रिज राजनीतिक गलियारों में बनाने के लिए संकल्प लेते हैं । व्यापारी पिछली दीवाली से पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने और जीएसटी घटाने की कामना शुरू कर देते हैं ताकि मंहगाई के झूले के साथ उनका मुनाफा नए साल में और कुलांचे भरे ।नेताओं के लिए नया साल निगेटिव शेड्स लेकर आता है । पांच साल के लिए सत्ता की दहलीज पर खड़े लोगों को लगता है कि शाही जिंदगी कोहरे की अरदब में आ गयी है । इसलिए वे भी नई नई विकास योजनाओं को जल्दी जल्दी निपटने में लग जाते हैं । धन आवंटन और मन आवंटन दो अलग अलग चीजें हैं क्योंकि लोकतंत्र में नोट और वोट दोनो जरूरी है ।इसलिए नया साल मनाना हमारे लिए जरूरी है और मजबूरी है ।

'बेगर्स हैव नो च्वाइस' नया साल हमें बख्शीश में मिला है । जो तोहफा हमें मुगल शासक नहीं दे सके थे वे हमारे गौरांग प्रभु बख्शीश में दे गए थे । हम जैसे स्वतंत्रता दिवस मनाकर अपनी नई पीढ़ी को जताते हैं कि हम कभी गुलाम थे ठीक उसी तरह से नया साल मनाकर हम कभी दी गयी बख्शीश को भी याद कर लेते हैं ।इस तरह से नया साल हमारे हर तीज त्योहार पर भारी पड़ जाता है । नए साल में यह कहना मुश्किल है कि वह हमें किस घाट उतरेगा ? जो घाट घाट का पानी पिये हुए हैं हो सकता है वे न घर के रहे न घाट के ।और जो घाट पर खड़े हैं नए साल में छलांगे लगाते नजर आये । भैये ! नया साल किसी को पदस्थ करेगा किसी को अपदस्थ करेगा । क्या पता ? नए साल से हमारी सिर्फ इतनी फरियाद है कि वह यह न भूले कि कल तक हम वर्तमान थे आज अतीत हैं सिर्फ याद हैं ।

**(सी पी 5,सेक्टर सी,पत्रकार कालोनी,लखनू, संपर्क 9335276946)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# भुगतान के लिए प्रधानों ने किया विरोध प्रदर्शन

**नाराजगी**

### बीडीओ के कार्य प्रणाली से ग्राम प्रधानों में आक्रोश



सहायक विकास अधिकारी आईएसबी को ज्ञापन सौंपते प्रधान

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में प्रधान संघ के अध्यक्ष एहतराम खां की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री खान ने कहा कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के अंतर्गत महीनों पूर्व कराए गए पक्के कार्यों का भुगतान न होने की दशा में हम ग्राम प्रधानों में काफी आक्रोश है। साथ ही खंड विकास अधिकारी की कार्यप्रणाली से प्रधानों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि खंड विकास अधिकारी द्वारा जहानागंज ब्लॉक का भुगतान किया गया जबकि इनके द्वारा मेहनगर के ग्राम पंचायतों का कुछ अंश भुगतान हो गया होता तो ईंट भट्ठा के अलावा सीमेंटेड ईट व्यवसाई हम लोगों के घरों पर रोज तगादा करने नहीं पहुंचते। अंत मे ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी आईएसबी सुमिंदल को सौंपा। इस बाबत प्रभारी बीडीओ विकास शुक्ला का कहना है कि सर्वर डाउन होने की दशा में मेहनगर का भुगतान नही हो सका। प्रदर्शन से पूर्व ग्राम प्रधानों ने प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी की 100 वर्षीय माता हीराबेन के निधन पर शोक सभा कर गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। मौके पर प्रधान लालजी यादव, अदालत सरोज, प्रधान प्रतिनिधि अविनाश, मनोज, संतोष, बिहारी, पप्पू आदि उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों को बांटे गये 800 कम्बल

**फूलपुर (आजमगढ़)।** ठंडक से बचने के लिए तहसील प्रशासन द्वारा समारोह आयोजित कर जरुरतमंदों को 800 कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। फूलपुर तहसील परिसर में भाजपा जिलाध्यक्ष लालगंज ऋषिकान्त राय, जिला उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह, एसडीएम नरेंद्र गंगवार एवं तहसीलदार सजंय कुमार कुशवाहा के द्वारा जरुरतमंदों में कम्बल के वितरण किया गया। माहुल और फूलपुर नगर सहित कुल 60 गांव के 800 असहाय और गरीब महिला और पुरुषों को शासन द्वारा मिले कम्बल का वितरण किया गया। फूलपुर तहसील में कुल 397 ग्राम पंचायत है। वितरण के दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त राय ने कहा कि शासन के द्वारा जो भी कम्बल भेजा गया है। अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष हनुमंत व संचालन तहसीलदार सजंय कुमार कुशवाहा ने किया। मौके पर नायब तहसीलदार सुशील कुमार, नायब तहसीलदार आदर्श सिंह, जिलामंत्री दिलीप सिंह बघेल, रानुप्रताप राणा, सूरज अग्रहरि, अखिलेश आर्य, राकेश, राममनी, रामजीत, नागेन्द्र, अमित, सौरभ, राजेश, प्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण रोकने के लिए ग्रामीणों ने एसडीएम से लगायी गुहार



तहसील पर प्रदर्शन करते ग्रामीण

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील अंतर्गत सराय सैफ ग्राम निवासियों ने उप जिलाधिकारी निजामाबाद को ज्ञापन देकर हो रहे पोखरें भीटे पर आक्रमण को रोकने के लिए न्याय की गुहार लगाई।

निजामाबाद तहसील अंतर्गत स्थित सराय सैफ ग्राम निवासियों ने निजामाबाद तहसील में 50 की संख्या में पहुंचकर पोखरे और भीटे पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए उप जिलाधिकारी निजामाबाद से न्याय की गुहार लगाई और ग्रामीणों ने कहा कि सरायसैफ गांव में मात्र एक ही पोखरा और भीटा है जो पूरे गांव के काम आता है लेकिन लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया जा रहा है और मकान और बाउंड्री कराई जा रही है। जिसे ग्राम वासियों में आक्रोश व्याप्त है ग्राम वासियों ने निजामाबाद तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी निजामाबाद रवि कुमार से पोखरे का सीमांकन कराकर पोखरे और भीटे पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की। इस मौके पर शोभा यादव, मनीष, चंद्रजीत, विकास, शेषनाथ, योगेंद्र, लालसा, रणजीत, अमित पाल, कमलेश यादव, राहुल, योगेंद्र, परमानंद, हरिराम, राम शब्द, अच्छेलाल, रोहन, विकास, राजनाथ आदि लोग मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक ने परेड ग्राउंड का किया निरीक्षण



परेड का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा पुलिस लाईन्स में शुक्रवार को परेड का निरीक्षण किया गया, परेड में पुलिस लाईन्स तथा पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नियुक्त आरक्षी, मुख्य आरक्षी, उप निरीक्षक व निरीक्षकों द्वारा भाग लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने परेड में भाग ले रहें डॉग स्क्वाड व ड्रोन कैमरा दल का भी निरीक्षण किया गया।

परेड में सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर शक्ति मोहन अवस्थी व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन्स के साथ अन्य पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहें। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड निरीक्षण के पश्चात आरक्षियों का मेस, बैरक, आवासीय परिसर, अन्य शाखाओं का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। यूपी 112 के दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों का निरीक्षण किया गया तथा कमियों को दूर करने हेतु प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया, तैनात कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता की भी जांच की गई। ड्यूटी के दौरान समस्त कर्मचारी बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही वाहन में सदैव दंगा नियंत्रण उपकरण रखने, यूपी 112 की गाड़ियों, टैबलेट व अन्य उपकरणों के बेहतर रख-रखाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# जनपद स्तरीय तैयारी बैठक आज

**आजमगढ़।** उपायुक्त उद्योगएसएस रावत ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आगामी 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में ह्लउत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय समिट व्यापार एवं निवेश के अवसरों के अन्वेषण व सृजन हेतु विश्व भर से एकेडमिक्स, प्रबुद्धजन, नीति निर्धारकों एवं कॉपोरेट नेतृत्व को सशक्त मंच प्रदान करते हुए राज्य के समावेशी विकास हेतु सहभागिता सुनिश्चित करेगी। उक्त के सम्बन्ध में समस्त जनपदों में 20 जनवरी तक जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया कि 31 दिसम्बर को अपरान्ह 12.30 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है।

# देवारा विकास संघर्ष समिति ने किया धरना-प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**



रिक्शा स्टैंड पर धरना देते देवारा विकास संघर्ष समिति के लोग

**आजमगढ़।** देवारा को बाढ़ग्रस्त घोषित किए जाने की मांग को लेकर देवारा विकास सेवा समिति के बैनर तले शुक्रवार को रिक्शा स्टैंड पर धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद समिति के अध्यक्ष रामकेदार यादव की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल सीएम को सम्बोधित पत्रक जिला प्रशासन को सौंपा गया।

सौंपे गए पत्रक में अध्यक्ष रामकेदार यादव ने बताया कि आजमगढ़ के देवाराचंल में 30 वर्ष में पहली बार इस तरह का बाढ़ देखने को मिला है। जिसमे 35 ग्राम पंचायतो के लगभग सैकड़ों गांव के किसान प्रभावित हुए, हजारों किसानों की खड़ी फसल को घाघरा के बाढ़ की विभिषिका ने लील लिया। जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई लेकिन हजारों-हजार बीघा खड़ी फसलों के जलमग्न होने के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ की सही स्थिति शासन को नहीं भेजा। परिणामस्वरूप देवारा के किसानों को किसी तरह का कोई मुआवजा नहीं मिल सका। अध्यक्षीय संबोधन में रणजीत सिंह ने कहा कि स्थानीय प्रशासन को किसानों की समस्याओं को समाप्त करने का कार्य किया जाना चाहिए था लेकिन उनके द्वारा समस्याओं को बढ़ाए जाने का कार्य किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जब तक देवारा के किसानों की मांग पूरी नहीं होगी तब तक हम लोग आगे भी समय समय पर सांकेतिक रूप से प्रदर्शन करते रहेंगे। इस मौके पर राजीव यादव, रामनयन यादव, राजनीति यादव, सूर्यभान यादव, किसमती, नीलम आदि शामिल रहे। संचालन राजू मिश्र ने किया।

# पीएम की माता के निधन पर श्रृद्धांजलि सभा



पुष्प अर्पित कर शोक संबेदना व्यक्त करते लोग

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर के दयानंद बाल विद्या मंदिर प्रांगण मे शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री की मां हीरा बेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता जितेंद्र सिंह गुड्डू ने कहा कि मां हीराबेन के निधन से हम दुखी तो है जिन्होंने मोदी जैसे युगपुरुष को जन्म दिया जिनके लाल की वजह से विश्व पटल पर देश को गौरवान्वित किया। नीरज तिवारी ने कहा कि ऐसी मां जी को बारंबार नमन है कि जिनके लाल की वजह से आज पूरा विश्व भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। इस मौके पर जितेंद्र सिंह गुड्डू , चन्द्र जीत तिवारी, नीरज तिवारी, सुनील पांडे, रमेश सिंह रामू, धर्मेंद्र निषाद राजू, दिनेश मद्धेशिया, महेंद्र यादव, रामजतन मोदनवाल, निजामुद्दीन, वैभव चैरसिया, जयप्रकाश जायसवाल, रामचंद्र जायसवाल, मोहित यादव, आनंद तिवारी, चंदन मिश्रा, सुभाष निषाद आदि लोग उपस्थित रहे। माहुल प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय नगर के शिवाजी चैक पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री की मां हीरा बेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सुजीत जायसवाल आंसू ने कहा कि मां हीराबेन के निधन से हम दुखी तो है पर अपनी कोख से उन्होंने मोदी जैसे युग पुरुष को पैदा किया। जिसने विश्व पटल पर देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने आगे कहा कि काश हर मां की कोख से मोदी जैसा बेटा पैदा होता। ऐसी मां को हम प्रणाम करते है। इस मौके पर सलमान कुरैशी, अमित जायसवाल, रमेश राजभर, राममिलन अग्रहरी, राना शर्मा, राहुल शर्मा, सरोज शर्मा, पवन चैहान, साक्षी जायसवाल, कान्हा जायसवाल, प्रांजल आदि लोग उपस्थित रहे।

रानी की सराय प्रतिनिधि के अनुसार नितिन पांडे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गयी। इस मौके पर अशोक कुमार पांडेय, डॉ.मनोज कुमार पांडेय, अनुपम पांडेय, आशुतोष पांडेय आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में शिवानंद राय.सुनील राय, सुधिराम गोड ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।

### मां का आशीर्वाद ही संसार में दैवीय सत्ता का प्रमाण: अंकित

**आजमगढ़।** नगर के गुरुघाट स्थित श्री राम जानकी मंदिर में चल रहे संगीत मय श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा वाचक अंकित चतुवेर्दी जी महाराज ने शिव विवाह का अद्भुत वर्णन करते हुए कहा कि मां द्वारा दिया गया संस्कार ही जीवन को संवारता है और बड़ी से बड़ी उपलब्धि प्राप्त कराने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि पार्वती मैया की विदाई करते समय जो संदेश माता मैना ने दिया वही हर मां को देना चाहिए। माता जी ने कहा कि बेटी सदा शंकर जी के चरणों में प्रेम करना एक स्त्री के लिए पति से बड़ा कोई देवता नहीं जिससे समाज में वैवाहिक जीवन सुखमय हो सके। मां के प्रेम का ऐसा भाव पूर्ण वर्णन सुनकर श्रोतागण के नेत्र सजल हो उठे। इसके बाद कथा मर्मज्ञ अंकित चतुवेर्दी ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर सुभाष चंद्र तिवारी (कुंदन), समाजसेवी अभिषेक जायसवाल दीनू, मंदिर के महंत संजय कुमार पांडेय, नंदू सोनकर, ओम प्रकाश गुप्ता, नवीन वर्मा, कविकांत उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की मौजूदगी में किसानों को दी गयी खाद



यूरिया के लिए सड़क पर प्रदर्शन करते किसान

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़-जीयनपुर खंड विकास मार्ग पर अजमतगढ़ समिति के सामने किसानों ने यूरिया खाद के लिए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। घंटों मशक्कत के उपरांत दोपहर बाद पुलिस की मौजूदगी में किसानों को खाद वितरित की गयी।

शुक्रवार कि सुबह अजमतगढ़ साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद को लेकर स्थानीय किसानों ने पहुंचकर साधन सहकारी समिति पर ताला लटका देखा तो जीयनपुर-अजमतगढ़ मुख्य मार्ग पर सड़क जाम कर दिया और नारेबाजी करने लगे। सूचना पर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ पहुंच गये और स्थिति को संभाला। एसडीएम राजीव रतन सिंह को खाद के लिए किसानों के प्रदर्शन की सूचना दी। एसडीएम के निर्देश पर सचिव रामचेत यादव ने दोपहर बाद ताला खोलकर समिति में उपलब्ध यूरिया खाद को पुलिस बल की मौजूदगी में किसानों को लाइन लगाकर आधार कार्ड जमा करके यूरिया खाद वितरित की।

गहमागहमी के बीच प्रति किसान एक-एक बोरिया यूरिया खाद देर शाम तक बांटी गयी। सचिव रामचेत यादव ने बताया कि मशीन खराब होने पर किसानों का अंगूठा निशान नहीं लिया जा सका। इस दौरान सिंटू राय, अजय, सोनू, विवेक, पंकज, तुलसी, गुड्डू, पवन, आदि आधा दर्जन गांव के सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के प्रति किया जाय जागरूक: जिलाधिकारी

**आग्रह**

### पांच जनवरी से चार फरवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा अभियान

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा माह 5 जनवरी से 4 फरवरी तक मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विभिन्न आयोजनों एवं गतिविधियों को सफल बनाने हेतु आवश्यकतानुसार संबंधित विभागों से परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि हेल्थ कैम्प का आयोजन कर वाहन चालकों, परिचालकों, यातायात पुलिस कर्मियों, प्रवर्तन सिपाहियों एवं स्कूली वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया जाय। उन्होने कहा कि होर्डिंग, फ्लैक्सी, वीडियो वैन आदि माध्यमों से सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक किया जाय। उन्होने कहा कि ट्रैक्टर ट्रॉली पर गन्ना मिल तथा स्वयं सेवी संस्थाओं तथा अन्य संस्थान, कम्पनी से प्रायोजित कराकर रेट्रो रिफ्लेक्टिव लगाये जाने हेतु प्रेरित किया जाय।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व जागरूकता पर बल दिया जाए। उन्होने कहा कि ओवर स्पीडिंग के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। वाहन डीलरों द्वारा वाहन बिक्री के साथ अनिवार्य रूप से हेलमेट बिक्रय पर जोर दिया जाय। 18 साल से कम उम्र के बच्चों के मोटर साईकिल चलाने पर स्कूल प्रबन्धक द्वारा अभिभावक को सूचित कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए टैजफिक पुलिस द्वारा चालान करने का निर्देश दिया। शराब पीकर गाड़ी चलाने पर चालान करने के निर्देश के साथ ही साथ मॉडल शाप के आस-पास बाईक सवार युवकों पर कड़ी निगरानी रखते हुए चेकिंग करने का निर्देश दिया।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

# 'मैं भी मां बन गया का हुआ भावपूर्ण मंचन'



**आजमगढ़।** हुनर संस्थान द्वारा जनपद में राष्ट्रीय एकता अखंडता व लोक कलाओ को बढ़ावा देने के उद्देश्य प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज में 26 से 30 दिसम्बर तक चल रहे हुनर रंग महोत्सव के चैथे दिन की संध्या का आगाज विधायक मुबारकपुर अखिलेश यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, अभिषेक जायसवाल दीनू ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

रॉकिंग डांस ग्रुप कैमूर बिहार के कलाकारों द्वारा भावपूर्ण गणेश वंदना समूह नृत्य से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। समारोह के चैथे दिन की पहली नाट्य प्रस्तुति नाटक मैं भी मां बन गया समाज के सामने लड़के और लड़की के भेदभाव को उजागर करता है, जहां औरत को बार बार बेटा पैदा करने के लिए मजबूर किया जाता है जबकि बेटा होगा या बेटी यह तो किसी के वश में नहीं है। परंतु यदि पुरुष को ही बेटा पैदा करना पड़ जाए तो जीवन की ट्रेजीडी हास्य में बदल जाती है, नाटक एक संदेश के साथ हसाता रुलाता जाता है और जब पूरी जायदाद होने वाले बेटे के नाम पर हो तो परिस्थितियां कितनी उलझ सकती हैं और यदि वसीयत बनाने वाला मर कर अप्रत्यक्ष रूप से जिंदा हो तो नाटक में बुंदेलखंडी बोली का इस्तमाल किया गया है जिसका बुंदेली रूपांतरण, और सहायक निर्देशन आरती विश्वकर्मा ने किया है। नाटक के लेखक निर्देशक सुनील राज है।

समारोह की दूसरी नाट्य प्रस्तुति प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी आरा बिहार द्वारा भिखारी ठाकुर लिखित मनोज सिंह के निर्देशन में नाटक गंगा स्नान का का मंचन किया गया।

तीसरी नाट्य प्रस्तुति आशीष अंशुमान आर्टिस्ट कल्चरल एसोसिएशन गंजम उड़ीसा द्वारा राजगोपाल पाढ़ी द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक शापित पुत्र का मंचन किया गया। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष मनोज यादव, हेमंत श्रीवास्तव, गौरव मौर्य, उपाध्यक्ष डॉ.शशि भूषण शर्मा, राकेश कुमार, रवि चैरसिया, अमरजीत विश्वकर्मा, कमलेश सोनकर, शशि सोनकर आदि उपस्थित रहे। संचालन सुनील दत्त विश्वकर्मा ने किया।

## संक्षेप

### सुभासपा विधानसभा अध्यक्ष को प्रधान पति ने पीटा



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के साल्हेपुर निवासी सुभासपा विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधान पति पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए दर्जनों कार्यकताओं के साथ थाने पर पहुंचकर तहरीर दी। साल्हेपुर निवासी रामबरत राजभर पुत्र घूरा राजभर ग्राम पंचायत साल्हेपुर के निर्वाचित सदस्य भी हैं। बाजार से घर वापस जाते समय भूपेंद्र सिंह पुत्र सत्यप्रकाश प्रधान पति और अवध नारायण सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने ग्राम सभा की जमीन बजरंगबली पूर्व माध्यमिक विद्यालय को आवंटित करने को लेकर ग्रापं सदस्य से हस्ताक्षर करवाया था, उसका विरोध करने पर सामुदायिक भवन के सामने गाली गलौज करते हुए ग्राम पंचायत सदस्य से मारपीट की। जीयनपुर थाने पर रामबरत राजभर व दर्जनों की संख्या में सुभासपा कार्यकताओं ने पहुंचकर तहरीर दी व न्याय की गुहार लगाई। इस दौरान बबलू, श्रवण, रिंकू, संजू, कैलाश आदि मौजूद रहे।

### 6 वर्षों से नहीं बन पाया कयाड़ नदी का पुल




**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज ब्लाक क्षेत्र के पटवध सरैया बाजार के पास से गुजरने वाली कयाड नदी पर बन रहा 6 वर्षो से पुल अभी भी अधूरा है। पुल दोनों तरफ से क्षतिग्रस्त हो चुका है। पुल को बनाने के लिए टेंडर भी चुका है गर्मी के दिनों कारीगर आते हैं कुद कार्य प्रारम्भ कर चले जाते हैं। पुल अधर में होने से स्थानीय लोगों में रोष है। बिलरियागंज ब्लाक अंतर्गत पटवध सरैया बाजार के निकट वहां से गुजरने वाली कयाड नदी के ऊपर अंग्रेजों के जमाने का बना हुआ पुल जिसकी दीवारें काफी जर्जर हो गई है और दोनों साइड से लगभग 8 से 10 फीट तक टूटकर नदी में समाहित हो चुकी है जिसका टेंडर लगभग 6 साल पहले का हो चुका है लेकिन स्थिति यह है कि पुल निर्माण वाले मार्च और अप्रैल के महीने में आकर अपना एक टेंट लगाकर दो-तीन महीने गुजारा करते हैं और फिर जून का महीना आते ही अपना टेंट समेटकर लापता हो जाते हैं यह स्थिति लगभग 4 सालों से बनी हुई है रोड काफी चैड़ी हो गई और पुल जस का तस सकरा ही पड़ा रहा जिसकी वजह से वहां आए दिन एक्सीडेंट और दुर्घटनाएं होती रहती हैं शादी और विवाह के समय में घंटों जाम का भी सामना करना पड़ता हैएक्सईएन पीडब्ल्यूडी संजीव कुमार ने बताया कि अभी मैं जनपद में एक साल से आया हूं और देखता हूं प्रयास करूंगा कि इस साल पुल का निर्माण कराया जाय।

### गांव को चमकाने में लग जायं सभी सदस्य: ब्लॉक प्रमुख



**संजरपुर (आजमगढ़)।** मिजार्पुर ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख फिरती देवी के नेतृत्व में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान व ब्लॉक के समस्त अधिकारी के साथ बैठक हुई। ब्लाक प्रमुख फिरती देवी ने गांव को चमकाने के लिए जी जान लगा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य गांव में काम कराने के लिए सूची बना कर दें। ग्राम प्रधान से भी उन्होंने कहा कि जो काम मेरे स्तर का है उसकी सूची बना कर दें और गांव को हर हाल में चमकाने की जरूरत है। गांव को चमकाने के लिए धनराशि कम पड़ने पर सरकार से मांग की जाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हाल में गांव के पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रह जाएं। यदि सरकारी योजनाओं में भूल बस कोई अपात्र का नाम हो तो उसको काट दें। खंड विकास अधिकारी राजन राय ने ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी हाल में अपने इलाके के गौशालाओं का देखभाल करें। ठंड के मौसम में ठंडक से बचाव के लिए गौशालाओं को टाट पन्नी लगाकर आड़ किया जाए जिससे कि सर्द हवा अंदर प्रवेश न कर सके। मौके पर बलवंत यादव, एडीओ पंचायत सुरेश प्रजापति, बृजेश चैरसिया, राकेश कुमार यादव, विनीत सिंह, संजय कुमार यादव, प्रमोद कुमार, परविंद मौर्या, मानस राय, मुकेश कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### डा. स्वस्ति सिंह को मिला डॉ. कनक गोयल अवार्ड



**आजमगढ़।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की 97 वार्षिक राष्ट्रीय महाधिवेशन, नैटकॉन में डा. स्वस्ति सिंह को पुरस्कृत किया गया। डा. स्वस्ति सिंह को सुरक्षित मातृत्व के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए डा. कनक गोयल अवार्ड 2021-22 के लिए चुना गया। उन्हें यह अवार्ड आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सहजानंद प्रसाद सिंह एवं महासचिव डा. जयेश लेले द्वारा प्रदान किया गया। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन का यह अधिवेशन 26-28 दिसम्बर 2022 को प्रयागराज (इलाहाबाद) में सम्पन्न हुआ। डा. स्वस्ति सिंह के पुरस्कृत होने से जनपद गौरवान्वित हुआ है। डा. स्वस्ति सिंह आजमगढ़ में स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में पिछले तीन दशक से चिकित्सा सेवा में सक्रिय हैं। उन्होंने उच्च जोखिम गर्भ को सुरक्षित बनाने तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के क्षेत्र में प्रशंसनीय योगदान दिया है। जनपद की अग्रणी चिकित्सक होने के साथ डा. स्वस्ति सिंह समाज सेवा भी उल्लेखनीय भूमिका निभाती हैं। उनको मिले सम्मान से जनपद में खुशी का माहौल है।

### तेरह अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट

**आजमगढ़।** एसपी अनुराग आर्य ने माफिया ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह गैंग के दो सहयोगियों समेत कुल ग्यारह अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। एसपी ने बताया कि कुख्यात अभियुक्त संजय सिंह पुत्र छविनाथ सिंह निवासी हरई इस्माइलपुर व अभियुक्त अरशद पुत्र अब्दुल निवासी ग्राम अतरकच्छा थाना जीयनपुर की संगति जिले के कुख्यात अपराधी ध्रुव सिंह उर्फ कुन्टू सिंह से है। इनके आपराधिक कृत्यों से आम जनता काफी भयभीत है। इनका स्वतंत्र विचरण जनहित एवं लोकहित में उचित नही है। इसी प्रकार गोकशी के मामले में आरोपित अभियुक्त बेचू कंकाली उर्फ खुर्शीद, निवासी नोनारी (कौरागहनी) थाना सरायमीर, अभियुक्त इरफान पुत्र अबु जफर, निवासी सदरूद्दीनपुर, थाना फूलपुर, अभियुक्त मेराज पुत्र सुफियान, निवासी कसाई मुहल्ला कस्बा थाना निजामाबाद तथा हत्या व लूट सहित कुल दस मामलों में आरोपित अभियुक्त शैलेन्द्र यादव उर्फ गुड्डू पुत्र बुद्दू यादव निवासी बभनौली माफी, थाना सिधारी व अभियुक्त गोपाल यादव पुत्र इन्द्रजीत यादव निवासी चकभाई खां थाना सिधारी तथा अभियुक्त वीरेन्द्र यादव पुत्र मेवालाल उर्फ डब्लू यादव निवासी कसड़ा आइमा, थाना जीयनपुर तथा गंभीरपुर थाना क्षेत्र के छांऊ ग्राम निवासी नदीम पुत्र शहाबुद्दीन शामिल हैं। इसी क्रम में चोरी की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्त छोटू उर्फ आतिफ, निवासी मुड़ियार, थाना फूलपुर को भी चिन्हित किया गया है। इसी के साथ गुजरात प्रांत के आलावा जिले के महराजगंज क्षेत्र में साइबर अपराध के लिए कुख्यात अभियुक्त राहुल मौर्या उर्फ उदय मौर्या पुत्र शंकर मौर्या निवासी रामपुर, थाना महराजगंज को शामिल किया गया है।

### एसडीएम ने निपटाया रास्ते का विवाद

**संजरपुर (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम संजरपुर गांव व दरिखाशेख अहमदपुर गांव का सरहदी गांव है जहां पर महीनो से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। संजरपुर स्थित लखनऊ बलिया मार्ग पर सटे दलित बस्ती के कब्रिस्तान के बगल में घर बनाकर रह रहे लोगों द्वारा कब्रिस्तान की जमीन से रास्ते की मांग की जा रही थी जिस पर शुक्रवार को राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर एसडीएम ने मामले का निस्तारण कराया। जिस जमीन से लोगों द्वारा रास्ते की मांग की जा रही थी वह जमीन दलित समाज की कब्रिस्तान निकली जिस पर उपजिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपाल को आदेशित किया कि कब्रिस्तान की जमीन चिन्हित करा कर घेराबंदी करा दिया जाए जिससे कि रास्ते के लिए विवाद न हो। कई महीनों से चल रहे विवाद का निस्तारण एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर कराया।

### अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील के अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष महामंत्री उपाध्यक्ष पद पर मात्र एक-एक नामंकन हुआ था जिसमें अध्यक्ष लालचन्द यादव, उपाध्यक्ष श्रीनाथ सिंह, महामंत्री फूलचन्द यादव को निर्विरोध चुना गया। मात्र कोषाध्यक्ष पद पर दो नामांकन के कारण चुनाव कराना पड़ा जिसमे इमरान अहमद एडवोकेट को 54 मत मिला अंगद यादव एडवोकेट को 35 मत मिला। 19 मत से इमरान अहमद बिजयी हुए। एल्डर कमेटी के चेयरमैन पीसीलाल श्रीवास्तव ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की। तत्पश्चात अन्य अधिवक्ताओं ने 2023 के लिए चुने गए संघ पदाधिकारियों को माला फूल पहनाकर स्वागत किया।

### स्कूली बच्चों को दिया गर्म वस्त्र

**आजमगढ़।** शक्ति सेवा संस्थान व संजय श्रीवास्तव कुष्ठ रोगी सेवा संस्थान द्वारा शहर के इटौरा प्राथमिक विद्यालय में ठंडी व शीतलहर को देखते हुए जरूरतमंद 50 बच्चों को स्वेटर टोपी व किताब पेंसिल देकर बच्चों के चेहरे पर रंगत लाने का कार्य किया है जिसमें मुख्य रुप से संस्थान की अध्यक्ष अलका श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष शिखा श्रीवास्तव, अलका श्रीवास्तव, अनीता साइलेंस, संध्या रानी, अर्चना सिंह, पूनम विश्वकर्मा, रिंकू चतुवेर्दी, किरण बिंद, आशा वर्मा, रश्मि गोड, अनुपमा श्रीवास्तव, पूनम शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष अलका श्रीवास्तव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंदों को मदद देने का कार्य का प्रयास करती रहेंगी।

# नव वर्ष पर विन्ध्यवासिनी धाम में तीन दिन तक चरण स्पर्श प्रतिबंधित

**डीएम का आदेश**

**डीएम व एसपी ने अधिकारियों के संग लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा**

**बैरीकेडिंग, पर्याप्त सुरक्षा बल व अन्य व्यवस्थाओं के लिये दिया दिशा निर्देश**



मेला क्षेत्र का निरीक्षण करतीं डीएम व अन्य अधिकारी

**मीरजापुर।** आगामी नव वर्ष के अवसर पर माँ विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में दर्शन पूजन के लिये आने वाले श्रद्धालुओं के सम्भावित भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल व अन्य अधिकारियों के साथ विन्ध्यधाम में भ्रमण कर श्रद्धालुओं को सुचारू ढंग से दर्शन पूजन कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षणोपरान्त नव वर्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं के भीड़ आने की सम्भावना को देखते हुये अधिकारियों द्वारा निर्णय लिया गया कि 31 दिसम्बर 2022 एवं एक जनवरी व दो जनवरी 2023 को माँ विन्ध्यवासिनी देवी चरण स्पर्श करने पर प्रतिबन्धित रहेगा। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को सुचारू ढंग से माँ का दर्शन हो सकें इसके लिये मन्दिर के प्रवेश व निकास द्वार पर पर्याप्त बैरीकेटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया गया। उन्होने कहा कि धाम में आने वाले भक्तो को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाये इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होने बताया कि विन्ध्याचल देवी मन्दिर में श्रद्धालुओं को जल्दी व सुचारू ढंग से माँ का दर्शन हो सके इसके लिये 31 दिसम्बर 2022, 01 एवं 02 जनवरी 2023 को माँ के चरण स्पर्श पर पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। किसी के द्वारा इस आदेश का उल्लघन करते हुये पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कठारे कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी, परियोजना प्रबन्धक राजकीय निर्माण निगम, अध्यक्ष विन्ध्य पण्डा समाज पंकज द्विवेदी के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## ट्रेन में अधेड़ की हालत बिगड़ी मंडलीय अस्पताल रेफर



प्लेटफॉर्म पर मरीज का उपचार करते डॉक्टर

**मीरजापुर।** यात्रा के दौरान बेगूसराय निवासी अधेड़ की हालत गंभीर हो गई, रेलवे डॉक्टर द्वारा हालत गंभीर देखते हुए एंबुलेंस की सहायता से जिला मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

सूरत से छपरा जा रहे एक यात्री की ट्रेन के अंदर ही तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद ट्रेन को स्टेशन पर रोककर इलाज किया गया, जहां हालत में सुधार नही होने पर मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ताप्ती गंगा एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री अनिल राय पुत्र रामसागर राय उम्र 47 वर्ष अधेड़ की ट्रेन के अंदर ही अचानक से तबीयत खराब हो गई। तबीयत खराब होने के बाद इसकी सूचना टीटीई को दी गई। सूचना मिलने के बाद मीरजापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन को रुकवा कर उपचार के लिए रेलवे के डॉक्टर बीके सिंह को बुलाया गया। जहां पर हालत गंभीर देखते हुए यात्री को मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस मौके पर आरपीएफ कांस्टेबल राम आसरे पाल, टीटीई सुशी कुमार, डॉ वीके सिंह अपनी टीम के साथ स्टेशन पर मौजूद रहे। यात्रा के दौरान अधेड़ के साथ उसकी पत्नी व छोटा भाई मनोज राय मौजूद रहे।

## संक्षेप

### भुगतान की मांग को लेकर प्रधानों ने किया प्रदर्शन



**जिगना।** विकासखंड छानबे में शुक्रवार को विकास खंड मुख्यालय पर ग्राम प्रधानों द्वारा खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता को पत्रक देकर मनरेगा मैटेरियल का भुगतान न होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। ग्राम प्रधानों का कहना है कि हर हफ्ते शासन द्वारा एक नया फरमान आ जाता है। जिसके कारण मनरेगा मैटेरियल का भुगतान होने में दिक्कतें आ जाती है। एक तरफ जहां सरकार कहती है कि हर कार्य को सरल बनाया जाएगा। ऐसी सरकार की सोच लेकिन हकीकत में क्या है कि सरकार ही हर कार्य में पेच बढ़ाती चली जा रही। उसी को लेकर आज ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संतोष तिवारी की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष विनोद यादव की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा गया और विरोध जताया। दौरान प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल, राम अवध पांडे, चंद्रशेखर कुशवाहा, रवि यादव, बृजेश मिश्र सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### कुत्ते से टकरायी बाइक, तीन लोगों सहित दुकान पर बैठे 9 घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया भटवारी मार्ग पर शुक्रवार को भटवारी गांव में एक वाइक पर 3 लोग सवार होकर हलिया बाजार आ रहे थे कि अचानक रास्ते में कुत्ता के टकराने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर दुकान पर बैठे लोगों को कुचलते हुए दिवाल में टकराने से तीन बाइक सवारों सहित नौ लोग घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को सदर अस्पताल के लिये रेफर कर दिया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के सगरा गांव निवासी वाइक चालक प्रदीप कुमार यादव 15 वर्ष अपनी वाइफ से धीरेंद्र कुमार 45, नागेंद्र 15 वर्ष आकाश पांडेय 20 वर्ष तीनों सगरा गांव के लोग शुक्रवार को एक वाइक से हलिया बाजार आ रहे थे कि जैसे ही भटवारी पुल के पास पहुंचे की सड़क पर आए कुत्ते को बचाने में उसके ऊपर चढ़ाते हुए बाइक अनियंत्रित होकर बगल में दुकान पर बैठे धीरेंद्र कुमार 47 वर्ष निवासी भटवारी पप्पू मौर्य 42 वर्ष, शशी 45 वर्ष, जेपी सिंह 28 वर्ष सभी निवासी भटवारी तथा वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी कृषि विभाग के छविनाथ विंद 55 वर्ष निवासी वाराणसी इन लोगों को कुचलते हुए बाइक दीवाल में चालक के साथ जा टकराई जिससे चालक प्रदीप कुमार यादव तथा दुकान पर बैठे भटवारी गाँव निवासी धीरेंद्र कुमार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर अभिषेक जयसवाल ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

### अज्ञात महिला की मौत, लोगों ने किया दाह संस्कार

**चील्ह।** चील्ह चौराहा पर बने जिला पंचायत यात्री निवास में निवास कर रही विगत 10 वर्षो से अर्धविक्षिप्त महिला के निधन पर स्थानीय लोगों ने धूमधाम से दाह संस्कार किया। जानकारी के अनुसार चील्ह चौराहा स्थित जिला पंचायत के यात्री निवास में विगत 10 वर्षो से पन्नी की छावनी लगा कर एक अर्ध विक्षिप्त महिला निवास कर रही थी। अगल-बगल के दुकानदार व पिकेट पर तैनात पुलिस कर्मी उसे सुबह शाम बड़े भाव से भोजन कराते व देख भाल करते थे। लोगों का मानना था कि जो पगली को सुबह पहले भोजन नाश्ता कराता था। उसकी दुकान दारी अच्छी होती थी। महिला तीन चार दिन से बीमार चल रही थी। शुक्रवार की भोर में 55 वर्षीय पगली महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करने के लिए कहा लेकिन स्थानीय लोगों ने मिलकर के महिला का पूरे श्रद्धा भाव से फूल मालाओं से सुसज्जित कर गाजे बाजे के साथ दाह संस्कार किया।

### हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मीरजापुर।** युवक की हत्या के आरोपी 50 हजार का ईनामिया बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस व आलाकत्ल चाकू बरामद किया।वारदात में शामिल सह-अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया। घायल आरोपी चुनार थाना क्षेत्र निवासी अशोक यादव पुत्र नखडू का इलाज कराया गया। चुनार थाना क्षेत्र के पतार ग्राम स्थित पहाड़ी पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। मृतक की पहचान श्यामसुंदर पुत्र बाधू मांझी निवासी बाघेड़ी पुरूषोत्तमपुर अदलहाट के रूप में किया गया था। मृतक के बड़े भाई शंकर मांझी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ किया गया। साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त अजय कुमार यादव उर्फ निरहू पुत्र मंगरू निवासी अचारजी पोखरा उस्मानपुर थाना चुनार को गिरफ्तार किया गया। जबकि घटना के मुख्य अभियुक्त 50 हजार के ईनामिया अशोक कुमार यादव को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त अशोक यादव के पैर मे गोली लगी है। जिसका पुलिस अभिरक्षा में ईलाज किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते हत्या किया गया था। जिसमें अभियुक्त अशोक कुमार यादव ने अपने रिश्तेदार सह-अभियुक्त अजय कुमार यादव के साथ मिलकर गुमराह कर सुनसान जगह पर बुलाकर श्याम सुन्दर की हत्या की गयी थी।

### फाउंडेशन का छठा स्थापना दिवस आज

**मीरजापुर।** विंध्य हेरिटेज फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर के पक्का घाट पर संचालित मां गंगा की आरती के छठवां स्थापना दिवस पर भजन संध्या एवं माँ गंगा की महाआरती का आयोजन 31 दिसंबर को किया गया है। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पदमश्री अजिता व टीम के द्वारा किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम अपराह्न 03:00 बजे से और माँ गंगा आरती की आरती सायंकाल 05 बजे किया जायेगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक राजेश मिश्र ने दी।

## गुमटी का ताला तोड़कर पांच हजार नगद सहित चोरों ने उड़ाया सामान

**जनसंदेश न्यूज**

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार स्थित इंडियन बैंक के सामने बृहस्पतिवार की रात गुमटी का ताला तोड़कर चोरों ने पांच हजार नकद और गुमटी रखे पांच हजार रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार ने इस संबंध में शुक्रवार को ड्रमंडगंज थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के देवहट गांव निवासी सतीश कुमार जायसवाल ड्रमंडगंज बाजार में इंडियन बैंक के सामने गुमटी में चाय पान व किराना का सामान बेचते थे। गुरुवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए। शुक्रवार सुबह दुकान पर आए तो देखा कि गुमटी का ताला टूटा हुआ है और गुमटी में रखा पांच हजार रुपए नकद व सामान गायब था।

पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गुमटी का ताला तोड़कर उसमें रखा पांच हजार रुपए का सामान और पांच हजार रुपए नकद चोर उठा ले गए। दुकानदार सतीश जायसवाल ने बताया कि गुमटी में चोरी की दुबारा घटी है। दुकानदार की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया चोर

**मड़िहान।** थाना संतनगर क्षेत्र के रिक्शा खुर्द गांव में बृहस्पतिवार की रात गांव के ही रामलाल चमार के घर में घुस कर बर्तन और सरसो की चोरी हुई थी जिसकी सूचना थाना संतनगर को दी गई थी कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पटेहरा चौराहे से नामजद आरोपी अनिल उर्फ रिंकू पुत्र लल्लू चमार को थाना सन्तनगर के एसआई रामदुलार मय हमराहियों द्वारा मय चोरी गए सामान के साथ वांछित धाराओं में जेल भेज दिया गया।

### शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु लगवाई गयी दौड़

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी ली गई और, परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गयी। साथ्ज्ञ ही पुश-अप, अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शस्त्र कवायद एवं फील्ड क्राफ्ट सहित दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। साप्ताहिक परेड के दौरान जनपद के थानों से आये वाहनों, पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया गया। वाहनों पर लगे हूटर, लाइट व दंगा नियंत्रण उपकरणों की क्रियाशीलता तथा प्राथमिक चिकित्सा किट, वाहन में लगे अग्नि शामक यंत्र को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस लाइन निरीक्षण के क्रम में विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों तथा अभिलेखों को चेक करते हुए सम्बन्धित को अभिलेखों के अद्यतन रखने के लिए एवं पुलिस लाइन मेस, कार्यालय, बैरक, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं समुचित रख-रखाव के निर्देश दिए गये।

## बिनानी कॉलेज में अनशन पर बैठे छात्रों की तबीयत बिगड़ी

**कर रहे हैं मांग**

**छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर 28 दिसंबर से आरंभ हुआ था अनशन, जिला प्रशासन से तिथि का इंतजार**

**मीरजापुर।** नगर के जीडी बिनानी महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर अनशन कर रहे 4 छात्रों की तबीयत शुक्रवार को ठंड लगने के कारण बिगड़ गई। जिन्हें मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि जिला प्रशासन के द्वारा डेट मिलने पर तिथि की घोषणा की जाएगी।

वही आंदोलनरत छात्र महाविद्यालय और जिला प्रशासन पर छात्र संघ के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं। महाविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने 28 दिसंबर से छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर अनशन आरम्भ किया था। अनशन पर बैठे धीरज मौर्या और 3 अन्य छात्र को ठंड लगने के बाद तबीयत बिगड़ने पर उनके साथियों ने मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां धीरज मौर्या, वीरू सोनकर, मोहम्मद फहीम एवं चंद्रशेखर पाल को भर्ती कराया गया। अस्पताल के बेड पर भर्ती धीरज मौर्या ने कहा कि कई बार कॉलेज और जिला प्रशासन से छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर पत्रक सौंपा गया। हर बार झूठा आश्वासन दिया गया। कहा गया कि नगर निकाय चुनाव की तिथि आने के बाद छात्र संघ चुनाव की बात की जाएगी। छात्र नेता का कहना है कि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 7 जनवरी को नामांकन और 17 जनवरी को मतदान किया जायेगा। जबकि जिले के महाविद्यालयों में चुनाव कराने की मांग पर डांटा फटकारा जा रहा है। इतना ही नहीं मुकदमा कर जीवन बर्बाद करने की धमकी दी जा रही है। महाविद्यालय की प्राचार्य बीना सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन से चुनाव की तिथि मांगी गई है। नगर निकाय चुनाव के कारण छात्र संघ का चुनाव नहीं हो पाया है। जिला प्रशासन से डेट मिलने के बाद चुनाव कराया जाएगा। चुनाव की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन से मुलाकात करने आये है। तिथि तय होते ही चुनाव की घोषणा की जायेगी।

### आयुक्त की टीम ने गांवों में लगाई जन चौपाल

**राजगढ़।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत आयुक्त विंध्याचल मण्डल की ओर से नियुक्त टीम ने गांवों में जन चौपाल लगाकर विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान राजगढ़ विकास खंड अन्तर्गत भावां देवपूरा एवं ददरा मुतलके रामपुर में जन चौपाल लगाकर जनता के बीच संवाद स्थापित किया। इस दौरान आवास, नाली, खड़ंजा, इंटरलाकिंग, सहित मनरेगा से संबंधित मामलों की जानकारी ली गई। टीम के सदस्यों के आने की संभावना से सरकारी विभागों में अफरातफरी का माहौल बना हुआ था।

## शिक्षकों ने कहा, लेकर रहेंगे पुरानी पेंशन



पूर्व एमएलसी का स्वागत करते शिक्षक

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री और पूर्व एमएलसी डॉ0 प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि शिक्षक समुदाय अब किसी भी कीमत पर देश और उत्तर प्रदेश की सरकारों को माफ नहीं कर सकती। उसे पुरानी पेंशन देनी ही पड़ेगी। श्री मिश्र शिवलोक श्रीनेत महाविद्यालय पड़री में संघ के जनपदीय सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कई और असंवैधानिक निर्णय ले रही है। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा की परिस्थितियां भिन्न होने के बाद भी सरकार ने केवल शिक्षकों को परेशान करने के लिए सचिव के ऊपर एक और सचिव बैठा दिया है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन ही शिक्षकों के बुढ़ापे के लिए एकमात्र विकल्प है। देश का शिक्षक और कर्मचारी नई पेंशन योजना को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड, हिमाचल, पंजाब और राजस्थान आदि राज्यों में वहां के लोगों ने ह्लपुरानी पेंशन नहीं तो सरकार नहींह्व का फैसला सुना दिया है। उन्होंने कहा कि सदन के भीतर और बाहर सरकार के मंत्री कह रहे हैं कि यदि हम पुरानी पेंशन बहाल करते हैं तो भारत की स्थिति श्रीलंका की तरह हो जाएगी। जबकि इसी सरकार ने पूजीपतियों के 13 लाख करोड़ कर्ज माफ कर दिए। इतने धन से पूरे देश के शिक्षकों व कर्मचारियों को पूरी जिंदगी पेंशन प्राप्त हो सकती थी। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन के प्रथम दिवस का उद्घाटन किया। मंडल अध्यक्ष केदारनाथ दुबे ने शिक्षकों को कैशलेस इलाज की मांग की। अधिवेशन को उमाकांत, राम आसरे सिंह, डॉ0 धर्मराज सिंह, डॉ0 रमा शंकर शुक्ल, अर्जुन सिंह, कड़े कांत दुबे, ओम प्रकाश उपाध्याय, सुप्रिया पांडे आदि ने संबोधित किया। अधिवेशन का संचालन मंडलीय मंत्री गणेश प्रसाद सिंह ने, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सत्य भूषण सिंह तथा आभार प्रकाशन शिवलोक कालेज के ट्रस्टी डॉ0 सन्तोष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर बलवंत सिंह, रश्मि, वंदना, सुमन, रमाकांत, जितेंद्र बहादुर, अरविंद, अवधेश कुमार, राकेश , राधा कांत आदि थे।

### अधिकारी व ठेकेदारों की मिलीभगत से धड़ल्ले से चल रहा है कारोबार

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशन पर पार्सल विभाग के लगेज को प्लेटफार्म से अवैध तरीके से ट्रैक पार करके प्राइवेट लोगों द्वारा जान जोखिम में डालकर ट्रैक पार कर लगेज को बाहर खड़ी गाड़ियों में लोड कर यथा स्थान पर पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। शुक्रवार की सुबह आरपीएफ पुलिस द्वारा ऐसे लोगों पर अभियान चलाकर प्लेटफार्म पर प्राइवेट रूप से काम करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के क्रम में आरपीएफ पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को पकड़ कर कार्रवाई में जुट गई। इस कार्य में पार्सल विभाग के कर्मचारी व ठेकेदार की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। आखिर क्यों प्राइवेट लोगों द्वारा अवैध तरीके से रेलवे ट्रैक पार करके लगेज की ढुलाई की जा रही है। कई बार पार्सल विभाग के ऐसे मामले रेलवे अधिकारियों के सामने आए हैं लेकिन कोई भी सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। रेलवे के उच्च अधिकारियों के सामने मामला जाने के बाद दिखाने के लिए दो-चार दिन के लिए काम बंद कर दिया जाता है।

## गैंगस्टर एक्ट के 20-20 हजार के दो इनामिया आरोपी गिरफ्तार



पकड़े गये आरोपी

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों,वांछित, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक थाना पड़री माधव सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पड़री पर पंजीकृत धारा 3(1) उ0प्र0गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से सम्बन्धित 20-20 हजार के ईनामियां दो आरोपियों निरंजन यादव बबलू यादव पुत्रगण स्व0रामबली यादव निवासी अकसौली थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

## लोगों को वज्रपात से बचाव की जानकारी देना ही है सुरक्षा

**बोली डीएम**

**जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला का डीएम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ**



जागरूकता शिविर में लोगों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** वज्रपात के बारे में सही जानकारी ही वज्रपात से बचाव है, ये बातें शुक्रवार सिटी क्लब के सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से कार्यदायी संस्था टाईम्स सेंटर फार लर्निंग लिमिटेड एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मीरजापुर द्वारा आयोजित वज्रपात सुरक्षा एवं जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कही।

प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मीरजापुर में पिछले कुछ वर्षों में बहुत से लोगों की मृत्यु वज्रपात के कारण घटित हुई है जिसमें अधिकांश हमारे किसान भाई, महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे। उन्होंने बताया कि इन घटनाओं में ज्यादातर लोगों की जान तब गयी जब वे खेतों में काम कर रहे थे या पेड़ों के नीचे खड़े थे, या जल स्त्रोतों के आसपास थे। वज्रपात से बचाव की सही जानकारी का न होना ही उनकी मृत्यु का कारण रहा है। दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ये खुशी की बात है मीरजापुर का चयन पायलट प्रोजेक्ट के रुप में किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले राजस्व विभाग से आये नायब तहसीलदार, तहसीलदार, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक को निर्देषित किया कि प्रशिक्षण को अति गंभरीता पूर्वक प्रतिभाग करें। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि वज्रपात के दृष्टि से मीरजापुर अति संवेदनशील है और इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद एवं सभी संवेदनशील विकास खण्ड में प्रशिक्षण एवं जन-जागरुकता कार्यक्रम किया जाना है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से निश्चित रुप से विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ साथ आम जन मानस में वर्ज्रपात से बचाव का जानकारी के साथ साथ दामिनी मोबाईल एप के बारे में भी जानकारी मिलेगी जिससे व्यापक रुप में जन हानि एवं पशुओं की क्षति को कम किया जा सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी लालगंज नवनीत सेहरा, उप जिलाधिकारी सदर सी.बी. सिंह, उप जिलाधिकारी चुनार नीरज पटेल, उप जिलाधिकारी मड़िहान अश्वनी सिंह एवं जिला आपदा विषेषज्ञ अंकूर गुप्ता भी मौजूद रहे।

### मोटरसाइकिल चोरी

**सीखड़।** कछवां थाना के खैरा गांव निवासी पीयूष सिंह पुत्र स्वर्गीय शिव बहादुर सिंह पूर्व प्रधान की हीरो होंडा बाइक चोरी हो गई। शुक्रवार को करीब 12 बजे पीयूष के बड़े भाई संतोष सिंह खैरा वाराणसी मार्ग स्थित मुरातरा बाबा के मंदिर के पास बाइक खड़ी कर अपने खेत में गए हुए थे। वापस आने पर बाईक न पाकर उसकी काफी तलाश किए। घटना की सूचना रोहनिया थाना के जक्खिनी चौकी एवं कछवां थाना के खैरा पुलिस चौकी पर दी गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है घटना स्थल वाराणसी एवं मीरजापुर की सीमा पर स्थित है।

## नववर्ष की भीड़ के दृष्टिगत तैनात किए गये जोनल अफसर

**मीरजापुर।** विगत वर्षो की भाति इस वर्ष भी नव वर्ष के अवसर पर माँ विन्ध्यवासिनी धाम में अपेक्षाकृत श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ होने की सम्भावना के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने 31 दिसम्बर 2022 प्रातः काल से 02 जनवरी की पूर्वान्ह तक विन्ध्याचल व उसके आस पास सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के सुचारू ढंग दर्शन कराये जाने के दृष्टिगत जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी हैं। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में सिद्धार्थ यादव अपर उप जिला मजिस्ट्रेट सदर को जोन संख्या एक जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया हैं। उनके साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में राम नरायन वर्मा नायब तहसीलदार लालगंज माँ विन्ध्यावासिनी धाम का सम्पूर्ण क्षेत्र, गर्भ गृह, मुण्डन स्थल एवं गंगा घाट की आरे जाने वाली गलिया का क्षेत्र निर्धारित किया गया हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त अवधि में सुयोग्य चिकित्सकों की टीम, पर्याप्त जीवन रक्षक औषधियां, उपकरणों एवं एम्बुलेंस के साथ तैनात करना सुनिश्चित करें, साथ ही साथ उक्त अवधि में जनपद के समस्त प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस सहित सभी आवश्यक सुविधाए एवं चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें। सचिव विन्ध्याचल विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर एवं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रकाश व्यवस्था, मन्दिर परिसर व उसके आस पास तथा गंगा घाटों पर पर्याप्त साफ सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचाल, चेंजिंग रूम, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था एवं घाटों व मन्दिरों पर पर्याप्त बैरीकेटिंग आवश्यकतानुसार नाव व गोतोखोर की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को नव वर्ष के अवसर पर निर्वाद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा आदेश का कड़ाई से पालन किया जाय किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी।


समस्त जनपदवासियों को नववर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं
राजाराम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत शिकरा कलां,
विकास खंड छानबे,
मिर्जापुर



समस्त जनपदवासियों को नववर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं
बृजेश मिश्र उर्फ सत्तू सेवकिया
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत करनी भावा,
विकास खंड छानबे,
मिर्जापुर



समस्त जनपदवासियों को नववर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं
शहीदा बानो
पत्नी गुलाम रसूल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत विजयपुर, विकास खंड छानबे,
मिर्जापुर



समस्त जनपदवासियों को नववर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं
चंद्रेश पाठक एडवोकेट
प्रोपराइटर-रॉयल ईट उद्योग
लालापुर भतड़ा जिगना,
मिर्ज़ापुर
मो0- 6306362696



समस्त जनपदवासियों को नववर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं
संजना देवी
पत्नी विद्या सरोज
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रामपुर हंसवार, विकास खंड छानबे, मिर्जापुर



समस्त जनपदवासियों को नववर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं
कमलेश कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मनिकठी,
विकास खंड छानबे,
मिर्जापुर



समस्त जनपदवासियों को नववर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं
चंद्रशेखर कुशवाहा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बिहसड़ा कलां, मिर्ज़ापुर
प्रधानाचार्य- सम्राट अशोक इंटर कॉलेज
बिहसड़ा विकास खंड छानबे,
मिर्जापुर



# खिलाड़ियों को लक्ष्य तक पहुंचने के लिए नियमित अभ्यास की जरूरत

शुभारंभ

**23 वें राष्ट्रीय वनवासी खेल, सांस्कृतिक महोत्सव का आगाज**

**कई राज्यों के खिलाड़ियों का सेवाकुंज आश्रम में लगा महासंगम**



दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ करते अतिथिगण



अपनी परंपरा के अनुसार पूजन करते आदिवासी

**बभनी।** राष्ट्रीय वनवासी खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आगाज सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम कारीडांड चपकी में शुक्रवार को हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, वनवासी सेवा आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र खराड़ी व आरएसएस के सह सरकार्यवाह रामदत्त ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा मशाल जलाकर किया।

देश के 29 राज्यों सहित नेपाल और अण्डमान निकोबार के 2000 खिलाड़ियों का रानी दुर्गावती तीरंदाजी स्टेडियम में एक साथ महासंगम हुआ। बता दें कि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम में 23 वें राष्ट्रीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव में देश भर की झलकियां एक साथ देखने को मिली। सेवा समर्पण संस्थान के रानी दुर्गावती धनुर्विद्या स्टेडियम में विभिन्न राज्यों विदर्भ, देवगिरी, अण्डमान निकोबार, नेपाल सहित सभी टीमों ने मार्च पास्ट की सलामी दी। जो खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र खराड़ी ने ली। कार्यक्रम में विभिन्न प्रान्तों से आए बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जशपुर से आए बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस दौरान आयोजित सभा में मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है। शिक्षा क्षेत्र में काम करने के लिए विद्या भारती व क्रीड़ा भारती अपना योगदान दे रही है। प्रधानमंत्री के एक भारत एक राष्ट्र के सकंल्प पर काम किया जा रहा है। कहा कि खेल से बौधिक क्षमता एवं सांस्कृतिक विकास होता है। प्रदेश सरकार द्वारा खेलकूद को प्रदेश में बढ़ावा देने के लिए काम किया जा रहा है। मेजर ध्यान चन्द विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए बनाया जा रहा है। खिलाड़ी को खेल भावना से खेलना चाहिए। आरएसएस के सह सर कार्यवाह ने कहा कि देश दुनिया को दिशा देने का काम हमेशा भारत ने किया है। भारत हर तकनीक में जगतगुरु बना है, खेल में भी जगत गुरु बनना है। उन्होंने मेजर ध्यान चन्द, गोपी चन्द, राहुल द्रविड़ जैसे खिलाड़ियों का नाम लेकर खिलाड़ियों को इनके जीवन की कहानियों से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए नियमित अभ्यास की जरूरत है। उन्होंने थ्री सी और थ्री एच के बारे में बताकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इसमे थ्री सी के तहत साहस, चरित्र और आत्मविश्वास और थ्री एच के तहत सिर, ताकत, ह्दय को मजबूत होना बताया। कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके अलावा समाज कल्याण मंत्री संजीव सिंह गोंड़, अखिल भारतीय महामंत्री योगेश बापट, राज्यसभा सांसद रामशकल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर बाबा कुंदन दास, सतेंद्र, आनंद जी, डा. एच के नागू, प्रेम तुलांग, आलोक चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे। संचालन डा. वीर अभिमन्यु सिंह ने किया।

## 1. 300 ग्राम गांजा के साथ तस्कर हुआ गिरफ्तार

**रेणुकूट।** पिपरी पुलिस ने शुक्रवार को 1 किलो 300 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। चौकी प्रभारी शिवकुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह जब वह क्षेत्र में गश्त पर निकले थे इस दौरान रेलवे स्टेशन के समीप स्थित जैन सिनेमा के सामने मलिन बस्ती मोड़ पर एक युवक झोला लेकर खड़ा दिखाई दिया, जब उसे बुलाया गया तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ा तो उसने अपना नाम सुनील सिंह सरदार उर्फ जोगेंद्र सिंह निवासी हिंडालको कॉलोनी बताया। पुलिस ने उसके झोले की तलाशी ली तो उसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्ति पूर्व में भी कई बार गांजा के साथ पकड़ा जा चुका है और जेल जा चुका है। आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया।

## संक्षेप

### हिंडालको ने अलाव जलाने हेतु वितरित की लकड़ी



लकड़ी वितरित करते हिण्डालको कर्मचारी

**रेणुकूट।** रेणुकूट नगर में सर्दी अपने चरम पर है। लगातार बढ़ रही शीतलहर के कारण नगर की जरूरतमंद जनता ठंड में ठिठुरने को बेबस है। हिंडाल्को हमेशा से नगरवासियों एवं आसपास के रहवासियों के हित के लिए तत्पर रहता है। इसी क्रम में हिंडालको प्रबंधन की ओर से नगर के अनेक स्थानों पर अलाव जलाने हेतु लकड़ियों का वितरण किया गया है। प्रबंधन द्वारा रेनुकूट चौराहा, पुलिस चौकी, बस स्टैंड, चाचा कॉलोनी, कैंप ऑफिस गेट के सामने, पुलिस चौकी रेणुकूट के नजदीक, समेत अन्य कई स्थानों पर लकड़ियों का वितरण किया गया है जिससे इस भीषण ठंड में जरूरतमंद इसके प्रकोप से बच सकें। लकड़ियों का वितरण हिंडाल्को नगर प्रशासन एवं सुरक्षा विभाग की देखरेख में किया गया। प्रबंधन का कहना है कि आगे भी इसी प्रकार से सर्दी को देखते हुए नगर एवं आसपास के गांवों में अलाव जलाने के लिए लकड़ियां वितरित की जाएंगी।

### जूनियर इंजीनियर संगठन ने जताया शोक

**ओबरा।** स्थानीय जूनियर इंजीनियर संगठन शाखा ओबरा में शुक्रवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ललितपुर के अवर अभियंता संजय चौहान के आकस्मिक निधन के कुछ दिन पश्चात अलीगढ़ जिले में जलाली विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता बनवारी लाल के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया गया। साथ ही उनके निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा उनके परिजनों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की गई। शोक सभा में मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष इं आशीष यादव, सचिव इं आनंद कुमार, उपाध्यक्ष इं नित्यानंद सिंह, इं राजू पासवान, इं शाश्वत तिवारी, इं प्रशांत यादव, इं दीपक सिंह, इं अभिनव सिंह आदि दर्जनों संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

### मेडिकल एसोसिएशन ने किया शोक सभा

**ओबरा।** स्थानीय नगर के सुप्रसिद्ध डॉ आलोक सहाय की धर्मपत्नी वंदना सहाय के आकस्मिक निधन पर गुरुवार की देर शाम चोपन रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर ओबरा मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में स्वर्गीय वंदना सहाय की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवगंत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया गया। शोक सभा में विनीत त्रिपाठी, अतुल सिंह, आलोक बत्रा, मनोज तिवारी, संतोष कुमार, मोनू सिद्दीकी आदि लोग शामिल रहे।

### युवती को भगाने के मामले में केस दर्ज

**रेणुकूट।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के शिवापार्क में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि शिवापार्क के काली मंदिर के पीछे रहने वाले रामाशीष यादव पुत्र तिलकधारी यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी इंटर में पढ़ने वाली नाबालिग पुत्री को अनपरा थाना क्षेत्र के रेनूसागर निवासी धर्मेंद्र चंद्रवंशी पुत्र प्रदीप चंद्रवंशी बहला फुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में लग गई है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**ओबरा।** जनपद के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाँछित अभियुक्तो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे ओबरा पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।पुलिस के अनुसार न्यायालय से जारी वारंट के मामले में शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि रामप्रीत पुत्र भरोस निवासी खैरटिया थाना ओबरा व लाल जी यादव पुत्र रामजानकी निवासी चकाड़ी थाना ओबरा अपने घर के बाहर मौजूद है।सूचना पर पहुंचे एसआई बालकिशुन द्वारा उक्त वारंटियों को उनके घर के बाहर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

## अवैध परिवहन, ओवर लोडिंग में 42 वाहनों पर हुई कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 29 दिसम्बर को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जांच की गयी, जिसमें 42 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने पर एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही की गयी, जिसमें 19 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# कोयला लोडिंग प्वाइंट बनाने के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

प्रदर्शन

**रहवासियों का आरोप कोल लोडिंग प्वाइंट बनने से बढ़ेगा प्रदूषण**

जनसंदेश न्यूज



प्रदर्शन करती महिलाएं

**शक्तिनगर।** एनसीएल खड़िया परियोजना द्वारा विस्थापित बस्ती के पास वॉर फाल कोयला लोडिंग प्वाइंट बनाने को लेकर दर्जनों महिलाओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन कर इसे अन्य जगह विस्थापित करने की मांग की।

बता दें कि एनसीएल खड़िया परियोजना द्वारा विस्थापित बस्ती के पास कोयला लोडिंग प्वाइंट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण के चलते रहवासियों का जीना दूभर हो जाएगा। जिसका विस्थापित विरोध कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेग रहा है, जिससे आक्रोशित महिलाओं ने परियोजना के हॉल रोड पर जाम लगा दिया। विस्थापितों की मांग है कि निर्माण से पूर्व विस्थापित बस्ती का विस्थापन किया जाय, नहीं तो रहवासियों का कोयला उड़ने से बस्ती में रहना मुश्किल हो जाएगा। उनका कहना है कि पहले से ही प्रदूषण की चपेट में आने से तरह-तरह की बीमारियों से लोग परेशान हैं, यदि यह लोडिंग प्वाइंट शुरू हो गई तो समस्या और विकराल हो जाएगी। इसलिये हम लोगों को कही अन्य जगह विस्थापित कर दिया जाय। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस व परियोजना प्रबंधन लोगों को समझाने के बाद धरना समाप्त हो गया। वहीं एनसीएल प्रबंधन का कहना है कि इसका कोई न कोई हल जल्द निकाल लिया जाएगा।

### भाकपा ने राज्यपाल का पद समाप्त करने की उठायी मांग

**सोनभद्र।** केंद्रीय नेतृत्व के आहवान पर भारतीय कम्युनिस्ट कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल का पद समाप्त करने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कहा कि संविधान ने देश को एक संघीय ढांचा प्रदान किया है, जिसमें राज्यों के अपने अधिकार हैं, लेकिन मोदी सरकार संघवाद को समाप्त करना चाहती है। राज्यपालों के जरिये गैर बीजेपी शासित राज्यों में अस्थितरता पैदा की जा रही है। ऐसे में भाकपा राज्यपाल का पद समाप्त करने की मांग करती है ताकि देश में लोकतंत्र बचा रहे। इस मौके पर भाकपा जिला सचिव आरके शर्मा, अशोक कनौजिया, बसावन गुप्ता, दिनेश्वर वर्मा, रामरक्षा धांगर, रमाशंकर आदि मौजूद रहे।

## बक्सर को हरा चोपन टीम बनी विजेता



मैन आफ दी मैच खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि

**दुद्धी।** स्थानीय नगर में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार का मैच बक्सर बिहार व चोपन के बीच खेला गया। टास जीतकर बक्सर ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। 20 ओवरों के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चोपन की टीम ने 210 रन 5 विकेट खोकर बनायी। जिसमें प्रभात ने 118 रन, शुभम जायसवाल ने 25 रन, आनंद ने 16 रन, आकाश ने 15 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी करते हुए बक्सर बिहार के गेंदबाज माधव ने 4 ओवर में 19 रन देकर 1 विकेट, प्रिंस ने 4 ओवर में 42 रन देकर 1 विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बक्सर बिहार की टीम ने 14.2 ओवर में 85 रनों पर ही सिमट गयी। जिसमें मुनचुन ने 22 रन, आशीष ने 9 रन, आदित्य ने 9 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए चोपन के गेंदबाज बोनी ने 4 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट, आनंद ने 12 रन देकर तीन विकेट, किशन ने 16 रन देकर 2 विकेट अर्जित किया। इस तरह चोपन की टीम ने बक्सर की टीम को 125 रन से हराकर विजेता बनी। चोपन के खिलाड़ी प्रभात को मैन आफ दी मैच घोषित किया गया, जिनको मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया।

## महिला से सोने की चेन छीनकर भागने वाल आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने महिला से सोने की चेन छिनकर भागने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि बीते 29 दिसंबा को अंजना पाण्डेय पत्नी अमित कुमार पाण्डेय निवासी चौका घाट संजय अपार्टमेंट वाराणसी, हाल-पता घुवास गली, रॉबर्ट्सगंज ने प्रार्थना पत्र दिया कि सिंकू धोबी पुत्र अज्ञात व दो व्यक्ति अज्ञात द्वारा मेरे गले से सोने का चैन व लाकेट नकर भाग गये। जिसके सम्बन्ध में पुलिस ने केस दर्ज किया था। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को पुलिस अधीक्षक द्वारा सख्त निर्देश दिये गये। इस क्रम में पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एकेश्वर महादेव मन्दिर रेलवे स्टेशन रोड पन्नूगंज रोड के पास से सिंकू कन्नौजिया पुत्र मुन्ना कन्नौजिया निवासी निरालानगर कस्बा, रॉबर्ट्सगंज व दो बाल अपचारी के कब्जे से एक सोने का लाकेट एवं 1500 रुपये नगद बरामद कर गिरफ्तार कर लिया।

## एनटीपीसी सिंगरौली को मिला क्यूसीएफआई एक्सीलेंस अवार्ड




पुरस्कार के साथ एनटीपीसी की टीम

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के कर्मचारी वर्ग की दो टीम क्रमशः निदान और उत्कर्ष ने बीते 28 दिसंबर को औरंगाबाद में क्वालिटी सर्किलफोरम ऑफ इंडिया क्यूसीएफआई द्वारा आयोजित 36वीं राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता सर्कल प्रतियोगिता में प्रतिभागिता कर पार-एक्ससेलेंस अवार्ड हासिल किया। बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक द्वारा विजेता टीम को बधाई देते हुए एनटीपीसी सिंगरौली का नाम रोशन करने एवं शोधपरक सार्थक प्रस्तुतीकरण हेतु प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से अन्य कर्मचारी गण में नई ऊर्जा का संचार हुआ है एवं अभिनव पहल करने की प्रेरणा प्राप्त हुई है। 36वीं राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता सर्कल प्रतियोगिता में विजयी टीम निदान और उत्कर्ष द्वारा कर्मचारी प्रतिभा का विकास एवं नवीनतम प्लांट प्रचालन से संबंधित विषय पर वस्तुपरक, तथ्यात्मक एवं तुलनात्मक प्रस्तुतीकरण दी गयी थी। प्रतियोगिता में एनटीपीसी सिंगरौली की दोनों टीम के प्रतिभागियों विकेश शर्मा, नितिका, आदिल खान, अतुल तिवारी, रूप राव सोनारे, रजत रस्तोगी, क्रांतिवीर सिंह, आनंद कुमार ने प्रतिभागिता की।

## भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को लांच हुआ पोस्टर



पोस्टर लांच करती कांग्रेस जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ता

**सोनभद्र।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा नौ राज्यों से होकर तीन जनवरी को यूपी में प्रवेश कर रही है। इसको लेकर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। इस क्रम में शुक्रवार को जुड़ रहा है देश जुड़ेगा उत्तर प्रदेश का पोस्टर लांच करते हुए महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा कि यूपी में यात्रा आने से जनपद के कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। पोस्टर, बैनर के जरिये लोगों को जागरूक किया जाएगा और यात्रा में महिलाओं की भारी संख्या में भागीदारी होगी। कहा कि देश में डर का माहौल है, बीजेपी सरकार संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोगों को डरा रही है। महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता तस्त्र है। कहा कि बीजेपी सरकार जनता से किये वादे भूल गई है। किसानों की आय दोगुनी करने, युवाओं को प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार देने, महंगाई कम करने के वादे हवा हवाई साबित हुए। ऐसे में अब लोग कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाह से देख रहे हैं। इस मौके पर विनोद तिवारी, कन्हैया पांडेय, शशिकांत दुबे, शांति विश्कर्मा, दुर्गा प्रसाद रविशंकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### पीएम की माता के निधन पर जताया शोक

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का आगमन शुक्रवार को जिला कार्यालय पर हुआ। इस दौरान आयोजित परिचयात्मक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं का परिचय लिया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट की गयी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री की माता हीराबेन के निधन से भाजपा परिवार समेत पूरा देश शोकाकुल है। ऐसा लग रहा है कि हम सभी ने अपनी मां को खो दिया है। इस मौके पर काशी क्षेत्र के क्षेत्रिय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव, जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, जय प्रकाश चतुवेर्दी, बीजेपी जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, रमेश मिश्रा, ओमकार केशरी, सदर विधायक भूपेश चौबे, अनिल कुमार मौर्या, रामदुलार गोंड़, छोटेलाल खरवार, अमरेश पटेल, अजीत रावत, ओम प्रकाश दुबे, उदय नाथ मौर्या, रामसुंदर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, संतोष शुक्ला, विनोद पटेल, गुड़िया वर्मा, दिलीप पांडेय, अनूप तिवारी, राकेश मेहता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, पूरे दिन कांपते रहे लोग

बनी मुसीबत

**सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए जाने की मांग**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सोनांचल में दो-तीन दिनों से चल रही सर्द हवाओं से गलन बढ़ गई है। उत्तराखंड व हिमांचल में हो रही बर्फबारी और चल रही पछुआ हवा से हाड़ कंपा देने वाली सर्दी का एहसास होना शुरू हो गया है। ग्रामीण इलाकों में तो लोग किसी तरह अलाव आदि का प्रबंध कर अपने को ठंड से बचा रहे हैं लेकिन नगरीय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव का प्रबंध नहीं किए जाने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कमजोर और बुजुर्गो के लिए ठंड घातक है।

ठंड से बचने के लिए लोग सुबह से ही बदन पर गर्म कपड़े पहने हुए हैं और शाम ढलने के बाद सर्द हवाओं के चलने के कारण ठंड में और भी इजाफा हो जा रहा है इसके चलते लोग कान से लेकर सर तक गर्म कपड़ों से ढक ले रहे हैं। साधन संपन्न लोग गर्म कपड़े व रूम हीटर लगाकर आपे को बचा ले रहे हैं लेकिन गरीबों के लिए सर्दी सितम बनकर आया है। ग्रामीणों इलाकें में तो लोग लकड़ी, पुआल आदि जलाकर ठंड से अपने को बचा रहे हैं लेकिन नगरीय क्षेत्रों में तो उन्हे एकमात्र अलाव का ही सहारा है। नगर निकाय अलाव जलवाने में लापरवाही बरत रहा है।

सबसे खराब हालत सोनभद्र नगर पालिका परिषद की है। यहां पर तमाम सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का प्रबंध नहीं किया गया है। चुनिंदा इलाकों में ही अलाव जलवाया जा रहा है, इससे लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। उधर दुद्धी संवाददाता के अनुसार ठंड को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन नगर के प्रमुख दर्जनों स्थानों पर अलाव जलाए हैं जहां लोग बैठकर आज का आनंद लेकर ठंड से बचाव करते नजर आ रहे हैं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी भारत सिंह ने बताया कि ठंड को देखते हुए प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाए गए हैं अगर अलाव स्थानों पर जल गए हैं उन स्थानों पर अलाव जलाए जाने के लिए निर्देश दिए गए।

### अलाव की व्यवस्था, कंबल वितरण न होने की सीएम से शिकायत

**रेणुकूट।** मुर्धवा से पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय राय ने नगर पंचायत क्षेत्र में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था न होने और कंबल वितरण को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत की है। सीएम को भेजे पत्र में उन्होंने लिखा है कि कड़ाके की ठंड के बावजूद नगर में चुनिंदा स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है, पूर्व में नगर में लगभग दो दर्जन स्थानों पर अलाव जलाया जाता था जबकि वर्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र का विस्तारीकरण होने के बावजूद अब मात्र एक दर्जन स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है, जिससे लोग ठंड में परेशान हो रहे हैं। कड़ाके की ठंड शुरू होने के बावजूद अब तक नगर पंचायत द्वारा जरूरतमंदों में कंबल का भी वितरण नहीं किया जा सका है, जिससे गरीबों और जरूरतमंदों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के अधिकारी अब तक रैन बसेरा भी नहीं शुरू करा सके हैं और रैन बसेरा के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान भी हो चुका है। उन्होंने सीएम से इसकी जांच कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत रेणुकूट के अधिशासी अधिकारी ललन राम यादव ने बताया कि नगर में 21 जगहों को चिन्हित करके अलाव जलाया जा रहा है। गरीबों और जरूरतमंदों में जल्द ही कंबल वितरण किया जाएगा।

### महिलाओं ने किया सुन्दर काण्ड का पाठ, राम दरबार की सजाई गई भव्य झांकी

**सोनभद्र।** नगर के आटीएस क्लब मैदान में चल रहे श्री राम चरित मानस नवाह पाठ महायज्ञ के सातवे दिन शुक्रवार को राम दरबार का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात मंचासीन आचार्यों एवं भक्तों गणों ने दिव्य आरती उतारी तत्पश्चात परम पूज्य व्यास जी महाराज ने भूदेवो के साथ मानस पाठ प्रारंभ कराया। वही मध्यांतर के बाद श्री सूर्य लाल मिस्त्र के आचार्यत्व में महिलाओं ने मंच पर बैठकर सुंदरकांड का पाठ किया। बता दें कि सातवें दिन की कथा सुंदरकांड पर आधारित थी जिसमें हनुमानजी का लंका को प्रस्थान, सुरसा द्वारा बजरंगबली के बल बुद्धि की परीक्षा,छाया पकड़ने वाली राक्षसी का वर्णन, लंकिनी पर प्रहार, लंका में प्रवेश हनुमान विभीषण संवाद, हनुमान जी का अशोक वाटिका में सीता को देखकर दुखी होना और रावण का सीता को भय दिखाना, सीता झ्र हनुमान संवाद, हनुमान, जी द्वारा अशोक वाटिका विध्वंस अक्षय कुमार का वध और मेघनाथ हनुमान जी को नागपाश में बांध कर सभा में ले जाना, हनुमान रावण संवाद, लंका दहन आदि प्रसंगों का पाठ किया गया।

# नई पेंशन नीति के विरोध में नाराज शिक्षकों का धरना

जनसंदेश न्यूज

**कंदवा।** नई पेंशन नीति के विरोध मे शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले ब्लाक संसाधन केंद्र बरहनी पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। मांगे पूरी न होने पर 18 जनवरी को जिला मुख्यालय पर धरना की रणनीति बनी। अंत मे मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम से उल्लिखित ज्ञापन भी खंड शिक्षा अधिकारी बरहनी राम आसरे को सौंपा गया।

शिक्षक संघ के जिला महामंत्री के नेतृत्व में आयोजित एक दिवसीय धरना को संबोधित करते हुए योगेश सिंह ने कहा कि शिक्षकों की मांग जायज है शासन को शिक्षकों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। जयकुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज अपने हित के लडाई के लिए हमेशा संघर्षरत रहा है आगे भी रहेगा।


बरहनी बीआरसी पर नई पेंशन नीति के विरोध में धरनारत शिक्षक।

संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा एन पी एस कटौती अनिवार्य किए जाने, वेतन रोकने का आदेश अन्यायोचित है। शिक्षक समाज इसका विरोध करता है। वहीं शासनादेश मे सुधार की मांग की गई। धरना को रामआशीष, जयगोविंद सिंह, संजय सिंह शक्ति, रामकिशुन सहित अन्य द्वारा भी संबोधित किया गया। शासनादेश का विरोध जताया गया। इस अवसर पर मनोज सिंह, प्रशांत सिंह, महेन्द्र सिंह, गिरीश चंद्र, रचना अग्रवाल, दुर्गेश, कौलेश्वर दूबे, राजेश मौर्या, शिव जनम यादव, संदीप सहित अन्य रहे। अध्यक्षता अनिल सिंह व संचालन शशि प्रकाश ने किया।

### शिक्षकों ने दिया धरना

चहनियां। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई चहनियां द्वारा शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर ब्लॉक संसाधन केंद्र मथेला पर धरना दिया गया। इसके उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी चहनियां को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर प्रेमशंकर मिश्र, फकरुद्दीन अली अहमद खान, मिलन जायसवाल,हैदर अली खान, राकेश गुप्ता, अनिल पांडेय, सुरेंद्र त्रिपाठी, सद्दाम अहमद, रमेश चौरसिया, प्रदीप सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रघुवंश राम को दी श्रद्धांजलि

**नियामताबाद।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रघुवंश राम उर्फ मणि की प्रथम पुण्यतिथि शुक्रवार को उनके अमोघपुर स्थित आवास पर मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करके अपनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों व कार्यों को रेखांकित किया। इसके तहत बताया कि उन्होंने सरकार से लिखित रूप से स्वतंत्रता सेनानी का पेंशन लेने से इंकार कर दिया। जब तक वे जीवित रहे देश व समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते रहे। आज के ही दिन एक वर्ष पूर्व उनका देहांत हुआ तो पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंतिम विदाई दी गई थी। वर्तमान में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आवास अमोघपुर में उनके लिए पूजा पाठ कर सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। उक्त कार्यक्रम में उनके आवास पर पहुंच कर इन्द्रजीत शर्मा और पूर्व चेयरमैन मुसाफिर सिंह चौहान, भागवत नारायण चौरसिया ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उक्त अवसर पर लाल मोहन कुमार, विजय कुमार, अजय कुमार अकेला, ओम प्रकाश शर्मा, विक्की तिवारी, संजय शर्मा, अभिषेक शर्मा, विवेक कुमार शर्मा, अंजना शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# नेशनल हाईवे के किनारे ढाबे में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र छित्तो गांव के समीप शुक्रवार की सुबह नेशनल हाईवे स्थित मेजर साहब दा ढाबा में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अगलगी की इस घटना में अंदर मौजूद 50 हजार से अधिक मूल्य का सामान जलकर नष्ट हो गया। अगलगी की जानकारी के बाद अंदर मौजूद ढाबा संचालक ने आसपास के लोगों की मदद आग बुझाने में जुट गए और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

आधे घंटे के अथक प्रयास के बाद किसी तरह ढाबे के अंदर लगी आग पर काबू पाया गया। बताते हैं कि सदर कोतवाली क्षेत्र के छित्तो गांव के समीप नेशनल हाईवे किनारे शुक्रवार सुबह शॉर्ट सर्किट से मेजर साहब दा ढाबा में आग लग गई। धुंआ व आग की लपटों को देखकर लोगों ने शोर मचाना शुरू किया तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गए। आसपास के लोगों ने निजी समरसेबल के माध्यम से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद सूचना पाकर मौके पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया। ढाबा के संचालक विशाल सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है जिसमें करीब 50 हजार रुपये से अधिक का सामान जलकर नष्ट हो गया।


छित्तो गांव में ढाबे में लगी आग को बुझाते लोग।

## संक्षेप

### रक्षा मंत्री के आगमन के पूर्व फ्लीट ने किया पूर्वाभ्यास

**चकिया।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन के पूर्व शुक्रवार की दोपहर सुरक्षा में तैनात फ्लीट ने पूर्वाभ्यास किया। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर सोनहुल में बने हेलीपैड से लेकर भभौरा गांव तक एनएसजी के सुरक्षाकर्मियों द्वारा जैमर लगे वाहन और जत्थे के साथ पूवार्भास किया गया। 31 दिसंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपनी भाभी नैनतारा देवी के तेरहवीं में शामिल होने अपने पैतृक गांव भभौरा पहुंचेंगे। राजनाथ सिंह के आगमन की सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही है। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर से लेकर भभौरा गांव तक की सड़क को जोड़ने वाले सभी रास्तों पर रूट डायवर्जन को देखते हुए बैरिकेडिंग लगाई जा रही है। फ्लीट के साथ मौके पर पहुंची डाग स्क्वायड की टीम ने भभौरा गांव में कार्यक्रम स्थल व उसके आसपास की जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। सुरक्षा के साथ-साथ साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था के लिए जिलेभर से आए सफाई कर्मियों ने हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सड़क के दोनों पटरियों की विशेष साफ सफाई की।


रक्षा मंत्री के आगमन के मद्देनजर पूर्वाभ्यास करते एनएसपी व प्रशासन के लोग।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के सहरोई गांव के समीप शुक्रवार की सुबह एक 40 वर्षीय युवक का ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अलीनगर थाना क्षेत्र के पटपरा गांव निवासी सुनील चौहान 40 वर्षीय पुत्र मुरली चौहान फोटो बनाने और शादी विवाह में वीडियो रिकॉर्डिंग करने का काम करता था। वह पटपरा में ही स्टूडियो चलाता था। शुक्रवार की सुबह सहरोई गांव में किसी का निधन हो गया था। उसमें वह फोटो खींचने जा रहा था। कोहरा होने के कारण उसको ट्रेन आने का आभास नहीं हुआ और वह रेल पटरी पार कर रहा था तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों को सूचना मिलने के बाद उनका रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, मचा कोहराम

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के मटियरा के रहने वाले 34 वर्षीय दयाशंकर यादव का उस पार गौरा बाजार के पास गुरुवार की शाम को सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। मौत की खबर सुनकर परिजनों में हाहाकार मच गया। बताते हैं कि मटियरा गांव के रहने वाले दयाशंकर यादव पुत्र नन्दलाल यादव गुरुवार को वाराणसी किसी कार्य से गये थे। रात्रि 8 बजे लौटने पर गौरा बाजार के बाहर किसी वाहन ने धक्का मार कर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक के मोबाइल से परिजनों को सूचना देने के बाद उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बाद में परिजनों के पहुंचने पर उसे कबीर चौरा ले गए। जहां दोपहर बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दयाशंकर के चार पुत्रियां व एक पुत्र है। पिता नन्दलाल यादव, माता मीना देवी, पत्नी सुनीता, पुत्री आकांक्षा, प्रांजल व आरोही का रोकर बुरा हाल था।

### अमडा विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े गांवों की बिजली बाधित

**कंदवा।** अमड़ा विद्युत उपकेन्द्र से छह फीडरों से संचालित सैकडों गांवो सहित नलकूपों की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार को पूरे दिन बाधित रही।मुख्य आपूर्ति मे आयी तकनीक खामी वजह बताई जा रही थी। अमडा विद्युत उपकेन्द्र के ररुआ, जेवरियाबाद, ककरैत, असना, धीना, विश्व बैंक आदि फीडरों से विकास खंड बरहनी के गांवो सहित करीब 125 गांवो को विद्युत आपूर्ति होती है। वहीं जमानियां गाजीपुर विद्युत केंद्र से अमड़ा विद्युत उपकेन्द्र को बिजली उपलब्ध होती है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात्रि में जमानियां विद्युत केंद्र पर केविल बाक्स में तकनिकी खराबी आ गई, जिससे अमड़ा विद्युत उपकेन्द्र की आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत विभाग के अनुसार तकनीकि खामी को दुरुस्त करने का प्रयास शुक्रवार को दिन में जारी था देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल होने की संभावना जताई जा रही थी।

### भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने व सफल बनाने का आह्वान

**डीडीयू नगर।** तीन जनवरी से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से शुरू हो रही भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों के सम्बंध में कांग्रेसजनों ने शुक्रवार को शहर में पोस्टर लगाकर और आमजन को आमंत्रण पत्र दिया। साथ ही भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने और उसे सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा राहुल गांधी के नेतृत्व में नफरत हारेगी और भारत जुड़कर सशक्त होगा। लोग उत्सुकता और ऊर्जा के साथ भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ रहे हैं और देश में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी जैसे सभी मुद्दों पर राहुल गांधी लोगों से सीधा संवाद कर उन्हें अपने व्यक्तित्व से जोड़ने का काम कर रहे हैं। दावा किया कि मुगलसराय में यात्रा को लोगों का अप्रत्याशित समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर दशरथ चौहान, नेहाल अख्तर बाबू, अभिषेक मिश्रा, रितेश गुप्ता, रमेश सिंह रामा, मनोज चौरसिया, रामसेवक सिंह, हंसराज शर्मा, अनिल कुमार योगी, अजय गुप्ता, मृत्युंजय शर्मा, मोहन गुप्ता, मोनू सोनकर, संजय पांडेय, हरी पाठक आदि लोग थे।

### पीएम की माता के निधन पर शोकसभा

**चंदौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माता के निधन पर शुक्रवार को जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ नागरिकों ने दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि दुख की घड़ी में ईश्वर उन्हें शक्ति प्रदान करें। इस दौरान परिजनों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के निधन पर हम सभी काफी मार्महत हैं। इस दौरान सेवानिवृत्त इंजीनियर रामकेस सिंह यादव, सियाराम चौहान, बेचू प्रसाद कैलाश यादव राकेश सिंह विजय मौर्य विजय अग्रहरी आदि उपस्थित रहे।

### तालाब में डूबने से बालिका की मौत

**बबुरी।** थाना क्षेत्र के बनौली कला निवासी 4 वर्षीय बालिका शुक्रवार की दोपहर खेलते-खेलते पास स्थित तालाब में गिर गयी, जिसकी डूबने से मौत हो गयी। कुछ देर बाद जब पानी में उसका उतराया हुआ शव आसपास के लोगों ने देखा तो शोर मचाना शुरू किया। कुछ देर में परिजन व ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। परिवार के लोगों ने बालिका के शव को बाहर निकाला और उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव न बनाए विभाग

**मांग**

**खंड शिक्षाधिकारी सदर से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल**

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) ब्लाक इकाई चंदौली का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार बीआरसी पहुंचकर खण्ड शिक्षाधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह से मिला। इस दौरान शिक्षकों ने एनपीएस के तहत प्रान नंबर आवंटन के लिए विभाग की ओर से बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव की जानकारी दी। बताया कि प्रान नंबर नहीं होने की दशा में वेतन अवरूद्ध करने की बात कही जा रही है, जिससे शिक्षक मानसिक तनाव में है। लिहाजा किसी भी शिक्षक का वेतन रोका न जाए और ना ही इसे लेकर किसी शिक्षक का मानसिक शोषण किया जाए।

इस दौरान शिक्षक कुंवर विरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इन दिनों बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों पर तैनात शिक्षकों को प्रान नंबर आवंटन के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। जबकि शासनादेश में स्पष्ट है कि कोई भी शिक्षक स्वैच्छिक रूप से नवीन पेंशन स्कीम को अपना सकता है। इसकी अनिवार्यता का उल्लेख शासनादेश में नहीं है। बावजूद इसके इन दिनों शिक्षकों को फोन करके प्रान नंबर आवंटन कराने के लिए अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। इसके लिए अप्रत्यक्ष रूप से वेतन रोकने की धमकी भी दी जा रही है। इस कारण कई शिक्षक मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। विभाग के इस कृत्य का प्रभाव स्कूलों के शिक्षण कार्य पर भी पड़ रहा है। लिहाजा शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासनादेश के अनुरूप नवीन पेंशन स्कीम को स्वैच्छिक ही रहने दिया जाए। इसके लिए अनावश्यक व अविधिक दबाव किसी भी शिक्षक के ऊपर न बनाया जाए। अन्यथा की दशा में शिक्षक इसका प्रतिकार व आंदोलन करने पर विचार कर सकते हैं। इस अवसर पर दशरथ प्रसाद, अजय सिंह, मनोज शर्मा, धनंजय सिंह, आशुतोष सिंह, मुहम्मद जावेद आदि उपस्थित रहे।


बीआरसी सदर पर बीईओ को ज्ञापन सौंपते सदर ब्लाक के शिक्षक।

# पीएम की माता के निधन पर डॉ. महेंद्र पांडेय ने प्रकट किया दुःख

**चंदौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन मोदी के निधन पर केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डा. महेंद्रनाथ पांडेय ने दुःख प्रकट किया है। कहा कि उनका जीवन काफी संघर्ष पूर्ण रहा है। कठिनाइयों का सामना करते हुए उन्होंने परिवार के लिए संघर्ष जारी रखा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हमेशा सत्य की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आदर्श व अच्छा मार्गदर्शन दिया। इस क्षति को पूर्ण करना देश के लिए आसान नहीं होगा।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश उन्हें ऐसी मां के रूप में याद रखेगा।

जिन्होंने देश को नरेंद्र मोदी के रूप में ऐसा सपूत दिया। उनके मार्ग दर्शन में आज भारत पूरे विश्व में एक ऊंचाई पर पहुंचा हुआ है। देश को कोरोना की विपदा से उभारने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी माता हीरा बा का हमेशा मार्गदर्शन मिलता रहा है। उनका त्याग देश कभी भी भूला नहीं पाएगा। ऐसी दुख की घड़ी में पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। कहा कि उनकी माता की ही प्रेरणा का नजीता है कि ऐसे दुखी पल देखकर और अपने जीवन में उनको खोकर जिन्होंने मोदी जी को इस देश का नेतृत्व करने लायक बनाया। अपनी माता को अंतिम विदाई देने के बाद मोदी जी तुरंत देश के कार्य में लग गए। देश को ऐसे प्रधानमंत्री के रूप में पुत्र देने वाली माता स्वर्गीय हीरा बा को देश नमन करता है।


डॉ. महेंद्र पांडेय

# शासनादेशों के अवहेलना पर शिक्षकों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बैठक**

**विभाग पर भ्रष्टाचार को बढ़ाया देने व शिक्षकों का शोषण करने का आरोप**

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद चंदौली की बैठक शुक्रवार जूनियर हाई स्कूल सदर में हुई। बैठक के बाद शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल आदरणीय जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान विभागीय व्याप्त अनियमितता के संदर्भ में जिलाधिकारी को छह बिंदु का पत्रक सौंपा। इस दौरान आनंद कुमार पांडेय ने कहा कि महानिदेशक स्कूली शिक्षा के आदेश के बाद कतिपय खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण के नाम पर अनुपस्थित शिक्षकों को उपस्थिति पंजिका पर क्रॉस या प्रश्नवाचक चिन्ह लगाया जा रहा है और बाद में हस्ताक्षर करवाया जा रहा है। कहा कि अध्यापकों से लिपिकीय कार्य, वेतन बिल, अन्य कार्य नहीं कराए जाने के आदेश जारी होने के बाद भी जनपद के ब्लॉकों में अध्यापकों द्वारा उपरोक्त कराए जा रहे है। अनधिकृत रूप से अध्यापकों से बीआरसी पर कार्य कराए जा रहे हैं।

कहा कि वर्तमान में विभागीय कार्यवाही के नाम पर निलंबन बहाली का खेल चल रहा है, जिसकी आड़ में अध्यापकों का आर्थिक शोषण और भ्रष्टाचार किया जा रहा है। शासनादेश में रोक लगाए जाने के बाद भी निलंबन के बाद विद्यालय परिवर्तन किया जा था है। प्रधानाध्यापक द्वारा वेतन लॉक करते समय जिन अध्यापकों को अनधिकृत अवकाश दशार्या जा रहा है उनका भी वेतन खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा काटे जाने की जगह पूरा वेतन जारी किया जा रहा है। कहा कि कार्यालयों और पटल सहायकों द्वारा शिक्षकों की पत्रावलियों जैसे जीपीएफ लोन, अदेय वेतन, अवरुद्ध वेतन,चयन वेतनमान, निलंबन आदि में अनावश्यक रूप से आपत्ति लगाकर जानबूझकर अध्यापकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस अवसर पर शशि कांत गुप्त, इरफान अली मंसूरी, अनिल कुमार मौर्य, राजेश यादव, मनीष यादव, राजकुमार जायसवाल, राजेश मौर्य, रमेश तिवारी, विकल जायसवाल, विवेक विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र वर्मा, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, हिमांशु तिवारी, अजीत कुमार सिंह, धनंजय सिंह, सरोज उपाध्याय, महेंद्र, शेषधर तिवारी, आदि उपस्थित रहे।


सदर जूनियर हाईस्कूल में बैठक करते शिक्षक।

# बलुआ पुलिस ने आत्महत्या करने पहुची महिला को बचाया

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के बलुआ गंगा घाट से गुरुवार की देर शाम को गंगा में आत्महत्या करने जा रही पूजा विश्वकर्मा को बलुआ पुलिस ने बचा लिया। पारिवारिक विवाद के कारण वह गंगा में जान देने जा रही थी। पुलिस ने पत्नी को समझा बुझाकर पति को सौंप दिया। सकलडीहा के तुलसी आश्रम के रहने वाले आनन्द विश्वकर्मा की पत्नी पूजा का घर मे पारिवारिक विवाद है। विवाद व झगड़े को लेकर गुरुवार की देर शाम को पूजा घर से निकलकर चहनियां क्षेत्र के बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर पहुंचकर जान देने की बात करने लगी।

पत्नी को बचाने के लिए पति भागकर बलुआ थाने पहुंचकर बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह को सूचना दिया। तब तक घाट पर मौजूद लोग उसे बातों में उलझाए रखा। बलुआ इंस्पेक्टर के निर्देश पर तत्काल महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कांस्टेबल सीमा व पुलिस कर्मी अखिलेश यादव घाट पर पहुंचकर महिला को कब्जे में लेकर महिला को थाने ले आयी। थाने पर भी जान देने की जिद्द देखकर बलुआ इंस्पेक्टर ने विधिवत महिला को एक घण्टे तक समझाया। दोनों पति पत्नी को संतुष्ट करके घर भेजा। वहीं दोबारा ऐसी गलती न करने की हिदायत भी दिया।


बलुआ पुलिस के साथ दम्पत्ति।

# विस्फोट की आवाज से दहले लोग

**दुखद**

**घर का इकलौता पुत्र था राजन पाल**

**चन्दौली।** ऑक्सीजन सिलेंडर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि अस्पताल के आसपास के आवासों के शीशे टूट गए और लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों को पहले लगा की टायर फटा लेकिन जब बाहर निकल कर देखे तो नजारा कुछ और ही था। मांस के लोथड़े कई लोगों के आवास के सामने गिरे दिखाई पड़े थे इसे देखकर लोग सन्न रह गए। वही घटना के समय कोहरा होने से आसपास लोग की आवाजाही कम थी आमतौर पर ये इलाका काफी व्यस्तता वाला बताया जा रहा है।

मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र कूढ़कला गांव निवासी चंद्रभानु (30) हर रोज की भांति शुक्रवार की सुबह अपने साथी न्यूमहाल निवासी राजन पाल(24) के साथ अस्पतालों में सिलिंडर डिलवरी देने के लिए घर से निकला था। चंद्रभान दो भाईयों में सबसे छोटा था। सूचना के बाद अस्पताल पहुंची उसकी मां शांति देवी, बड़े भाई चंदिका प्रसाद व भाभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं दूसरी तरफ राजन पाल अपने घर का इकलौता पुत्र था। राजन के पिता राजकुमार पाल व मां सोनी देवी, बड़ी बहन ऋतु और छोटी बहन रानी का भी रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। राजन की पत्नी नीलम भी अपनी बेटी सृष्टि(01) व बेटे श्रेयांश (02) मढ़िया स्थित मायके गई हुई थी। मौत के बाद पिता माता और पत्नी का रो-रो रोकर बुरा हाल था। दोनो बच्चों के समझ में कुछ नहीं आ रहा था बस मां का चेहरा देख रहे थे।


घटना के बाद विलाप करते मृतक परिजनों को ढांढस बंधाते चंद्रेश्वर जायसवाल


रविनगर में हादसे के बाबत जायजा लेने पहुंचे एसपी अंकुर अग्रवाल।

### लापरवाही से हुआ हादसा

ऑक्सीजन सिलेंडर फटने की घटना से जहां दो युवकों की मौत हो गई वहीं पर जब इनके कारण खंगालना चालू हुआ है तो प्रथम दृष्टया यह लगता है कि जो मानक के तहत ऑक्सीजन सिलेंडर भेजा जाता है और उतारने की प्रक्रिया होती है उसके बाद अस्पताल के द्वारा स्टालेशन का कार्य किया जाता है लेकिन यह सभी कार्य मानक के अनुकूल नही दिखाई पड़ी। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने इस बात पर कहा है कि पूरी मामले की पूरी जांच करवाई जाएगी फॉरेंसिक टीम की मदद भी ली जाएगी। जहां जिसकी गलती होगी उस पर कार्रवाई निश्चित की जाएगी।

### विभाग के मानकों पर खरी नहीं उतर रही हैं कंपनियां

**डीडीयू नगर।** नगर में शुक्रवार की सुबह हुई घटना से पूरा नगर सकते में है घटना के पश्चात मौके पर जुटी भीड में कुछ लोगों का कहना था कि इस तरह की हो रही घटनाएं से अब प्रशासन के साथ ही आम लोगों को भी सबक लेना चाहिए। आए दिन जनमानस की जान के साथ कंपनियों द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है। जनता की मूलभूत सुविधाओं को सप्लाई करने के लिए विभाग द्वारा कुछ मानक बनाए गए हैं परंतु यह कंपनियां उन मानकों को शायद ही पूरा कर पाते हैं। कंपनियां अप्रशिक्षित कर्मचारियों से ऐसे संवेदनशील सामान की सप्लाई करवा रही है। आए दिन देखा जाता है कि घरेलू गैस सिलेंडर को टाली पर लादकर जगह-जगह टाली मैन सप्लाई करते हैं। कभी-कभी वे सिलेंडर को सड़क पर ही पटक देते हैं। वहीं आज जो घटना हुई है वहां भी शायद ऐसा ही मामला प्रतीत हो रहा है। इन कंपनियों को प्रशासन का भय नहीं रह गया है। लोगों की माने तो सुरक्षा मानकों पर यह कंपनियां एकदम खरी नहीं उतर रही है। अगर प्रशासन द्वारा आज की घटना से सीख नहीं लिया गया तो आगे भी इस तरह की घटनाएं की पुनरावृत्ति से इन्कार नहीं किया जा सकता।

# स्पोर्ट्स

### इस साल नाकाम रहे राहुल

नई दिल्ली। बल्लेबाज लोकेश राहुल के लिए यह साल बेहद खराब रहा और वह एक प्रकार से टीम पर बोझ साबित हुए। हाल में समाप्त हुए बांग्लादेश दौरे पर उन्हें टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया पर वह रन नहीं बना पाये। राहुल इस साल तीनों प्रारुपों में नाकाम रहे हैं। इन तीनों प्रारुपों में हम उनका औसत देखें तो उन्होंने 30 से भी कम के औसत से रन बनाए हैं। उन्होंने इस साल 8 पारियों में 17.12 के औसत से मात्र 137 रन बनाए है जिसमें मात्र एक अर्धशतक शामिल है। इस साल टी20 विश्व कप और एशिया कप टी20 टूर्नामेंट हुआ। दोनों ही टूर्नामेंट में राहुल विफल रहे। राहुल ने इस साल कुल 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इस दौरान उन्होंने कुल 434 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 125 के आस पास का था। उन्होंने कुल 6 अर्धशतक लगाये। वहीं एकदिवसीय मैचों की बात करें तो उन्होंने 10 एकदिवसीय मैचों की नौ पारियों में मात्र 251 रन बनाए हैं। उनका औसत 27 के आसपास का रहा। वह इस साल एक भी शतक नहीं लगा पाये।

## महान फुटबॉलर पेले का निधन

मुंबई। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले का निधन हो गया है। उनका पूरा नाम एडसन अरांतेस डो नैसिमेंटो था पर वह पेले के नाम से लोकप्रिय हुए। पिछले काफी समय से वह सांस संबंधी परेशानी और के कारण अस्पताल में भर्ती थे। 82 वर्षीय पेले का ब्राजील के साओ पाउलो में स्थित रॉयल अल्बर्ट अस्पताल में इलाज चल रहा था। वह कैंसर से भी पीड़ित थे और इसके कारण उनकी सर्जरी भी हुई है।

सितंबर 2021 में उनकी बड़ी आंत में बने ट्यूमर को ऑपरेशन कर हटा दिया गया था। उन्हें फीफा ने महानतम का दर्जा और 1999 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा एथलीट ऑफ द सेंचुरी का दर्जा दिया गया। वहीं टाइम मैगजीन की 20वीं सदी के 100 सबसे महत्वपूर्ण लोगों की सूची में शामिल पेले को 2000 में विश्व खिलाड़ी का वोट दिया गया था। वह इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल हिस्ट्री एंड स्टैटिस्टिक्स द्वारा सेंचुरी और फीफा प्लेयर ऑफ द सेंचुरी अवार्ड के दो संयुक्त विजेताओं में से एक थे।

पेले एकमात्र ऐसे फुटबॉलर थे जिन्होंने तीन बार ब्राजील के लिए 1958 1962 और 1970 में विश्व कप जीता। वह विश्व फुटबॉल में 10 नंबर की जर्सी के साथ उतरते थे। एक नंबर जो अब लियोनेल मेसी और काइलियन एम्बाप द्वारा खेला जाता है। वह प्रतिभा के साथ खेल




खेलने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी थे और इतने अजेय थे कि कई डिफेंडरों के सामने उन्हें फाउल करना ही एकमात्र विकल्प था। उनका गेंद पर गजब का नियंत्रण था और ऐसा लगता था जैसे उनके पैरों में कोई जादू हो।

## पेले जैसा कोई दूसरा नहीं हुआ, फुटबॉल को दी खूबसूरती

### महानता के नए मानदंड बनाये

साओ पाउलो। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के निधन के साथ ही फुटबॉल के एक युग का अंत हो गया। ब्राजील को तीन बार विश्व विजेता बनाने वाले पेले के पैरों का जादू जब चलता था तो ऐसा लगता था जैसे दुनिया मानों थम सी गयी हो। इस खिलाड़ी ने फुटबॉल को खूबसूरती देकर महानता के नये मानदंड बनाये थे। पहली बार 1958 में सत्रह साल की उम्र में उन्होंने ब्राजील के लिए विश्वकप जीता। इसके बाद से ही उनके खेल में लगातार निखार आता गया और सत्तर के दशक में खेल को अलविदा कहने से पहले उन्होंने ऐसे मानदंड कायम कर दिये थे कि ब्राजील ही नहीं बल्कि दुनिया के हर फुटबॉलर को उस कसौटी पर रखा जाता है। ब्राजील में गारिंचा से लेकर दिदि तक जिको से लेकर रोमारियो तक कई सुपरस्टार फुटबॉलर हुए पर पेले जैसा कोई दूसरा नहीं हुआ। तीन विश्व कप जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी पेले ने ब्राजील के लिए 95 गोल किए। दूसरे नंबर पर नेमार हैं जिन्होंने 75 गोल किये हैं जबकि रोनाल्डो ने 62 गोल किए हैं।

पेले ने ब्राजील के लिये 114 मैच खेले जिनमें से 92 पूर्ण अंतरराष्ट्रीय मैच थे। उन्होंने विश्व कप में 14 मैच खेलकर 12 गोल किए। फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में शामिल पेले ने पहले सांतोस क्लब के लिये और फिर राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलते हुए अपनी अलग पहचान बनायी। उनकी कलात्मकता हुनर और पैरों की जादूगरी के विरोधी भी कायल थे। उनके खेल में ब्राजील की सांबा शैली झलकती थी। ब्राजील को फुटबॉल की महाशक्ति बनाने वाले पेले के कैरियर की शुरूआत साओ पाउलो की सड़कों पर हुई जहां वह अखबारों के गट्ठर या रद्दी के ढेर का गोला बनाकर फुटबॉल खेला करते थे। फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों का जिक्र होता है तो पेले के साथ सिर्फ अर्जेंटीना के पूर्व कप्तान डियगो माराडोना और अब लियोनेल मेसी का नाम लिया जाता है। पेले ने लीग मैचों में करीब 650 और सीनियर मैचों में 1281 गोल किए।

ब्लैक किंग कहे जाने वाले पेले ने सबसे पहले 1958 में स्वीडन में 17 वर्ष की उम्र में विश्व कप में अपना असर दिखाया। वह उस टूर्नामेंट के सबसे युवा खिलाड़ी थे। फाइनल में मेजबान के खिलाफ 5-2 से मिली जीत में दो गोल करने वाले पेले को उनके साथी खिलाड़ियों ने कंधे पर उठा लिया था। फिर चार साल बाद चोट के कारण वह दो ही मैच खेल सके लेकिन ब्राजील ने खिताब बरकरार रखा। मेक्सिको में 1970 में हुए विश्व कप में इटली पर मिली जीत में पेले ने फाइनल में एक गोल किया और कार्लोस अलबर्टो के गोल में उनकी अहम भूमिका रही। उन्होंने ब्राजील के लिये 114 मैचों में 95 गोल किए। जब यूरोपीय क्लबों में उन्हें खरीदने के लिए होड़ मची थी तो ब्राजील सरकार को इसे रोकने के लिए उन्हें राष्ट्रीय संपदा घोषित किया। उन्होंने करियर का आखिरी मैच 1971 में पूर्व यूगोस्लाविया के खिलाफ खेला जो 2-2 से ड्रॉ रहा। मैदान से वापसी पर वह भावुक नजर आये।

### रोनाल्डो-एम्बाप्पे सहित कई खिलाड़ियों ने पेले को श्रद्धांजलि दी

बार्सिलोना। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और फ्रांस के कालियान एम्बाप्पे ने भी महान फुटबॉलर पेले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। 82 साल के पेले का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को साओ पाउलो के अलबर्ट आइंस्टीन अस्पताल में निधन हो गया था। वह कैंसर और सांस की बीमारी से पीड़ित थे। तीन बार के विश्व कप विजेता का सितंबर 2021 में एक ट्यूमर हटा दिया गया था। वह हाल ही में किडनी और दिल की बीमारी के कारण भी निगरानी में थे। रोनाल्डो ने पेले के निधन की खबर सार्वजनिक होने पर उन्हें तत्काल भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

रोनाल्डो ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा पूरे ब्राजील और विशेष रूप से पेले के परिवार के लिए मेरी गहरी संवेदनाएं। किंग पेले को एक मात्र अलविदा कभी भी उस दर्द को व्यक्त करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा जिसमें पूरा फुटबॉल जगत इस समय डूब गया है। वहीं फ्रांस के विश्व कप विजेता और पीएसजी फॉरवर्ड एम्बाप्पे ने ट्विटर पर कहा फुटबॉल के राजा ने हमें छोड़ दिया है लेकिन उनकी विरासत को कभी नहीं भुलाया जाएगा। रिप किंग। वहीं इंग्लैंड के पूर्व स्ट्राइकर ज्योफ हर्स्ट ने कहा मेरे पास पेले की बहुत सारी यादें हैं निस्संदेह वह सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर हैं जिनके खिलाफ मैं खेला हूं। मेरे लिए पेले सर्वकालिक महान हैं और मुझे उनके साथ मैदान पर होने पर गर्व था।

### पेले का निधन एक बड़ी क्षति, प्रशंसकों के दिलों में रहेंगे : विजयन

तिरुवनंतपुरम। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान आईएम विजयन ने ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे विश्व के लिए एक बड़ी क्षति है। विजयन ने कहा कि पेले की दुनिया भर में फैन फॉलोइंग थी। विजयन ने कहा कि पेले हमेशा अपने फुटबॉल प्रशंसकों के दिलों में रहेंगे चाहे वे अपने देश में हों या हजारों मील दूर। विजयन ने सोशल मीडिया पर लिखा हो सकता है कि उनका निधन हो गया हो पर वह केरल के फुटबॉल प्रशंसकों के दिलो-दिमाग से कभी नहीं उतरेंगे। हर चार साल में फुटबॉल विश्वकप आता है उस समय केरल के हर कोने में पेले की तस्वीर प्रदर्शित की जाती है।

## पेले के निधन पर बाईचुंग भूटिया ने श्रृद्धांजलि देकर कहा, वह वाकई किंग थे

### सचिन तेंदुलकर ने पेले के निधन को खेल जगत के लिए बड़ा नुकसान बताया

कोलकाता। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के निधन पर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से लेकर फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया तक सभी ने श्रद्धांजलि दी है। तीन विश्व कप जीतने वाले एकमात्र फुटबॉल खिलाड़ी पेले का कैंसर से लंबे समय तक जूझने के बाद 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। भूटिया को 2018 में पेले की भारत यात्रा के दौरान उनका इंटरव्यू करने का मौका मिला था। उन्होंने कहा मुझे दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान उनका इंटरव्यू करने का मौका मिला था। वह इतने शानदार और विनम्र व्यक्ति थे। मैने करीब 40 मिनट तक उनसे बात की।

उन्होंने कहाहाहाहबातचीत फुटबॉल पर उनके जीवन और कुछ भारतीय फुटबॉल पर थी। वह काफी मजाकिया भी थे। मैंने इंटरव्यू के दौरान उनसे पिछले भारत दौरे के बारे में पूछा लेकिन उन्हें याद नहीं था कि किस शहर में उन्होंने खेला और मैच का नतीजा क्या था। शायद उम्र का असर था। उन्होंने कहाहाहाहवह वाकई किंग थे। हमारे लिये भगवान। वह इतने विनम्र और मृदुभाषी थे। फुटबॉल जगत के लिए उनका जाना बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने लाखों को प्रेरित किया। वह भारत का उनका आखिरी दौरा था जब वह दिल्ली में सुब्रोतो कप इंटर स्कूल फाइनल के लिए पहुंचे थे।

भूटिया ने कहाहाहपहली बार वह आए तब फिट थे लेकिन दूसरी बार व्हीलचेयर पर आए थे। क्रिकेटर तेंदुलकर ने ट्वीट किया फुटबॉल ही नहीं बल्कि खेल जगत का बड़ा नुकसान। पेले जैसा कोई दूसरा नहीं होगा। रेस्ट इन पीस पेले। पेले के खिलाफ कोलकाता में खेल चुके भारत और मोहन बागान के पूर्व फॉरवर्ड श्याम थापा ने कहाहाहहमैं बहुत दुखी हूं। मैं खुशकिस्मत हूं कि उनके साथ खेल सका। उस शाम को मैं कभी नहीं भूल सकता। वह करिश्माई थे।

सिर्फ पेले के साथ खेलने के लिये थापा ईस्ट बंगाल क्लब छोड़कर मोहन बागान से जुड़े थे। उनके पूर्व साथी खिलाड़ी प्रदीप चौधरी ने उस मैच को याद करते हुए कहाहाहउस दिन तक बारिश हो रही थी और ईडन गार्डन गीला था। स्टेडियम के भीतर हालांकि 90000 प्रशंसक मौजूद थे। फुटबॉल की ऐसी दीवानगी पहले नहीं देखी थी।

## क्रिकेटर ऋषभ कार दुर्घटना में घायल

नई दिल्ली। टीम इंडिया के क्रिकेटर ऋषभ पंत आप सुबह एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। राहत की बात यह है कि वह खतरे से बाहर आ गये हैं और बात करने की स्थिति में हैं। रुड़की

### डिवाइडर से टकराकर कार पलटी, आग लगने से खाक

पुलिस के अनुसार ऋषभ की मर्सिडीज कार डीएल 10 सीएन 1717 है आज तड़के 5.30 बजे एक डिवाइडर से टकरा गयी जिसके बाद उसमें आग लग गयी। पुलिस के अनुसार वह देर रात दिल्ली से रुड़की की तरफ अकेले ही निकले थे। इस दौरान अचानक ही उन्हें झपकी आ गयी जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार वह अभी खतरे से बाहर हैं। देहरादून के मैक्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस अधीक्षक स्वपन किशोर ने बताया कि ऋषभ की कार हरिद्वार जिले के मंगलौर और नरसन के बीच एनएच-58 पर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर के बाद उनकी कार पलटने के बाद उसमें आग लग गई। ऋषभ ने स्वयं कार का दरवाजा खोलकर खुद बाहर निकलने का भी प्रयास किया पर घायल होने के कारण वह सफल नहीं हुए। वहां पहुंचे लोगों ने उन्हें किसी प्रकार निकालकर रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें देहरादून के मैक्स अस्पताल में भेजा गया। उनके पैर में फ्रैक्चर के साथ ही सिर और पीठ में भी चोट लगी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ऋषभ की कार रेलिंग से जा टकराई जिसके बाद कार में आग लग गई। बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया गया।

राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस घायल क्रिकेटर के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उनके समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने ऋषभ के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि उनके इलाज का सारा व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। साथ ही कहा कि अगर एयर एंबुलेंस की आवश्यकता होती है तो उसकी भी व्यवस्था की जाए।





### ऋषभ के शीघ्र ठीक होने की उम्मीद : जय शाह

**हर संभव सहायता उपलब्ध कराएंगे**

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के कार हादसे में घायल होने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उनके शीघ्र ठीक होने की कामना की है। बोर्ड सचिव जय शाह ने ट्वीट किया हमारी प्रार्थनाएं और विचार ऋषभ के साथ हैं। उम्मीद है कि वो जल्द ही अपनी चोट से उबर जाएंगे। मैंने उनके परिवार और उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों से बात की है। ऋषभ की हालत स्थिर है और उनके जरूरी स्कैन हो रहे हैं। हमारी नजरें उनकी सेहत पर नजर है और हम उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराएंगे।

गौरतलब है कि ऋषभ बीसीसीआई के केन्द्रीय अनुबंध में शामिल क्रिकेटर हैं। पिछले साल बीसीसीआई ने उन्हें ए-ग्रेड में रखा था। इस ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को सालाना पांच करोड़ करोड़ रुपये है। यह राशि खिलाड़ियों को मैच फीस के अलावा मिलती है। केन्द्रीय अनुबंध में शामिल में शामिल के कारण बीसीसीआई उनके इलाज की जिम्मेदारी भी उठाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार इस क्रिकेटर के शरीर में कहीं कोई फ्रैक्चर या जलने के निशान नहीं है। शुरुआती एक्सरे रिपोर्ट में उनके घुटने के लिगामेंट में चोट की बात सामने आई है। इसके अलावा उनकी पीठ में चोट लगी है।

### ऋषभ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में नहीं खेल पायेंगे

मुम्बई। क्रिकेटर ऋषभ पंत को कार हादसे में घायल होने के कारण देहरादून के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें सिर और पीठ में गंभीर चोट आई है। ऐसे में उनका जल्दी मैदान पर लौटना संभव नहीं है। इससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी में होने वाली टेस्ट सीरीज से भी एक प्रकार से बाहर हो गये हैं। पहले के कार्यक्रम के अनुसार उन्हें एनसीए जाना था पर अब उन्हें एक्सीडेंट के कारण लंबे समय तक बाहर रहना पड़ सकता है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम को घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद 9 फरवरी से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4 मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप को देखते हुए यह सीरीज टीम इंडिया के लिए बेहद अहम है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस क्रिकेटर का रिकॉर्ड भी अच्छा है पर अब वह इस सीरीज में नहीं उतर पायेंगे। इससे साथ ही बीसीसीआई को उनका विकल्प भी तलाशना होगा।

### उर्वशी ने ऋषभ के शीघ्र ठीक होने के लिए प्रार्थना की, प्रशंसक भड़के



मुंबई। टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के सड़क हादसे में घायल होने की खबर से बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी चिन्तित है और उसने उनके शीघ्र ठीक होने के लिए प्रार्थना की है। उर्वशी ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा प्रार्थना हालांकि इस पोस्ट के बाद वह यूजर्स के निशाने पर आ गई और उन्हें ऋषभ के प्रशंसकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। इसका कारण यह है कि उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीर शेयर की है उसमें वह भड़कीली सफेद ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। अपनी इस पोस्ट के कारण यह अभिनेत्री सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रही हैं। उन्होंने इस पोस्ट के साथ लिखाप्रार्थना कर रही हूं पर उन्होंने जो अपनी तस्वीर शेयर की है उसमें वह अपने परिधानों के कारण एक मॉडल की तरह नजर आ रही हैं। इसी को देखकर प्रशंसक भड़क गये। एक यूजर ने उर्वशी की प्रार्थना को नौटंकी जबकि एक अन्य ने इसे पब्लिसिटी स्टंट बताया करार दिया।

### पंत के जल्द ठीक होने की दुआएं मांग रहे पाकिस्तानी क्रिकेटर

नई दिल्ली। भारत के विकेटकीपर और बल्लेबाज ऋषभ पंत भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हुए हैं। वह दिल्ली से उत्तराखंड जा रहे थे उस वक्त उनकी गाड़ी रुड़की के पास डिवाइडर से टकरा गई। गाड़ी ने आग पकड़ ली इसके बाद पंत ने गाड़ी का शीशा तोड़कर बाहर निकले। इस हादसे के वक्त पंत गाड़ी में अकेले थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक पंत की हालत स्थिर है। पंत के जल्दी स्वस्थ होने की दुआएं फैंस भारतीय और विदेशी क्रिकेटर भी कर रहे हैं। पाकिस्तानी क्रिकेटर भी ऋषभ पंत के लिए दुआएं कर रहे हैं। कई पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने पंत के जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हुए सोशल मीडिया के जरिये संदेश भेजे हैं। मोहम्मद हफीज ने लिखा है कि वह पंत के जल्दी से ठीक होने के लिए दुआएं कर रहे हैं। हसन अली ने ट्वीट कर लिखा है कि उम्मीद है कि ऋषभ पंत के साथ कुछ गंभीर नहीं हुआ है। मैं कामना करता हूं कि आप जल्दी से ठीक होकर आ जाए। आपके लिए दुआएं भाई इंशा अल्ला आप जल्द ठीक हों और मैदान पर वापस लौटें।

## माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी की परीक्षा केंद्रों की सूची

चंदौली। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया पूरी कर निर्धारित किए गए परीक्षा केंद्रों की सूची सार्वजनिक कर दी है। इस बात की जानकारी देते हुए प्रभारी डीआईओएस सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के राजकीय, शासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के यूपी बोर्ड की परीक्षा-2023 के मद्देनजर केंद्र निर्धारण कर दिया गया है। बीते 28 दिसंबर को सूची को विभागीय वेबसाइट पर जारी करने के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी छात्र, अभिभावक, प्रधानाचार्य या प्रबंधक को केन्द्र निर्धारण से संबंधित कोई भी आपत्ति है तो वह 31 दिसंबर तक परिषद के आधिकारिक ईमेल पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति एवं प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। बताया कि यदि किसी को परीक्षा केंद्र को लेकर आपत्ति है तो निर्धारित समयावधि के अंदर अपनी आपत्ति विभाग व परिषद के समक्ष प्रस्तुत कर दें। आपत्तियों पर विचार कर उसे शासनादेश के अनुसार निस्तारित किया जाएगा। सूची सार्वजनिक होने के साथ के बाद कई प्रबंधक व प्रधानाचार्य बोर्ड की ओर से निर्धारित किए गए परीक्षा केंद्रों को लेकर असंतुष्ट और हलकान नजर आए। पूरे दिन माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्यालय स्थित नोटिस बोर्ड के साथ ही विभागीय वाट्सएप ग्रुप पर जारी किए गए सूची का अवलोकन करते और विभागीय कर्मचारियों के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराने नजर आए।

## तानाशाही भरा है शिक्षकों के प्रति सरकार का रवैया

नियामताबाद। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई नियामताबाद के पदाधिकारियों ने नई पेंशन नीति के विरोध में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन खंड शिक्षाधिकारी मनोज कुमार यादव को दिया। पत्रों के माध्यम से नई पेंशन योजना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों पर जबरदस्ती स्वीकार करने का प्रयास किया जा रहा है तथा न स्वीकार करने की स्थिति में जबरन वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं यह शिक्षकों के साथ तानाशाही पूर्ण व्यवहार है।



नियामताबाद बीआरसी पर पत्रक सौंपते शिक्षक।

वित्त नियंत्रक के तानाशाही आदेश से प्रदेश का बेसिक शिक्षा आक्रोशित है तथा शांतिपूर्ण आंदोलन का बाध्य हो रहा है। प्रदेश के जबरन नई पेंशन योजना स्वीकार करने तथा वेतन से जबरन कटौती करने व वेतन रोकने के संबंधित तानाशाही पूर्ण आदेशों को निरस्त करें। चेताया कि शिक्षक संघ अपनी मांगे पूरी होने तक लड़ाई को निरंतर जारी रखेगा। इस अवसर पर विकास चंद्र सिंह, गौरव मिश्रा ,धीरेंद्र कुमार सिंह, विनोद सिंह ,उदय प्रकाश ओझा, उमेश सिंह, संतोष सिंह, श्रीनिवास, अंकिता, संदीप, प्रणिता, शफत नाज शबनम आदि उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुतियों से बांधा समां

चंदौली। नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय का 28वां वार्षिकोत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में धीरेंद्र कुमार सिंह हिंदू युवा वाहिनी तहसील संयोजक सकलडीहा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके विद्यालय का ध्वजारोहण करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित अभिभावक व दर्शकों का मन मोह लिया।

इस मौके पर धीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल के बच्चों में प्रतिभा है। साथ ही इनका आत्मबल भी काफी सशक्त है। निश्चित ही ये बच्चे चलकर एक बेहतर व सफल नागरिक बनेंगे। शिक्षकों से बच्चों को बेहतर शिक्षा व संस्कार देकर उनका उचित मार्गदर्शन करते रहने का आह्वान किया। साथ ही बच्चों का हौसला बढ़ाने का कार्य करेंगे विद्यालय परिवार का आभार प्रकट करते हैं। इसके पूर्व बच्चों ने जलवा तेरा जलवा जलवा....। व्यंग कविता रंग दे बसंती चोला सत्यम शिवम सुंदरम, चिट्ठी ना कोई संदेश आदि गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति की और अपनी प्रस्तुतियों से वार्षिकोत्सव में शमा बांध दी।

इस दौरान बच्चों ने क्लासिकल नृत्य और महिला सशक्ति करण, नागिन डांस, कोरोना वायरस रीमिक्स, दहेज प्रथा आदि कुरीतियों को भी नृत्य व कला के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल चंदौली जिला अध्यक्ष राकेश



एसडी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में नृत्य की प्रस्तुति करते स्कूली बच्चे।

शर्मा, पूर्व चेयरमैन महेंद्र गुप्ता, शीला देवी, दीपक कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह यादव, संतोष कुमार, पारस राम, संजीव कुशवाहा, मुजफ्फर अली, सविता यादव, रीता सिंह, संगीता देवी, शबनम खान शिक्षक आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रेमनाथ शर्मा व संचालन ताहिर खान ने किया।

## शरद मेले में स्वनिर्मित वस्तुओं ने लोगों को लुभाया

चंदौली। पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में नाबार्ड की ओर से आयोजित शरद मेले के तीसरे दिन विविध कार्यक्रम हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी बसंत दुबे व विशिष्ट अतिथि के रूप में स्नेहा कृषि रक्षा अधिकारी रही। इस दौरान एफपीओ श्रमिक नेचर की ओर से जैविक उत्पादों का 5000 वही काला चावल एफपीओ की ओर से 2500 की बिक्री की गई। विभिन्न ब्लॉक से आए हुए स्वयं सहायता समूह में अमिला, समृद्धि, दुर्गा, प्रकाश की ओर से तैयार विभिन्न उत्पादों की 15000 की बिक्री की गई।




शरद महोत्सव में मंचासीन अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक।

मेले में जीआई उत्पाद वुड कार्विंग एवं माला का 6000 की बिक्री हुई। नाबार्ड की ओर से सहायक पूर्वांचल कंप्यूटर प्रशिक्षण के छात्र तथा स्वयंसेवी संस्था की ओर से किए गए कार्य की भी प्रदर्शनी लगाई गई। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि एफपीओ के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर स्वनिर्मित वस्तुओं का प्रचार प्रसार करें व बिक्री भी करवाएं और साथ ही ऑर्गेनिक खेती के उत्पादित खाद्य सामग्रियों का भी जनमानस में बेहतर प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। आरसेटी, खादी ग्रामोद्योग की ओर से भी स्टाल लगाए गए, जिसकी भी बिक्री अच्छी खासी हुई तथा आसपास की कालोनियों एवं गांव से संस्था समूह की लगभग 250 महिलाएं एवं बच्चे मेले में शामिल हुए। आज तीन दिवसीय शरद मेले के समापन पर जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड तनुज सेन ने कहा कि नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी शरद मेले में दी गई मेले के माध्यम से स्वयं सहायता समूह, एफपीओ, जैविक उत्पादन, जी आई उत्पाद, खादी ग्राम उद्योग आदि के माध्यम से जानकारियां दी गई। इस अवसर पर पूर्वांचल कंप्यूटर शिक्षा सेवा संस्था से रामचंद्र यादव, प्रबंधक सहायक सुनील कुमार, साना खान भी उपस्थित रहीं।

# आयुष्मान कार्ड से मिलने वाली सुविधाओं पर बल

**बैठक**

### आयुष्मान कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, आशाओं का समय पर भुगतान, अन्य बिन्दुओं पर हुई समीक्षा


स्वास्थ्य समिति की बैठक को सम्बोधित करते डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास खण्ड रामपुर के सभागार में जिला स्वास्थ समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड, दवाओं की उपलब्धता, हेल्थ वेलनेस सेण्टर, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, जननी सुरक्षा योजना, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा किया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पीएचसी पर चिकित्सक बैठे।

बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान गोल्डेन कार्ड के अन्तर्गत आने वाली बीमारियों के प्रकारों तथा सन्दर्भित लाभार्थियों को मिलने वाले सुविधाओं पर बल दिया। उन्होंने आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना के अंतर्गत श्रमिक कार्ड धारकों के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों एवं अंत्योदय कार्ड धारकों के लाभार्थियों को इसका लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए, जिससे कि वह अपनी गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु 5 लाख तक का इलाज सरकारी एवं सम्बद्ध किये गए प्राइवेट अस्पताल में सुविधा प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने डीएसओ को निर्देश दिया कि कोटेदारों से प्रतिदिन मोनिटरिंग करें और अधिक से अधिक लोगों का गोल्डेन कार्ड बनाया जाए। गर्भवती महिलाओं की समय से समस्त जांच कराकर संस्थागत एवं सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराए जाने हेतु आशा एवं एएनएम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहाँ-जहाँ डिलीवरी कम हुई है आशा एनएम और सुपरवाइजर की जिम्मेदारी तय की जाय। उन्होंने बैठक में मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाए जाने तथा टीकाकरण को पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। आशाओं के प्रशिक्षण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जल्द जल्द प्रशिक्षण कराकर अवगत कराएं अन्यथा कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। टेण्डर प्रकिया में किसी प्रकार लेट लतीफी बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने बाल स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। चिकित्सालयों में ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की व जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं लाल बहादुर, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरबी सिंह सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रेलवे फाटक बंद रहने से नाराज ग्रामीण आमरण-अनशन पर बैठे


रेलवे फाटक के किनारे आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीण

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के बिठुआ कला रेलवे फाटक किनारे शुक्रवार की सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आमरण-अनशन पर दर्जनों ग्रामीण बैठ गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि 23/एसी बिठुआ कला रेलवे फाटक 23 दिसंबर से अधिकांश बंद रहता है। जिसको लेकर हजारों ग्रामीण, किसान, छात्र-छात्राओं को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि उक्त सम्बन्ध में पूर्व में श्रीकृष्णा नगर रेलवे स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन भी दिया जा चुका है कि पूर्व की भांति उक्त रेलवे फाटक को समय-समय पर बंद किया जाए और खोला जाए। जबकि रेलवे विभाग उक्त फाटक को ट्रैफिक के अनुसार संचालित करना चाहता है और हम ग्रामीणों की मांग पर कोई अमल नहीं कर रहा है जिसको लेकर विवेक यादव की अध्यक्षता में दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन आमरण-अनशन पर बैठे हैं जिसमें राजेश बिंद, ओमप्रकाश गुप्ता, विकास मिश्रा, राजीव यादव, प्रेमचंद बिंद, पंचमराम सरोज, अरबाज खान, पुनीत तिवारी सहित आदि लोग रहे।

# स्टेट बैंक के बगल में बजबजा रहा नाला, जिम्मेदार बेखबर



**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के सरायबीरू रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाले रोड के किनारे बना नाला बजबजा रहा है। राहगीर समेत दुकानदारों ने डेंगू समेत अन्य घातक वीमारियों को लेकर लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

गौरतलब हो कि रेलवे स्टेशन रोड पर स्थिति स्टेट बैंक के ठीक बगल में एक नाला निकला है जो मरम्मत के अभाव में पूरी तरह से पटने के कगार पर है।

**दुकानदारों में डेंगू समेत अन्य वीमारियों को लेकर दहशत का माहौल**

बरसात के दिनों की तो बात छोड़िए इस नाले हर रोज बजबजाते गंदे पानी को देखा जा सकता है जबकि इसी रोड से होकर अधिकारी व कर्मचारी ब्लॉक पर जाते है मगर नाले में बह रहे गंदे पानी को देख नजरंदाज कर निकल जाते हैं। नाले से सटे दुकानदारों को गंदे पानी से होकर हर रोज आना जाना होता है और शाम होते ही गंदे पानी की वजह से दुकानों में मच्छरों का आवागमन बना रहता है जिसको लेकर दुकानदारों में डेंगू समेत अन्य घातक वीमारियों को लेकर दहशत का माहौल व्याप्त है जबकि बरसात से पहले नालों की साफ सफाई कराने को लेकर प्रशासन मुस्तैद रहता है मगर इसे दुर्भाग्य ही कहा जाय की बरसात के दिनों की बात तो छोड़िए अब तक इस नाले की सुधि लेने की आवश्यकता ग्राम प्रधान ने ली और न सचिव ही ने ली। बहरहाल कब और कैसे इस नाले की मरम्मत कराई जाएगी ये तो जिम्मेदार ही तय करेंगे।

## शिक्षण संस्थानों में हुआ शोक सभा का आयोजन

**सुइथाकला।** देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की माँ हीराबेन के निधन की खबर पर शुक्रवार को क्षेत्र के कई शिक्षण संस्थानों में शोकसभा का आयोजन किया गया। दिवगंत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस कड़ी में शुक्रवार को जहाँ क्षेत्र के श्री गाँधी स्मारक इण्टर कालेज समोधपुर व शान्ति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारी जहाँगीर पट्टी में आठवें कालांश में क्रमशः प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह व प्रधानाध्यापक महेश दूबे की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया वहीं बाल संरचना संस्थान इण्टरमीडिएट कालेज लालापुर में प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में चतुर्थ कालांश के बाद शोक सभा का आयोजन कर संस्थान को बन्द कर दिया गया। ऊँचगाँव स्थित एसबीडी गुरूकुल महाविद्यालय में प्रबन्धक व प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द तिवारी की अध्यक्षता में शोकसभा कर मृतक के प्रति श्रद्धांजली प्रदान की गई। इस दौरान दिवगंत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान शिक्षण कर्मियों समेत छात्र छात्राएं मौजूद रही।

# मैजिक-ट्रक की टक्कर में महिला सहित पांच घायल

जनसंदेश न्यूज

**जलालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के असबरनपुर गांव के सामने शुक्रवार की भोर में ट्रक एवं मैजिक के आमने-सामने भिड़ंत में मैजिक सवार पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को 108 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेहटी ले आए जहां पर डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन की गम्भीरावस्था को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार आल्हा राजभर निवासी करखियाव फूलपुर वाराणसी अपने परिजनों के साथ वाराणसी में स्थिति रिश्तेदारी में दुआर करने गया था। जब वह भोर में अपने घर वापस आ रहा था तो असबरनपुर गांव के सामने वह उल्टी दिशा में मैजिक लेकर आ रहा था जिससे वह सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया जिसे मैजिक में सवार आल्हा राजभर 32 वर्ष, रीना 30 वर्ष, सीमा 28 वर्ष, चंद्रकला 45 वर्ष, अन्शू 7 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गये।


टक्कर के बाद मैजिक हो गई क्षतिग्रस्त

सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेहटी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों की टीम ने आल्हा राजभर रीना तथा अंशु की गंभीरावस्था को देखते हुए डाक्टरों की टीम ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया।

## संक्षेप

### दो स्कूली बसों की टक्कर में आठ घायल

**चंदवक।** मोढ़ैला-थानागद्दी मार्ग पर भैंसा गांव के सामने घने कोहरे के कारण दो स्कूली बसों के आमने सामने हुईं टक्कर में चालक सहित सात शिक्षक घायल हो गये। थाना क्षेत्र के भैंसा गांव के समीप थानागद्दी-मोढ़ैला मुख्य मार्ग पर दो स्कूली बसों की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें एचएस एकेडमी टिसौरा वाराणसी के ड्राइवर 55 वर्षीय श्यामकेर बुरी तरह घायल हो गए और देव इन्टर नेशनल शिवरामपुर रतनुपुर जौनपुर की बस से सात शिक्षक 29 वर्षीय अभिषेक वर्मा, 23 वर्षीय चंचल मिश्रा, 39 वर्षीय मधुबाला सिंह, 23 वर्षीय कहकशां, 23 वर्षीय काजल गुप्ता, 41 वर्षीय नीलम सिंह, 40 वर्षीय राजेश कुमार घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज वाराणसी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर पर किया गया।


हादसे में क्षतिग्रस्त स्कूली बस

### हौसला बुलंद बदमाशों ने दुकानदार को लूटा


**केराकत।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरकी चौकी अंतर्गत बीती रात दुकान से घर जा रहे दुकानदार को डेडूवाना डेहरी रोड के शक्ति माई मंदिर के सामने हौसला बुलंद बदमाशों ने लूट लिया। गौरतलब हो कि संजय गुप्ता बाजार में राशन की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। गुरुवार की देर लगभग नौ बजे दुकान बंद कर बाइक से अपने घर डेहरी जा रहे थे। जैसे डेडूवाना डेहरी रोड के शक्ति माई मंदिर के पास पहुंचे कि पहले से ही घात लगाये बदमाशों ने घेर कर उससे हाथापाई करने लगे। कुछ न मिलने पर मोबाइल छीनकर बदमाश फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस को घटना की जानकारी दी पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुटी रही।

### छात्रों को प्रबंधक ने दिया स्वेटर

**केराकत।** स्थानीय पब्लिक इंटर कालेज में शुक्रवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक शमशेर बहादुर सिंह ने मुख्य अतिथि एसडीएम माज अख्तर के हाथों विद्यालय के अलग अलग कक्षाओं के आर्थिक रूप से कमजोर 3 सौ छात्रों को स्वेटर वितरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामदत्त सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद सिंह, मुन्ना लाल यादव, प्रवीण कुमार सिंह, रामापति सरोज, मनोज कुमार सिंह, सुधीर राय, संजय सिंह, योगेन्द्र नाथ सिंह, प्रियंका सिंह, जूही सिंह आदि उपस्थित रहीं।

### आराधना शुक्ला अटल रत्न से सम्मानित

**खेतासराय।** कवि सम्मेलनों एवं मुशायरों के मंचों पर अपनी आवाज और शायरी का जादू बिखरने वाली कवियत्री आराधना शुक्ला को अटल रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। पत्रकारों की एक राष्ट्रीय संस्था द्वारा आयोजित भव्य समारोह में आराधना को यह सम्मान सूबे के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के हाथों दिया गया। प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा साहित्य के क्षेत्र में उभरते नए लेखकों, कवियों और शायरों को अटल सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष यह सम्मान समारोह राजधानी के दीनदयाल उपाध्याय भवन में आयोजित हुआ जिसमें पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने उभरती कवयित्री आराधना शुक्ला को साहित्य के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए अटल रत्न सम्मान से नवाजा। आराधना शुक्ला जिले के शाहगंज नगर में रहती हैं और अनवार पब्लिक स्कूल गोधना में अध्यापिका हैं। हाल के वर्षों में आराधना मुशायरों और कवि सम्मेलनों के मंच का एक बड़ा नाम बनकर उभरी हैं। बीते वर्ष उन्हें भोपाल में हिंदी सेवी सम्मान से भी सम्मानित किया गया था। आराधना को अटल रत्न सम्मान मिलने पर साहित्य प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।


अटल रत्न से सम्मानित होती आराधना शुक्ला

# पक्की सड़क से जुड़ेगा हर गांव मंजिल होगी आसान : धनंजय सिंह

**सिकरारा।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने गुरुवार की देर शाम पचोखर गांव में जिला पंचायत द्वारा बनाई गई सड़क का लोकार्पण किया। साथ ही गांव में एक पार्क का शिलान्यास भी किया।

अपने सम्बोधन में उन्होंने कहाकि विकास के लिए सड़के अच्छी होनी चाहिए। कहाकि जनपद के हर गांव को

**शिलान्यास**

### पूर्व सांसद ने पचोखर गांव में सड़क का लोकार्पण व पार्क का किया शिलान्यास


सड़क का लोकार्पण करते पूर्व सांसद धनंजय सिंह

पक्की सड़कों के जरिये एक दूसरे से जोड़ा जाएगा। गांवों के विकास को रफ्तार, खुशहाली और रोजगार के लिए सड़क आवश्यक है। इस कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जिला पंचायत द्वारा पचोखर गांव में बनाई गई। उक्त सड़क से ब्राह्मण बस्ती, गौड़ बस्ती, यादव बस्ती सहित अन्य कई बस्तियों को लाभ मिलेगा। पूर्व सांसद ने कहाकि गांव में पार्क बन जाएगा तो उसका लाभ बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक लोगों को मिलेगा। कहाकि किसी भी गांव में ब्लाक प्रमुख संजय सिंह व उनके बड़े भाई धीरू सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव में अन्य जो भी मूलभूत समस्याएं हैं उनका खुली बैठक कर निराकरण कराया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत यादव, राहुल यादव, रविकांत यादव, विपिन यादव, दीपक चौरसिया व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अध्यक्षता एडवोकेट ताराचंद, संचालन व आभार जिला पंचायत सदस्य विकास यादव ने ज्ञापित किया।

## अधिवक्ता समिति चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री सहित 6 पदों पर मतदान

**मछलीशहर।** अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों के चुनाव के लिये 269 में 256 लोंगो ने मतदान किया। एल्डर्स कमेटी/चुनाव समिति के पदाधिकारी केदारनाथ यादव, दिनेश चंद्र सिन्हा, आरपी सिंह, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिये प्रेम बिहारी यादव, रघुनाथ प्रसाद, राम आसरे द्विवेदी, महामंत्री पद के लिये वेद प्रकाश, बनवारी राम, नंद लाल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये जय प्रकाश दूबे, नागेन्द्र प्रसाद पटेल, उपाध्यक्ष 2 पद के लिये अनुराग सिन्हा, कमलेश कुमार सिंह, जितेंद्र प्रसाद यादव, राजेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये अनुपम यादव, रतन लाल गुप्ता, शिव सागर पाल, कोषाध्यक्ष पद के लिये कृष्ण कुमार शुक्ला, रमेश चंद्र यादव के बीच मुकाबला है। 6 पदों पर मतदान हुआ। शान्ति व्यवस्था के लिये एसडीएम राजेश चौरसिया, क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, कोतवाल सहित भारी संख्या में पुलिस तैनात रही। 31 दिसंबर को मतगणना होगी।

**269 मतदाताओं में 256 ने डाले वोट**

# पीएम मोदी की मां के निधन पर शोकसभा आयोजित


चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन की खबर आते ही पूरा देश शोक में डूब गया है। इसी क्रम में मछली शहर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर फैल गई और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मछलीशहर नगर के रामलीला मैदान में सभा का आयोजन किया। उक्त सभा में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया। बताते चलें कि प्रधानमंत्री की माताजी वह 100 साल की थीं। उन्होंने शुक्रवार सुबह अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में अंतिम सांस ली। इसी क्रम में मछली शहर नगर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दुख जाहिर करते हुए सभा का आयोजन था। इस मौके पर राकेश जायसवाल, मनोज जायसवाल, संतोष जायसवाल, कृपा शंकर श्रीवास्तव, ज्यानंद चौबे, राम कुमार डब्लू, फहमी रिजवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम : उपजिलाधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**सिकरारा।** जनसमुदाय के समक्ष निपुण लक्ष्यों एवं मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता से अवगत कराने व ग्रामीण बच्चों को प्री-प्राइमरी शिक्षा दिलाने के लिए शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केंद्र पर ब्लाक स्तरीय हमारा

**कार्यक्रम**

### शत प्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्ति के लिए बीएसए की उपस्थिति में दिलाई गई शपथ



लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों को शपथ दिलाते बीएसए

आंगन-हमारे बच्चे उत्सव समारोह आयोजित कर अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। एक मां जिस तरह से अपने नौनिहालों को सम्भालती है उसी तरह देश के होनहारों को सवारने एवं एक मुक्कमल इंसान बनाने में शिक्षक का बहुत बड़ा योगदान है। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि ऐसे अभियानों से बच्चों का शिक्षा स्तर प्री प्राइमरी से ही मजबूत होगा। मुझे यहाँ के शिक्षकों की ऊर्जा देखकर यह कहने में जरा भी संकोच नही है कि सिकरारा जनपद के पहला निपुण ब्लाक बनेगा।

खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत मे ब्लाक अध्यक्ष मृत्यंजय सिंह द्वारा उपस्थित सभी लोगों को निपुण लक्ष्य जागरूकता शपथ दिलाया गया। वक्ताओं में मुख्य रूप से डीसी एमडीएम अरुण कुमार मौर्य, डायट प्रवक्ता शैलेष कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, ब्लाक अध्यक्ष द्वय मृत्युंजय सिंह व अजय पांडेय, संतोष कुमार सिंह, अलका सिन्हा आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में संगीता मौर्या, नूपुर श्रीवास्तव, मंजूलता यादव, एआरपी शैलेश कुमार चतुर्वेदी, अनुपम श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार यादव ने निपुण लक्ष्य से सम्बंधित जानकारियां दी। अध्यक्षता समाजसेवी व प्रधानपति विनय सिंह व संचालन एआरपी सुरेश कुमार यादव ने किया।

### डिस्कवरी लैब का उपजिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**सिकरारा।** उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती ने प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में बने आधुनिक डिस्कवरी लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्रों से लैब में रखे गए आधुनिक संयंत्रों के बारे में जानकारी ली तो बच्चों ने भी बहुत अच्छे ढंग से जबाब दिया तो उन्होंने छात्रों का जमकर उत्साvardhan किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक अमित सिंह द्वारा विद्यालय के अन्य शैक्षणिक कार्यो की जानकारी दी गई।

# धर्मापुर ब्लॉक के शहीद हाल में 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन

**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर ब्लॉक के शहीद हाल में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा में नब्बे प्रतिशत से अधिक उपस्थित होने वाले ब्लॉक क्षेत्र के दस परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय बिहरोजपुर की सहायक अध्यापिका आस्था यादव व शिक्षक अमित सिंह को भी बेहतरीन शैक्षिक कार्य करने के लिए बीडीओ व बीईओ ने सम्मानित किया।

शुक्रवार को ब्लॉक के शहीद हाल में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ धर्मापुर काशीनाथ सोनकर रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ काशीनाथ सोनकर के द्वारा ब्लॉक क्षेत्र के दस परिषदीय विद्यालयों के दस बच्चों को नब्बे प्रतिशत से अधिक कक्षाओं में उपस्थित रहने के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं स्कूल रेडिनेश में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्राथमिक विद्यालय बिहरोजपुर की सहायक अध्यापिका आस्था यादव व पूर्व माध्यमिक विद्यालय खलसहा के शिक्षक अमित सिंह को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्री प्राईमरी के बच्चों को निपुण लक्ष्य प्राप्त कराने के लिए संयुक्त प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव ने कहा कि ब्लॉक के सभी शिक्षक व शिक्षक संकुल निपुण लक्ष्य प्राप्ति को मिशन बनाकर जुट जाएं जिससे धर्मापुर ब्लॉक इस लक्ष्य को प्राप्त कर ब्लॉक का नाम रोशन करें। इस दौरान एआरपी उमेश मिश्र, महेंद्र यादव ने डिजिटल तरीके से निपुण लक्ष्य के प्राप्ति के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया। इस दौरान बीडीओ काशीनाथ सोनकर, खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव, एआरपी महेंद्र यादव, उमेश मिश्र, अखिलेश यादव, ममता श्रीवास्तव, संगीता राय, निशा सिंह, विक्रम प्रकाश यादव, रागनी गुप्ता व शशि रानी आदि मौजूद रहे।


छात्रों को पुरस्कृत करने के बाद उपस्थित बीईओ व शिक्षक गण

# चौपाल में डीएम ने सुनी समस्याएं, दिया निर्देश

**आयोजन**

**लगाये गये स्टालों का किया अवलोकन**



आजीविका समूह द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन करते डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकासखंड रामपुर की ग्राम पंचायत पट्टीजियाराय में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने चौपाल के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिए। चौपाल में कैंप लगाकर कृषि विभाग के द्वारा 48 किसानों का ई-केवाईसी और 19 लोगों का भूलेख अंकन किया गया। कुल 7 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अवशेष 26 लोगों का भी आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बना दिया जाए।

इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा आरबी आजीविका, आरंभन आजीविका समूह, पटेल आजीविका, दुर्गा जी आजीविका समूह के द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। उन्होंने बीडीओ ऋचा सिंह को निर्देश दिया कि गांव में नाले को तत्काल खुदवाए। गांव वालों ने शिकायत किया कि ट्यूबेल आये दिन खराब हो जाता है जिस पर जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत कबीरुद्दीनपुर में विद्युतीकरण कराएं और सौभाग्य योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य क्यों नहीं हुआ इसके संबंध में एक्सईएन से स्पष्टीकरण लेने के लिए निर्देश दिया। उपजिलधिकारी लालबहादुर को निर्देशित किया कि सभी लेखपाल का रोस्टर बनाये। बीडीओ को कहा कि लेखपाल और सचिव का नाम और मोबाइल नम्बर सचिवालय पर लिखवा दें। लेखपाल, सचिव गांव में नही आ रहे हो तो बीडीओ से शिकायत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और पात्रता शर्तें दीवार पर लिखवा दं। आवास प्लस के पात्र का नाम भी सचिवालय को दीवार पर लिखवा दे ताकि लोग परेशान न हों। अभियान चलाकर वरासत के मामले निस्तारण कराए। पेंडेंसी रहीं तो संबंधित लेखपाल के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा तालाब के सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान तालाब के किनारे किनारे ट्रैक बनाए जाने के लिए निर्देशित किया। चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर डी यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कक्षा एक के छात्र को सम्मानित कर बीएसए ने बढ़ाया उत्साह



**ज्ञानपुर।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीएन सिंह ने कक्षा एक छात्र को शत प्रतिशत उपस्थिति होने पर हौसला अफजाई करते हुए सम्मानित किया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि संज्ञान में एक ऐसा बच्चा आया जिसकी उपस्थिति विद्यालय में शत.प्रतिशत रहती है। कक्षा एक का छात्र राज प्रजापति प्राथमिक विद्यालय पूरेमियांखां विकास खंड औराई का है उक्त बच्चे को बीएसए कार्यालय में सम्मान के साथ प्रमाण पत्र दिया गया। बैग यूनिफॉर्म स्वेटर टोपी कलम पेंसिल रबर कटर इरेज? और कुरकुरे टॉफी बिस्कुट आदि भी दिया गया। बीएसए ने छात्र से प्रश्न भी पूछा जिसका बच्चे द्वारा सरलता से उत्तर दिया गया। बीएसए द्वारा उस बच्चे को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र देते हुए तथा यह भी अपेक्षा किया गया कि जनपद के अन्य विद्यालयों में भी बच्चों द्वारा विद्यालयों में शत.प्रतिशत उपस्थिति रखा जाए जिसके लिए यह बच्चा प्रेरणा का स्त्रोत बना है तथा समस्त अध्यापकों से अपेक्षा है कि आप भी उस बच्चे के बारे में अपने विद्यालयों के बच्चों को बताएं जिससे बच्चे प्रेरित होकर प्रत्येक दिन विद्यालय में उपस्थित हो और निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चलाए गए कार्यक्रम के लक्ष्य की प्राप्ति सभी बच्चे कर सकें और उनके शैक्षिक स्थिति में सुधार हो सके।

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री की माता के निधन पर की गई शोकसभा

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन कॉलेज के प्रांगण में विधानसभा परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस शोकाकुल अवसर पर मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अब्दुल कादिर खान, प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान, शशिकांत त्रिपाठी, राधेश्याम सिंह मुन्ना, गप्पू मौर्या, अमृतलाल, डॉक्टर शाहिद अलीम, मोहम्मद जैस, विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ साथ सभी छात्र उपस्थित रहे।



### शोकसभा कर प्रधानमंत्री की मां को अर्पित किए गये श्रद्धासुमन

**खेतासराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर जहां पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। प्रधानमंत्री के दु:ख में शामिल होने के लिए पूरा देश एक साथ खड़ा हो गया। वहीं विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के सभागार में ब्लॉक प्रमुख पति की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर लोगों ने भी हीराबेन को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। ब्लॉक प्रमुख पति ने कहा कि हीराबेन त्याग और समर्पण की मूर्ति थीं। जिस तरीके से उन्होंने अपने बच्चों को कर्तव्य करने की सीख दी, उससे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। अंत में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।



### अधिकारी को देख सभी मेडिकल की दुकानें बंद

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली के मुफ्तीगंज बाजार में ड्रग विभाग के अधिकारी के पहुंचते ही धड़ाधड़ सभी मेडिकल के दुकानों का शटर बंद हो गया। मेडिकल के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गयी। शाम चार बजे के करीब ड्रग विभाग के अधिकारी के पहुंचते ही रामपुर बाजार से लेकर मुफ्तीगंज बाजार तक सभी मेडिकल की दुकाने बंद हो गयी। ड्रग विभाग के अधिकारी के चले जाने के बाद सभी मेडिकल के दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

### पीएम की मां के निधन पर राज्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** त्याग, तपस्या और कर्म की मूर्ति, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जननी माँ हीराबेन के असामयिक निधन पर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री की माताजी के निधन की खबर से हम सब बहुत मर्माहत हैं ईश्वर माताजी के पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की संबल प्रदान करें।

### निधन पर शोक सभा आयोजित

**सुजानगंज।** बीआरसी कार्यालय सहायक सतीश कुमार की पत्नी का निधन हो जाने पर उनकी आत्मा की शांति हेतु खंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार पांडेय की अध्यक्षता में सुबह 9 बजे एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, शेर बहादुर मौर्य अध्यक्ष, प्रभाकर शुक्ल, राजीव मणि त्रिपाठी महामन्त्री, प्रमोद कुमार सिंह, दीप नारायण और उच्च प्राथमिक विद्यालय के सभी छात्र शोक सभा में सम्मिलित रहे। सभी लोग मृतक आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की।

### नई पेंशन योजना के विरोध में जूनियर शिक्षक संघ ने भरी हुंकार

**सुजानगंज।** जूनियर शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई द्वारा विशाल धरने का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर समस्त ब्लाकों में एक साथ मुख्यमंत्री के नाम खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शासन द्वारा जबरदस्ती नई पेंशन योजना कटौती करने का विरोध किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शेर बहादुर मौर्य ने कहाकि सरकार शिक्षकों की जबरदस्ती कटौती नहीं कर सकती। हमें पुरानी पेंशन योजना चाहिए। चंद्र प्रकाश तिवारी अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जबरदस्ती कटौती बंद किया जाए ताकि वे पठन पाठन में ध्यान दें। इस अवसर पर राजीवमणि त्रिपाठी मंत्री, अजय कुमार सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, श्याम बली कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार यादव, मंत्री प्रभाकर शुक्ल, डा. विनोद कुमार पाल, प्रमोद कुमार सिंह, शैलेंद्र मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**ज्ञानपुर।** थाना सुरियावा के कस्तूरीपुर में चकिया के तरफ दुगार्गंज भदोही मार्ग पर एक 25 वर्ष युवक की अज्ञात वाहन से धक्का लग जाने से मौत हो गयी।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि मनोज कुमार बनवासी उम्र 25 वर्ष पुत्र राकेश बनवासी ग्राम कुनौरा थाना सराय ममरेज प्रयागराज का निवासी था। गुरूवार की देर शाम मोटरसाइकिल से किसी भट्ठे पर कार्य करता था जा रहा था कुछ लोगो के अनुसार किसी वाहन पर सरिया लदा था जिसके पीछे से बाइक भीड़ गयी। जिससे सरिया से उसके सर में गंभीर रूप से चोट लग गयी। जिससे वह गिरकर बेहोश हो गया। पास में ही कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर विनोद सिंह पहुंचकर सूचना एंबुलेंस को दिया। प्राथमिक केंद्र सुरियावां भेजा, हालत गंभीर होने पर उसे ज्ञानपुर भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत मुकदमें में वांछित अभियुक्त मोतीलाल उर्फ अरुण, विजय कुमार, मिठाई उर्फ संदीप पुत्रगण रामचन्दर निवासी चेरापुर तरहटी थाना मुंगराबादशाहपुर को थानाध्यक्ष विवेक तिवारी, उपनिरीक्षक राकेश कुमार राय ने पुलिसबल के साथ शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर तरहटी बाजार हलऊपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 6 जुआरी गिरफ्तार

**पवांरा।** थानाध्यक्ष विवेक तिवारी, उपनिरीक्षक पन्नेलाल यादव ने शुक्रवार की सुबह चूड़ी गली साहबगंज से 6 जुआरियों मो. अशरफ, मो. सद्दाम, हीरालाल जायसवाल, अंकित कुमार कसौधन, मो. साहिल व फैजान अहमद को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश के बावन पत्ते व 1780 रुपये नकद बरामद किया।

# छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाया अपना कौशल

**प्रदर्शनी**

**एसएस पब्लिक स्कूल में शिल्प कला प्रदर्शनी का आयोजन**

**जनसंदेश न्यूज**



विज्ञान प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते प्रबन्धक

**करंजाकला।** एसएस पब्लिक स्कूल सिद्दीकपुर में शुक्रवार को विज्ञान, साहित्य और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। शिक्षक छात्र अभिभावकों के समक्ष अपने हुनर का लोहा मनवाया।

साहित्य हस्तशिल्प कला विज्ञान प्रदर्शनी का उद्वघाटन प्रबन्धक विश्वतोष सिंह ने फीता काटकर प्रारम्भ किया। इस दौरान डॉ. नम्रता सिंह ने माँ सरस्वती व संस्थापक स्व. समर बहादुर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान के मॉडल, बायोलॉजी, कम्प्यूटर मॉडल, जल-प्रदूषण, रसायन, भौतिकी, परिसंचरण तंत्र, अंग्रेजी भाषा के मॉडल, हिन्दी भाषा के मॉडल, संगीत के तमाम माडल को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों ने प्रदर्शनी का भरपूर अवलोकन किया। सभी छात्रों ने अपने हुनर कौशल का उत्तम प्रदर्शन किया जिसको लोगों ने देखकर सराहा। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहाकि छात्र छात्राओं ने अपने हुनर का जिस तरह से प्रदर्शन किया है वह काबिले तारीफ है। छात्रों के इस प्रदर्शनी में शिक्षक और शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक आलोक यादव, एसएस पब्लिक बाबतपुर की प्रधानाचार्या प्रतिभा सिंह व शिक्षक मौजूद रहे।

## गाजीपुर ने नौपेड़वा को भारी अंतर से किया पराजित

**क्रिकेट**

**यादवेश राज्य स्तरीय क्रिकेट**



**नौपेड़वा।** यादवेश राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आज का मुकाबला गाजीपुर और प्रमुख टिंबर नौपेड़वा के बीच 15-15 ओवरों का मैच खेला गया। टॉस जीतकर गाजीपुर ने निर्धारित 15 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए। गाजीपुर के बल्लेबाज आशुतोष 119 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें 14 छक्के शामिल हैं। इसी प्रकार अरुण ने भी 53 रनों का योगदान दिया। जबकि तालिब ने दो विकेट लिए। जवाब में उतरी नौपेड़वा की टीम 131 रन ही बना सकी जिसमें दिनेश ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच आशुतोष रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कमलेश यादव फौजी के कर कमलों द्वारा दिया गया। कमेंट्री मंगल यादव और दीपक यादव ने किया। स्कोरर हरिओम निगम व अंपायर मोहम्मद अनीस व शिवम यादव रहे। इसी क्रम में दूसरा मुकाबला बैंगलोर ब्लास्टर और कानपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बैंगलोर ने निर्धारित 15 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाए। दीपक ने 35 रन बनाए और मीसम अब्बास ने 12 रन देकर तीन विकेट लिया। जवाब में कानपुर की टीम ने 12 ओवरों में 125 रन बनाकर मैच को जीत लिया। कानपुर की तरफ से विजेंद्र ने सर्वाधिक 46 व राहुल ने 40 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच मीसम अब्बास रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रवि यादव प्रबंधक आयुष कॉलेज आफ मैनेजमेंट व संदीप यादव प्रधान काधापुर के कर कमलों द्वारा दिया गया। कमेंट्री मंगल यादव और दीपक यादव ने किया। स्कोरर आकाश यादव व अंपायर मोहम्मद अनीस व संदीप सिंह रहे।

## अप्रेन्टिसशिप मेले में 41 लोगों को मिले बांड

**ज्ञानपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ज्ञानपुर एवं उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आईटीआई परिसर में शुक्रवार को अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से मॉ सरस्वती के चित्र को माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जलवन करके किया।अप्रेन्टिसशिप मेले में 524 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें पंजीकृत 241 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार औद्योगिक अधिष्ठानों के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। औद्योगिक अधिष्ठान साक्षात्कार के उपरान्त ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से ही शिशिक्षुओं को योजित करने की पुष्टि करेगें। अप्रेन्टिसशिप मेला में कुल 26 सरकारी व निजी कम्पनीयों ने प्रतिभाग किया गया ऑन स्पॉट 41 अप्रेन्टिसशिप बान्ड निर्गत किया गया। बान्ड प्राप्त कर शिशिक्षुओं के चेहरे मुस्कान से खिल गये। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग श्री हरेन्द्र प्रताप, कौशल विकास मिशन के प्रबन्धक राजकुमार गिरी एवं प्रधानाचार्य, इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## देश के कल्याण के लिए एक दिवसीय यज्ञ का आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**



**गोपीगंज।** क्षेत्र के तिलेश्वर नाथ धाम तिलंगा पर आयोजित महायज्ञ में सर्वप्रथम आचार्य ने संगीतमय धुनों के साथ देव आवाहन किया। विधिवत पूजा अर्चना के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ और वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ साधकों ने पान, सुपारी, नारियल आदि की आहुतियां समर्पित की। एक दिवसीय यज्ञ में पूणार्हुति के साथ आरती हुई और कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

भदोही जनपद के आचार्य शरद पांडे, पंडित विजय पांडेय, मनोज तिवारी, हरिओम शास्त्री, चंद्रभूषण, रोहित मिश्रा, राजन पांडे पुरोहित ने यज्ञ सम्पन्न कराया। इस अवसर पर आचार्य शरद पांडेय ने बताया कि वर्तमान में देश ही नहीं पूरा विश्व कोरोना महामारी के संकट से जूझ रहा है। ऐसे वक्त में यज्ञ में आहुति समर्पित कर विश्व कल्याण की कामना करना ही सर्वोपरि है। यज्ञ से न केवल वातावरण की शुद्धि होती है बल्कि विश्व के मानव जगत का कल्याण भी होता है। भारतीय वैदिक परंपरा में यज्ञ महत्वपूर्ण था और यज्ञ की शुरूआत से ही दिनचर्या शुरू होती थी। उन्होंने आराधना, साधना और उपासना के संबंध में विस्तार पूर्वक समझाते हुए सभी से अपने जीवन में उतार लेने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर संजय राय, रिंकू चौरसिया, ओम प्रकाश गुप्ता, मदन मोहन मिश्राआदि का सहयोग रहा।

### ट्रेन से कटकर किशोरी की मौत

**सुरियावां।** थाना सुरियावां के बदलीपुर रेलवे फाटक के पश्चिमी तरफ वाराणसी जंघई रेलवे रुट पर शुक्रवार की सुबह एक युवती की ट्रेन से कट कर मौत हो गयी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती का पहचान थाना सुरियावां के ग्राम सनाथपुर की ज्योति 20 वर्ष पुत्री विद्या धर बिन्द के रूप में हुआ है। ज्योति की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि ज्योति की मानसिक हालत ठीक नही थी।

### भाजपाइयों ने दी हीराबेन को श्रद्धांजलि

**जफरबाद।** क्षेत्र हुसेंपुर स्थित राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कालेज के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी सिरकोनी मंडल के तत्वाधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ हीराबेन के देहावसान पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म देने वाली माँ महान थीं। उनकी मौत से बड़ी क्षति पहुंची। इसके बाद मंडल अध्यक्ष रमेश चन्द्र जायसवाल, सर्वेश सिंह, शीतला गिरी, डॉ. बद्रीनाथ यादव, सत्यप्रकाश सिंह आदि ने भी सम्बोधित करते हुए दुःख व्यक्त किया।

# झाड़ू लगाकर डीएम ने ग्रामीण बाजार सफाई महाअभियान का किया शुभारम्भ

**आयोजन**

**ग्रामीण बाजारों में सफाई को लेकर जिलाधिकारी की नवीन पहल का आगाज**



केशवपुर सरपतहा में झाड़ू लगाते जिलाधिकारी गौरांग राठी

**भदोही।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 अन्तर्गत ठोस द्रव अपशिष्ट प्रबन्धन योजना में जिलाधिकारी की नवीन पहल ग्रामीण बाजार सफाई महाअभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को केशवपुर सरपतहॉ बाजार जोरई में जिलाधिकारी गौरांग राठी व अपर जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र द्वारा झाड़ू लगाकर शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर स्थानीय दुकानदार श्री परमहंस टी स्टॉल एवं जनरल स्टोर सुरेश अहिर ने सफाई कर्मचारियों के पारिश्रमिक हेतु स्वेच्छा से सौ रुपए का यूजर चार्ज कलेक्शन दिया। इसी तरह ₹ग्रामीण बाजार सफाई महाअभियान₹ का शुभांरभ सुरियावा के मोढ बाजार नरोत्तमपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने औराई बाजार में मा. ब्लाक प्रमुख बृजमोहन मिश्र, विकास खंड डीघ के जंगीगंज बाजार में ब्लाक प्रमुख मनोज मिश्रा व अजय शुक्ला द्वारा, विकास खंड भदोही के सरोई में मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह द्वारा, विकास खंड अभोली के दुगार्गंज बाजार में खंड विकास अधिकारी अभोली द्वारा किया गया।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के प्रमुख छः बाजारों में दुकानदारों व खरीददारों के हितों के दृष्टिगत बाजारों में प्रतिदिन साफ-सफाई हेतु स्वेच्छा से मासिक यूजर चार्ज लिया जाएगा। इस अवसर पर डीपीआरओ राकेश यादव, डीआईओ पंकज कुमार, बीडीओ ज्ञानपुर बृजेश नारायण त्रिपाठी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष, सचिव लक्ष्मण यादव, ग्राम प्रधान गुलाबधर, रमेश चन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय दुकानदार व जनता जर्नादन उपस्थित रहे।

# भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेसियों ने झोंकी ताकत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय व जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार दुबे राजन के निदेर्शानुसार पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वसीम अंसारी साथियों सहित जनपद के दर्जनों गांव में पहुंचकर आगामी 3 जनवरी 2022 को गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा शामिल होने के लिए लोगों को आमंत्रण पत्र सौंपते हुए शामिल होने का आवाहन किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव व विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वसीम अंसारी ने कहा कि जनपद भदोही के सदौपुर, परऊपुर, मतेथु दानूपुर, भटेवरा, कुंदीपुर, सुरियावा बाजार, महदेपुर , महुआपुर, बनकट, मोंढ, नगर पालिका भदोही के दर्जनों मोहल्लों सहित दर्जनों गांव में लोगों से मिलकर राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि देश में जिस तरह से डर और भय का माहौल बनाकर मुद्दों से भटका कर राजनीति की जा रही है इसी डर व भय के माहौल को खत्म करने के लिए आपसी प्रेम व सौहार्द बढ़ाने के लिए राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा कर रहे हैं। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नाजिम अली व सेवादल अध्यक्ष संदीप दुबे ने कहा कि राहुल गांधी अब तक लगभग 108 दिनों में 3000 किलोमीटर की पदयात्रा कर चुके हैं और आगामी 3 जनवरी को गाजियाबाद में प्रवेश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के लाखों कार्यकर्ता अपने जननायक राहुल गांधी जी का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। आमंत्रण पत्र वितरित करने वालों में मुख्य रूप से दीनानाथ दुबे, राजेश्वर दुबे, सुरेश गौतम, विनोद गौतम इत्यादि लोग रहे।



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## यूरिया खाद के लिए किसानों की लगी लंबी कतार

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** गोपीगंज नगर के पड़ाव स्थित गोपीगंज सहकारी क्रय विक्रय समिति पर यूरिया के लिए किसानों की भोर से ही लंबी कतार लगी रही। बताते चलें पूर्व में जहां डीएपी के लिए मारी मारा था वहीं अब यूरिया खाद के लिए किसान परेशान देखे जा रहे हैं। सहकारी क्रय विक्रय समिति में शुक्रवार को किसानों की भोर से ही भारी भीड़ लगी रही और किसान अपने बारी का इंतजार करते रहे। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्नू ने बताया 800 बोरी यूरिया का वितरण किया गया है। बताते चलें नगर में दो सहकारी समिति है जिसमें एक ज्ञानपुर रोड जोगिनका सहकारी समिति है जहां शुक्रवार को वितरण नहीं होने के कारण गोपीगंज सहकारी समिति पर भारी भीड़ देखी गई है। अलमऊ ग्राम की आरती ने कहा चार बजे भोर से अपने बच्चो को घर पर अकेला छोड़कर यूरिया के लिए कतार में खड़ी है अभी तक नई मिल पाया। गुलाबी देवी ग्राम पूरे गुलाब ने कहा घर मे ताला बंद कर यूरिया के लिए आई है और भोर से लाइन में खड़ी है। गोपीगंज निवासी अनूप कुमार ने कहा दो बजे रात से लाइन में खड़े है। वही जब इस संबंध कृषि अधिकारी ने बताया कि यूरिया की कोई कमी नही है। जल्दी पाने के प्रयास में भिड़ एकत्रित हो रही है।



# रेलवे फाटक के करीब अंडरपास के निर्माण की आवाज मुखर

**विरोध**

**दूसरे दिन भी ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन**

**जनसंदेश न्यूज**



आनापुर रेलवे फाटक पर अंडर पास की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण

**गोपीगंज।** ज्ञानपुर रोड रेलवे के पश्चिमी फाटक आनापुर रेलवे फाटक गेट नंबर 40 सी के बंद हो जाने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। लगातार दूसरे दिन भी तिलंगा, आनापुर के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और अंडरपास की मांग की।

बताते चले कि आनापुर स्थित गेट संख्या 40 सी को अर्धरात्रि बुधवार को रात्रि में बंद करवा दिया गया है। जिसको लेकर बृहस्पतिवार को ग्रामीणों ने अंडरपास की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। और शुक्रवार को भी कई गाव के लामबंद आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा रेलवे विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों की मांग रही कि आनापुर फाटक के पास अंडरपास का निर्माण करवाया जाए, क्योंकि उक्त मार्ग से पांडव कालीन मंदिर बाबा तिलेश्वर नाथ धाम, गुलौरी घाट, चतुमुर्खी घाट, रामपुर गंगा घाट, समेत बाबा सेमराध नाथ एवं अन्य कई दर्जन गांव तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है। रेलवे के आलाअधिकारियों को पूर्व में कई बार ग्रामीण अंडर पास के लिए पत्रक भी दे चुके है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि अंडर पास नही बनता तो ग्रामीण रेलवे ट्रैक पर सो कर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। गम ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में सांसद द्वारा रेलवे विभाग को पत्र भी लिखा गया है। इस दौरान जटा शंकर पाण्डेय, शिवशंकर दुबे, राकेश पाण्डेय, कृष्णकांत पाण्डेय, कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रदीप दुबे, सौरभ पाण्डेय, दीपक तिवारी, अनुज कुमार दुबे, कट्टर दुबे, शिवचन्द दुबे, नाइ समाज के जिलाध्यक्ष ब्रम्हदेव शर्मा समेत काफी लोग मौजूद रहे।



# कड़ाके की ठंड में जश्न मनाने को हो जाएं तैयार

**बर्फीली हवाओं से नहीं मिलेगी राहत, और बढ़ेगी सर्दी**

*नए साल का जश्न कड़ाके की ठंड के साथ मनेगा। मौसम विभाग की मानें तो अभी सर्दी से राहत के आसार नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ से आगामी पांच जनवरी तक ठंड का असर ऐसे ही बना रहेगा। वैज्ञानिकों की मानें तो बफीर्ली हवाएं भी परेशान करेंगी। नववर्ष की पूर्व संध्या पर वाराणसी समेत पूर्वांचल के ज्यादातर हिस्से कोहरे, शीतलहर और ठंड की चपेट में होंगे। जनवरी की शुरूआत में सर्दी का सितम और बढ़ने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को यह पूवार्नुमान व्यक्त किया। मौसम विज्ञानियों की मानें तो खिली धूप के चलते दिन में तो लोगों को ठंड से हल्की राहत मिली है। लेकिन सुबह और शाम के वक्त गलन और ठंड से जनजीवन बेहाल हो जा रहा है। कमोवेश यह स्थिति आगे कई दिन तक बने रहने की संभावना है। विज्ञानियों का कहना है कि पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर अब धीरे-धीरे बनारस समेत पूर्वांचल में देखने को मिलने लगा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आगामी शनिवार को न्यूनतम तापमान और घट सकता है। नये साल के पहले सप्ताह में तो पारा के और लुढ़कने के आसार हैं। पूर्वानुमान है कि पहली से चार जनवरी तक बनारस समेत पूर्वांचल के विभिन्न हिस्सों में घना कोहरा छाये रहने और शीतलहर चलने के आसार हैं। ऐसे में बर्फीली हवाओं से राहत नहीं मिलेगी और सर्दी का सितम और बढ़ेगा।*



# झूमेंगे-नाचेंगे-गायेंगे, मनायेंगे मौज

## मौज-मस्ती के बीच करेंगे नये साल का स्वागत

**अलविदा 2022 सुस्वागतम् 2023**

**मदहोशी भरी महफिल होगी तो कहीं डिस्कोथेक पर झूमेंगे-नाचेंगे-गायेंगे कपल्स**

**'सुबह-ए-बनारस' के 'नजारे' के बीच नववर्ष के 'बिहान' का होगा रोमांच**

**बनारस ही नहीं, चंदौली, मीरजापुर व आसपास के पर्यटनस्थलों का ले सकते हैं आनंद**



जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** अलविदा-2022 और सुस्वागतम्-2023। नये साल के आगमन की पूर्व संध्या पर मौज-मस्ती करने को युवा मन बेताब है। 'सुबह-ए-बनारस' की 'नजारे' के बीच काशीवासी भी आनंद और उल्लास के बीच नववर्ष के 'बिहान' का स्वागत करने और रोमांच का अनुभव करने को मचल रहे हैं। मां गंगा की शांत लहरों के बीच घंट-घड़ियाल व गूंजते अजान के बोल दुनिया को सौहार्द की एक मिसाल पेश करेंगे। वैसे भी काशी का फक्कड़पन पूरी दुनिया में मशहूर है। इसी फक्कड़पन के बीच नये साल का स्वागत होगा और जोरदार तरीके से होगा, जिसे समूची दुनिया देखेगी। कोरोना के बढ़ते केसेज के बावजूद नये साल के जश्न के प्रति लोगों की दीवानगी इस कदर है कि कहीं यह भारी न पड़ जाएं। नववर्ष का स्वागत लोग पंच सितारा होटलों, मॉल, क्लब, सारनाथ, रविदास पार्क के अलावा अपने-अपने घरों में मौजमस्ती के बीच करेंगे। कहीं मदहोशी भरा नृत्य होगा तो कहीं डिस्कोथेक की चकाचौंध रोशनी में कपल्स झूमेंगे-नाचेंगे-गायेंगे। इस बार डीजे पर रोक लगने के कारण शोर-शराबा तो नहीं होगा, लेकिन मस्ती तो मस्ती है और यह मस्ती छलक कर रहेगी। गंगा घाट के किनारे स्थित गेस्ट हाउस हो या फिर सारनाथ, रामनगर, बाबतपुर आदि इलाकों में बसे फार्म हाउस। सभी जगह नये साल के जश्न की तैयारियां पूरी हो चुकी है। आपके दिल में नये साल का जश्न मनाने की तमन्ना है। होटल-रेस्टोरेंट-गेस्ट हाउस बुक हो चुके हैं। तो तनिक भी परेशान होने की जरुरत नहीं है। आपके ही आसपास यानी बनारस, चंदौली, मीरजापुर में कई रमणीक पर्यटक स्थल है। जहां आप दोस्तो या परिवार के साथ 31 दिसम्बर की शाम या पहली जनवरी को सैर कर पिकनिक मनाते अथवा घूमते हुए नववर्ष का स्वागत कर सकते हैं।

यकीन मानें, वो लम्हे आपको न सिर्फ नये साल के पूरे दिन तक याद रहेंगे बल्कि उससे जुड़ी सुनहरी यादें जिंदगी भर गुदगुदाती रहेगी। उन जगहों पर अपने-अपने वाहन या किराये की गाड़ियों से जा सकते हैं। वैसे तो इन पर्यटक स्थलों के बारे में आप सभी जानते ही होंगे फिर कुछ जानकारी हम भी आपको दे रहे हैं। बात वाराणसी की करें तो यहां भले ही गंगा में बोटिंग पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन बीएचयू विश्वनाथ मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, संकटमोचन, सारनाथ, रामनगर, जगह-जगह खुले वाटर पार्क, शूलटंकेश्वर मंदिर, कैथी स्थित मारकंडेय महादेव मंदिर, चंद्रावती तीर्थ आदि ऐसे स्थान है, जहां आप नये साल का जश्न मना सकते हैं। इसके अलावा पड़ोसी जिले चंदौली के रामगढ़ में बाबा कीनाराम स्थल, चंद्रप्रभा वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी में राजदरी व देवदरी जलप्रपात और मीरजापुर के चुनार किला, लखनिया दरी, शक्तेशगढ़ में सिद्धनाथ दरी, लोअर खजुरी, विंढम फाल, विंध्यवासिनी देवी मंदिर संग अष्टभुजा मंदिर व काली खोह, टांडा फाल के साथ ही भदोही के सीतामढ़ी में नये बिहार का स्वागत कर सकते हैं। वैसे भी हर मौजमस्ती के मौके पर बनारसी दिल खोल कर खर्च करने से किसी से पीछे नहीं रहते। बनारसियों की इसी मस्ती की तो दुनिया कायल है।

# फनी मग और वेडिंग कलेक्शन का जबर्दस्त क्रेज

**नववर्ष के मद्देनजर डिजाइनर गिफ्ट आइटमों से बाजार अटे-पटे**

**लकड़ी के नक्काशीदार काशी विश्वनाथ धाम के मॉडल के लोग दीवाने**

नये साल पर कुछ नया उपहार देने की परंपरा ने बाजार के मायने बदल दिये हैं। अबकी भी बाजार में डिजाइनर गिफ्ट उपहारों की भरमार है। निर्माता कंपनियों ने ग्राहकों खासकर युवा मन को भांपकर एक से बढ़कर एक आइटम बाजार में उतारे हैं। युवाओं के बीच फनी मग और वेंडिंग कलेक्शन की डिमांड सर्वाधिक है। उपहार देने-लेने की परंपरा ने अब फैशन का जामा पहन लिया है। इसी फैशन का एक हिस्सा है ग्लास, बोन चाइना आदि का बना फनी मग। यह आइटम युवा मन को खासा भा रहा है। कपल के लिए वेंडिंग कलेक्शन भी है, जिसमें खूबसूरत फोटो फ्रेम, वाइन ग्लास, कैंडिल स्टैंड, नाइफ एण्ड फोर आदि आइटम है। पोली स्टोन, मैटल आदि के बने वॉल फ्रेम भी किसी से कम नहीं है। पोली स्टोन निर्मित राधाकृष्ण, सीताराम की फोटो ऐसी कि लगता है अभी बोल पड़ेंगे। लकड़ी की नक्काशीदार काशी विश्वनाथ धाम के मॉडल के लोग तो दीवाने हैं। उपहार देने के लिए शुक्रवार को कोई आर्टिफिशियल ज्वेलरी पसंद करता दिखा तो किसी को मैजिक बाक्स पसंद आया। पोली स्टोन निर्मित विविध प्रकार के झरनों के प्रति दीवानगी भी कम नहीं। इसके अलावा बाजार में शोपीस, लाइटिंग कैंडिल, फ्लावर सेट, कलाई घड़ी, परफ्यूम, डियो, लॉकेट, ब्रेसलेट, रिंग, मोती सेट, मोबाइल सेट, एफएम रेडियो, डेकोरेटिव कैंडल, टेराकोटा पॉट, क्रिस्टल वॉज, इम्पोर्टेड ड्राई फ्लावर, फेंगशुई से संबंधित गिफ्ट आइटमों की तरफ युवाओं का रुझान अधिक नजर आया। विक्रेताओं की माने तो युवा वर्ग में दिलनुमा और मैसेज वाले चाकलेट की डिमांड सर्वाधिक निकली। वाइन चाकलेट भी किसी से कमजोर नहीं है।

### चप्पे चप्पे पर प्रशासन की नजर

नए साल के जश्न के माहौल में शहर को शरारती तत्वों से बचाने के लिए पुलिस की टीम चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी। इसके साथ ही पुलिस के जवान सादे ड्रेस में भी जांच-पड़ताल करते हुए नजर आएंगे। वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस की तरफ से स्मार्ट सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पल-पल की निगरानी की जायेगी। पुलिस के आला अधिकारियों की मानें तो प्रतिवर्ष की भांति नए साल के जश्न के मौके पर सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए हमारे जवान तैनात रहेंगे। इसके साथ ही पेट्रोलिंग को ज्यादा करते हुए सादे वस्त्रों में भी जवानों की तैनाती की जायेगी।



# फूलों संग कहिए हैप्पी न्यू ईयर

**नये साल के स्वागत के लिए बढ़ी फूलों की डिमांड**

नये साल के स्वागत की तैयारियों में फूलों का भी क्रेज बढ़ा है। आप विदेशों में जाकर वहां की आबोहवा के साथ फूलों की ताजगी के बीच 'हैप्पी न्यू ईयर' का सेलिब्रेशन नहीं कर सकते तो क्या हुआ। बनारस में बैठे विदेशी फूलों की ताजगी का मजा आप भी ले सकते हैं। सोशल मीडिया के बढ़ते चलन के बावजूद नववर्ष के स्वागत के लिए ग्रीटिंग, गिफ्ट आइटमों के बीच एमएमएस का क्रेज बरकरार है। इसके बीच देशी-विदेशी फूलों की चाहत कम नहीं है। मनपसंद विदेशी फूल भी अब स्थानीय बाजार में सर्वसुलभ है। बांग्लादेश, कनाडा, जर्मनी, हांगकांग, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, यूके, यूएसए आदि देशों के पसंदीदा फूल स्थानीय बाजार में नजर आने लगे हैं। तरह-तरह के फूलों के रेट अलग-अलग है। यदि आप ऑर्डर देकर घर पर मंगायेंगे तो डिलेवरी चार्ज अलग से देना होगा। फूल ही नहीं विदेशी केक भी आर्डर भी उपलब्ध हो जाते हैं। फूलों के विक्रेताओं की मानें तो नये साल के स्वागत के लिए देशी फूलों की जबर्दस्त डिमांड होती है। विदेशी फूलों के कद्रदान भी कम नहीं है। अब तो लोग ऑनलाइन ऑर्डर देकर विदेशी फूल मंगाने लगे हैं। देशी फूलों से सुसज्जित स्टाइलिश गुलदस्ते और खूबसूरत पुष्पों से सजे फ्लावरपाट लोग अधिक पसंद करते हैं। आम दिनों की तुलना में जाते साल के अंतिम दिन एवं नये साल के पहले दिन ये फूल ब्लैक में बिकते हैं। सर्वाधिक डिमांड गुलाब की होती है। इसके अलावा डच रोज, आर्किड, रजनीगंधा, गुलदावदी, जेम आर्किड, बेंडा आर्किड, कार्नेशन, इंथोरियम, लिलीयम, बुके, बास्केट, हैंड बंच, बर्थ ऑफ पैराडाइज, ट्यूलिब, हैगिग हलकोनिया आदि बाजार में उपलब्ध है।



# नववर्ष के प्रथम दिन निखरती है कोलम की अलौकिक छटा

**दक्षिण भारतीयों के घर के मुख्य द्वार पर देखते ही बनती है रंगोली**

**हनुमानघाट, केदारघाट में अब भी जीवित है कोलम की प्रथा**

**कोलम काढ़ना एक कला सीखने के सामान**





राधेश्याम कमल

नव वर्षारम्भ (१ जनवरी) पर प्रायः हर दक्षिण भारतीय तमिलभाषी घरों के द्वार पर रंगोली की छटां देखते ही बनती है। इस दिन नववर्ष के शुभ-संदेश स्वरुप कोलम की महत्ता है। इस दिवस विशेष पर दक्षिण भारतीय कन्याओं एवं सुहागिनों में द्वार पर कोलम काढ़ने का उत्साह दोगुना हो जाता है। उनमें एक होड़ सी लगी रहती है। आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व ही ये महिलायें अपने घर के द्वार को जल से शुद्ध कर जटिल से जटिल कोलम को जमीन पर अंकित कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करतीं हैं। वैसे तो कोलम काढ़ना दक्षिण भारतीयों की दैनंदिन क्रिया है, पर दक्षिणायन काल के अंतिम मास (खरमास) जिसे मार्घईमासम कहा जाता है, में पूरे महीने ही मनमोहक 'कोलम' काढ़ने का जो अभ्यास शुरू होता है, वह उत्तरायण काल 'मकर-संक्रांति' तक अनवरत चलता है। काशी के हनुमान घाट एवं केदार घाट के तमिल भाषियों ने भी 'कोलम' काढ़ने की इस प्रथा को यथावत जीवित रखा है। काशी में इस प्रथा को संरक्षित एवं संवर्धित करने में काशी के तमिलभाषी कलाविद् डॉ. राधाकृष्ण गणेशन का प्रमुख योगदान है। वह यहां की कन्याओं एवं महिलाओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए भूमि-चित्र 'कोलम' पर अनवरत प्रदर्शनियां करते रहते हैं। साथ ही समय-समय पर 'कोलम' की तकनीकी जानकारी देने के लिए स्कूलों में कार्यशाला एवं प्रतियोगिताएं भी आयोजित करते रहते हैं। उनका मानना है कि 'कोलम काढ़ना एक कला सीखने के सामान है। इसे सभी को सीखना चाहिए। कोलम में वह सभी गुण विद्यमान है, जो एक अच्छी कला में होना चाहिए। 'प्रतीक' एवं 'बिन्दुएं' ही कोलम अंकन का आधार है।' तमिलनाडु (दक्षिण भारत) में हर महिला को कोलम कला की दीक्षा परम्परागत रूप से दी जाती है। प्रातःकाल की ईश्वरीय वंदना का आरम्भ ही इस रंगोली से किया जाता है। महिलाएं नित्य प्रातःकाल उठकर घर के आंगन, द्वार व देव-घर को धोकर कोलम काढ़ती है। महिलाओं की कोलम में थिरकती उंगलियां, दक्षिण भारतीय शास्त्रीय संगीत से सामंजस्यता रखती हैं। कोलम को काढ़ते समय इसे ताल के रूप में प्रयोग करती हैं व गुनगुनाते हुए काढ़ती हैं।



### हर शुभ कार्य में कोलम से सजाया जाता है पूरा घर

हर शुभ-कार्यो में पूरा घर कोलम से सजाया जाता है। जिस घर में कोलम के निशान न हों, वहां अपशकुन माना जाता है। निर्धनों के घरों की यह सस्ती सजावट है। पूर्वजों का कहना है कि कोलम काढ़ने से नारी में सहनशीलता आती है, कला का प्रादुर्भाव होता है, सच्चा विश्वास व स्मरण शक्ति बढ़ती है। पोंगल (खिचड़ी), दीपावली कार्तिक पूर्णिमा व कई त्योहारों में दक्षिण भारतीयों को उल्लास व उमंगों में देखा जा सकता है। किसी भी शुभ कार्यो में कोलम उकेरने के लिए महिलाओं में एक होड़ सी लग जाती है। कई जगहों पर कोलम विशेषज्ञों को भी आमंत्रित करते हैं। यहां कई महिलाएं कोलम की स्कूल भी चलातीं हैं जिसमें छात्राओं को इस कला में निपुण किया जाता है। जगह-जगह पर प्रतियोगिताएं होती हैं। इन्हें देखने के लिए चारों ओर भीड़ लगी रहती है। बीच में एक महिला, जिसे कोलम में महारत प्राप्त है, की अंगुलियां काफी तेजी से थिरकती हैं। लोग उसकी अंगुलियों को ही देखते रह जाते हैं और देखते-देखते एक विशाल, कठिन व एक नयी डिजाइन लोगों के सामने दिखलायी पड़ती है और लोग दांतों तले ऊंगली दबा लेते हैं। इन प्रतियोगिताओं में संगमरमर पत्थर के बारीक चूर्ण का प्रयोग होता है। इन्हें अलग-अलग रंग मिलाकर रंगीन भी करते हैं। रोजाना काढ़ने वाली रंगोली में सिर्फ चावल के सूखे आटे का ही प्रयोग होता है। दाहिने हाथ की अंगुलियों से चुटकी भरते हैं व अंगूठे व तर्जनी अंगुली के बीच में आटे को दबाते हुए धीरे-धीरे गिराकर बनाते जाते हैं। चीटियों, चिड़ियों व कीड़े-मकोड़ों के लिए यह आहार (भोजन) बन जाता है। शादी व किसी शुभ कार्यो में रंगोली, कार्य पूरा होने तक स्थिर रहना आवश्यक है, अतः चावल को थोड़ी देर पानी में भिंगो कर बारीक पीस लेते हैं व गाढ़ा घोल तैयार करते हैं। एक छोटे कपड़े के टुकड़े की सहायता से दो अंगुलियों से काढ़ते हैं। त्यौहार विशेष में गेरू को बार्डर के रूप में इस्तेमाल करते हैं। आटे का घोल सूखने पर सफेद पेंट का सा आभास देता है जो अल्प समय के लिए स्थायी बना रहता है।

### दक्षिण भारतीय रंगोली 'कोलम' में है बिंदु की प्रधानता

दक्षिण भारतीय रंगोली 'कोलम' में बिंदु की प्रधानता है। बिन्दु ग्राफ का काम करती है। कोई भी कोलम के डिजाइन को काढ़ने से पहले बिंदु डालकर खाका तैयार कर लेते हैं, इससे सुविधा रहती है। बिन्दुओं को भी दो प्रकार से डालते हैं। एक तो बिन्दुओं की अंकित कतार के ठीक नीचे दूसरी कतार बनाई जाती है जो ऊपर की कतार के समानान्तर होती है। इसे 'नेर पुल्ली', यानि सीधी बिन्दु कहते हैं। दूसरा प्रकार, ऊपर के कतार की दो बिन्दुओं के मध्य नीचे की कतार आती है जिसे 'नडु पुल्ली' कहते हैं। बिन्दु आधारित कोलम भी दो प्रकार से बनाते हैं- प्रथम प्रकार में बिन्दुओं के चतुर्दिक रेखायें घूमकर जाती हैं और दूसरे प्रकार में रेखायें बिन्दुओं को छूती हुई साथ-साथ चलती हैं। दक्षिण भारतीय कोलम के विभिन्न आनन्ददायक, सांकेतिक, मोहक, रुचिकर प्रकार भी देखे जाते हैं जिनमें न जाने कितने ही संकेत, अर्थ, रहस्य छिपे हैं, इस पर अध्ययन व अन्वेषण की आवश्यकता है। इनमें गंडभेरुण्ड, गरुड, कमल रथ, पारिजात पुष्प, वृन्दावन, राम सिंहासन, बिल्व पत्र आदि अनेक प्रकार के अंकन प्रचलन में हैं। आजकल कोलम के इतने आविष्कार हो चुके हैं कि एक-एक पर्व की एक भूमि-चित्र हैं-युगादि (नववर्ष), रथ-सप्तमी, पोंगल, शिवरात्रि, कार्तिक पूर्णिमा, ओणम, दीपावली, कृष्णाष्टमी, नवरात्रि, सूर्य-षष्टी, नाग पंचमी आदि के माध्यम से पर्व पहचाने जा सकते हैं। नित्य प्रति प्रातःकाल काढ़े जाने वाले कोलम में समयाभाव के कारण रेखाओं का ही प्रयोग प्रायः महिलाएं करतीं हैं जो कम समय में त्वरित गति से खींचा जा सकता है। ये रेखायें मुक्त-हस्त अंकन होती हैं।



### दो रेखाएं डालकर ही कोलम का करते हैं अंकन

प्रायः दो रेखाएं डालकर ही कोलम का अंकन करते हैं। दक्षिण भारत में एकल रेखाओं के अंकन-चित्र अशुभ माने जाते हैं। यदि कोई एकल रेखाओं वाले कोलम बृहत व जटिल हों तो साथ में दो रेखाओं वाले एक लघु कोलम भी महिलाएं उकेर देती हैं। त्वरित प्रक्रिया में प्रायः ज्यामितीय आकारों का प्रयोग होता है। कई अंकन फूल-पत्तियों, लताओं, पशु-पक्षियों आदि प्राकृतिक विषयों पर भी आधारित होते हैं। कई स्थानों पर ग्राफ का प्रयोग भी देखा जाता है। ग्राफ चित्रांकन में सहायक भूमिका निभाता है। यहां नित्य प्रति अंकन के प्रकार भी प्रचलित हैं जिससे उस दिन का अनुमान लगाया जा सकता है, जैसे- 'ऐश्वर्य कोलम' अथवा 'हृदय कमलम' को शुक्रवार के दिन अंकित किया जाता है।